RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 325
लखनऊ, सोमवार, 20 सितम्बर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





दिल्ली कैपिटल्स के लिए खिताब जीतना चाहेंगेः पटेल
स्पोर्ट्स-11


# काम के दम पर फिर बनाएंगे सरकारः योगी

- सीएम बोले-साढ़े चार साल में यूपी ने दिया सुरक्षा और सुशासन का मॉडल
- पहले अपनी हवेलियां बनाने की मचती थी होड़, हमने गरीबों के लिए बनाए आवास

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन-पूजन करते हुए

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि अपने काम के दम पर हम यूपी में एक बार फिर सरकार बनाएंगे। उन्होने कहा कि जनता, संगठन और सरकार के एकजुट प्रयास से राष्ट्रीय पटल पर यूपी को लेकर परसेप्शन बदला है। सरकार के प्रति जनता का भरोसा बढ़ा है और अब यही विश्वास 2022 के चुनाव में 350 सीटों के भारी बहुमत के साथ हमारी जीत तय करेगी। मुख्यमंत्री योगी सरकार के साढ़े चार वर्ष पूरे होने पर रविवार को पत्रकारों से मुख़ातिब थे। उन्होंने सरकार के साढ़े चार वर्ष के कार्यकाल को सुरक्षा और सुशासन का मानक गढ़ने वाला काल बताया और कहा है कि यह वही यूपी है जहां 2017 के पहले अपराधी और माफिया सत्ता के शागिर्द बनकर राज्य में भय, भ्रष्टाचार और अराजकता का माहौल खड़ा कर रहे थे। हर दूसरे-तीसरे दिन साम्प्रदायिक दंगे हुआ करते थे, लेकिन आज इनके खिलाफ हो रही कार्रवाइयों ने पूरे देश में एक मॉडल पेश किया है।

पहले मुख्यमंत्रियों में अपनी हवेलियां बनाने की होड़ मचती थी लेकिन हमने 42 लाख गरीबों के आवास बनाये हैं। मुख्यमंत्री ने साढ़े चार साल में प्रदेश के बहुमुखी विकास में मार्गदर्शन के लिए पीएम मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री, भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्रिपरिषद के सदस्यों के प्रति आभार जताया तो शासन के सकारात्मक कार्यों में सहयोग के लिए 24 करोड़ जनता का अभिनन्दन किया। सरकार की तमाम उपलब्धियों को साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वही उत्तर प्रदेश है, जहां कोई भी पर्व-त्योहार शांतिपूर्ण सम्पन्न नहीं हो पाता था लेकिन आज बीते चार साल में एक भी दंगा नहीं हुआ। नतीजतन लोगों की धारणा बदली। आज निवेशकों को भय नहीं है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में यूपी नम्बर दूसरे पर है। सिविल एविएशन के क्षेत्र में यूपी की उन्नति देखने लायक है। देश की सबसे बड़ी आबादी होने के बाद भी बीमारू की छवि के साथ देश में छठवें नम्बर की अर्थव्यवस्था होने का दंश झेलने वाला यूपी आज दूसरे नम्बर की अर्थव्यवस्था बनकर सामने आया है। इस नए उत्तर प्रदेश में चार साल में साढ़े चार लाख युवाओं को ईमानदारी से सरकारी नौकरी मिली तो यहाँ महिलाएं सुरक्षित, सम्मानित हैं और स्वावलम्बन की मिसाल बन रही हैं। उन्होंने कहा कि पहले जब सरकारी नौकरी की भर्ती निकलती थी तो वसूली के लिए पूरा खानदान निकल पड़ता था। आज केवल मेरिट और मेधा ( शेष पेज 9 )

## योगी ने अपने परिश्रम से उप्र को बीमारू राज्य से बाहर कियाः मोदी

**लखनऊ।** उप्र के सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को प्रदेश सरकार के साढ़े चार साल के कार्यकाल की उपलब्धियों का लेखा-जोखा संबंधी पुस्तिका का विमोचन किया जिसमें नरेंद्र मोदी ने सूबे की अर्थव्यवस्था में हुए सुधारों को लेकर टिप्पणी की है। मोदी ने कहा है कि आज उत्तर प्रदेश पूरे देश का नेतृत्व कर रहा है, इसके पीछे साढ़े चार वर्षों के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ का वह परिश्रम है, जिसमें उन्होंने उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य से बाहर लाने के लिए दिन-रात मेहनत की और वह रिफॉर्म के जरिए परफॉर्म करते हुए उप्र को ट्रांसफॉर्म करने के अपने मिशन में सफल रहे। उप्र में सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार के साढ़े चार वर्ष पूरे होने पर रविवार को लोकभवन में योगी ने सरकार की ( शेष पेज 9 )

## विवाह व अन्य आयोजनों में अब शामिल हो सकेंगे सौ लोग

**लखनऊ।** यूपी में दम तोड़ते कोरोना संक्रमण के बीच राज्य सरकार ने दुर्गा पूजा, नवरात्रि, विजयादशमी तथा दशहरा पर पूजा पंडालों को लगाने की सशर्त छूट दे दी है। कोविड प्रोटोकाल का सख्ती से पालन करते हुये राम लीला का मंचन तथा इन त्योहारों पर पूजा पंडालों को लगाया जा सकेगा। इसके अलावा शादी तथा अन्य आयोजनों में पचास लोगों के एक समय पर एक होने की संख्या में ढील देते हुये इसे सौ कर दिया गया है। सरकार की तरफ से इस बारे में गाइड लाइन जारी कर दी है। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि दुर्गा पूजा पंडाल व रामलीला मंच के स्थापना की अनुमति प्रदान करते समय इस बात का ध्यान रखा जाए कि सार्वजनिक आवागमन प्रभावित न हो। मूर्तियों की स्थापना पारंपरिक परंतु खाली स्थान पर की जाए उनका आकार छोटा रखा ( शेष पेज 9 )

# चरणजीत चन्नी होंगे पंजाब के नए सीएम



**भाषा।** चंडीगढ़

**पंजाब** में कांग्रेस के वरिष्ठ दलित नेता चरणजीत सिंह चन्नी राज्य के अगले मुख्यमंत्री होंगे। उन्हें रविवार को पार्टी विधायक दल का नया नेता चुना गया। वह पंजाब के पहले दलित नेता हैं, जो राज्य का मुख्यमंत्री बनेंगे। कांग्रेस के पंजाब प्रभारी हरीश रावत ने बताया कि चन्नी को कांग्रेस विधायक दल का नेता चुना गया। रावत ने ट्वीट किया, यह घोषणा करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है कि चरणजीत सिंह चन्नी को सर्वसम्मति से कांग्रेस विधायक दल का नेता चुना गया।

विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद 58 वर्षीय चन्नी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू और प्रदेश प्रभारी हरीश रावत ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित से मुलाकात की और सरकार बनाने का दावा पेश किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अमरिंदर सिंह ने पार्टी विधायक दल का नया नेता चुने जाने पर चन्नी को बधाई दी और उम्मीद जताई कि वह सीमान्त राज्य पंजाब और लोगों की सुरक्षा कर सकेंगे। इससे पहले, राज्य के कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुखजिंदर सिंह रंधावा का नाम मुख्यमंत्री पद की दौड़ में सबसे आगे चलने की चर्चा थी, हालांकि ऐन मौके पर कांग्रेस आलाकमान ने चन्नी के नाम पर मुहर लगाई। सूत्रों का कहना है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू ने चन्नी के नाम की जोरदार पैरवी की और फिर राहुल गांधी ने दिल्ली में लंबी मंत्रणा के बाद चन्नी के नाम को मंजूरी दी। चन्नी दलित सिख समुदाय से आते हैं और अमरिंदर सरकार में तकनीकी शिक्षा मंत्री थे।

वह रूपनगर जिले के चमकौर साहिब विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। वह शिरोमणि अकाली दल-भाजपा गठबंधन के शासनकाल के दौरान साल 2015-16 में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भी थे। विधानसभा चुनाव से ( शेष पेज 9 )

## आज सुबह 11 बजे लेंगे पद की शपथ

**चंडीगढ़।** पंजाब में कांग्रेस विधायक दल के नए नेता चुने गए चरणजीत सिंह चन्नी सोमवार सुबह 11 बजे राज्य के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे। राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश करने के बाद चन्नी ने संवाददाताओं से कहा, हमने अपना दावा पेश किया। राज्यपाल महोदय ने 11 बजे शपथग्रहण का समय दिया। चन्नी को रविवार को पार्टी विधायक दल का नया नेता चुना गया और अब वह राज्य के अगले मुख्यमंत्री होंगे।

## चन्नी को बधाई, हमें पंजाब के लोगों से किए वादों को पूरा करना जारी रखना हैः राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पंजाब में पार्टी विधायक दल का नया नेता चुने जाने पर चरणजीत सिंह चन्नी को बधाई दी और कहा कि राज्य के लोगों से किए गए वादों को पूरा करना जारी रखना है। उन्होंने ट्वीट किया, चरणजीत सिंह चन्नी जी को नई जिम्मेदारी को लेकर बधाई। हमें पंजाब के लोगों से किए गए वादों को लगातार पूरा करना जारी रखना है। विश्वास ही सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। चन्नी को रविवार को पार्टी विधायक दल का नया नेता चुना गया और अब वह राज्य के अगले मुख्यमंत्री होंगे।

# अफगान पर सऊदी विदेश मंत्री और जयशंकर के बीच अहम वार्ता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को सऊदी अरब के अपने समकक्ष फैसल बिन फरहान अल सऊद के साथ अफगानिस्तान के घटनाक्रम पर विचार विमर्श किया और रक्षा, व्यापार, निवेश और ऊर्जा के क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और बढ़ाने पर मंथन किया। सऊदी नेता के साथ व्यापक बातचीत में, जयशंकर ने भारत से खाड़ी देश की यात्रा पर प्रतिबंधों में और ढील देने का आह्वान किया और कोविड-19 महामारी के दौरान भारतीय समुदाय को दिए गए समर्थन के लिए देश की सराहना की।

अल सऊद शनिवार शाम तीन दिवसीय दौरे पर यहां पहुंचे। महामारी फैलने के बाद से यह सऊदी अरब के किसी मंत्री की पहली भारत यात्रा है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया, दोनों मंत्रियों ने अफगानिस्तान के घटनाक्रम और अन्य क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। जयशंकर ने ट्वीट किया, सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान भारत के अपने पहले दौरे पर आए हैं। उनका स्वागत करके प्रसन्नता हुई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय संबंधों से संबंधित सभी मुद्दों और आपसी हित के क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की। मंत्रालय के मुताबिक, दोनों मंत्रियों ने रणनीतिक भागीदारी ( शेष पेज 9 )

## आईपीएल 2021 के बाद आरसीबी की कप्तानी छोड़ेंगे विराट कोहली

**भाषा।** दुबई

**विराट** कोहली इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की कप्तानी छोड़ेंगे। अगले महीने टी20 विश्व कप के बाद राष्ट्रीय टीम की कप्तानी छोड़ने का फैसला करने के दो दिन बाद रविवार को कोहली ने आरसीबी की कप्तानी छोड़ने की घोषणा की। सभी प्रारूपों में टीम इंडिया की कप्तानी को लेकर पड़ने वाले काम के बोझ को देखते हुए 32 साल के कोहली ने भारत की टी20 टीम की कप्तानी छोड़ने का फैसला किया और फ्रेंचाइजी क्रिकेट में कप्तानी छोड़ने का उनका फैसला इन्हीं प्रयासों का हिस्सा है। फ्रेंचाइजी के सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक 32 साल के कोहली हालांकि आरसीबी की टीम का हिस्सा बने रहेंगे। कोहली ने आरसीबी द्वारा जारी वीडियो बयान में कहा, यह आरसीबी के कप्तान के रूप में मेरा आखिरी आईपीएल होगा। मैं अपने अंतिम आईपीएल मैच तक आरसीबी का खिलाड़ी बना रहूंगा। मैं मेरे ऊपर ( शेष पेज 9 )

# तालिबान का नया फरमान घर पर ही रहें महिला कर्मी

- एक सप्ताह में कई फैसले महिला विरोधी संयुक्त राष्ट्र ही नहीं आम नागरिक भी चिंतित

**एजेंसी।** काबुल

**अफगानिस्तान** के नए तालिबान शासकों ने शहर की कई महिला कर्मचारियों को घर पर ही रहने का आदेश दिया है और महिलाओं को वही काम करने की इजाजत है, जो पुरुष नहीं कर सकते। यह जानकारी अफगानिस्तान की राजधानी काबुल के अंतरिम मेयर ने दी। स्कूल खोलने पर फैसला नहीं लिए जाने पर संयुक्त राष्ट्र ने चिंता जताई है तो कई महिला विरोधी फैसलों के खिलाफ काबुल में प्रदर्शन किया गया। यह फैसला अधिकतर महिलाओं को काम पर लौटने से रोकेगा। यह इस बात का एक और संकेत है कि तालिबान सार्वजनिक जीवन में महिलाओं पर पाबंदियां लगाने समेत इस्लाम की कठोर व्याख्या को लागू कर रहा है। अफगानिस्तान पर काबिज होते ही तालिबान ने वादा किया था कि वह सहिष्णु और समावेशी सरकार का गठन करेगा और महिलाओं और बच्चों के अधिकारों का हनन नहीं होने दिया जाएगा। वर्ष 1990 के दशक में शासन के दौरान तालिबान ने लड़कियों और महिलाओं के स्कूल जाने तथा नौकरी करने पर रोक लगा दी थी। अपने वादे के उलट हाल के दिनों में नई तालिबान सरकार ने लड़कियों और महिलाओं के अधिकारों पर ( शेष पेज 9 )

## लड़कियों के समर्थन में लड़के भी नहीं जा रहे स्कूल

**एजेंसी।** काबुल

**अफगानिस्तान** में लड़कियों की पढ़ाई पर लगाई जा रही तमाम पाबंदियों के खिलाफ अफगान लड़कों ने स्कूल जाने से परहेज किया। ऐसे लड़कों का कहना है कि जब तक लड़कियों को स्कूल जाने की इजाजत नहीं मिल जाती, वे भी पढ़ने नहीं जाएंगे। अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल से 12वीं के छात्र 18 वर्षीय रोहुल्ला ने कथित तौर पर कहा कि महिलाएं समाज का आधा हैं। मैं लड़कियों के स्कूल खुलने तक पढ़ने नहीं जाऊंगा। तालिबान शिक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को लड़कों के लिए माध्यमिक विद्यालय को फिर से खोलने का आदेश दिया, जबकि लड़कियों के स्कूल नहीं खोले गए हैं। यचे खुलेंगे भी या नहीं, इस बारे में स्थिति स्पष्ट नहीं है। तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने शनिवार को कहा था कि लड़कियों के माध्यमिक विद्यालय को फिर से खोलने की व्यवस्था चल रही है। हालांकि ये कब खुलेंगे, उन्होंने इसकी तारीख नहीं बताई। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि वह अफगानिस्तान में लड़कियों की स्कूली शिक्षा के भविष्य के बारे में गहराई से चिंतित है।

## पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष और परिजनों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज

**एटा ( उप्र )।** उत्तर प्रदेश के एटा जिले के थाना अलीगंज क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जुगेंद्र सिंह यादव और उनके परिजनों के खिलाफ लूट समेत कई सुसंगत धाराओं में पुलिस ने मामला दर्ज किया है। रविवार को पुलिस ने यह जानकारी दी। एटा के अलीगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि महिला सजला देवी की तहरीर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जुगेंद्र सिंह यादव, पुष्पेंद्र यादव एवं विनोद यादव, रामखिलाडी और रामलला के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि सजला देवी ने अपनी तहरीर में आरोप लगाया है कि दो जून को डॉक्टर को दिखाकर दवा लेकर वह घर वापस लौट रही थी तभी जुगेंद्र यादव और उनके परिवार के लोगों ने उसे ने घेर लिया और हथियारों की नोक पर अकबरपुर कोट पर सात हजार रुपए लूट लिए। पुलिस ने बताया कि घटना की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है। गौरतलब है कि पिछले पंचायत चुनाव में जुगेंद्र सिंह यादव की पत्नी रेखा यादव सपा उम्मीदवार के रूप में एटा की जिला पंचायत अध्यक्ष निर्वाचित हुई है।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,015 | |
| निफ्टी | 17,585 | |
| सोना | 45,207 | /10g |
| चांदी | 60,183 | /kg |

## क्विक न्यूज

### गणेश विसर्जन के दौरान पांच लोग नदी में डूबे

**बाराबंकी।** उप्र के बाराबंकी जिले के मसौली थाना क्षेत्र में रविवार को गणेश विसर्जन करने गए पांच लोग कल्याणी नदी में डूब गए। हादसे के बाद ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पीएसी की बाढ़ नियंत्रण टीम और पांच गोताखोर लोगों की तलाश मे जुट गए और एक महिला का शव बरामद कर लिया है तथा बाकी लोगो की तलाश जारी है। पुलिस अधीक्षक यमुना प्रसाद ने बताया कि मसौली थाने के सआदतगंज कस्बे के नारायण धर पांडेय ने घर मे गणेश प्रतिमा स्थापित की थी। रविवार को वह परिजन व पड़ोसियो के साथ प्रतिमा को कल्याणी नदी मे विसर्जित करने जा रहे थे। बारिश के कारण कल्याणी नदी का जलस्तर काफी बढ़ा हुआ है और इस कारण प्रतिमा के साथ नारायण धर पांडेय(58) व धर्मेंद्र कश्यप(20) अचानक नदी मे बह गए।

## भारत में दो और रॉकेटों का किया जाएगा संपूर्ण उत्पादन

**बेंगलुरु।** अंतरिक्ष विभाग ने भारतीय औद्योगिक साझेदारों के साथ मिलकर पीएसएलवी के अलावा दो और रॉकेटों जीएसएलवी-एमके और एसएसएलवी के संपूर्ण उत्पादन की योजना बनाई है। विभाग के वाणिज्यिक अंग एनएसआईएल के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) को पीएसएलवी (ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान) के संपूर्ण निर्माण के लिए जारी उसके प्रस्ताव अनुरोध (आरएफपी) के जवाब में तीन आवेदन मिले हैं। ये आवेदन एचएएल-एलएंडटी, बीईएल-अडानी-बीईएमएल और बीएचईएल ने दाखिल किए हैं। एनएसआईएल के अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक राधाकृष्णन डी ने बताया कि अभी हम (तीनों आवेदनों के संबंध में) तकनीकी-वाणिज्यिक मूल्यांकन की प्रक्रिया में है।

# गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पर 250 करोड़ की हेरोइन जब्त

- अफगानिस्तान से लायी जा रही थी नशीले पदार्थ की खेप

**भाषा।** अहमदाबाद

**गुजरात** के आतंकवाद निरोध दस्ता और तट रक्षक बल ने संयुक्त अभियान चला कर भारतीय जल क्षेत्र में राज्य के तट के निकट हेरोइन की बड़ी खेप के साथ ईरान की एक नौका तथा इसके चालक दल के सात सदस्यों को पकड़ा है। एक अधिकारी ने रविवार को इसकी जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि शनिवार की रात चलाए गए अभियान के दौरान जब्त नौका में करीब 30 से 50 किलोग्राम मादक पदार्थ है जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजारों में 150 से 250 करोड़ रुपए आंकी गई है लेकिन नौका में मौजूद मादक पदार्थों की ठीक-ठीक मात्रा छानबीन के बाद मालूम चलेगी। उनहोंने बताया कि चालक दल के सातों सदस्यों (सभी ईरानी नागरिक) को पकड़ लिया गया है। गुजरात के जनसंपर्क अधिकारी (रक्षा) ने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर कहा, खुफिया जानकारी के आधार पर की गई संयुक्त कार्वाई के तहत भारतीय तटरक्षक और एटीएस गुजरात ने भारतीय जलक्षेत्र में एक ईरानी नौका और चालक दल के सात सदस्यों को मादक पदार्थों के साथ पकड़ा है। जांच और छानबीन के लिए नौका को करीबी बंदरगाह पर लाया गया है। गुजरात एटीएस के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) हिमांशु शुक्ला ने पीटीआई-भाषा को बताया कि यह अभियान एक सूचना के आधार पर शुरु किया गया, जिसमें जानकारी मिली थी कि समुद्र मार्ग से हेरोइन की तस्करी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# पांच लाख विदेशी पर्यटकों को मुफ्त वीजा देने की तैयारी

- कोविड मामले कम होने के बाद पर्यटन और एविएशन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए उठाए जा रहे कदम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**देश** में कोविड संक्रमण के मामलों में गिरावट के बाद भारत डेढ़ साल बाद एक बार फिर से विदेशी पर्यटकों के लिए अपने दरवाजे खोल सकता है। कोरोना महामारी की पहली लहर के बाद मार्च 2020 में देशव्यापी लॉकडाउन की घोषणा के बाद से बुरी तरह प्रभावित पर्यटनए आतिथ्य और विमानन क्षेत्रों को फिर से नया जीवन देने के प्रयास के तहत पहले पांच लाख विदेशी पर्यटकों को मुफ्त वीजा जारी किया जाएगा।

विदेशी पर्यटकों के लिए देश की सीमाओं को फिर से खोलने और संभावित तारीख व नियम शर्तों को तय करने के लिए हितधारकों के साथ गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी बातचीत कर रहे हैं। अगले 10 दिनों में इस संबंध में औपचारिक घोषणा होने की उम्मीद है। यह निर्णय देश में घटते कोविड.19 संक्रमण के कारण लिया जा सकता है। अधिकारी ने बताया कि पर्यटकों को 31 मार्च 2022 तक मुफ्त वीजा या या पांच लाख वीजा जो भी पहले हो जारी किया जाएगा। इस मद में करीब 100 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। अधिकारियों के अनुसार मुफ्त वीजा के इस प्रयास से कुछ समय के लिए भारत आने वाले पर्यटकों को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। भारत में एक माह के ई.टूरिस्ट वीजा के लिए विशिष्ट देश पर्यटकों को करीब 25 अमेरिकी डॉलर शुल्क देना होता है। जबकि एक साल के लिए कई बार आने के ई.टूरिस्ट वीजा का शुल्क 40 अमेरिकी डॉलर है। लेकिन



कोरोना महामारी के कारण मार्च 2020 से टूरिस्ट वीजा को निरस्त कर दिया गया था। गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने यह भी कहा कि कुछ शर्तों के साथ पर्यटकों को भारत आने अनुमति दी जाएगी। जैसे. कोविड वैक्सीन की दोनों डोज लेने वालों को देश की सीमा में प्रवेश की अनुमति होगी। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि विदेशी नागरिकों को देश की सीमा में प्रवेश को चरणबद्ध तरीके से खोला जाएगा। भारत उन कई देशों में शामिल हैए जिन्होंने पर्यटकों के लिए अपने देश की सीमाओं को खोलना शुरू कर दिया है। कोरोना महामारी के कारण भारत में 23 मार्चए 2020 से सभी अंतर्राष्ट्रीय यात्री सेवाएं निलंबित हैं। लेकिन वंदे भारत मिशन के एयर बबल के चलते मई 2020 से और जुलाई 2020 से चुनिंदा देशों के साथ द्विपक्षीय हवाई सेवा व्यवस्था के तहत विशेष अंतरराष्ट्रीय उड़ानें संचालित हो रही हैं।

भारत ने अमेरिका, ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात, केन्या, भूटान और फ्रांस सहित लगभग 28 देशों के साथ एयर-बबल समझौता किया है। केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को अपने सऊदी अरब के समकक्ष प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद से भारत और सऊदी अरब के बीच सीधी उड़ानों को फिर से शुरू करने का आग्रह किया थाए जो कोरोना महामारी के कारण निलंबित हैं।

# यूपी ने लिखी कामयाबी की नयी इबारत

## ● केन्द्र की अधिकतर योजनाओं में उत्तर प्रदेश नम्बर वन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** सरकार ने साढ़े चार सालों में हर कदम पर एक नई इबारत लिखी और वह दूसरे राज्यों के लिए मिसाल बना है। उसने देश के सभी बड़े अभियानों की अगुवाई की है। प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीबों को आवास देना हो या फिर किसानों को किसान निधि सम्मान योजना से जोड़ना हो। युवाओं को रोजगार देना हो या फिर कोरोना को मात देने के लिए वैक्सीनेशन। केन्द्र सरकार की 90 फीसदी से ज्यादा योजनाओं में यूपी नम्बर वन बना है। एमएसएमई के माध्यम से युवाओं को रोजगार दिलाने में यूपी ने कीर्तिमान बनाया है।

सरकार निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से युवाओं को रोजगार, किसानों को समय पर भुगतान के साथ गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना से आवास और सौभाग्य योजना से 1.41 करोड़ से अधिक लोगों को निशुल्क बिजली कनेक्शन दे चुकी है। यूपी सरकार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए पूरे देश में बेस्ट परफॉर्मेंस अवार्ड दिया गया। गन्ना उत्पादन में रिकार्ड बनाने के साथ बंद पड़ी चीनी मिलों को फिर से चालू करना भी एतिहासिक कदम रहा है। खाद्यान्न, गेहूं, आलू, आम, आंवला व मटरफली के उत्पादन में भी यूपी ने नम्बर वन स्थान पाया है।

यूपी देश में पहला राज्य है जिसने उज्जवला योजना के तहत 1.5 करोड़ परिवारों को निशुल्क गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया है। प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत प्रदेश में सबसे अधिक 7.02 करोड़ खाते खोले गए।



सीएम योगी आदित्यनाथ रविवार को लोक भवन में वर्तमान राज्य सरकार के साढ़े चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान सूचना एवं जन संपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित पुस्तिका का विमोचन करते हुए।

## साढ़े चार साल में छह करोड़ 47 लाख लोगों को मिला बीमा कवर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अपने** कार्यकाल के साढ़े चार वर्ष पूरे किए जाने पर रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकार का रिपोर्ट कार्ड पेश किया। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग की तरफ से भी अपना रिपोर्ट कार्ड जारी किया गया है। जिसमें सरकार की तरफसे पीएम जन आरोग्य योजना के तहत प्रदेश में 6 करोड़ 47 लाख लोगों को बीमा कवर देने देने के साथ ही 42 लाख 19 हजार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य में बीमा कवर दिए जाने का उल्लेख किया गया है।

अपने कार्यकाल के साढ़े चार साल पूरे करने पर योगी सरकार की तरफ से जारी बुकलेट में स्वास्थ्य, शिक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर किए गए कार्यों का जिक्र शामिल है। जारी आंकड़ों के मुताबिक 59 जनपदों में न्यूनतम एक मेडिकल कॉलेज क्रियाशील हैं। 16 जनपदों में पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज के स्थापना की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। गोरखपुर और रायबरेली एम्स का सफल संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्विद्यालय गोरखपुर का निर्माण शुरू हो चुका है। सरकार ने पीएम जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) में 6 करोड़ 47 लाख लोगों को बीमा कवर प्रदान किया है। जबकि 42.19 लाख लोगों को मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना में बीमा कवर दिया गया है। लखनऊ में अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्विद्यालय का निर्माण शुरू हो चुका है। जहां 6 नए सुपर स्पेशियलिटी मेडिकल ब्लॉक की स्थापना की जाएगी। गोरखपुर, भदोही में वेटरनरी चिकित्सा विश्विद्यालय का निर्माण शामिल है। आम जनमानस की लाइफ लाइन यानी प्रदेश भर में 4470 एम्बुलेंस का संचालन हो रहा है। वहीं नियमित-संविदा पर 9512 चिकित्सकों एवं पैरा मेडिकल स्टाफ की भर्ती की गई है।

अटल पेंशन योजना के जरिए 36,60,615 लोगों को लाभ देकर यूपी देश में नंबर वन है। देश भर में सबसे अधिक 2 करोड़ 61 लाख शौचालयों का निर्माण भी यूपी में किया गया है। मेडिकल सुविधाएं मुहैया कराने में यूपी सबसे अग्रणी राज्य है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर यूपी के हर जिले को सभी सुविधाओं से लैस मेडिकल कॉलेज का तोहफा दिया है। इसमें से 30 मेडिकल कॉलेजों का निर्माण कार्य चल रहा है। कोविड वैक्सीनेशन में भी यूपी ने देश भर के राज्यों को पीछे छोड़ रिकार्ड बना दिया है। प्रदेश में अब तक 9 करोड़ से अधिक लोगों को कोरोना वैक्सीन दी जा चुकी है। कोरोना कालखंड के दौरान संक्रमण को मात देने के लिए चीनी मिलों में रिकार्ड सेनीटाइजर का उत्पादन किया गया। यूपी में बने सेनीटाइजर को दूसरे राज्यों में भी सप्लाई किया गया। प्रदेश सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर के साथ स्वावलंबन से जोड़ रही है। स्वयं सहायता समूह के जरिए 01 करोड़ से अधिक महिलाएं स्वरोजगार से जुड़ी हैं। यूपी पहला राज्य है जिसने महिलाओं को सहूलियत व जल्द सुनवाई के लिए प्रदेश के सभी पुलिस स्टेशनों में महिला हेल्पडेस्क स्थापित की है। इसके साथ पिंक बूथ का निर्माण कराया है। भ्रष्टाचार को लेकर सीएम योगी की जीरो टॉलरेंस की नीति रंग लाई है। जेम पोर्टल के माध्यम से देश में सबसे ज्यादा खरीद यूपी के सरकारी विभागों ने की है। देश में उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है। ई-चालान व्यवस्था व ई-अभियोजन में यूपी सबसे आगे है।

## सात नये विश्वविद्यालय और 50 महाविद्यालय देंगे उच्च शिक्षा

**लखनऊ।** छात्रों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा देने के लिए बेसिक व माध्यमिक शिक्षा के स्कूलों में बड़े पैमाने पर शिक्षकों की नियुक्ति की गई। 250 नए इंटर कालेजों के साथ 1.38 प्राइमरी स्कूलों का कायाकल्प किया गया। उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए छात्रों को दूर न जाना पड़े इसके लिए प्रदेश में सात नए विश्वविद्यालय और 50 महाविद्यालय बनाए जा रहे हैं। 35 नए राजकीय आईटीआई की स्थापना कर युवाओं के कौशल विकास का सपना पूरा किया जा रहा है। यूपी सरकार के साढ़े चार साल पूरे होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन हुए हैं। सात नए विश्वविद्यालयों व 50 डिग्री कालेजों के साथ लखनऊ में स्टेट फारेंसिक इंस्टीट्यूट का निर्माण किया जा रहा है। प्राइमरी स्कूलों में बच्चों को बेहतर पढ़ाई का माहौल देने के लिए आपरेशन कायाकल्प शुरू हुआ। इसमें बच्चों के लिए शौचालय, बैठने के लिए बेंच, आकर्षक शिक्षण कक्षों का निर्माण हुआ। सरकार ने 250 नए इंटर कालेज शुरू किए। शिक्षकों के 5987 नए पदों पर भर्ती कर कालेजों में शिक्षा की गुणवत्ता में इजाफा किया। श्रमिकों के बच्चों को निशुल्क शिक्षा के लिए 18 मंडलों में अटल आवासीय विद्यालय की स्थापना कर गरीब बच्चों के सपनों को पूरा किया। यूपी बोर्ड के मेधावी विद्यार्थियों के गांवों तक एपीजे अब्दुल कलाम गौरव पथ का निर्माण किया।

# कोरोना से बचाव और उपचार की व्यवस्थाओं को मजबूत बनाए रखें

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



## ● बीते 24 घंटे में सूबे में संक्रमण के मात्र 17 नए मामले सामने आए

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोरोना संक्रमण से बचाव और उपचार की व्यवस्थाओं को मजबूत बनाये रखा जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में संक्रमण तेजी से कम हो रहा हैए किन्तु यह अभी समाप्त नहीं हुआ है। यह अतिरिक्त सतर्कता एवं सावधानी बरतने का समय है।

मुख्यमंत्री रविवार को लोक भवन में कोविड 19 की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि पिछले 24 घण्टों में राज्य में कोरोना संक्रमण के 17 नए मामले सामने आए हैं। इस अवधि में 12 व्यक्तियों को सफल उपचार के उपरान्त डिस्चार्ज किया गया। वर्तमान में प्रदेश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 198 है। अलीगढ़, अमेठी, अमरोहा, औरैया, अयोध्या, आजमगढ़ए बागपतए बलियाए बांदाए बस्ती, बहराइच, भदोही, बिजनौर, एटा, फर्रुखाबाद, गोण्डा, हमीरपुर, हाथरस, कानपुर देहात, कासगंज, महोबा, मीरजापुर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, पीलीभीत, प्रतापगढ़, रामपुर, सहारनपुर, शामली, श्रावस्ती तथा सुल्तानपुर में कोविड का एक भी मरीज नहीं है। प्रदेश में कोरोना संक्रमण की रिकवरी दर 98.7 प्रतिशत है। मुख्यमंत्री ने कोविड वैक्सीनेशन कार्य को पूरी सक्रियता से संचालित करने के निर्देश देते हुए कहा कि संक्रमण से बचाव में कोविड टीकाकरण एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच है। बैठक में अवगत कराया गया कि प्रदेश में कोविड टीकाकरण की प्रक्रिया तीव्र गति से चल रही है। प्रदेश में अब तक 9 करोड़ 41 लाख 53 हजार 859 कोरोना वैक्सीन की डोज लगाई जा चुकी हैं। उन्होने कहा कि जिन लोगों ने वैक्सीन की पहली डोज ले ली हैए वे सभी लोग समय पर वैक्सीन की दूसरी डोज भी समय पर अवश्य लें। मुख्यमंत्री ने डेंगू व अन्य वायरल बीमारियों के सम्बन्ध में प्रदेशव्यापी सर्विलान्स कार्यक्रम को और प्रभावी बनाए जाने के निर्देश दिये। बुखार व संक्रमण के अन्य लक्षणों के संदिग्ध मरीजों की पहचान कर, उन्हें उचित परामर्श दिया जाए। अस्पतालों में बेड एवं दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवालय की स्थापना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इन भवनों के निर्माण से कार्य प्रणाली को एक व्यवस्थित स्वरूप भी मिलेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी 03 माह में प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवालय भवन का निर्माण पूर्ण कर लिया जाए।

# कोविड के कारण अनाथ बच्चों को दी जा रही 4000 रुपये प्रति माह की सहायता: स्वाति सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** की महिला कल्याण, बाल विकास पुष्टाहार राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार स्वाति सिंह ने बताया कि प्रदेश में कोविड 19 महामारी के कारण अनाथ हुए बच्चों के उनके भरण पोषण, शिक्षा, चिकित्सा आदि की व्यवस्था हेतु उप्र मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना प्रारम्भ की गयी है। 0 से 18 वर्ष की उम्र तक के ऐसे बच्चे जिनके माता या पिता अथवा दोनों की मृत्यु कोविड 19 के संक्रमण से हो गई हो। ऐसे बच्चों को 4000 रुपये प्रति माह की सहायता दी जा रही है।

महिला कल्याण मंत्री ने बताया कि ऐसे बच्चे जो पूर्णतया अनाथ हो गए हों एवं बाल कल्याण समिति के आदेश से विभाग के अन्तर्गत संचालित बाल्य देखभाल संस्थाओं में आवासित कराया जा रहा है। 11 से 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों की शिक्षा 12 तक की नि:शुल्क शिक्षा हेतु अटल आवासीय विद्यालयों तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में प्रवेश कराया जाएगा। प्रदेश सरकार उपरोक्त प्रकार की बालिकाओं के शादी योग्य होने पर शादी हेतु 1 लाख 1 हजार रूपये की राशि उपलब्ध करा रही है। साथ ही उपरोक्त श्रेणी के अन्तर्गत आने वाले कक्षा 9 या इससे ऊपर की कक्षा में अथवा व्यवसायिक शिक्षा प्राप्त कर रहे 18 वर्ष तक के बच्चों को टैबलेट व लैपटॉप की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि जनपद स्तर पर ऐसे बच्चों को लाभ दिलाने हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों के अभिभावकों से सम्पर्क कर आवेदन पत्र भराए जा रहे हैं तथा अब तक प्रदेश में 287 ऐसे बच्चे जिनके माता पिता दोनों की तथा 4512 ऐसे बच्चे जिनके माता या पिता में से किसी एक की मृत्यु कोविड से हुयी है, कुल 5147 बच्चों को प्रथम 3 माह की अग्रिम धनराशि कुल 12000 रूपये प्रति बच्चा भेजी की गई है।

पायनियर वर्गीकृत

### सूचना

मैंने अपना नाम रवलीन कौर से बदलकर रवलीन कौर भाटिया पत्नी दमन दीप सिंह भाटिया कर लिया है। पता– 10/M/5 दूसरी मंजिल MIG योजना दबौली कानपुर नगर 208022 है।

### सूचना

मैंने अपना नाम Mercy Thapa से बदलकर Ranu रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/o Ashish Kumar 647JB002 P-32, Janesis Club Kursi Road, Lucknow.

### सूचना

मैंने अपना नाम ASAD से बदल कर ASAD MANSOORIE रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/o Abdus Sattar R/o 610/2334/ 525C Bari Enclave Keshav Nagar Sitapur Road, Lucknow.

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2010 अनुक्रमांक 1951996, इण्टर मीडिएट वर्ष 2012 अनुक्रमांक 1013344 एवं बीएससी 2015 अनुक्रमांक 6063403 की मार्कशीट व सनद वास्तव में खो गई है। लक्ष्मीकान्त पुत्र रमेश चन्द्र नि. कांधी – फतेहपुर

### सूचना

''श्रीमती कान्ती मिश्रा पत्नी स्व0 हरीश चन्द्र मिश्रा पुत्री राजेश्वर मिश्रा निवासिनी 74/113 घनकुट्टी कानपुर कैन्ट कानपुर नगर जोकि फ्री–होल्ड भवन सं0–128/वाई/ 403 किदवई नगर क्षेत्रफल 167.22 वर्गमीटर कानपुर नगर के भवन स्वामी हैं सम्पत्ति का मूल आवंटनपत्र रास्ते में गिर गये हैं जिसका आवंटन पत्र सं0–6518 दिनांक 24/03/1966 हैं जिसका प्रयोग अवैध है।''

# भाजपा सरकार के पास बताने के लिए एक भी उपलब्धि नहीं: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश के लिए भाजपा सरकार के साढ़े चार साल निराशा भरे और डरावने रहे हैं। यह एक नान स्टार्टिंग सरकार है जबकि इसमें डबल इंजन लगा है। सिकयार्ड में खड़े इस भाजपाई इंजन की आवाज भी किसी को सुनाई नहीं पड़ रही है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार के सत्ता में अब केवल छह महीने बचे हैं। अब तक एक भी वादा पूरा न करने वाली और सिर्फसरकारी विज्ञापनों के खम्भों पर टिकी भाजपा सरकार चुनावी रणनीति के तहत लोक लुभावन सौगातें परोसने में लग गई है। उद्घाटन, शिलान्यास के अलावा अन्य घोषणाओं की बौछार करते समय मुख्यमंत्री जी यह भूल जाते हैं कि जनता भलीभांति समझती है कि जो काम और वादे साढ़े चार साल में नहीं पूरे हुए उन्हें छह माह में किस चमत्कार से पूरा कर दिया जाएगा, अखिलेश ने कहा कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ने आज 16 पेज के 16 आने झूठ की पुस्तिका बंटवाई है। लगता है कि भाजपा ने अपने अन्तर्राष्ट्रीय झूठ प्रशिक्षण केन्द्र की पाठ्य पुस्तिका प्रकाशित की है। परन्तु भाजपा के झूठ के दूत इसे ऑनलाइन कक्षाओं में ही चला सकेंगे क्योंकि जनता के बीच जा नहीं पा रहे हैं। अभी तक तो भाजपा सरकार के पास बताने के लिए एक भी उपलब्धि नहीं है क्योंकि उन्होंने कोई काम नहीं किया सिर्फ समाजवादी सरकार के कामों पर ही अपने नाम की पट्टी लगाई है और नाम ही बदले हैं। एक भी ऐसा कोई काम नहीं जिसका शिलान्यास करने के बाद उन्होंने उद्घाटन भी किया हो। हां भाजपा सरकार में एक काम बड़ी चतुराई से हुआ है और वह है बजट खुर्द-बुर्द करना। जनहित में गिनाने लायक एक भी योजना नहीं। भाजपा ने सन् 2017 में जो संकल्प लिए थे, साढ़े चार वर्ष में अपने उस संकल्प पत्र के पन्ने भी पलट कर नहीं देखे। अखिलेश यादव ने कहा कि जनता को भाजपा धोखे पर धोखा देती रही है। महिलाओं, दलितों, पिछड़ों को अपमानित करना भाजपा का एजेंडा है। कानून व्यवस्था का उसने मजाक बनाकर रख दिया हैं लोकतंत्र के साथ छल करके भाजपा संविधान के मूलाधार पर ही प्रहार कर रही है। किसान, गरीब, महिला, युवा पर अत्याचार, बेरोजगारी, बेलगाम मंहगाई , वादा खिलाफी और बढ़ता हुआ भ्रष्टाचार इस सबसे त्रस्त और आक्रोशित सभी वर्ग अब भाजपा से पिंड छुड़ाना चाह रहे हैं।

# साढ़े चार साल के योगी शासन में बर्बाद हुआ यूपी: लल्लू



**लखनऊ।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने योगी सरकार के साढ़े चार साल पूरे होने पर विकास के तमाम दावों को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने झूठ का पुलिंदा बताते हुए कहा है कि कहा कि प्रदेश की जनता महंगाई, बेरोज़गारी और अपराध से त्राहि त्राहि कर रही है। उत्तर प्रदेश साढ़े चार साल के योगी शासन में बर्बाद हुआ। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि किसानों की आय दोगुना करने का वादा करके सत्ता में आई योगी सरकार बेशर्मी के साथ आज अपने साढ़े 4 साल पूरे होने पर विकास उत्सव मना रही है, जबकि सच्चाई यह है कि किसानों की आय दोगुनी करने का वायदा हो या हर साल 70 लाख नौजवानों को रोजगार देने का वायदाए सब फर्ज़ी साबित हुए हैं। लाखों सरकारी पद खाली हैं और प्रदेश के दो करोड़ युवा नौकरियों के लिए दर दर की ठोकरें खा रहे हैं। योगी सरकार में बेरोजगारी दुगनी रफ़्तार से बढ़ी है। सरकार ने झूठे आंकड़े प्रस्तुत करके मनरेगा कर्मियों को रोजगारपरक ट्रेनिंग देकर उन्हें समायोजित करने के जो बड बड़े दावे किए थे, आरटीआई में आई जानकारी के मुताबिक वह सब कोरे साबित हुए हैं। प्रदेश अध्यक्ष लल्लू ने बताया कि 2019 में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर 2018 में खत्म तिमाही में यूपी में सबसे ज्यादा करीब 15.8 फीसदी की दर से बेरोजगारी दर्ज की गई। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि चाहे युवाओं के उत्थान और बेरोजगारी से निपटने का विषय हो, किसानों को बेहतर जीवन मुहैया कराने व उनकी फसल का उचित मूल्य दिलाने का मामला हो, प्रदेश की महिलाओ बेटियों की सुरक्षा का मामला हो, प्रदेश में बढ़ रहे अपराध के ग्राफ और लॉ एंड ऑर्डर का विषय हो, प्रदेश के औद्योगिक विकास एवं अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण का मामला हो, सभी मामलों में योगी आदित्यनाथ सरकार आजादी के बाद की अब तक की सबसे नकारा सरकार साबित हुई है।

# यूपी में विपक्षी दलों की खिसकी जमीन, फैला रहे भ्रम: स्वतंत्र देव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बीजेपी** प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि विपक्षी दल योगी फोबिया से ग्रस्त है। उन्होंने कहा कि सपा-बसपा और कांग्रेस की हालत रेत में सर छुपाये शुतुरमुर्ग जैसी है और उनको योगी सरकार में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण क्षेत्रों के उत्थान सहित सभी क्षेत्रों में हुए सर्वांगीण विकास कार्य दिखाई नहीं दे रहे हैं। सपा-बसपा और कांग्रेस की जमीन उत्तर प्रदेश में खिसक गई है। सत्ता वापसी के इनके सपने बिखर गए हैं। इनका काम केवल भ्रामक, तथ्यहीन व बेबुनियाद प्रोपेगेंडा चला जनता को सिर्फऔर सिर्फभ्रमित करना है।


श्री सिंह ने कहा कि अपराधियों की मसीहा समाजवादी पार्टी सरकार के विरोध में बोलने का हक खो चुकी है। सपा उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के खिलाफ सिर्फ इस वजह से बोल रही है क्योंकि उसके शासनकाल में पोषित और संरक्षित माफियाराज के खिलाफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अभियान छेड़ रखा है। योगी सरकार द्वारा पिछले साढ़े चार साल में माफियाओं और बदमाशों के कब्जे से छुड़ाई गई 18 सौ करोड़ से ज्यादा की सरकारी जमींन और ध्वस्त व जब्त की गई करोड़ों की संपत्तियां इसका सबूत है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सपा को चिंता प्रदेश के गरीब, वंचित, किसान, युवा, महिला और व्यापारी वर्ग की नहीं है। उसे चिंता उसके माफिया मित्रों के अवैध निर्माणों पर चल रहे सरकारी बुलडोजर की है। श्री सिंह ने कहा कि सपा को नही भूलना चाहिए कि उत्तर प्रदेश की जनता उसे एक बार नहीं दो बार बुरी तरह से खारिज कर चुकी है। श्री सिंह ने कहा कि राजनीतिक पर्यटन पर प्रदेश में आने वालों को यह नहीं भूलना चाहिए कि उत्तर प्रदेश के निवासी उन्हें तीन दशक पहले ही नकार चुके हैं। जो लोग अपना घर नहीं बचा सके वे हताशा और निराशा में ओछी बयानबाजी कर रहे है। ऐसा करने में वे कई बार तथ्यों से परे जाकर अपनी ही गरिमा खो रहे है।

# विभागीय जांच में 13 गन्ना पर्यवेक्षक दोषमुक्त, 56 पर दंडात्मक कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आयुक्त** गन्ना एवं चीनी संजय आर भूसरेड्डी ने बताया कि न्याय की अवधारणा के अनुसार निर्दोष कार्मिकों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय न हो यह सुनिश्चित कराना प्रत्येक विभागाध्यक्ष का परम कर्तव्य है । इसी सिद्धांत पर चलते हुये गन्ना विभाग द्वारा विभागीय कार्यवाही में निर्दोष पाये जाने के कारण 13 गन्ना पर्यवेक्षकों को दोषमुक्त करते हुये उनके विरुद्ध संस्थित की गयी अनुशासनिक कार्रवाई को बिना दण्ड के ही समाप्त कर दिया गया है, साथ ही 56 गन्ना पर्यवेक्षकों के विरूद्ध आरोप सिद्ध पाये जाने की वजह से उन्हें लघु एवं वृहद दण्ड देते हुए अनुशासनिक कार्रवाई की गयी है । इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये श्री भूसरेड्डी ने बताया कि विभाग को शासकीय कार्यों में लापरवाही, सर्वे कार्य में अनियमितता,सट्टा नीति का उल्लंघन, विभागीय योजनाओं के कियान्वयन में लापरवाही, मृतक, भूमिहीन एवं अन्य अनियमित सट्टों के नियम विरूद्ध संचालन सम्बन्धी तथा अन्य आरोपों में गन्ना पर्यवेक्षकों के विरूद्ध गन्ना किसानों व अन्य माध्यमों से शिकायतें प्राप्त हुयी थी । शिकायतों की प्रथम दृष्टया जांच में दोषी प्रतीत होने वाले 69 गन्ना पर्यवेक्षकों के विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई प्रतिस्थापित करते हुए परिक्षेत्र एवं जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया। जिसपर जांच अधिकारियों द्वारा अपचारी कार्मिकों पर आरोप पत्र प्रेषित करते हुए उनका स्पष्टीकरण मांगा गया तथा प्राप्त स्पष्टीकरण, अभिलेखीय साक्ष्यों के परीक्षणोपरान्त जांच आख्या प्रस्तुत की गयी । उन्होंने बताया कि जांच आख्या के सम्यक अनुशीलन के पश्चात आरोपी 69 गन्ना पर्यवेक्षकों में से 13 गन्ना पर्यवेक्षकों के विरुद्ध कोई आरोप सिद्ध न पाये जाने के कारण प्रचलित अनुशासनिक कार्रवाई को बिना किसी दण्ड के समाप्त करने का निर्णय लिया गया है। उक्त के अतिरिक्त 56 आरोपी गन्ना पर्यवेक्षकों के विरूद्ध जांच में आरोप सिद्ध पाये गये जिसके लिए उन्हें लघु एवं वृहद दण्ड दिया गया, इनमें से 32 पर्यवेक्षकों के विरूद्ध वसूली का आदेश दिया गया है । गन्ना आयुक्त द्वारा इन प्रकरणों का निस्तारण कराते हुये कार्मिकों को संदेश भी दिया गया है कि गन्ना विभाग एवं इसकी सह . संस्थाओं में कार्यरत अधिकारी एवं कार्मिक पूरी निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करें, किसी भी निर्दोष कार्मिक को दण्डित नहीं किया जाएगा दोषियों को बक्शा नहीं जाएगा। अधिकारियों और कार्मिकों को किसी भी माफिया, अराजकतत्वों एवं फर्जी शिकायत करने वालों से डरने की आवश्यकता नहीं है । विभाग द्वारा सदैव ईमानदार कार्मिकों के हितों की सुरक्षा की जाएगी ।

# सरकार के दावे जमीनी हकीकत से बहुत दूर



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** की योगी सरकार के साढ़े चार साल रविवार यानी 19 सितंबर को पूरे हो गए हैं। इस मौके पर सरकार द्वारा पेश किए गए रिपोर्ट कार्ड पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि दावे अधिकांश हवा हवाई व जमीनी हकीकत से बहुत दूर हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती ने ट्वीट करते हुए कहा कि यूपी भाजपा सरकार द्वारा बदलाव के 4.5 वर्ष का विज्ञापन व दावे अधिकांश हवा हवाई व जमीनी हकीकत से बहुत दूर। इनकी कथनी व करनी में अन्तर होने के कारण ख़ासकर यहाँ की बढ़ती ग़रीबी, बेरोज़गारी व महंगाई आदि से जनता की बदहाली जग ज़ाहिर।

# राजधानी में 21 व 22 को दो दिवसीय वाणिज्य उत्सव का आयोजन

## ● निर्यात से संबन्धित सम सामयिक व प्रासंगिक विषयों पर आयोजित होंगे तकनीकी सत्र

## ● राज्य निर्यात पुरस्कारों का होगा वितरण: सहगल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आजादी** की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मनाये जा रहे आजादी का अमृत महोत्सव श्रृंखला में 20 से 26 सितम्बर तक अखिल भारतीय वाणिज्य सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग द्वारा 21 व 22 सितम्बर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में इंदिरा गाँधी प्रतिष्ठान में दो दिवसीय वाणिज्य उत्सव का आयोजन किया जायेगा, जिसमें निर्यात से सम्बन्धित सम सामयिक व प्रासंगिक विषयों पर तकनीकी सत्रों का आयोजन व राज्य निर्यात पुरस्कारों का वितरण भी किया जायेगा।

एसीएस एमएसएमई डा. नवनीत सहगल ने बताया कि प्रथम दिवस 21 सितम्बर को आयोजित कार्यक्रम में निर्यात प्रदर्शनी के उद्घाटन के उपरांत विभिन्न तकनीकी सत्रों में निर्यात प्रोत्साहन में भारत सरकार निर्यात संवर्धन परिषदों, लघु उद्योगों, लॉजिस्टिक्स, पूर्ति श्रृंखला की भूमिका, निर्यात भुगतान के तरीके व नियमावली आदि महत्वपूर्ण विषयो पर विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। इन तकनीकी सत्रों में मुख्य वक्ता के रूप में उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव, निर्यात आयुक्त, संयुक्त सचिव वाणिज्य विभाग भारत सरकार, अपर सचिव नीति आयोग, संयुक्त महानिदेशक विदेश व्यापार आदि सम्मिलित होंगे। नवनीत सहगल ने बताया कि द्वितीय दिवस 22 सितम्बर को प्रात: 10.30 से सायं 6.30 तक आयोजित तकनीकी सत्रों में उत्तर प्रदेश से निर्यात संवर्धन में राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की भूमिका, निर्यात में सिडबी, ईसीजीसी, कस्टम्स, वैश्विक पूर्ति श्रृंखला नवाचार, कंटेनर डिमांड, निर्यातकों के लिए वित्तपोषण विकल्प आदि महत्वपूर्ण विषयों पर संयुक्त आयुक्त निर्यात, संयुक्त महानिदेशक विदेश व्यापार, महाप्रबंधक सिडबी, ईसीजीसी, ईईपीसी, कॉनकोर आदि के प्रतिनिधियों द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि सायं 6.30 बजे से आयोजित होने वाले राज्य निर्यात पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश के निर्यात में उल्लेखनीय भूमिका निर्वहन करने वाले निर्यातकों को पुरस्कृत किया जाएगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# बेटे ने पिता को मारी गोली, ट्रामा में भर्ती

**● पिता के टोकने पर दिया वारदात को अंजाम आरोपी मौके से फरार**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**चिनहट** इलाके में कलयुगी बेटे ने रविवार सुबह पिता पर लाइसेंसी बंदूक से गोली मार दी। इसके बाद मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। जिसके चलते पुलिस प्रशासन में खलबली मच गई। आनन-फानन में घायल को इलाज के लिए लोहिया अस्पताल ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है।



मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित अखिलेश यादव उर्फ टिंकू (45) पत्नी और बेटों अनुभव यादव, मुकुल व उत्कर्ष के साथ चिनहट थाना क्षेत्र के मटियारी चौकी देवा रोड ननुहा विहार निकट शिव मंदिर कोहिनूर अपार्टमेंट के पास रहते हैं। रविवार सुबह करीब 8 बजे बड़ा बेटा अनुभव यादव उर्फ अमन (23) पास की एक कबाड़ी की दुकान पर बैठा हुआ था तो बताया जाता है कि पिता अखिलेश ने इस बात को लेकर टोका। पिता द्वारा टोका जाना अमन को नागवार लगा। इससे नाराज अमन ने घर पहुंचकर पिता अखिलेश यादव पर लाइसेंसी बंदूक से फायर झोंक दिया। गोली अखिलेश की कमर में लगने से बुरी तरह जख्मी हो गए। साथ ही लड़खड़ा कर जमीन पर गिर गए। फायर की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो अमन मौके से फरार हो गया। आनन-फानन में पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने इलाज के लिए तड़प रहे अखिलेश को फौरन लोहिया अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। एडीसीपी कासिम आब्दी ने बताया कि परिजन की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। साथ ही गिरफ्तारी के लिए टीमें लगा दी गई है। इसके अलावा घायल अखिलेश की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि रात में भी पिता-पुत्र के बीच शराब के नशे में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। हालांकि तब लोगों ने बीच बचाव कर मामला रफा-दफा करवा दिया था।स्थानीय लोगों के मुताबिक आरोपी अमन कक्षा 10 तक पढ़ा लिखा है। उनकी मानें तो वह विगत वर्षों में ही पढ़ाई छोड़ चुका है। बावजूद इसके पुलिस के स्थानीय प्रभारी से लेकर अधिकारी तक पढ़ाई को लेकर फटकार लगाने के बाद गोली चलाने के दावे करते रहे।

## झील में उतराता मिला बुजुर्ग महिला का शव

**लखनऊ।** पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के पाठक पुरम गली नंबर 4 में 2 दिन से लापता 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला का शव झील में उतराता मिला । कॉलोनी वासियों की नजर शव पर पड़ी तो हड़कंप मच गया । सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने 2 से ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद झील से शव बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हालांकि कॉलोनी वासियों में हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताई है। वहीं मृतका के परिजन हत्या के बाद से इंकार कर रहे हैं। पाठक पुरम के गली नंबर 5 निवासी अशोक वर्मा ने बताया कि अपनी मां बृजरानी 65 वर्ष के साथ रहते हैं। बीती 17 सितम्बर को शाम 7 बजे टहलने निकली थी देर रात तक वापस न आने पर आस पास काफी खोजबीन की लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लगी।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनते हुए

# पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर की थी पति की हत्या

**● माल के निकरोजपुर की घटना, पुलिस ने किया दोनों को गिरफ्तार**

**संवाददाता।** माल

**माल** के निकरोजपुर में चार सितंबर को हुई युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने रविवार को उसकी पत्नी और प्रेमी को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया है। पुलिस का कहना है प्रेम प्रसंग का विरोध करने पर पत्नी ने ही प्रेमी के साथ मिलकर गला दबाकर हत्या कर दी थी।

थाना प्रभारी माल रविन्द्र कुमार कनौजिया ने बताया कि निकरोजपुर गांव में चार सितम्बर को आदित्य कुमार तिवारी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। किसी ग्रामीण ने हत्या की आशंका ब्यक्त करते हुई डायल 112 पर सूचना दे दी थी। मृतक की पत्नी अंशु ने शव की दुर्गति न हो इसलिये पोस्टमार्टम न कराने की सिफारिश की थी। हालांकि शिकायत के आधार पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबा कर हत्या किये जाने की बात उजागर हुई तो पुलिस ने हत्या का खुलासा करने के प्रयास शुरू किये। कई दिन बीतने के बाद पुलिस को आदित्य की पत्नी के कई बार दिये गये बयानों में भिन्नता होने पर शक हुआ। इसके अलावा मृतक की ग्यारह वर्षीय बेटी यशी ने पुलिस को बताया कि मम्मी कई कई घन्टे किसी से फोन पर बात करती थीं। जिससे पापा से कहा सुनी होती थी। पापा ने मम्मी का फोन भी तोड़ दिया था। जिससे पुलिस का शक अंशू तिवारी पर गहरा गया और कड़ाई से पूछताछ में उसने सच्चाई कबूल दी। आदित्य के भाई निर्मल तिवारी ने भाई की हत्या का आरोप अपनी भाभी अंशु तिवारी और उसके मायके के बाराबंकी जनपद के थाना राम सनेही घाट के सुकरौली गांव निवासी प्रेमी रविशंकर मिश्रा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# प्लास्टिक फर्नीचर बनाने वाली फैक्ट्री में लगी आग

**● फायर ब्रिगेड की 12 गाड़ियों ने तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मड़ियांव** के रैथा रोड कमलाबाद बढ़ौली में रविवार सुबह प्लास्टिक सामान बनाने वाली एक फैक्ट्री में आग लग गई। फैक्ट्री से धुआं व तेज आग की लपटें निकलती देख सुरक्षाकर्मियों ने पुलिस व अग्निशमन विभाग के कंट्रोल रूम को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल की 12 गाड़ियों ने आग पर तीन घंटे की मशक्कत के बाद काबू पाया। हादसे में लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। वही हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। अग्निशमन विभाग के अधिकारी के मुताबिक फैक्ट्री बिना मानकों के चल रही थी। फैक्ट्री में स्मोक डिटेक्टर अथवा फायर फाइटिंग के उपकरण नहीं थे। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने जांच रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कही है।



### छाया काला धुंआ, लोगों को सांस लेने में हुई दिक्कत

प्लास्टिक फैक्ट्री होने से प्लास्टिक जलने पर दम घोटू और काले धुएं से आग बुझाने पर दकमल कर्मियों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। काला धुएं के बादल से छाने से आसपास अंधेरा सा छा गया। वहीं दमकल कर्मियों और आस पास के लोगों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी। दमकल कर्मियों ने इसके बाद ब्रीदिंग आपरेटस सेट पहनकर आग बुझाने का काम किया। आग लगने की सूचना पर बीकेटी फायर स्टेशन की गाड़ी तत्काल मौके पर पहुंची। इसके बाद चौक, हजरतगंज, गोमतीनगर व इंदिरानगर फायर स्टेशन से दमकल की गाड़ियों एक दर्जन गाड़ियां बुलाई गई। जिसके बाद आग पर काबू पाया जा सका।

पुलिस के मुताबिक अलीगंज निवासी सुनील बंसल की रैथा रोड कमलाबाद बढ़ौली में डायमंड नाम से प्लास्टिक फैक्ट्री है। फैक्ट्री में कुर्सी, टेबल, फ्रिज का स्टैंड व अन्य सामान बनाया जाता है। रविवार सुबह सात बजे के करीब फैक्ट्री परिसर में बने गोदाम में आग लग गई। धुंआ व आग की लपटें निकलता देख कर्मचारियों ने पुलिस और दमकल को सूचना दी। कर्मचारियों ने सबमर्सिबल पंप स्टार्ट कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। फैक्ट्री के पास ही स्थित बीकेटी फायर स्टेशन की दमकल भी मौके पर पहुंच गई।

# नौकरी की चाह में 19 लोगों ने गंवा दिए 50 लाख

**● विभूतिखंड व गोमतीनगर थाना क्षेत्र में ठगों ने कई लोगों को बनाया निशाना**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**नौकरी** दिलाने के नाम पर ठगबाजों ने 16 लोगों से करीब 40 लाख रुपये हड़प लिए। मामले में विभूतिखंड कोतवाली में कृषि कुम्भ कम्पनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। वहीं विभूतिखंड कोतवाली में ही होम्योपैथिक कॉलेज की नर्स ने भी बहन की नौकरी लगवाने का दावा कर सवा लाख रुपये हड़पे जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। इसी तरह गोमतीनगर थाने में जालसाज भाइयों के खिलाफ शिक्षा विभाग में नियुक्ति कराने के नाम पर सवा आठ लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का मुकदमा लिखा गया है।

जनपद गोण्डा मनकापुर निवासी विकास तिवारी के मुताबिक फेसबुक के जरिए कृषि कुम्भ कम्पनी के बारे में पता चला था। इसका दफ्तर विभूतिखंड में था। निजी कम्पनी ने यूपी के 75 जिलों में जिला विक्रय अधिकारी, विक्रय अधिकारी और किसान सहायक पद पर भर्ती का दावा किया था। इसमें 34 हजार से 12 हजार रुपये तक वेतन दिया जाना था। विकास के मुताबिक उनके साथ सत्यजीत पाण्डेय, आकाश, अनूप कुमार, सुशील दुबे, दुर्गेश यादव, रुपेश मिश्रा, विवेक तिवारी, दुर्गेश कुमार, विनीत सिंह, अभिषेक मिश्रा, शिवपूजन पाण्डेय, हिमांशु तिवारी, संदीप सेंगर, आरिफ बेग व आदर्श कुमार ने कृषि कुम्भ में रजिस्ट्रेशन कराया था। अगस्त और सितंबर 2020 में सभी को इंटरव्यू के लिए बुलाया गया था। कम्पनी प्रबंधक अरुण दुबे, एचआर शहबाज खालिद और खालिद अहमद ने साक्षात्कार के बाद कुछ कागजों पर साइन कराए थे। अलग अलग पदों पर नियुक्ति के लिए सिक्योरिटी मनी और अन्य मदों में कुल 40 लाख लिए गए थे। इसके बाद सभी को नियुक्ति पत्र, आईडी कार्ड और विजिटिंग कार्ड दिए गए थे। आईएएस अधिकारी के तौर पर परिचय देने वाले हीरालाल और बैंक के रिटायर अधिकारी मुनीश से ट्रेनिंग दिलाने के बाद सभी को जिलों में भेजा गया था। मगर किसी को भी वेतन नहीं मिला। पूछताछ पर आरोपी टाल मटोल करने लगे। काफी प्रयास के बाद युवकों को चेक दिए गए जो बाउंस हो गए। इस बीच ठग दफ्तर पर ताला जड़ कर भाग निकले। विभूतिखंड इंस्पेक्टर के मुताबिक अरुण दुबे, शहबाज खालिद, खालिद बेग, विकास गुप्ता, हीरालाल और मुनीश के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उधर राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की नर्स प्राची वर्मा ने बड़ी बहन की नौकरी के लिए इन्दिरानगर सेक्टर 14 निवासी यश सिंह से सम्पर्क किया था, जिसने सवा लाख लेने के बाद भी नौकरी नहीं दिलाई।

## नवम्बर के आखिरी सप्ताह में हो सकती है यूपीटीईटी

**लखनऊ।** शिक्षक भर्ती के लिए अनिवार्य उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा 2021 (यूपीटीईटी) के नवम्बर के आखिरी सप्ताह में होने की सम्भावना है। इस बाबत प्रस्ताव तैयार कर उत्तर प्रदेश परीक्षा नियामक प्राधिकारी सचिव ने शासन को भेज दिया है। इससे पूर्व नियामक आयोग की तरफसे 19 दिसंबर को परीक्षा कराने का प्रस्ताव भेजा गया था, जिसे विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पूर्व कराने की बात सरकार द्वारा कह कर लौट दिया गया। उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा कराने वाली संस्था परीक्षा नियामक प्राधिकारी की ओर से पहले 19 दिसंबर की तिथि परीक्षा के लिए प्रस्तावित की गई थी लेकिन इसे शासन स्तर मंजूरी न देकर कहा था कि जब 2020 में परीक्षा नहीं हुई तो इस बार इतना विलंब क्यों किया जा रहा है। इसके पहले भी परीक्षा कराने के प्रयास किए गए थे। शासन ने 15 मार्च को परीक्षा कराने की समय सारणी जारी कर दी गई थी।

## मैनेजमेंट कोटे में मनमाने प्रवेश के चलते आठ हजार छात्रों का भविष्य दांव पर

**● कुछ विद्यार्थियों को न्यायालय के आदेश पर परिषद ने ऑनलाइन परीक्षा में शामिल होने की दी सशर्त अनुमति**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** काल मे मैनेजमेंट कोटे के तहत मनमाने प्रवेश के चलते संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद की तरफसे रविवार से शुरू कराई गई ऑनलाइन परीक्षा में फार्मेसी के तकरीबन 8 हजार छात्रों को शामिल होने से रोक दिया गया है। जिसके चलते 8 हजार छात्रों का भविष्य दांव पर लग गया है। इसको लेकर कुछ छात्रों की तरफ से परिषद कार्यालय पर हंगामा भी किया गया। फिलहाल इन छात्रों को अभी अनुमति का इंतजार है। पिछले वर्ष कोरोना काल के चलते प्रवेश परीक्षा में शामिल करीब आठ हजार छात्रों के स्थान पर निजी फार्मेसी संस्थानों ने मैनेजमेंट कोटे के नाम पर उनके स्थान पर दूसरे छात्रों को प्रवेश दे दिया। इस बीच प्राविधिक शिक्षा परिषद ने 18 अगस्त को आनलाइन परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया। इसके बाद फार्मेसी संस्थानों के प्रतिनिधि परीक्षा में शामिल कराने का परिषद में दबाव बनाने में लग गए। हालांकि कुछ विद्यार्थियों को न्यायालय के आदेश पर परिषद ने देर रात सशर्त अनुमति दी है। इसके बावजूद अभी लखनऊ समेत सूबे के आठ हजार छात्रों को अनुमति नहीं मिली है। परीक्षा शुरू होने के एक दिन पहले शनिवार की देर शाम तक इन छात्रों के बारे में संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद ने इनकी परीक्षा को लेकर कोई फैसला नहीं लिया। प्राविधिक शिक्षा परिषद के सचिव सुनील कुमार सोनकर का कहना है कि परीक्षा की मानीटरिंग के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

# चोरी की बाइकों के साथ चार गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा** लखनऊ।

**राजधानी** की सआदतगंज पुलिस ने तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की चार मोटरसाइकिलें बरामद की हैं पुलिस का कहना है कि अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

इंस्पेक्टर सआदतगंज बृजेश कुमार यादव की टीम ने मुखबिर की सूचना पर सहादतगंज के बुनियाद भाग से आसिया मऊ कैम्पबेल रोड ठाकुरगंज के रहने वाले 20 वर्षीय समीर, मायावती होटल के करीब असीयां मऊ ठाकुरगंज के रहने वाले मोहम्मद आसिफ उर्फ आसिफ अंसारी व पक्का बाग कश्मीरी बाग ठाकुरगंज के रहने वाले रेहान को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार किए गए वाहन चोरों के पास से बरामद चार वाहन वजीरगंज, ठाकुरगंज और कैसरबाग थाना क्षेत्रों से चुराई गई थी। उप निरीक्षक शैलेंद्र कुमार ने बताया कि समीर और आसिफ की गिरफ्तारी सआदतगंज के बुनियाद बाग से हुई जबकि रेहान की गिरफ्तारी चौपटिया के पार्क के पास से की गई है उन्होंने बताया कि फिलहाल गिरफ्तार किए गए वाहन चोरों का अपराधिक इतिहास पता नहीं चल सका है उन्होंने बताया कि सम्भवता ये वाहन चोर पहली बार गिरफ्तार किए गए हैं । बताया जा रहा है कि समीर और रिहान पेशे से चालक है जबकि आसिफ अंसारी बेरोजगार है। बताया जा रहा है कि पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किए गए समीर आसिफ और रेहान नशे के आदि है और यह लोग अपने महंगे शौक पूरे करने के लिए वाहन चोरी में लिप्त हो गए।



# जमीनी विवाद में दो पक्ष आपस में भिड़े

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**चिनहट** इलाके में रविवार सुबह जमीनी विवाद को लेकर पुलिस के सामने दो पक्ष आपस में लड़ गए। इस दौरान एक पक्ष के एक व्यक्ति के सर पर चोटें आई हैं जबकि दूसरे पक्ष के हाथ में चोट आई है दोनों पक्ष की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है पुलिस का कहना है तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

कोतवाली चिनहट के गहमर कुंज निवासी अरविंद कुमार कुशवाहा का कहना है कि रविवार सुबह करीब 10.30 बजे भाई हेमंत कुशवाहा अपनी जमीन की बाउंड्री वाल दुरुस्त करवा रहा था। तभी इंदिरा नगर निवासी कृष्ण कुमार सिंह अपने बेटे और अन्य सात से आठ लोगों के साथ फॉर्च्यूनर पर सवार होकर पहुंच गए। साथ ही गाली गलौज शुरू कर दी। भाई हेमंत ने पुलिस को घटना की जानकारी देने के साथ ही विरोध जताया तो आरोप है कि कृष्ण कुमार सिंह ने गाड़ी से पिस्टल निकालकर फायर कर दिया। हालांकि फायर में मिस गया तो नाराज कृष्ण कुमार और उनके बेटे ने बट से सिर पर वार कर दिया। उनका दावा है कि इस दौरान मौके पर डायल 112 पुलिस मौजूद थी। इसके अलावा दूसरे पक्ष ने जमीनी विवाद होने के साथ ही दबंगई करने के आरोप लगाए हैं। दूसरे पक्ष के कृष्ण कुमार सिंह का कहना है कि हेमंत पर बट वार नहीं किए गए हैं बल्कि दीवार से टकराने से हेमंत घायल हुए हैं। उनका कहना है कि 4 दिन पूर्व कब्जा धारी को लेकर उन्होंने पुलिस को लिखित तहरीर दी थी बावजूद इसके पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की फिलहाल सूचना पाकर पहुंची स्थानीय पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने ले आई।

# चला सफाई अभियान, कराई फॉगिंग

**● नगर आयुक्त ने उपकरणों के साथ जत्थे को किया रवाना, लगाए गए 500 कर्मचारी**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**शहर** में रोगों के प्रभाव को कम करने के लिए नगर निगम द्वारा बड़े स्तर पर सफाई, एंटी लारवा का छिड़काव किया गया। गोमतीनगर के 1090 चौराहे से नगर नगर आयुक्त सहित आला अधिकारियों द्वारा 55 हैंड हेल्ड स्प्रे मशीन, 156 साइकिल माउंटेड, 30 टाटा एएस माउंटेड और 85 ट्रैक्टर माउंटेड एंटी लारवा स्प्रे के जत्थे को रवाना किया गया। यही नहीं आठों जोनों में 500 कर्मियों को लगाकर कार्य कराया गया।



रविवार को गोमतीनगर, जियामऊ, बालू अड्डा, बरफखाना, फैजुल्लागंज, रहीमनगर, चिनहट अलीगंज, कांशीराम कालोनी, ग्वारी, उजिरांव सहित इलाकों में नगर निगम ने बड़े स्तर पर सफाई, एंटी लारवा छिड़काव, फॉगिंग कराई। गोमतीनगर के गोमतीनगर के 1090 चौराहे से नगर नगर आयुक्त अजय द्विवेदी सहित आला अधिकारियों की मौजूदगी में कर्मचारियों को सफाई के लिए रवाना किया गया। नगर आयुक्त ने 500 कर्मियों को इस कार्य में लगाया। इंदिरानगर, बस्तौली आवंतीपुरम, इस्माइलगंज सहित आलमबाग के मंगल खेड़ा, राम प्रसाद खेड़ा, श्यामनगर और रामनगर में फांगिंग करायी। क्षेत्रीय पार्षद गिरीश मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र में बीमारियों को देखते हुए यह अभियान अत्यधिक आवश्यक था, जिसका लाभ क्षेत्रीय जनता को मिलेगा। नगर निगम को ऐसे अभियानों को और अधिक संख्या में चलाने की आवश्यकता है। इस अभियान में 55 हैंड हेल्ड स्प्रे मशीन, 156 साइकिल माउंटेड, 30 टाटा एएस माउंटेड और 85 ट्रैक्टर माउंटेड एंटी लारवा स्प्रे मशीनों का इलाकों में प्रयोग किये गए।

## दबंग ने विकलांग का फोड़ा सिर, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** के सआदतगंज इलाके के कच्चा पुल के पास एक दबंग ने 20 वर्षीय विकलांग युवक का शराब की बोतल से सिर फोड़ दिया। विकलांग भाई को बचाने आई बहन को भी दबंग ने पीटा और घर में घुसकर दबंग ने महिलाओं से न सिर्फ बदतमीजी की बल्कि ढाई साल के मासूम बच्चे को भी धकेल दिया । सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दबंग को गिरफ्तार कर लिया है और कार्रवाई शुरू कर दी है।



जानकारी के अनुसार सआदतगंज थाना क्षेत्र के चौपटिया के पास कच्चा पुल के करीब रहने वाले 20 वर्षीय विकलांग मोहम्मद अयाज का रविवार की सुबह पड़ोस में रहने वाले दबंग रईस ने महज़ इस बात के लिए बोतल से सिर फोड़ दिया क्योंकि विकलांग आयाज़ उसके घर यह पूछने गया था कि तुमने उसके घर की बिजली का तार क्यों तोड़ा। विकलांग भाई को पिटता देख बहन राबिया पहुंची तो दबंग रईस ने उससे भी गाली गलौज की । दबंग रईस की दबंगई यही नहीं रुकी, उसने राबिया के घर में घुसकर न सिर्फउसकी मां , छोटी बहन से गाली गलौज की बल्कि छोटी बहन की गोद में मौजूद ढाई साल के बच्चे सऊद को भी धक्का दे दिया जिससे उसके भी मामूली चोटें आई हैं। दबंग रईस के बोतल से किए गए हमले में विकलांग मोहम्मद अयाज का सर फूट गया । राबिया की तहरीर पर सहादतगंज कोतवाली में दबंग्ग रईस के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है । इंस्पेक्टर सहादतगंज बृजेश कुमार यादव ने बताया कि राबिया की तहरीर पर रईस के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है ।

# काम्पेक्टर के बाहर पड़ा मिला कूड़ा, मेयर ने लगाई फटकार

**● महापौर ने किया अलीगंज स्थित पल्टन छावनी का औचक निरीक्षण**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अलीगंज** में महापौर द्वारा पल्टन छावनी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान काम्पेक्टर के बाहर कूड़ा पड़ा पाया गया। नाराज महापौर ने जोनल अधिकारी और सेनेटरी इंस्पेक्टर को कड़ी फटकार लगाया। चेतावनी देते हुए कहा दोबारा गंदगी मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



रविवार को गंदगी और काम्पेक्टर खराब होने की शिकायत पर सीतापुर रोड योजना सेक्टर-ए स्थित पलटन छावनी में महापौर संयुक्ता भाटिया ने औचक निरीक्षण किया। मौके पर पहुंची महापौर ने पाया कि कूड़े का ढेर पूरे सड़क पर फैला हुआ है और कूड़ा काम्पेक्टर में ना डालकर बाहर फेंका जा रहा है। महापौर ने जोनल अधिकारी और सैनिटरी इंस्पेक्टर को फोन कर तत्काल कूड़े के ढेर को हटाने के लिए निर्देशित किया। महापौर ने जोनल अधिकारी को कॉपेक्टर को जल्द सही करने और कूड़े के ढेर को तत्काल हटाने का निर्देश दिया। महापौर ने सैनिटरी इंस्पेक्टर को चेतावनी दी। यही नहीं उन्होंने कहा कि दोबारा गंदगी मिलने पर की कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर महापौर संग स्थानीय पार्षद रूपाली गुप्ता सहित स्थानीय जनता मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री आरोग्य मेले फिर शुरू, 5900 लोगों को मिला लाभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कोरोना** की दूसरी लहर के बाद रविवार को प्रदेश भर में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन फिर शुरू कर दिया गया। राजधानी लखनऊ में भी जनपद के सभी नगरीय व ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेला सम्पन्न हुआ। इसी क्रम में नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र औरंगाबाद का निरीक्षण अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद और उजरियांव पीएचसी का निरीक्षण जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने किया।

औरंगाबाद पीएचसी के निरीक्षण के दौरान अपर मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के जरिये लोगों तक उनके घर के समीप ही स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जा रही हैं। आरोग्य मेले के दौरान स्वास्थ्य केंद्र पर लगाए गए विभिन्न स्टाल पर जाकर अपर मुख्य सचिव ने जानकारी प्राप्त की और लाभार्थियों से भी रूबरू हुए। आरोग्य मेले में स्वयंसेवी संस्था सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफॉर) के लोक कलाकारों द्वारा कोरोना से सुरक्षित रहने के लिए बरती जाने वाली सावधानियों, कोविड टीकाकरण और संचारी रोगों से बचाव के बारे में जागरूक करने को लेकर प्रस्तुत किये गए नुक्कड़ नाटक को उपस्थित सभी अधिकारियों ने सराहा गया। मेले में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग ने भी अपना स्टाल लगाया।

रविवार को ज़िलाधिकारी अभिषेक प्रकाश द्वारा बताया गया कि जनपद लखनऊ की सभी पीएचसी पर आरोग्य मेला का आयोजन कराया जा रहा है। सभी कैंपो में बच्चों के टीकाकरण से लेकर बच्चों, बड़ो व वर्द्ध के स्वास्थ्य जांच की सेवाएं, पैथॉलजिकल जांच की सुविधा दी गयी है। इसके साथ ही कोविड के टीकाकरण का विशेष दिवस भी कैंप में रखा गया है। ताकि लोग अपने स्वास्थ्य स बंधित जांच कराने के बाद यदि उनको कोविड का टीका न लगा हो तो आसानी से अपना टीकाकरण करा सके। ज़िलाधिकारी द्वारा बताया गया कि जितनी भी आशा बहुएं है वह सभी फील्ड में निकल कर लोगो को आरोग्य मेला के बारे में भी जानकारी दे रही है। इस सुविधाओ के साथ साथ समस्त आयोजन स्थलों में आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड भी बनाए जा रहे है। आरोग्यमेला मेला में की गई व्यवस्थाओं के सत्यापन के उद्देश्य से ज़िलाधिकारी ने उजारियांव पीएचसी का निरीक्षण किया। पीएचसी पहुच कर ज़िलाधिकारी ने मेला स्थल का भ्रमण किया। निरीक्षण में ज़िलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि मेले में मास्किंग, सोशल डिस्टेंसिंग व कोविड प्रोटोकॉल का कड़ाई से अनुपालन कराया जाए। साथ ही साथ मेले में आने वाले लोगो की समस्य सुविधाओ का विशेष ध्यान रखा जाए। सभी मेला स्थलों पर पेयजल, बैठने की व्यवस्था व मास्क और सेनेटाइजर की व्यवस्था को करायी जाए। जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने कहा कि आरोग्य मेले में ओपीडी की सेवाओं के साथ ही टीबी, मलेरिया, डेंगू, दिमागी बुखार, कालाजार, फाइलेरिया एवं कुष्ठ रोग से सम्बंधित जानकारी, आवश्यक जांच, उपचार और संदर्भन की सुविधाएँ प्रदान की जा रही हैं। गर्भावस्था एवं प्रसवकालीन सेवाएं, पूर्ण टीकाकरण, बच्चों में डायरिया व न्यूमोनिया के रोकथाम, बचाव और उपचार की जानकारी और सुविधाएँ दी जा रही हैं। कुपोषित बच्चों के चिन्हीकरण एवं उनके उपचार के लिए समुचित कार्यवाही की जा रही है। परिवार नियोजन के स्थायी व अस्थायी साधनों के बारे में जानकारी देने के साथ ही उनके फायदे बताये जा रहे हैं। आशा कार्यकर्ता द्वारा लोगों को इसके बारे में बताया भी कराया जा रहा है। इसके अलावा प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना ;आयुष्मान भारतद्ध एवं मुख्यमंत्री आरोग्य अभियान की जानकारी देने के साथ ही गोल्डन कार्ड का वितरण किया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने बताया मेले में विशेष कोविड टीकाकरण अभियान के जरिये लोगों को नि:शुल्क कोविड का टीका लगाया जा रहा है।साथ ही कोविड की नि:शुल्क जांच हो रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.मनोज अग्रवाल ने बताया कि आज जनपद के स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित आरोग्य मेले का 5900 लोगों ने लाभ उठाया। जिसमें 2211 पुरुष, महिलाएं 2729 और 960 बच्चे शामिल हैं। इस दौरान आयुष्मान भारत योजना के 106 लाभार्थियों का गोल्डन कार्ड भी बनाया गया।



आजादी के 75वें वर्ष पर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत रविवार को एसएसबी ने निकाली साइकिल रैली

# केनरा बैंक में हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गोमती** नगर स्थित केनरा बैंक के अंचल कार्यालय भवन में हिन्दी दिवस का भव्य आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता महाप्रबंधक शंभू लाल द्वारा की गई। मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग की प्रोफेसर डॉ. अलका पाण्डेय उपस्थित रहीं। समारोह को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक शंभू लाल ने सर्वप्रथम सभी को हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं दी तदुपरान्त अपने संबोधन में कहा कि बैंक में हिन्दी में काम करने से व्यापार वृद्धि पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। केंद्र सरकार के अधीन होने के कारण हमारा संवैधानिक दायित्व बनता है कि हम अपने दैनिक काम में राजभाषा का प्रयोग करें। इसके साथ उन्होनें कहा कि बैंक की गृहपत्रिका केनरा ज्योति को भारत सरकार के प्रतिष्ठित कीर्ति पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अधिति डॉ. अल्का पाण्डेय ने कहा कि भारत एक बहुभाषी देश है, जहां अनेक भाषाएं और बोलियां बोली जाती हैं। भाषाओं के इन विविध रूपों के बीच सेतु की तरह पूरे राष्ट्र को एक सूत्र में बांधने का कार्य हिंदी करती है।

## मोहनलालगंज में भाजपा का प्रबुद्ध सम्मेलन आज, आएंगे प्रदेश प्रभारी

संवाददाता। निगोहां

**मोहनलालगंज** के एक रिसार्ट में सोमवार की दोपहर एक बजे भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए भाजपा प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के जिला संयोजन एससी मिश्रा ने बताया कि प्रबुद्ध सम्मेलन के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश प्रभारी व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राधा मोहन सिहं रहेंगे, जो सम्मेलन में पहुंचने वाले प्रबुद्धजनों को सम्बोधित करेंगे। रविवार को प्रबुद्ध सम्मेलन की तैयारियों का भाजपा जिलाध्यक्ष श्री कृष्ण लोधी, मीडिया रिलेशन के जिला संयोजक अशोक तिवारी, प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एस सी मिश्रा, जिला महामंत्री रामलाल ने स्थानीय भाजपा नेताओं के साथ पहुंचकर जायजा लिया।

# जाली मुद्रा के कारोबार में लिप्त इनामी महिला पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एटीएस** ने जाली भारतीय मुद्रा के पश्चिम बंगाल क मालदा बेस्ड अन्तर्राष्ट्रीय तस्कर गिरोह की अति सक्रिय और वांछित अभियुक्त मुमताज बेगम को गिरफ्तार किया है। मुमताज के ऊपर 50 हजार रूपए का ईनाम घोषित था। एटीएस की वाराणसी फील्ड ईकाई यूनिट ने पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है।

एटीएस ने उप्र पहली सितंबर 2020 को मालदा से भारी मात्रा में जाली भारतीय मुद्रा की तस्करी करने वाले गिरोह के दो व्यक्तियों तहसीन खान, मोहम्मद वसीम को आगरा से गिरफ्तार किया था। इनके कब्जे से भारी मात्रा में 597000 रूपए की जाली भारतीय मुद्रा बरामद हुई। सभी नोट 500 रूपए मूल्य के थे। यह गिरोह पश्चिम बंगाल के मालदा से जाली मुद्रा लाकर उप्र व एनसीआर क्षेत्र में सप्लाई करते थे। इस गिरफ्तारी के बाद दर्ज मुकदमें की विवेचना की जा रही थी। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ के क्रम में जानकारी प्राप्त हुई कि जोयनपुर चाइपारा थाना वैष्णवनगर मालदा निवासी दंपत्ति मुमताज़ बेगम पत्न सदर अली बड़े पैमाने पर जाली भारतीय मुद्रा का अंतर्राष्ट्रीय परिवहन करते हैं व इसके परिचालन के लिए इस जाली मुद्रा को यूपी, हरियाणा व एनसीआर क्षेत्र मे सप्लाई करते हैं। पूछताछ मे यह तथ्य भी प्रकाश में आए कि इस गिरोह में मुमताज़ प्रमुख है और उच्च कोटि कि भारतीय जाली मुद्रा का अंतर्राष्ट्रीय व्यापार करती है। इस मुकदमें में मुमताज बेगम तभी से वाछित चल रही थी जिस पर पुलिस महानिरीक्षक एटीएस उप्र ने 19 मई 2020 को पचास हजार रूपए का ईनाम घोषित किया था। अभियुक्ता मुमताज का पति व इस अंतर्राष्ट्रीय अवैध व्यापार मे मुमताज़ का प्रमुख सहयोगी सदर अली पूर्व मे ही भारतीय जाली मुद्रा के अवैध व्यापार के आरोप में यूपी एटीएस द्वारा गिरफ्तार किया जा चुका है जो वर्तमान समय मे जिला कारागार लखनऊ में निरुद्ध है। सदर अली पर भी पुलिस महानिरीक्षक एटीएस द्वारा 25 हजार का ईनाम घोषित किया गया था। एटीएस उप्र को आसूचना प्राप्त हुई कि पुलिस से बचने व अपने जाली मुद्रा के व्यवसाय से संचालन के लिए मुमताज़ अपना नाम और पता बदलकर थाना कलियाचक के अंसारी टोला बाली बंगा क्षेत्र में किराए के मकान में रह रही है व जमानत पर रिहा अपने बेटे कबीर के साथ मिलकर इस अवैध व्यापार को संचालित कर रही है।

## भाजपा जिला अनुसूचित मोर्चा की बैठक सम्पन्न



**बख्शी का तालाब।** भारतीय जनता पार्टी के नवगठित अनुसूचित मोर्चा की लखनऊ जिला कमेटी द्वारा रविवार को बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष श्री कृष्ण लोधी ने हिस्सा लिया। पार्टी द्वारा नवगठित अनुसूचित मोर्चा के सदस्यों का परिचय कराया गया। इस बैठक का अनुसूचित मोर्चा जिला अध्यक्ष कामता प्रसाद रावत द्वारा नेतृत्व किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने नवगठित पदाधिकारियों को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनता से जुड़ी योजनाओं के बारे में बताने को कहा गया। सरकार द्वारा विपक्षी पार्टियों के छल प्रपंच की नीतियों को जनता के सामने लाने का आवाहन किया गया। इस बैठक में मोर्चा के महामंत्री प्रमोद रावत जितेंद्र कुमार उपाध्यक्ष दीपू रावत, डॉक्टर सुचित कुमार, सुंदर लाल कनौजिया, इंदल रावत, हरिराम रावत, सुबोध कुमार, मीडिया प्रमुख रितेश राज सहित जिला के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे। परिचयात्मक बैठक में अध्यक्ष द्वारा समस्त नवनियुक्त अनुसूचित मोर्चा पदाधिकारियों को अंग वस्त्र पहना कर सम्मानित किया गया।

## भाजपा एससी मोर्चा के जिलामंत्री बने हंसराज



**निगोहां।** भाजपा अनुसूचित मोर्चा में हंसराज को जिला मंत्री मनोनीत किया गया। रविवार को अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष कामता प्रसाद ने उनको मनोनयन पत्र सौंपा। मोहनलालगंज के पदमिनखेड़ा गांव निवासी हंसराज बीते काफी समय से भाजपा से जुड़कर पार्टी का प्रचार प्रसार करने के साथ ही मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र में एससी वर्ग को भाजपा से जोड़ने का काम कर रहे थे, पार्टी हितों में किये जा रहे उनके कार्यो को देखते हुये रविवार को भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण लोधी के अनुमोदन के बाद अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष कामता प्रसाद ने हंसराज को एससी मोर्चा का जिलामंत्री मनोनीत किया। इस दौरान हंसराज ने कहा कि पार्टी ने जिस उम्मीद से उन्हे यह पदभार दिया है, वह ईमानदारी ओर निष्ठा के साथ इसे निभाएंगे। मनोनीत जिलामंत्री हंसराज को भाजपा जिलाध्यक्ष श्री कृष्ण लोधी, मीडिया रिलेशन प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अशोक तिवारी, मुकेश द्विवेदी सहित भाजपा पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओ ने बधाई दी।

## गणपति बप्पा के जयकारे के साथ हुआ मूर्ति विसर्जन



**लखनऊ।** सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके के सरसवां गांव में आदर्श पत्रकार बेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह के घर पर चल रहे गणेश उत्सव का रविवार को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर मूर्ति विसर्जन के साथ समापन हो गया। गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आना के जयकारे के साथ हुआ मूर्ति विसर्जन गोमती तट पर विसर्जन किया गया। विघ्नहर्ता विनायक लंबोदर महाराज श्री गणेश के विदाई जे पहले हवन पूजन के बाद भक्तों ने प्रसाद चखा। दर्शन के लिए आये भक्तों ने एक दंत श्री गणेश की उपासना की। कोविड नियमों का पालन करते हुए लोगो ने अपनी बारी आने पर दर्शन किये।

## मतदाता सूची में नाम बढ़वाने का लक्ष्य लेकर निकले सपाई

**बख्शी का तालाब।** बख्शी का तालाब विधानसभा के विभिन्न गांव में मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिये सपा द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। प्रदेश सचिव संजीव यादव की अगुवाई में यह अभियान विभिन्न गांवों में पंहुचा। कार्यकर्ताओं ने घर घर जाकर लोगो को जागरूक किया। उन्हें बताया गया कि मतदाता सूची में अगर आपका नाम नहीं है और आपकी आयु 18 साल पूरी हो चुकी है तो अपना नाम जरूर जुड़वा लें क्योंकि अगर आप मतदाता सूची में आपका नाम नहीं होगा तो आने वाले विधानसभा चुनाव में आप लोग वोट नहीं डाल पाएंगे। इस मौके पर प्रदेश सचिव संजीव यादव, विधानसभा अध्यक्ष उमाकांत यादव, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, धीरज, राम लखन, मोहित सिंह, विजय सिंह अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हबीबुल्लाह छात्रावास में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के हबीबुल्लाह छात्रावास में रविवार को एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन विवि के नवस्थापित इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड मॉलिक्यूलर जेनेटिक्स एंड संक्रामक रोगए ओएनजीसी सेंटर की तरफसे किया गया था। मॉलिक्यूलर एंड ह्यूमन जेनेटिक्स लैब के शोध छात्र अतर सिंह कुशवाह, सौरभ कुमार, अश्विन शुक्ला एवं शिवम की टीम ने हॉस्टल के अन्य छात्रों की मदद से एंथ्रोपोमेट्रिक और बायोकेमिकल टेस्ट की श्रृंखला सफलतापूर्वक पूरी की है। सभी छात्रों को स्वास्थ्य संबंधी रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाएगी। इसी तरह के शिविर विश्वविद्यालय के सभी ब्वॉयज हॉस्टल में आयोजित किए जाएंगे।

## सरवर मलिक बसपा से उत्तर विधानसभा से प्रभारी प्रत्याशी घोषित

**लखनऊ।** प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर रविवार को राजधानी में उत्तर विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन बहुजन समाज पार्टी की तरफसे एक निजी होटल में आयोजित किया गया। सम्मेलन के दौरान बसपा के विधानपरिषद सदस्य और मुख सेक्टर प्रभारी डॉ भीमराव अंबेडकर ने सरवर मलिक को उत्तर विधानसभा को प्रभारी प्रत्याशी घोषित किया।

## शिक्षक प्रबंधक मोर्चा का सपा शिक्षक सभा में विलय

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में आस्था जताते हुए रविवार को समाजवादी शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मान सिंह यादव के समक्ष उत्तर प्रदेश बेसिक एवं वित्तविहीन माध्यमिक शिक्षक प्रबंधक मोर्चा ने समाजवादी शिक्षक सभा में विलय किया। उत्तर प्रदेश बेसिक एवं वित्तविहीन माध्यमिक शिक्षक प्रबंधक मोर्चा के पदाधिकारियों सहित दर्जनों शिक्षण संस्थाओं के प्रबंधक समाजवादी पार्टी में शामिल हुये। प्रमुख रूप से नरेन्द्र सिंह यादव प्रदेश संयोजक, महेश कुमार सिंह महामंत्री, शिवाकान्त संगठन मंत्री, प्रदीप सिंह सह संयोजक, मोहित यादव, डॉ. अभिषेक दुबे, लल्लन सिंह, राजेश कुमार श्रीवास्तव, अवधेश कुमार, अमर त्रिपाठी, प्रमोद पाण्डेय, डॉ. अभिषेक मिश्रा, डॉ. रजनीश यादव, शिवेन्द्र सिंह, योगेश वर्मा एडवोकेट सहित अन्य लोगों ने सपा की सदस्यता ली। समाजवादी पार्टी की नीतियों में आस्था व्यक्त करते हुये सदस्य जिला पंचायत प्रयागराज सुमन पुत्री पूर्व सांसद पकौड़ी लाल कौल आज समाजवादी पार्टी में शामिल हो गयी है।

# धरती: प्रकृति से पोषण तक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**रविवार** को एक नई जीवन शैली से उत्पन्न आयुर्वेद ब्रांड, धरती कंपनी का अनावरण किया गया। धरती हमारे ग्राहकों के लिए सबसे अच्छे गणुवत्ता उत्पादों को आगे लाने के लिए प्राचीन तकनीक के साथ प्राचीन वैदिक ज्ञान के समामेलन का प्रयोग करती है।

यह विचार तब आया जब दो अलग-अलग पीढ़ियों के दो जिज्ञासु आयुर्वेद के दायरेका पता लगानेके लिए एक साथ आए। इस प्रक्रिया में उन्होंने सुपर क्रिटिकल फ्लूइड एक्सट्रैक्शन नामक एक तकनीक की खोज की, जिसके माध्यम से हर्बेल तत्व तैयार किये जा सकते है ताकि जड़ी बूटियों के प्राकृतिक गुण बरकरार रहें। उन्होंने महससू किया कि अब तक इन अर्क को बनाने के लिए इस्तेमाल की जानेवाली प्रक्रियाओं ने जड़ी-बूटियों को उच्च तापमान और काटू रसायन के संपर्क में ला दिया जिससे उनकी असली मौलिकता बिगड़ गई। इस खोज के साथ वे स्वदेशी माल के निर्माण के लिए एससीएफई के माध्यम से निर्या त गुणवत्ता वाले अर्क की खरीद करने निकल पड़े। धरती कंपनी की केंद्रीय आस्था स्थिरता में निवास करती हैं और हमारा सर्वोच्च लक्ष्य वातावरण की शुद्धि बनाए रखना है। धरती कंपनी के सभी उत्पाद भारी धातओु ंऔर कीटनाशक जैसे नुकसान दायक तत्वों से मुक्त हैं। धरती कंपनी के मैन्युफैक्चरिंग पार्टनर एमिटी हेल्थ केयर प्राइवेट लि. पिछले 23 वर्षों से इस व्यापार में हैऔर कैप्सलू से लेकर सिरप तक, तेज से लेकर मरहम तक विश्व स्तर के हर्बल माल के निर्माण की नामी विरासत है। धरती कंपनी का लॉन्च पोर्टफोलियो वि भिन्न प्रकार के शहद से लेकर आयुर्वेदिक मि श्रण तक शामि ल हैं जो तनाव, माइग्रेन, फेफड़ों के स्वास्थ्य, आंत के स्वास्थ्य, लीवर के स्वास्थ्य आदि जैसे आधनुिनक मस्लों को सबोधित करते हैं।



प्रोडक्ट लॉन्च समारोह में अग्रज अग्रवाल और केशव माथुर ने स्टेट आयुर्वेदिक कॉलेज की टॉपर वैशाली सचान को वीरेन्द्र अग्रवाल मेमोरियल पुरस्कार से सम्मानित किया

# कर्मचारी-शिक्षक विधायकों से मिलकर सौंपेंगे ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कर्मचारी** शिक्षक संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर सोमवार को प्रदेश के कर्मचारी शिक्षक विधायकों से मिलकर उन्हें कर्मचारी समस्याओं के निस्तारण हेतु मांग पत्र का ज्ञापन सौंपेंगे। लखनऊ में पहला कार्यक्रम कल सुबह कानून मंत्री बृजेश पाठक को ज्ञापन सौंप कर अभियान की शुरुआत करेंगे।

मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष वीपी मिश्रा, महासचिव शशि मिश्रा ने बताया कि सरकार जिला चिकित्सालयों महिला चिकित्सालयों को मेडिकल कॉलेज बनाने के नाम पर लीज पर देने जा रही है, जो जनहित में नही है और कर्मचारियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है । मोर्चा इसका भरपूर विरोध करेगा और सरकार नहीं मानी तो बड़ा आंदोलन होगा। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के महामंत्री अतुल मिश्रा ने बताया कि वर्तमान समय मे कर्मचारियों में निराशा व्याप्त है इस हेतु सरकार और शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट किया जाना आवश्यक है। साथ ही ठेकेदारी प्रथा, संविदा की स्पष्ट नीति नहीं है, पुरानी पेंशन बहाली, निजीकरण रोकने सहित विभिन्न कर्मचारी समस्याओं पर ध्यानाकर्षण के लिए 20 से 30 सितम्बर तक प्रदेश के सभी विधायकों को मांग का ज्ञापन सौंपने का जो निर्णय लिया गया है उसमें परिषद की सभी जनपद शाखाओ द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया जाएगा।

प्रमुख उपाध्यक्ष एवं फार्मेसिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव ने कहा कि कर्मचारियों की मांग है कि नई पेंशन स्कीम की जगह पुरानी पेंशन योजना बहाल हो, ठेकेदारी, संविदा समाप्त हो, वेतन व अन्य सुविधाएं केंद्र के समान दी जाएंए पुरानी पेंशन योजना लाई जाए, नेशनल हैल्थ मिशन के कर्मचारियों को सरकारी कर्मचारियों का दर्जा दिया जाए, ठेकेदारों के माध्यम से रखे गए कर्मचारियों का दोहरा शोषण ख़त्म करते हुए उनका भविष्य सुरक्षित किया जाए।

## ओपीडी बन्द होने से सैकड़ों मरीज बगैर इलाज लौटे

**लखनऊ।** भारी बारिश के चलते फैजुल्लागंज के मामा कॉलोनी, शिवशक्ति नगर व विष्णु बिहार कॉलोनी में जलभराव की समस्या के चलते संक्रामक रोग को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की तरफसे चलाई जा रही ओपीडी रविवार को बंद रही। जिसके चलते सर्दी, खांसी व बुखार से पीड़ित मरीजों को रविवार को बैरंग इलाज लौटना पड़ा। फैजुल्लागंज में बच्चे समेत लोग सर्दी, खांसी व बुखार से पीड़ित हैं। कुछ को उल्टी व दस्त भी आ रही है। चारों तरफ पानी भरा हुआ है। अभी भी यहां नाव की मदद से लोग आ जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा फैजुल्लागंज में बुखार व अन्य संक्रामक रोगों से पीड़ित लोगों के लिए ट्रांजिट हॉस्टल में चलाई जा रही ओपीडी आज बन्द रही। स्थानीय लोगों ने बताया कि दो दिन यहां ओपीडी में डॉक्टरों ने मरीजों को देखा और दवाएं दीं। उसके बाद कोई दवा बांटने नहीं आया। फैजुल्लागंज निवासी व सामाजिक कार्यकर्ता ममता त्रिपाठी ने जलभराव वाले इलाकों में नाव से जाकर लोगों की समस्याएं सुनीं। दवाएं व खानपान की चीज़ें मुहैया कराईं। यहां लोग कई दिनों से घर में कैद हैं।

# नगवा नाले में डूबे युवक का नहीं चला पता, ग्रामीणों ने की सड़क जाम

● सई नदी में डूबे युवक के शव को एसडीआरएफ टीम ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से किया बरामद

संवाददाता। सरोजनीनगर



**बंथरा** इलाके में शनिवार को गणेश मूर्ति विसर्जन के दौरान सई नदी में डूबे 24 वर्षीयरवि कुमार गुप्ता के शव को एसडीआरएफ टीम और स्थानीय गोताखोरों की मदद से रविवार को बरामद कर लिया गया। जबकि इलाके के ही नगवा नाले में नहाते समय डूबे शिवांशु (20) का रविवार देर शाम तक पता नही चल सका। इसको लेकर ग्रामीणों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए 2 बार कानपुर रोड भी जाम किया। लेकिन पुलिस ने उन्हें किसी तरह समझा.बुझाकर शांत किया। फिलहाल देर शाम तक नगवा नाले में शिवांशु को तलाशने के लिए एसडीआरएफ टीम और गोताखोर लगे हुए थे। बताते चलें कि सरोजनीनगर के बदाली खेड़ा निवासी रवि कुमार गुप्ता 24 मोहल्ले में हुई गणेश पूजा के बाद गणेश मूर्ति को विसर्जित करने के लिए अपने साथियों के साथ शनिवार को बंथरा इलाके में कानपुर रोड के पास बनी स्थित सई नदी गया था। तभी मूर्ति विसर्जन के बाद सभी लोग नदी में नहाने लगे। इस दौरान रवि पानी के तेज बहाव की चपेट में आकर डूबने लगा। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे बचाने की काफी कोशिश कीए लेकिन वह सफल नहीं हुए। बाद में घटना की सूचना पुलिस को दी गई। वहीं रायबरेली के बछरावां निवासी शिवांशु गुप्ता 20 बंथरा के रामचौरा रोड पर लाला खेड़ा के पास किराए पर रहकर एक निजी कंपनी में नौकरी करता था। वह भी शनिवार को पास में ही मौजूद नगवा नाले में नहाने गया था। तभी गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उसको भी मौजूद लोगों ने बचाने की कोशिश की लेकिन नहीं बचा सके। बाद में इसकी सूचना पुलिस को दी गई। हालाकि दोनों घटनाओं में स्थानीय लोगों ने पानी में कूदकर काफी देर तक उन्हें तलाशा, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। सूचना के बाद पुलिस ने गोताखोरों को बुलाया लेकिन अंधेरा हो जाने के कारण गोताखोर मौके पर नहीं पहुंचे। जिससे नाराज रवि कुमार गुप्ता के परिजनों ने रात में ही बनी पुल पर कानपुर रोड जाम कर काफी देर तक हंगामा भी किया था। तब पुलिस ने किसी तरह समझा बुझा कर उन्हें सड़क से हटाया। रविवार सुबह होते ही स्थानीय गोताखोर और एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। सुबह करीब 7 बजे स्थानीय गोताखोरों और एसडीआरएफकी टीम ने दोनों युवकों की तलाश शुरू कर दी। पूर्वाह्न करीब 11 बजे रवि कुमार गुप्ता के शव को घटनास्थल से लगभग 50 मीटर दूर बरामद कर लिया गया। वहीं शिवांशु की तलाश में देरी होते देख सुबह ही उसके परिजनों ने ग्रामीणों के साथ बंथरा में हनुमान मंदिर के पास कानपुर रोड जाम कर दी।

# सीएमएस कानपुर रोड कैंपस के छह छात्र सम्मानित




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सिटी** मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस के 6 मेधावी छात्रों को इण्टरनेशनल बेन्चमार्क टेस्ट (आईबीटी) में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से लखनऊ का नाम अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर गौरवान्वित करने हेतु सीएमएस द्वारा पाँच-पाँच हजार रूपये के नगद पुरस्कार से पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया है। सीएमएस के इन मेधावी छात्रों ने आस्ट्रेलियन काउन्सिल फॉर एजुकेशनल रिसर्च के तत्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इण्टरनेशनल बेन्चमार्क टेस्ट में विभिन्न विषयों में 100 परसेन्टाइल के साथ विश्व में प्रथम रैंक अर्जित कर देश का मान बढ़ाया है। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि इस विश्व प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में सीएमएस कानपुर रोड कैम्पस के छात्र सिद्धिमा शुक्ला, रिशान हल्दर एवं आरूष अजीत प्रताप ने विज्ञान विषय में, आदित्य वर्मा एवं अन्वेषिका शुक्ला ने गणित में जबकि सुमन कुमार ने विज्ञान व अंग्रेजी दोनों विषयों में 100 परसेन्टाइल अर्जित कर विश्व स्तर पर अपने ज्ञान का परचम लहराया है।

# साढ़े चार साल में विकसित प्रदेश बना यूपी: सिद्धार्थनाथ सिंह

● साढ़े चार साल के कार्यों का प्रभारी मंत्री ने दिया लेखा-जोखा

संवाददाता। गोंडा

प्रदेश सरकार के कार्यकाल के स्वर्णिम साढ़े चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने जनपद पहुंचकर सरकार द्वारा प्रदेश व यहां कराए गए विकास कार्यों एवं जनकल्याणारी योजनाओं का ब्यौरा प्रस्तुत किया।

जिला पंचायत सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार के चार साल छः माह पूर्ण हो रहे हैं। जिसमें सरकार ने समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए काम किया और तमाम विकासपरक व जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सड़क, सुरक्षा, कानून व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, स्वच्छता, रोजगार सृजन सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उल्लेखनीय कार्य करते हुए विकास का नया आयाम स्थापित किया है। अब हमारा प्रदेश बीमारू प्रदेश नहीं बल्कि विकसित प्रदेश के रूप में स्थापित हो रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान जब पूरी दुनिया तबाह हो रही थी, उस समय मुख्यमंत्री जी के कोविड प्रबन्धन की प्रशंसा पूरे विश्व में हुई है और उ0प्र0 दुनिया का सबसे अधिक कोविड वैक्सीनेशन कराने वाला राज्य बन सका है। जिले के चहुंमुखी विकास के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से इन साढ़े चार साल में किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत करते हुए उन्होंने कहा कि यहां 50 हजार से अधिक किसानों को किसान सम्मान निधि, 2 लाख 41 हजार लोगों का गोल्डन कार्ड, पांच वनटांगिया गांवों को मुख्य धारा से जोड़ते हुए आवास, शौचालय, पेंशन, बिजली सहित सभी योजनाओं से आच्छादित किया गया। जनपद में 1530 कि0मी0 कुल लम्बाई की 402 सड़कों का निर्माण कराया गया है। वर्तमान में जिले में 321 कि0मी0 सड़क का निर्माण चल रहा है। जनपद में 22 पुलों का निर्माण लक्षित है। जिसमें से 04 पुलों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है तथा गड्ढा मुक्त योजना के तहत लगभग 2 हजार कि0मी0 कुल लम्बाई की सड़कों को गड्ढा मुक्त किया गया।

इस दौरान भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष शेष नरायन मिश्र, जनपद प्रभारी/एमएलसी अवनीश सिंह, विधायक करटा बावन सिंह, सदर प्रतीक भूषण सिंह, मेहनौन विनय द्विवेदी, तरबगंज प्रेम नरायन पाण्डेय, गौरा प्रभात वर्मा, जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप बमबम, पूर्व अध्यक्ष सूर्य नरायन तिवारी, डीएम मार्कण्डेय शाही, एसपी संतोष कुमार मिश्रा, सीडीओ शशांक त्रिपाठी, संजीव सिंह, दीपक अग्रवाल, राजेश चन्द्रानी आदि उपस्थित रहे।



लाभार्थी को नियुक्ति पत्र देते प्रभारी मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह व विधायक विनय द्विवेदी उर्फमुन्ना भैया

## 36 कोरोना योद्धाओं सहित 98 लोगों को मिला नियुक्ति पत्र

गोंडा। प्रदेश सरकार के कार्यकाल के साढ़े चार वर्ष पूरे होने के अवसर पर जिला पंचायत सभागार जनपद के प्रभारी मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह व स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा पंचायत चुनाव के दौरान कोरोना संक्रमण से दिवंगत 36 कर्मियों के परिजनों को 30-30 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि देने के साथ ही उनके विभिन्न देयकों के साथ ही उनके वैधानिक वारिसान को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर कोविड व नान कोविड मृतकों के 98 आश्रितों को मृतक आश्रित कोटे से नौकरी का नियुक्ति पत्र दिया गया। नियुक्ति पत्र पाने वालों में लोक निर्माण विभाग के 08, बेसिक शिक्षा के 46, पंचायतीराज विभाग के 11, ग्राम्य विकास विभाग के 06, माध्यमिक शिक्षा के 13, पशुपालन के 05, कृषि विभाग के 02, कार्यक्रम विभाग के 2, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के 01, जल निगम के 02 तथा भूमि संरक्षण विभाग के 01 मृतक कर्मियों के कुल 98 परिजन शामिल हैं।

## पंखे का प्लग लगाते करंट से तीन की मौत

बस्ती। दुबौलिया थाना क्षेत्र के जमुनी जोत गांव में पंखे का प्लग लगाते समय करंट की चपेट में आने से माँ समेत तीन मासूम गम्भीर रूप से झुलस गये। अस्पताल में तीन को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि एक का इलाज निजी चिकित्सक के यहां चल रहा है। जानकारी के अनुसार जमुनी जोत गांव निवासी रामपाल की तीस वर्षीय पत्नी मैना देवी रविवार दोपहर करीब बारह बजे खाना खा कर अपने सात वर्षीय पुत्री चांदनी, पल्लवी पांच वर्ष एवं एक वर्षीय पुत्र प्रेम के साथ कमरे में आराम करने जा रही थी। कमरे में पहुंच कर मैना देवी अपने एक वर्षीय बेटे प्रेम को गोद में लेकर टेबल फैन पंखे का प्लग बोर्ड में लगा रही थी। अचानक करंट की चपेट में आ गई। माँ को तड़पता देख दोनों बेटी चांदनी और पल्लवी, माँ को छुड़ाने लगी। जिससे चारो करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन इलाज के लिए बहादुरपुर (कलवारी) सीएचसी ले गए जहां चिकित्सकों ने मैना देवी, चांदनी एंव बेटे प्रेम को मृत घोषित कर दिया। जबकि पल्लवी का इलाज विशेषरगंज कस्बे में निजी चिकित्सक के यहां चल रहा है।

# उत्तर प्रदेश ने विकास के नये आयाम खड़े किए

● मंत्री ने गिनाई सरकार के साढ़े चार साल की उपलब्धियां

● जिला अस्पताल के 'एसआईसी' पर गिरी गाज

संवाददाता। बस्ती



भाजपा सरकार के साढ़े चार साल की उपलब्धियां बताते ग्राम्य विकास मंत्री मोती सिंह

योगी सरकार के साढ़े चार साल के कार्यकाल की उपलब्धियों बताने के लिए सर्किट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता में जिले के प्रभारी एवं ग्राम्य विकास मंत्री राजेंद्र सिंह उर्फ मोती सिंह ने एक स्वर में पत्रकारों की शिकायत पर जिला अस्पताल के एसआईसी डा. आलोक वर्मा को तत्काल कार्यमुक्त करने और उनका प्रभार किसी अन्य डाक्टर को देने का निर्देश डीएम सौम्या अग्रवाल को दिया। एसआईसी पर आरोप लगाया कि यह अपारेशन के नाम पर डाक्टरों से 30 फीसद कमीशन मांगते हैं, नियम विरुद्ध खरीद फरोख्त करते हैं, और पत्रकारों को दवा सहित अन्य कोई सुविधा नहीं देते। नाराज मंत्री ने डीएम को त्वरित कार्रवाई करने को कहा। प्रभारी मंत्री को भ्रष्टाचार से अनेक सवालों का भी सामना करना पड़ा। योगी सरकार के पिछले साढ़े चार साल की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि आज प्रदेश का जितना विकास हुआ, उतना 70 साल में भी नहीं हुआ, योगी गुड गवर्नेस से प्रदेश की जनता खुश है। महिलाओं को जो अधिकार और सम्मान मोदी और योगी ने दिया, उतना किसी ने भी नहीं दिया। सड़कों का जाल बिछवाया। जिले में पांच अरब 35 करोड़ की लागत से 521 नवीन सम्पर्क मार्गों का निर्माण हुआ। 58.92 करोड़ की लागत से नौ सेतु का निर्माण हुआ, पांच निर्माणधीन है। 1492 करोड़ से अधिक का गन्ने का भुगतान हुआ। 51225 आवासविहीन को प्रधानमंत्री आवास दिया गया। 636 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री आवास स्वीकृति हुआ। मनरेगा में 922 करोड़ खर्च हुआ। 238 आंगबाड़ी भवन का निर्माण हुआ। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत 176479 गरीबों को नि:शुल्क गैस कनेक्शन दिया गया। 5600 बेरोजगार युवक एवं युवतियों को रोजगार मिला।

# क्षत्रिय समागम में उमड़े दिग्गज, कहा-समाज में क्षत्रिय की भूमिका अहम

● देश में अपनी प्रतिभा से राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति अर्जित करने वाले हुए सम्मानित

● राजनीति से दूर रहा क्षत्रिय समागम का आयोजन

संवाददाता। संतकबीरनगर



मंच पर सम्मानित होती डॉ0 सोनी — पायनियर

क्षत्रिय महासभा राजपूत समाज (अखण्ड भारत) के बैनर तले खलीलाबाद धनघटा मार्ग स्थित बनियाबारी के निकट एक हाल में बहुत बड़े स्तर पर क्षत्रिय समागम का आयोजन हुआ। जिसमें देश प्रदेश के विभिन्न जनपदों से क्षत्रिय समाज के दिग्गजो का जमावड़ा हुआ। भारी संख्या में उमड़े क्षत्रिय समाज के लोगों ने अतित व वर्तमान पर चिन्तन करते हुए क्षत्रिय समाज में वर्तमान समय में परिस्थितियों पर चर्चा हुई। विद्वानजनो ने अपने-अपने विचारों को रखा। इस अवसर पर देश के विभिन्न क्षेत्रो में अपनी प्रतिभा से विश्व एवं राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति अर्जित करने वाले शख्सियत को सम्मानित किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। तदोपरान्त ग्राम गंगा देवरिया निवासी समाजसेवी स्व0 राजेश सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धाजंलि दी गई। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रदीप सिंह सिसौदिया ने किया। क्षत्रिय समाज के विद्वानो ने कहा कि इतिहास के पन्नो से लेकर अब तक क्षत्रिय समाज ने देशहित में बलिदान देकर अपने जीवन को समाप्त किया है। हमेशा क्षत्रिय समाज ने गरीबो की सेवा की है। कभी जाति-पाति को अपने अन्दर नही रखा है। सर्वसमाज के लोगो की मदद करने में सबसे आगे क्षत्रिय समाज रहा है। कार्यक्रम में भारी संख्या के लोगो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का सफल आयोजन वेदप्रकाश सिंह ने सम्पन्न कराया। इस अवसर पर डॉ0 शालिनी सिंह, सुधाशु सिंह, रामकुमार सिंह, धीरेन्द्र प्रताप चन्द्र, दिग्पाल पाल, हरिवक्श सिंह, डॉ0 सोनी सिंह सहित भारी संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### अग्रहरि समाज के अध्यक्ष चुने गए विदुप अग्रहरि

फतेहपुर। अग्रहरि समाज के आज यहां सम्पन्न हुए चुनाव में कुल पड़े 214 मतों में 181 मत प्राप्त कर विदुप अग्रहरि अध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किए गए। प्रदेश स्तर के इस प्रतिष्ठा पूर्ण चुनाव में 199 वोट प्राप्त कर कुल भास्कर अग्रहरि महामंत्री व 141 मत प्राप्त कर अनिरुद्ध अग्रहरि कोषाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए। अग्रहरि समाज की प्रदेश भर से मूर्धन्य हस्तियां व बड़ी संख्या में सजातीय बंधु 20वीं कार्यकारिणी समिति के निर्वाचन कार्यक्रम में भाग लेने पहुंची। निर्वाचन मुख्य चुनाव आयुक्त एवं पूर्व मंत्री बाबू राधेश्याम गुप्त अग्रहरि व चुनाव आयुक्त सोम चंद्र अग्रहरि की देखरेख में सम्पन्न हुआ। इस दौरान कुछ देर के लिए केंद्रीय मंत्री एवं इस जनपद की सांसद साध्वी निरंजन ज्योति भी पहुंची जिनका स्वागत किया गया। प्रमुख रूप से विधायक अयाह शाह विकास गुप्त अग्रहरिए उद्योगपति गोपाल कृष्ण गुप्त अग्रहरि आदि तमाम लोग मौजूद रहें।

### आयुष बने भाजयुमो के नगर अध्यक्ष

फतेहपुर। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष मधुराज विश्कर्मा ने देवीगंज निवासी आयुष अग्रहरि को युवा मोर्चा का नगर उपाध्यक्ष दक्षिणी मनोनीत किया है। आयुष के जिला उपाध्यक्ष मनोनीत होते ही भाजपा युवा मोर्चा कार्यकर्ताओ ने नव मनोनीत नगर अध्यक्ष के आवास पहुँच कर माल्यार्पण किया। आयुष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ को आदर्श बताते हुए उनके नेतृत्व में देश व प्रदेश के विकास के पथ पर अग्रसर होने की बात कही। इस मौके पर अखिलेश सिंह, अनुपम सिंह, रितेश कुमार सोल्ड आदि उपस्थित रहे।

### बरसात के पानी में डूबकर किशोर की मौत

फर्रुखाबाद। बरसात के पानी में नहाने गये युवक गंभीर हो गया। उसके परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन उसे सीएचसी लेकर पंहुचे। लेकिन चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। राजेपुर कस्बा निवासी र्दुपाल सिंह का 12 वर्षीय पुत्र शिवेंद्र गाँव के निकट की खेत में भरे बरसात में पानी में नहाने गया था। उसके साथ उसके तीन दोस्त भी नहानें गये थे। शिवेंद्र अचानक गहरे गड्ढे में चला गया। जिसके बाद वह पानी में डूब गया। ग्रामीणों कड़ी मसक्कत के बाद उसे पानी से बाहर निकाला। परिजन उसे सीएचसी लेकर पंहुचे। जहाँ चिकित्सक प्रमीत राजपूत ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### प्रेमी ड्राइवर ने कमरे में ही की थी शिवांगी की हत्या: तीनों सहायक लोको पायलट निलंबित

फर्रुखाबाद। रेलवे के प्रेमी ड्राइवर ने कमरे में ही शिवांगी की हत्या की थी। रेलवे ने तीनों सहायक लोको पायलटों को को निलंबित कर दिया है। थाना नवाबगंज के ग्राम रसूलपुर निवासी अरुण कुमार अग्निहोत्री की युवा पुत्री शिवांगी का करीब एक वर्ष से रेलवे के सहायक लोको पायलट अश्वनी राजपूत से प्रेम प्रसंग चल रहा था। छिबरामऊ इलाके में रहने वाला अविवाहित अश्वनी कोतवाली फर्रुखाबाद के मोहल्ला गढ़ी नवाब न्यामत खां मोहन पैलेस के सामने गली निवासी रमेश शर्मा के मकान में अकेले किराए पर रहता था। शिवांगी की हत्या से रमेश शर्मा के पड़ोसी हैरान व परेशान हैं। पड़ोस की महिलाओं ने मीडिया को बताया कि शिवांगी करीब एक वर्ष से अक्सर मुंह ढककर कमरे में सुबह आ जाती थी और शाम को चली जाती थी। जब पड़ोस के लोगों ने अश्वनी से युवती के आने पर एतराज जताया तो अश्वनी ने उन्हें बताया कि क्या मैं बहन को परीक्षा नहीं दिलवा सकता हूं। बताया गया कि जब शिवांगी घर से आती थी तो वह अश्वनी को फोन कर देती था अश्वनी काले रंग की अपाचे बाइक से उसे कमरे में लाता था और शाम को उसे छोड़ने जाता था। घटना वाली शाम 4.30 बजे पड़ोस की महिलाएं मकान के बाहर नगर पालिका के नल से पानी भर रही थी। तभी उन्होंने एक अधेड़ व्यक्ति को शिवांगी को कंधे पर लादकर ले जाते देखा था। थोड़ी देर में अश्वनी भी बाइक से चला गया बाद में बाइक से कमरे पर लौट आता था और उसके बाद जाने के बाद वापस नहीं लौटा।

### भाजयुमो ने लगाया रक्तदान शिविर

फतेहपुर। भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय नेतृत्व के आव्हान पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71वें जन्मोत्सव कार्यक्रम के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति एवं जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा मधुराज विश्कर्मा ने किया। जनपद के छः विधानसभाओं के समस्त 23 मंडलों से 71 कार्यकर्ताओं ने रक्तदान एवं परीक्षण कराया। रक्तदान करने वालों में जिला महामंत्री प्रसून तिवारी, आर्य कुमार, सत्यम उमराव, कोमल सिंह, विमल सिंह, अंकित पटेल, प्रांजुल सिंह, सुधांशु सिंह, संत शरण तिवारी, अरुण सिंह, शिवम सिंह आदि ने किया। केंद्रीय मंत्री ने सभी रक्तदाता ओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि रक्तदान करने से किसी प्रकार की बीमारी नहीं होती साथ ही साथ नवीन ऊर्जा का संचार भी होता है। भाजयुमों जिलाध्यक्ष ने बताया कि युवा मोर्चा प्रत्येक जरूरतमंद के साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़ा है। किसी भी व्यक्ति की खून की कमी से मृत्यु नहीं होने पाएगी। इस अवसर पर जिला महामंत्री भाजपा पुष्पराज पटेल, पंकज तिवारी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, सर्यक्रम संयोजक रोहित कश्यप, जिला उपाध्यक्ष विमलेश पांडेय, वैभव द्विवेदी, जिला महामंत्री ऐश्वर्य सिंह चंदेल आदि मौजूद रहें।

## दर्जनों युवाओं ने किया रक्तदान



विक्रमजोत, बस्ती। विक्रमजोत विकास क्षेत्र के अवधेश सिंह होटल एवं रिसॉर्ट के हाल में रविवार को अवधेश सिंह चौरिटेबल ट्रस्ट की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर में दर्जनो युवाओं सहित संस्थान के कर्मचारियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी व सपा नेता प्रमोद कुमार सिंह उर्फ पप्पू ने फीता काट कर किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। प्रत्येक क्षण किसी न किसी को रक्त की जरूरत पड़ती है ऐसे में हम सभी का कर्तव्य बनता है कि हम जरूरत मंदों के काम आए। इस दौरान कवलपुर के ग्राम प्रधान कवलपुर विपिन सिंह, बसंत अग्रहरी, महेश पटवा, महेंद्र सिंह, हिमांशु सिंह ,विकास सिंह, मनीष पांडेय, मनीष सिंह, शुभम सिंह, डॉ सौरभ सिंह, विनय सिंह, आशुतोष सिंह, अखिलेंद्र सिंह, आशीष कसौंधन आदि लोग रक्तदान शिविर का हिस्सा बने और रक्तदान किया।

# मऊ में पुलिस मुठभेड़ में दबोचे गए दो अंतरजनपदीय शातिर बदमाश

संवाददाता। मऊ

मऊ जिले के थाना चिरैयाकोट पुलिस ने रविवार की भोर में पुलिस मुठभेड़ के दौरान मुखबिर की सूचना पर हाफिजपुर पुलिया के पास दो बाइक सवार अंतरजनपदीय बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने अंतरजनपदीय बदमाशों के पास से एक तमंचाए कारतूस व मोटर साइकिल बरामद किया। मामले का पर्दाफाश रविवार को थानाध्यक्ष अविनाश कुमार सिंह ने प्रेसवार्ता के दौरान करते हुए बताया कि गिरफ्तार बदमाशों ने कबूल किया है कि तीन दिन पूर्व उन्होंने रंजिश को लेकर मोबाइल विक्रेता को गोली मारकर घायल किया था। पुलिस अधीक्षक सुशील घुले के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफचलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार की भोर में थाना चिरैयाकोट पुलिस टीम क्षेत्र भ्रमण कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिला कि दो शातिर अंतरजनपदीय बदमाश किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में हाफिजपुर पुलिया के पास आए हुए थे। मुखबिर से सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने हाफिजपुर पुलिया के पास घेराबंदी कर दिया। इस दौरान दो बाइक सवार संदिग्ध युवक आते हुए दिखाई दिएए पुलिस टीम ने उन्हें रुकने का इशारा कियाए लेकिन पुलिस टीम को देखते ही दोनों बदमाश भागने का प्रयास करने लगे साथ ही साथ पुलिस टीम पर फायर करने लगे। पुलिस टीम ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए बाइक सवार दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार दोनों की शिनाख्त अंतरजनपदीय बदमाश धनञ्जय सिंह उर्फरिंकू पुत्र राणा प्रताप सिंह निवासी जमुवा थाना तरवांए शुभम सिंह उर्फ गोरे पुत्र विजय सिंह निवासी देउरपुर थाना कप्तानगंज जनपद आजमगढ़ के रुप में किया गया। पुलिस टीम ने गिरफ्तार बदमाशों के पास से तीन दिन पूर्व मोबाइल विक्रेता को गोली मारने में प्रयुक्त मोटर साइकिलए तमंचा व कारतूस बरामद किया। पुलिस टीम की कड़ी पूछताछ में गिरफ्तार बदमाशों ने बताया कि तीन दिन पूर्व मुहल्ला जमीन अताउल्लाह के निवासी मोबाइल विक्रेता राजेन्द्र कौशल पुत्र विश्वनाथ ठठेरा उन्होंने रंजिश को लेकर गोली मारा था।



## सीएम आरोग्य स्वास्थ्य मेला में लाभान्वित हुए मरीज

मीरजापुर। कोविड-19 पर काफी हद तक नियंत्रण पाने के बाद मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों का आयोजन दोबारा शुरू हुआ। जिले के सभी पीएचसीए सीएचसी और स्वास्थ्य उप केंद्रों पर आयोजित इस मेले में मरीजों की निशुल्क जांच और दवाइयां दी गई। रविवार को आयोजित हुए मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन डाक्टर प्रभु दयाल गुप्ता ने किया।

उन्होंने कहा कि बीते कई महीनों कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण से मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला आयोजित नहीं हो पा रहा था। फिलहाल खुशी की बात है कोविड प्रोटोकाल के साथ यह आयोजन हम दोबारा करने का प्रयास कर रहे हैं। कोरोना काल ने हमें यही सिखा दिया है कि स्वास्थ्य अब हमारी प्राथमिकता है। इसमें लापरवाही हम सभी के लिए घातक होगी।

## महिला मोर्चा कार्यसमिति की बैठक, सांसद ने सरकार की उपलब्धियों को बताया

संतकबीरनगर। भारतीय जनता पार्टी के महिला मोर्चा अध्यक्ष नीरज गुप्ता की अध्यक्षता में रविवार को खलीलाबाद स्थित एक होटल मे महिला मोर्चा कार्यसमिति की बैठक आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा अमिता गुप्ता, जिलाध्यक्ष अध्यक्ष जगदंबा लाल श्रीवास्तव, सांसद ई0 प्रवीण निषाद, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सुनीता अग्रहरी संचालन तारा राय ने किया। मुख्य अतिथि अमिता गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के बदौलत ही फिर से भाजपा की सरकार लाने का कार्य किया जाएगा। मुख्य अतिथि ने कहा कि सरकार निचले पायदान तक लोगों को सीधा लाभ देने का कार्य कर रही है तथा अब जिसका जितना अधिकार व हक है उसको उतना सरकार द्वारा सहयोग मिल रहा है। ऐसे में जनता के बीच सरकार की विश्वसनीयता कायम है तथा इसी विश्वसनीयता के बल पर 2022 में फिर योगी सरकार लाने का कार्य किया जाएगा। केंद्र सरकार की विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं का सफलतम क्रियान्वयन हो रहा है। जिलाध्यक्ष जगदंबा श्रीवास्तव ने बताया कि पूरा प्रदेश अपराध मुक्त हो रहा तथा अपराधियों में खौफव्याप्त है। जिलाध्यक्ष नीरज गुप्ता ने बताया कि धीरे-धीरे जनता में भाजपा की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है इसका प्रत्यक्ष प्रमाण स्थानीय पंचायत चुनाव को देखने से लगता है। कार्यक्रम में कोरोना योद्धाओं का भी सम्मान किया गया जैसे प्रियंका कादू, संगीता कादू, निर्मला देवी, सरोज पाण्डेय, सावित्री गुप्ता और गोरखपुर से चलकर आई महिला मोर्चा की विधानसभा प्रभारी अंजना सोनकर, खलीलाबाद मधु सोनकर मेहदावल, ममता जायसवाल धनघटा व पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष उर्मिला त्रिपाठी त्रिपाठी, श्रीमती सरोज नंदनी, कमला गॉड आदि लोग उपस्थित रहे।

## न्याय के लिए अधिकारियों के यहां गुहार लगा रही नवविवाहिता

गोंडा। एक नवविवाहिता को दहेज के लिए उसके पति व सास, ससुर द्वारा प्रताड़ित करने के साथ-साथ उसे जलाने का प्रयास किया गया। इसके साथ ही उसका विरोध करने पर उसे गर्म चाकू से उसके बदन पर जलाया गया। पीड़िता लगातार पुलिस के चक्कर काट रही है। मगर उसकी एफआईआर नहीं दर्ज हो रही है। यही नहीं ससुराली जनों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। अब वह अपने मायके में रह कर कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों से गुहार लगा रही है। कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के ग्राम गौरवा खुर्द निवासी धनीराम का आरोप है कि उसने अपनी बेटी राधा देवी का विवाह तीन वर्ष पहले थाना उमरी बेगमगंज क्षेत्र के ग्राम जफापुर के मजरा बरछन पुरवा निवासी सुनील कुमार के साथ किया था। शादी के बाद से ही दहेज के लिए उसकी बेटी को लगातार प्रताड़ित किया जाने लगा और घर से निकाला गया। कई बार पंचायतन उसे ससुराल भेजा गया। उसके बावजूद सुनील उसे धमकी देता रहा कि हमारा घर व प्लाट दिल्ली में और उमरी बेगमगंज में है। अगर मेरी शादी दूसरी जगह होती तो मुझे घर पहिया कार मिलती। तुम अपने पिता से कार या फिर दो लाख रुपये मंगवा कर दो तभी रहने देंगे। इसी बात को लेकर 9 सितंबर को उसे मारा पीटा गया। जिसकी शिकायत उसकी बेटी ने उमरी बेगमगंज थाने में किया। जिस पर पुलिस ने धारा 323, 504 के तहत एनसीआर दर्ज कर लिया और समझा-बुझाकर उसे फिर ससुराल भेज दिया। जहां उसके पति, सास व ससुर ने रात में उसके हाथ पैर बांधकर जलाने का प्रयास किया। जिसका विरोध करने व शोर मचाने पर उसे गर्म चाकू से उसके शरीर को जलाया गया और घर से भगा दिया गया। वह किसी तरह अपने भाई को फोन करके बुलाकर अपने मायके चली गई है। धनीराम का कहना है कि उसकी बेटी ने उमरी बेगमगंज थाने में तहरीर दिया मगर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, उसके बाद पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया गया है जिस पर भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

# साढ़े चार वर्ष में सर्व समाज है खुशहाल: सांसद इं. प्रवीण

● सबका साथ सबका विकास के साथ साढ़े चार वर्षों में जनता की सेवा कियेः सदर विधायक जय चौबे

संवाददाता। संतकबीरनगर



प्रेस वार्ता करते सांसद एवं विधायक — पायनियर

भाजपा सांसद ई0 प्रवीण निषाद ने कहा कि प्रदेश सरकार के साढ़े चार वर्ष के कार्यकाल में जनपद संतकबीरनगर की सर्व समाज की जनता खुशहाल है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साढ़े चार वर्ष कार्यकाल पूर्ण होने पर रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की उपस्थिति में सांसद एवं विधायको ने मीडिया से वार्ता कर सरकार के सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। सांसद ई0 प्रवीण निषाद ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश का कमान संभालते ही विकास कार्यो को गति देने तथा आम जनता को मूलभूत सुविधाए आसानी से उनके गांव तक पहुँचे इसकी प्राथमिकता रखते हुए उन्होंने कार्य शुरू किया। उन्होंने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना आपदा के समय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों के जीवन को सुरक्षित रखने में अहम योगदान दिया। आज प्रदेश के हर जनपदो में आक्सीजन प्लांट की सुविधा उपलब्ध है। राशन कार्ड धारको को निशुल्क खाद्यान्न सामग्री मिल रहा है। किसानों को किसान सम्मान योजना, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन तथा बेरोजगारो को रोजगार और पढ़ाई लिखाई करने वाले बच्चों को सरकार आर्थिक मदद कर उनके पढ़ाई को आगे बढ़ाने का कार्य की है। उन्होंने कहा कि पिछले 12, सितम्बर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनपद में पहुँचकर कई विकास कार्यो का लोकार्पण करते हुए जनपद संतकबीरनगर में नवनिर्माणित जिला कारागार का लोकार्पण किये। खलीलाबाद सदर विधायक दिग्विजय नारायण जय चौबे ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिस तरह से सबका साथ सबका विकास के साथ प्रदेशवासियों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभ पहुचाया। इसी क्रम में उन्होने जनता के बीच में रहकर साढ़े चार वर्ष से उनके दुख सुख में सेवा करते रहे है। उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियो को मूलभूत सुविधाए व सरकार की योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए उन्होंने सबसे पहले पहल कर लाभार्थी को योजना का लाभ दिलाया है। मेंहदावल विधायक राकेश सिंह बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल में पिछली सरकारो के सापेक्ष साढ़े वर्ष के कार्यकाल में संतकबीरनगर में सर्वाधिक चौमुखी विकास कार्य हुआ है और जो कुछ अधूरा रह गया है आगामी 6 माह के अन्दर पूरा होगा। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। प्रेसवार्ता के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व मनोज कुमार सिंह, पीडी डीआरडीएम दुर्गा दत्त शुक्ला, सीएमओ डॉ इन्द्र विजय विश्वकर्मा, डीएसटीओ एन0के0 सिंह, श्रीमती प्रियंका यादव, श्वेता त्रिपाठी, डीआईओएस गिरीश कुमार सिंह सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## महत्वपूर्ण भूमिका

### केरल में प्रभावशाली चर्च

**केरल** में प्रभावशाली चर्च ने उन तत्वों के खिलाफ कदम उठाते हुए महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है जो केरल की जनता में 'विभाजन' पैदा करना चाहते हैं। पाला डायोसीज़ के बिशप मार जोसेफ कलारंगट द्वारा किए आश्चर्यजनक खुलासे के बाद केरल में सांप्रदायिक घृणा फैलाने के प्रयासों की असलियत सामने आ गई है। बिशप कलारंगट कुरलाविलंगडू के प्राचीन मार्थ मरियम चर्च में एक धार्मिक आयोजन में एकत्र हजारों कैथोलिक भक्तों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने स्पष्ट रूप से बताया कि खतरनाक 'लव जिहाद' तथा 'नारकोटिक्स जिहाद' किस प्रकार ईसाई समुदाय को अपूरणीय नुकसान पहुंचा रहे हैं। बिशप ने कहा कि इन दोनों परिघटनाओं के चलते अनेकानेक कंजरवेटिव कैथोलिकों समेत अनेक ईसाई लड़कियां पिछले कुछ सालों में इन जिहादों की शिकार हो गई हैं। इनके माध्यम से आक्रामक कार्रवाई के तरीके को बताते हुए अध्यात्मिक गुरु ने कहा कि एक खास धर्म के कुछ तत्व खुलेआम गैर-विश्वासियों को अपने धर्म में शामिल कर भारत में खलीफा स्थापित करना चाहते हैं। ऐसा पहली बार नहीं है, जब किसी ईसाई धार्मिक गुरु की ओर से इस प्रकार का बयान आया हो। राज्य में ईसाई समुदाय राज्य प्रशासन के खिलाफ संघर्ष के रास्ते पर है। इसका कारण यह है कि पुलिस तथा कानून लागू करने वाली अन्य एजेंसियां उन मामलों में लापरवाही भरा दृष्टिकोण अपनाती हैं जहां ईसाई समुदाय की लड़कियों को उपरोक्त दोनों प्रकार के 'जिहाद' से निशाना बनाया जाता है। इनके माध्यम से प्रभावित लड़कियों को बाद में अवैध मानव तस्करी के माध्यम से पश्चिम एशियाई देशों



में भेज दिया जाता है।

केरल भर में ईसाइयों ने ऐसे अनेक मामलों के खिलाफ प्रदर्शन कर अपनी पीड़ा प्रकट की है जिसे मुख्यधारा मीडिया व उदारवादियों द्वारा अनदेखा किया जा रहा है। इस पर मीडिया व उदारवादियों द्वारा 'संघ परिवार का एजेंडा' होने का आरोप लगा दिया जाता है जिसका उद्देश्य कथित रूप से ईसाइयों व मुसलमानों में विभाजन पैदा करना है। जहां मुख्यमंत्री पिनारई विजयन ने 'नारकोटिक्स जिहाद' के बारे में जानकारी न होने का बहाना बनाया है, वहीं विपक्ष के नेता वी.डी. सतीशन ने चेतावनी दी है कि बिशप गैर-जिम्मेदाराना बयान देने से बचें। लेकिन बिशप कलारंगट का समर्थन चंगनासेरी के बिशप तथा इरिनजालकुड्डा डायोसीज़ ने किया है। उन्होंने ईसाई समुदाय को प्रभावित करने वाली इन परिघटनाओं पर चिन्ता प्रकट की है। बिशपों के बयान से ठीक पहले केरल कैथोलिक बिशप कौंसिल ने एक बयान जारी कर राज्य में परिवार नियोजन व विस्थापन के कारण ईसाइयों की घटती संख्या पर चिन्ता प्रकट की थी। चर्च ने ज्यादा बच्चे पैदा करने वाले परिवारों को अनेक प्रोत्साहनों की घोषणा भी की है जिनमें वित्तीय प्रोत्साहन समेत शिक्षा भत्ते शामिल हैं। केरल को सांप्रदायिक सद्भाव के लिए जाना जाता है अतः वहां तुष्टीकरण व वोटबैंक राजनीति को कोई स्थान नहीं मिलना चाहिए। केरल में अधिकांश नशा-उन्मूलन केन्द्र चर्च प्रबंधन के अंतर्गत काम करते हैं और वे नशे के शिकार हो चुके लोगों की संख्या पर नजर रखते हैं। ऐसे में बिशपों द्वारा 'लव जिहाद' तथा 'नार्कोटिक्स जिहाद' के आरोप मजबूत तथ्यों पर आधारित हैं और राज्य प्रशासन को उनके बयानों पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए।

# आत्मनिर्भर भारत निर्माण में विज्ञान की भूमिका

कृषि से कृत्रिम बुद्धि तक भारतीय विज्ञान ने पिछले एक साल में तेजी से प्रगति करते हुए अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान किया है।



बीजू धर्मपालन



कपिल के त्रिपाठी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान ने देश के विज्ञान परिदृश्य में असाधारण परिवर्तन किया है। सार्वजनिक क्षेत्र शोध संस्थानों के वैज्ञानिकों ने इस आह्वान का अनुसरण करते हुए मिशन मोड में अनेक परियोजनायें शुरू की हैं ताकि शोध एवं खोज के परिस्थितिकी तंत्र को मजबूत किया जा सके। पिछले एक साल में कृषि से लेकर कृत्रिम बुद्धि तक भारतीय विज्ञान ने महत्वपूर्ण प्रगति प्रदर्शित की है। वैज्ञानिक अनेक महान खोजों के साथ सामने आए हैं जो पश्चिमी दुनिया के किसी देश से प्रतियोगिता कर सकती हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान भी शोध की व्यापकता व गुणवत्ता ने प्रशंसनीय काम किया है। भारत डीएनए-आधारित कोरोनावायरस वैक्सीन बनाने वाला पहला देश बन गया है। विज्ञान की स्वीकार्यता जनता तक पहुंचने से ही होती है। शोध आधारित जानकारियां जनता को संप्रेषित करने के लिए हमारे देश के राष्ट्रीय विज्ञान चैनल-इंडिया साइंस चैनल ने जनवरी, 2021 से 'आत्मनिर्भर भारत के लिए विज्ञान' श्रेणी में लघु फिल्मों की एक श्रृंखला तैयार की है। यह एक ओटीटी प्लेटफार्म है। अधिकतम दर्शकों तक पहुंचने के लिए कार्यक्रमों का प्रसारण हिंदी व अंग्रेजी में होता है। महामारी के दौरान चैनल ने हमारी शोध प्रयोगशालाओं से सामने आ रहे कोविड शोध के बारे में सूचना प्रसारित करने हेतु अनेक कार्यक्रम तैयार किए। कोविड 19 से निपटने में मास्क, डायग्नोस्टिक किटों, वेंटीलेटरों, स्वदेशी कोविड-19 वैक्सीन, आक्सीजन सप्लाई के लिए भारत का संघर्ष, वैक्सीन बनाने में भारत का संघर्ष, सार्स-कोव 2 म्यूटेशनों का रहस्य, गतिशील हस्तक्षेपों से कोविड-19 के खिलाफ संघर्ष तथा कोविड-19 वैक्सीन व भविष्य का रास्ता जैसे कार्यक्रम बनाए गए जिसमें घातक बीमारी से संघर्ष के हमारे प्रयास रेखांकित किए गए थे।



भारत ने जेनेटिक शोध व बायोटेक्नोलोजी क्षेत्र में शानदार प्रगति की है। बायोटेक्नोलोजी विभाग ने मिशन मोड में काम करते हुए एक रोडमैप तैयार किया है। इससे उसने कैंसर तथा मधुमेह जैसी अनुवांशिक बीमारियों के डेटाबेस तैयार करने के साथ कोविड-19 जैसे वायरसों की सीक्वेंसिंग की है। 'भारत का जीनोमिक मिशन' एपीसोड में नेशनल सेंटर फार माइक्रोबियल रिसोर्स-एनसीएमआर के योगदान उजागर किए गए हैं जो नेशनल सेंटर फार सेल साइंस, पुणे का एक हिस्सा है। इस प्रयास में इंडियन इंस्टीट्यूट आफ साइंस में सेंटर फार ब्रेन रिसर्च तथा हैदराबाद का सेंटर फार डीएनए फिंगरप्रिटिंग एंड डायग्नोस्टिक्स शामिल हैं।

इस एपीसोड में कुछ प्रमुख फ्लैगशिप कार्यक्रमों का विवरण दिया गया है। भारत को जीनोमिक शोध के क्षेत्र में नेतृत्व देने के लिए जीनोम इंडिया प्रोजेक्ट, ह्यूमन माइक्रोबायोम इनीशियेटिव व नेशनल जीनोमिक कोर जैसे जीनोमिक शोध कार्यक्रम बनाए गए हैं। वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों जैसे सौर ऊर्जा के विकास के असाधारण प्रयास हुए हैं। 'सौर ऊर्जा' पर एपीसोड में वह विज्ञान प्रदर्शित है जिसने स्वदेशी फोटोवोल्टिक सेल व सोलर पैनल बनाने में योगदान किया है। जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता घटाने के लिए सरकार ने ई-मोबिलिटी परियोजना शुरू की है। 'गोइंग एलेक्ट्रिक' में भारत में बिजली वाहनों में परिवर्तन को गतिशील बनाने का प्रयास किया गया है। इस महत्वपूर्ण प्रयास से पर्यावरण व अर्थव्यवस्था, दोनों को लाभ होगा। भारत सरकार ने भारतीय ऊर्जा क्षेत्र में बायोईंधनों के स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देकर आयात घटाने की बहुआयामी रणनीति बनाई है। इसमें पेट्रोलियम में एथेनाल को 20 प्रतिशत तथा डीजल में पांच प्रतिशत मिला कर बायोडीजल बनाया जाता है। बायोईंधन का स्वदेशी उत्पादन बढ़ाने के लिए अनेक पहलें की गई हैं। 'इंडियाज़ पुश फार ग्रीनर एंड क्लीनर फ्यूल' फिल्म में बायोडीजल उत्पादन में सीएसआईआर-भारतीय पेट्रोलियम संस्थान के योगदान रेखांकित हुए हैं। पशुपालन समेत कृषि हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। इसकी उत्पादकता बढ़ाने के अनेक प्रयास हुए हैं। 'तिलहन उत्पादन में वृद्धि','ट्रांसफार्मिंग लाइव्स थ्रू टेंपरेट एग्रीकल्चर', 'द फ्रेगरेंस इकोनोमी', 'द कैटल फैक्टर', 'हाई एल्टीट्यूट एनीमल हस्बैंड्री', 'कोल्डवाटर फिशरी इन कश्मीर', 'इंडियाज़ मिल्क स्टोरी', आदि कार्यक्रमों का प्रसारण चैनल पर हुआ है जिससे पता चलता है कि विज्ञान ग्रामीण अर्थव्यवस्था में कैसे परिवर्तन कर रहा है। देश दिव्यांगों के लिए सहायक उपकरण विकसित करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। 'एसिस्टिव डिवाइसेज़ फार डिसेबल्ड' एपीसोड में बताया गया है कि तकनीक से तैयार उपकरणों से दिव्यांग लोगों की सहायता की जा सकती है और वे जीवन में आने वाली कुछ बाधायें दूर कर सकते हैं। भारत की शहरी जनसंख्या में तेजी से वृद्धि के कारण देश को बड़ी पर्यावरण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है जिसमें रोज कचरा निस्तारण भी शामिल है। कचरे का न केवल हमारे स्वास्थ्य व देश की अर्थव्यवस्था, बल्कि पूरे परिस्थितिकी तंत्र पर प्रभाव पड़ता है। 'इंडियाज़ सालिड वेस्ट मैनेजमेंट स्ट्रेटिजी' फिल्म से ठोस कचरा प्रबंधन-एसडब्लूएम में खोजी तकनीकों का पता चलता है जिनका प्रयोग अनेक नगर निगम स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कर रहे हैं। भारत में मोबाइल का प्रयोग बढ़ रहा है। 2023 तक हमारी जनसंख्या के 55 प्रतिशत से अधिक लोग न केवल एक मोबाइल फोन, बल्कि स्मार्टफोन का प्रयोग कर रहे होंगे। लेकिन समस्या यह है कि लोग अपनी स्मार्टफोन आवश्यकता पूरी करने के लिए भारतीय के बजाय आयातित फोनों व सहायक उपकरणों का प्रयोग कर रहे हैं। 'भारतीय मोबाइल फोन क्षेत्र' एपीसोड में बताया गया है कि भारत इस क्षेत्र में अपनी उत्पादन क्षमता कैसे बढ़ा रहा है। भारतीयों ने ढांचागत विकास क्षेत्र, खासकर ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सड़कों, पुलों व सुरंगों के निर्माण में उल्लेखनीय उल्लेखनीय योगदान किया है। ये काम देश के विकास, वृद्धि, सुरक्षा तथा इसे आत्मनिर्भर बनाने के लिए बहुत जरूरी हैं। 'सेला टनल परियोजना-असंभव को संभव बनाना' एपीसोड में दर्शक बालीपारा-चारद्वार तवांग रोड या बीसीटी बनते देख सकते हैं जो तिब्बत व चीन के दुर्गम सीमान्त क्षेत्रों को जोड़ती है। इस एपीसोड में सेला सुरंग परियोजना का भी विवरण है जिसे 13,000 फीट की ऊंचाई पर खोदा और बनाया गया था। इससे राष्ट्रनिर्माण में सीमा सड़क संगठन के योगदान का पता चलता है।

समाज में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए बच्चों में विज्ञान का प्रचार बहुत जरूरी है। बच्चों में विज्ञान शिक्षा प्रोत्साहित करने में खिलौनों का प्रयोग उत्कृष्ट शिक्षण माडल के रूप में किया जा सकता है, लेकिन दुर्भाग्य से हमारे अधिकांश वैज्ञानिक खिलौने आयातित हैं। 'खेल के माध्यम से विज्ञान' एपीसोड में स्वदेशी खिलौना बनाने वाले उद्योगों, जैसे स्टीमरोबो व स्मार्टीविआई को उजागर किया गया है। विज्ञान का भविष्य कृत्रिम बुद्धि-एआई तकनीक से जुड़ा है जो हमारे समाज को बदलने जा रही है। एपीसोड 'भारत में रोबोटिक्स' में इस क्षेत्र में भारत द्वारा की गई प्रगति बताई गई है। अहमदाबाद की ग्रिडबोट व केरल की असीमोव टेक जैसी स्टार्टअप कंपनियों के योगदान की चर्चा इस एपीसोड में है। देश ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के हर क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त की हैं। इंडिया साइंस चैनल वैज्ञानिक सूचनाओं के प्रसार में अग्रणी भूमिका अदा करते हुए वैज्ञानिकों व समाज के बीच काम सेतु की तरह काम कर रहा है। थोड़े ही समय में यह चैनल अकादमिक समाज तथा आम लोगों के लिए भी विश्वसनीय वैज्ञानिक विषयवस्तु का सर्वाधिक वांछित साधन बन गया है। विज्ञान को ज्यादा लोकप्रिय बनाने के लिए यह चैनल सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का भी प्रभावी प्रयोग कर रहा है।

# अंत में जीत तो खेल की ही हुई!



विजय लोकपाली

(लेखक खेल पत्रकार हैं)

क्रिकेट एक अद्भुत, भारतीय खेल है और इस बिंदु को विराट कोहली और उनकी महत्वाकांक्षी टीम ने एक रोमांचक गर्मी के मौसम में अच्छी तरह से प्रमाणित करने में भूमिका अदा की। अंग्रेजी टीम उस सामान की प्रशंसा करने के लिए आई थी जो भारत ने जून में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के साथ शुरू होने वाले चरण के दौरान उत्पादित किया था और पांचवां और अंतिम टेस्ट कोविड संक्रमण के भय के कारण रद्द होने के साथ ओल्ड ट्रैफर्ड में समाप्त हुआ था। भारत ने सीरीज में 2-1 से बढ़त बनाई।

जब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने खुलासा किया कि भारतीय टीम खेलने के लिए अनिच्छुक थी, तो वह और कुछ नहीं केवल खिलाड़ियों के समर्थन की पुष्टि कर रहा था। निस्संदेह खिलाड़ियों का स्वास्थ्य और सुरक्षा सर्वोपरि है लेकिन निर्णय इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के साथ नहीं गया, जिसने इस बात पर जोर दिया कि मैच को भारत द्वारा जब्त माना जाए और परिणाम श्रृंखला टाई करने के लिए उनके पक्ष में जाना चाहिए। यह मामला अधर में लटका हुआ है क्योंकि मामला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के पास है, जो ईसीबी द्वारा उन्हें मैच देने के दावे के बाद है।

आयोजन स्थलों पर उमड़ी भीड़ ने किराया चिह्नित किया। टेस्ट क्रिकेट अपने शानदार प्रदर्शन पर था और यह सिर्फ प्रशासकों और प्रसारकों को खुश रखने के लिए एक विज्ञापन था। क्रिकेट मनोरंजक था। इंग्लैंड के दिग्गज जेम्स एंडरसन और भारतीय बल्लेबाजी की क्रीम के बीच शाही लड़ाई को खेल की लोककथाओं में क्लासिक के रूप में रैंक करना चाहिए। यह लुभावनी और कुछ आकर्षक प्रतियोगिताओं की यादें थीं, जिनमें भारत और इंग्लैंड को बंद कर दिया गया है, विशेष रूप से 1971 में द ओवल में 1971 की थ्रिलर जब भारत ने लेग स्पिनर बीएस चंद्रशेखर के हड़ताली प्रहारों के बल पर इंग्लैंड पर अपनी पहली जीत दर्ज की।



2021 श्रृंखला को लंबे समय में सबसे अधिक प्रतीक्षित के रूप में पेश किया गया था क्योंकि इसमें खेल के कुछ आधुनिक महान खिलाड़ी-एंडरसन और विराट कोहली शामिल थे- जो रूट और जसप्रीत बुमराह जैसे आकर्षक व्यक्तिगत प्रतिद्वंद्विता का स्पर्श लेकर आए थे। रूट अनुकरणीय थे और बुमराह कई बार अजेय थे, जिन्होंने अंतिम युग में बेंचमार्क स्थापित किया। रूट और बुमराह के बीच उत्कृष्टता की डिग्री का अनुमान लगाना कठिन था। एंडरसन ने कोहली के साथ अपनी व्यक्तिगत लड़ाई जीती, लेकिन बाद में शीर्ष पर आ गए क्योंकि उन्होंने भारत को दो टेस्ट मैच जीतने के लिए शानदार प्रदर्शन में जीत दिलाई। भारत से परे कुछ भी नहीं था क्योंकि टीम ने एक बार फिर खुद को एक उत्साही संयोजन के रूप में स्थापित किया। भारत के लिए, मिले सबक प्रचुर मात्रा में थे। सलामी बल्लेबाज के रूप में केएल राहुल के उदय का जश्न मनाने के लिए बहुत कुछ था, जो बड़ी प्रगति करने और रोहित शर्मा के रूप में वापसी का वादा करता है। दोनों ने एक-एक शतक लगाया और महत्वपूर्ण रूप से चयनकर्ताओं को अपने निवेश का आश्वासन दिया। चेतेश्वर पुजारा के अपनी क्षमताओं के साथ पकड़ में आने के साथ, भारत को घरेलू टीम की तुलना में अधिक हावी सत्रों का आनंद लेने के लिए उपयुक्त समय पर फायदा हुआ।

यह सच है कि इंग्लैंड ने दौरा करने वाली टीम के लिए एक शर्मनाक पारी की हार में हेडिंग्ले में भारत को अपने पैरों पर खड़ा कर दिया, लेकिन जो मैच सामने आया उसने देखा कि भारत ने लॉर्ड्स में एक शाही प्रतियोगिता जीती। क्रिकेट के घर में राहुल ने शानदार शतक जड़ा और मोहम्मद सिराज ने दो पारियों में चार-चार विकेट के अविस्मरणीय स्पैल बनाए। भारत ने मोहम्मद शमी और बुमराह के बीच 89 रनों के अंतिम विकेट के लिए एक उल्लेखनीय लड़ाई लड़ी।

इस जोड़ी ने मैच के अंतिम दिन टीम के दृढ़ता पर प्रकाश डाला क्योंकि इंग्लैंड ने दिन की शुरुआत एक कमांडिंग स्थिति में करने के बाद दम तोड़ दिया।

द ओवल में चौथे टेस्ट के महत्वपूर्ण चरणों में शार्दुल ठाकुर के दो अर्धशतकों ने टीम को तेज गेंदबाजों के सौजन्य से शॉट लगाने के लिए मजबूती की स्थिति में पहुंचा दिया। इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट में एक बार भी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को नहीं खेलने के लिए आलोचना की गई, कोहली चार तेज गेंदबाजों को खेलने के अपने फैसले के लिए खड़े रहे। उन्होंने उसे निराश नहीं किया और यह अंतिम टेस्ट के लिए नीचे था। अफसोस की बात है कि परिस्थितियों ने कहर बरपाया और मैच को रद्द करना पड़ा। यह एक अभूतपूर्व प्रघटना थी और दोनों बोर्डों द्वारा एक-दूसरे की प्रतिबद्धताओं का सम्मान करने के लिए अपने प्रशंसित स्वस्थ जुड़ाव से दूर जाने की रिपोर्टें सामने आईं। सुनील गावस्कर के एक अनुस्मारक ने इंग्लैंड द्वारा 2008 में मुंबई आतंकवादी हमले से रुके हुए दौरे को पूरा करने के लिए लौटने पर इंग्लैंड के इशारे की यादों को फिर से ताजा कर दिया। भारत के पूर्व कप्तान चाहते हैं कि भारत अगले साल खेलने के लिए इंग्लैंड की यात्रा करके रद्द किया गया टेस्ट खेलकर एहसान वापस करे।

इन कठिन समय में, खिलाड़ियों के मानसिक स्वास्थ्य के बारे में सोचना महत्वपूर्ण है, जिन्हें अंतिम टेस्ट खेलने के लिए मना करने का निर्णय लेने के लिए प्रेरित किया गया था। उनके संक्रमित होने की आशंका वाजिब थी और इस तरह का रुख अपनाने के लिए मजबूर होने वाले भारतीय अकेले नहीं थे। ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका के अपने दौरे को स्थगित करना उन प्रमुख मुकाबलों में से एक था जो आगे बढ़ने में विफल रहे।

लंबे समय तक क्वारंटाइन में रहने का असर सभी खिलाड़ियों पर पड़ा है। इंडियन प्रीमियर लीग 2021 ने दुबई में होने वाली प्रतियोगिता से काफी खिलाड़ियों को हटते देखा है। और कोहली ने इस साल विश्व कप के बाद टी 20 कप्तानी छोड़ने का फैसला करते हुए क्रिकेट को महामारी में बदल दिया - यह बहुत सटीक है।

## आप की बात

### समग्र शिक्षा महत्वपूर्ण

**विद्यालयों** में सिर्फ किताबें पढ़ाना ही नहीं बल्कि बच्चों को सिखाना अधिक महत्वपूर्ण होता है। अधिकांश सरकारी स्कूलों में यह चुनौती बहुत बड़ी है जो अनेक कमियों का शिकार हैं। उनको सीखने वाले स्कूलों में बदलना है। इसके लिए उनको एक सक्रिय, सतर्क व सचेतन कार्यसंस्कृति में बदलने की आवश्यकता है। शिक्षकों तथा शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों को अतिरिक्त प्रयास कर इन परिवर्तनों को संस्थागत कामकाज का हिस्सा बनाना होगा। यह श्री अरविंद के शिक्षा सिद्धान्त को समाहित करने के लिए जरूरी है जिन्होंने कहा था कि 'कुछ भी पढ़ाया नहीं जा सकता है।' इसे स्वामी विवेकानन्द द्वारा व्यक्त शाश्वत सत्य के साथ मिलाना होगा कि 'शिक्षा मनुष्य में पहले से विद्यमान परिपूर्णता की अभिव्यक्ति है। भारतीय दर्शन पूर्णतः व्यावहारिक रूप से सीखने की ओर निर्देशित है जिसे गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर ने बहुत खूबसूरती से परिभाषित किया है। उनके अनुसार, 'हर बच्चे को अपने जन्म के समय दो वरदान मिलते हैं- विचारों की शक्ति और कल्पना की शक्ति। इसी आधार पर आगे बढ़ते हुए स्कूलों में समग्र शिक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए।

- **सुनील रावत**, कानपुर

### अंत्योदय से सर्वोदय

**भारत** में अंत्योदय से सर्वोदय की बात हमारे नेतागण करते हैं। आजादी के लिये प्राणार्पण करने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की भी यही इच्छा थी कि देश के लोगों को अपराधमुक्त, भयमुक्त और अन्यायमुक्त वातावरण मिले। अंत्योदय के प्रणेता पं. दीन दयाल उपाध्याय भी समाज के निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति तक  सहायता सबसे पहले पहुंचाने के पक्षधर थे। सरकार ने गरीबों के कल्याण के लिये बहुत सारी जान कल्याणकारी योजनाएं बनाई। जिनका लाभ लोगों तक पहुचा। किसानों और महिलाओं के कल्याण के लिये योजनाएं बनाकर लागू की गईं। समाज  को भयमुक्त और मूलभूत सुविधाओं सड़क ,पानी, बिजली, कृषि के लिये ऋण उपलब्ध कराने का कार्य सरकारो ने किया। उप्र में सरकार ने कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिये जीरो टॉलरेंस नीति से अपराधियों पर सख्त कार्रवाई कर भय मुक्त समाज बनाने की कोशिश किया। सरकार बराबर कोशिश समाज और प्रदेश के विकास के लिये कर रही है। लेकिन प्रशासन सरकार की मंशा के अनुसार अपने दायित्वों का निर्वहन नही कर रहा है। अभी भी समाज में ग्रामीण क्षेत्रो में लोग हैं। जिनके पास राशन कार्ड नही,आवास नही,जल ,सफाई के नाम पर खिलवाड़ हो रहा है।

- **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव

### तालिबान का रवैया

**आज,** कतर और पाकिस्तान जैसे विभिन्न स्रोतों के माध्यम से, तालिबान संदेश भेज रहा है कि अगर दुनिया नहीं चाहती कि अफगानिस्तान आतंकी केंद्र बन जाए तो बातचीत और जुड़ाव शुरू होना चाहिए। इस तरह के बयान निश्चित रूप से अनुरोध के रूप में नहीं हैं और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय संगठनों में घुसपैठ के छिपे मकसद से मान्यता और वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए सामरिक ब्लैकमेल की राशि नहीं है। पाकिस्तान के उदाहरण ने साबित कर दिया है कि वित्तीय प्रवाह अभिनेताओं (राज्य और गैर-राज्य दोनों) को दूर नहीं करता है, जिससे जिहाद जैसे उनके भयावह एजेंडे में मदद मिलती है। भेड़िये को भेड़ के कपड़े पहनने की जरूरत महसूस होती है। दुनिया जिस दुविधा का सामना कर रही है, वह यह है कि तालिबान ने अवैध रूप से और जबरन इस क्षेत्र पर नियंत्रण कर लिया है, और एक वैध वारिस के रूप में कार्य करने के लिए, उसे खुद को एक कानूनी इकाई के रूप में सारी  दुनिया के सामने पेश करना होगा।

- **सलीम अख्तर**, लखनऊ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**भारतीय** संविधान में 127 बार संशोधन किया गया है, तो कृषि कानूनों को खत्म करने के लिए इसे एक बार फिर क्यों नहीं संशोधित किया जा सकता है?

- **कैप्टन अमरिंदर सिंह**
पूर्व मुख्यमंत्री पंजाब



**यदि** अफगानिस्तान में एक व्यापक सरकार नहीं बनती है, तो पाकिस्तान और ईरान को किसी भी अन्य देश की तुलना में अधिक नुकसान होगा।

- **इब्राहीम रैसी**
ईरान के राष्ट्रपति



**हम** भारत को उभरती हुई प्रौद्योगिकी में हिस्सेदार बनाने की दिशा में नवीन भावना पैदा करने के लिए अपने स्टार्ट-अप और उद्यमियों को एक साथ ला सकते हैं।

- **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

# भागवत ने किया प्रशासन में संघ के हस्तक्षेप के आरोपों को खारिज

**भाषा।** उदयपुर

● ये आरोप मीडिया के बनाए है : संघ प्रमुख

**राष्ट्रीय स्वयं** सेवक संघ (संघ) प्रमुख मोहन भागवत ने प्रशासन के कार्यों में संघ के हस्तक्षेप के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि नेताओं के साथ बैठक करना और उनके साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करना सत्ता में भागीदारी करना नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ये आरोप मीडिया के बनाए हैं।

उदयपुर में प्रबुद्ध लोगों से संवाद के दौरान भागवत ने कहा, सत्ता में संघ की भागीदारी गुमराह करने वाली बात है और मीडिया द्वारा उत्पन्न की गई है। उन्होंने कहा कि संघ के स्वयं सेवक अगर नेताओं से मिलते हैं और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हैं तो इसे सत्ता में भागीदारी के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए। भागवत को उद्धृत करते हुए संघ द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया, कम्युनिस्ट सहित अन्य सरकारें भी कई कार्यों में संघ के स्वयंसेवकों का सहयोग लेती हैं। संघ प्रमुख ने यह टिप्पणी बुद्धिजीवियों के सम्मेलन के दौरान पूछे गए सवाल के जवाब में की। उन्होंने कहा कि संघ के स्वयं सेवक लोगों के चरित्र निर्माण के जरिए राष्ट्र निर्माण के लक्ष्य के लिए काम करते हैं। भागवत ने संघ के संस्थापक के बी हेडगवार का जिक्र करते हुए कहा कि वह हमेशा कहते थे कि हिंदू समाज का संगठन ही



देश की सभी समस्याओं का समाधान कर सकता है। उन्होंने कहा, हिंदू विचारधारा शांति और सच्चाई की विचारधारा है। हम हिंदू नहीं है जैसे अभियान देश और समाज को कमजोर करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे हैं। जहां पर भी हिंदुओं की आबादी कम हुई, वहां पर समस्या पैदा हुई। केरल और पश्चिम बंगाल में संघ कार्यकर्ताओं की दिक्कतों पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि समाज जिस चीज से पीड़ित है, उससे स्वयं सेवक भी पीड़ित हैं। भागवत ने इसके साथ ही कहा कि स्वयंसेवक भयभीत होकर भागने वाले नहीं हैं। भेदभाव रहित समाज के सवाल पर भागवत ने कहा कि संघ की शाखाओं में लोगों को भेदभाव नहीं करना सिखाया जाता है। हम हिंदू हैं और यही शाखा में सिखाया जाता है। उन्होंने कहा, इसलिए संघ में भेदभाव का कोई माहौल नहीं है। स्वयंसेवक अपने व्यक्तिगत जीवन में भी इस आदर्श को स्थापित करने की कोशिश करते हैं।

## फडणवीस गोवा विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा की तैयारियों का जायजा लेंगे

**पणजी।** गोवा के नवनियुक्त चुनाव प्रभारी देवेंद्र फडणवीस सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता 20 सितंबर को तटीय राज्य का दौरा करेंगे। इस दौरान वे अगले साल की शुरुआत में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी की रणनीति पर चर्चा करेंगे। पार्टी प्रवक्ता ने रविवार को यह जानकारी दी।केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी और रेल और कपड़ा राज्य मंत्री दर्शन जरदोश, दोनों गोवा चुनाव के सह-प्रभारी हैं, और भाजपा के गोवा डेस्क प्रभारी सीटी रवि भी अगले दो दिनों में राज्य का दौरा करेंगे। प्रवक्ता ने संवाददाताओं से कहा वरिष्ठ नेता अगले 3-4 महीनों में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले समग्र स्थिति का जायजा लेंगे। अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान भाजपा नेताओं की टीम मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, कैबिनेट मंत्रियों, पार्टी विधायकों, नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से चर्चा करेगी।



कोलकाता में दुर्गा पूजा उत्सव से पहले एक कलाकार देवी दुर्गा की मुर्ति को सजाते हुए

### गुजरात के सीएम आज राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और पीएम से करेंगे मुलाकात

**अहमदाबाद।** गुजरात के नवनियुक्त मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल सोमवार को अपनी एक दिवसीय दिल्ली यात्रा के दौरान राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, उप राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने का कार्यक्रम है। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने रविवार को यह जानकारी दी। सीएमओ ने एक बयान में कहा है कि पटेल, मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार कोविंद और नायडू से शिष्टाचार भेंट करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी से मिलने के अलावा पटेल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जे पी नड्डा से भी मुलाकात करेंगे। बयान के अनुसार पटेल सोमवार रात अहमदाबाद लौट आएंगे।

### विजय मशाल महू पहुंची

**महू (मप्र)।** भारत और पाकिस्तान के बीच वर्ष 1971 में हुए युद्ध में भारत के विजय की 50 वीं वर्षगांठ को यादगार बनाने के लिए शुरू की गई विजय मशाल नागपुर से मध्यप्रदेश के महू पहुंची। महू मध्यप्रदेश के इंदौर जिला मुख्यालय से करीब 25 किलोमीटर दूर स्थित है। भारतीय सेना की ओर से रविवार को जारी बयान के अनुसार, स्वर्णिम विजय मशाल का विजय मशाल का शनिवार को पूरे सैन्य सम्मान के साथ सेना की मध्य कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल वाई डिमरी की ओर से स्वागत किया गया। सैन्यकर्मियों और विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने रविवार को रक्षा सेवा अधिकारी संस्थान (डीएसओआई) चौराहे पर इस विजय मशाल का स्वागत किया और बाद में इसे इंफैंट्री मेमोरियल ले जाया गया, जहां इसका भव्य स्वागत किया गया। इस जश्न को मनाने के लिए पिछले साल 16 दिसंबर को नई दिल्ली के राष्ट्रीय युद्ध स्मारक से इस विजय मशाल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था।

### राजस्थान के तीन विधायक कार दुर्घटना में बाल-बाल बचे

**जयपुर।** राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तीन विधायक सवार वो उस समय बाल-बाल बच गए जब चित्तौड़गढ़ मे उनकी कार एक अन्य वाहन से आमने-सामने की टक्कर से बच गई। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस ने बताया कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ लेकिन विधायक जिस कार में सवार थे उसके पिछले टायर में दूसरे वाहन से टक्कर लगी। निम्बाहेड़ा सदर पुलिस थाने के प्रभारी फूल चंद ने बताया कि चित्तौड़गढ़ के विधायक चंद्रभान सिंह ऐक्य, रानीवाड़ा से विधायक नारायण सिंह देवल और रेवदार से विधायक जगसीराम प्रतापगढ़ जा रहे थे जब यह घटना हुई। अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना के बाद विधायक एक अन्य वाहन मे प्रतापगढ़ रवाना हुए।

# प्रधानमंत्री मोदी जम्मू-कश्मीर को देते हैं विशेष प्राथमिकता : जितेंद्र सिंह

**भाषा।** श्रीनगर

**केंद्रीय** मंत्री जितेंद्र सिंह ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जम्मू-कश्मीर को विशेष प्राथमिकता देते हैं, जिसके कारण इसका प्राचीन गौरव बहाल हो रहा है। सिंह ने यहां एसकेआईसीसी में व्यापार, वाणिज्य, उद्योग, पर्यटन, होटल, हाउसबोट, शिकारा, परिवहन और अन्य हितधारकों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करते हुए यह बात कही। यह संवाद जम्मू-कश्मीर के लिए केंद्र के जनसंपर्क कार्यक्रम का हिस्सा था।



पीएमओ में राज्य मंत्री सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी जम्मू-कश्मीर को विशेष प्राथमिकता देते हैं जिसके कारण इसके प्राचीन गौरव को बहाल किया जा रहा है। प्रधानमंत्री खुद जम्मू-कश्मीर से जुड़े मामलों और मुद्दों में गहरी दिलचस्पी लेते हैं और हर परियोजना की निगरानी खुद करते हैं क्योंकि यह क्षेत्र उनके दिल के करीब है। विभिन्न व्यापार निकायों के प्रतिनिधियों के मुद्दों, समस्याओं और शिकायतों का जवाब देते हुए, उन्होंने उन्हें आश्वासन दिया कि सभी उचित मांगों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आपके मुद्दों में कई चीजें हैं जो संभव हैं और मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि उन सभी मुद्दों को जल्द से जल्द सुलझा लिया जाएगा।

## पायल की डॉक्यूमेंट्री ए नाइट ऑफ नोइंग नथिंग को टोरंटो फिल्म महोत्सव में पुरस्कार

**भाषा।** मुंबई

**भारतीय** फिल्मकार पायल कपाड़िया की डॉक्यूमेंट्री ए नाइट ऑफ नोइंग नथिंग ने टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (टीआईएफएफ) में ऐम्प्लीफाई वॉइसेज़ अवॉर्ड जीता है। आयोजकों ने रविवार को इसकी घोषणा की। डॉक्यूमेंट्री का टीआईएफएफ के वेवलेंथ फीचर खंड में अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन हुआ था। इसने जुलाई में कान फिल्म महोत्सव में गोल्ड आई पुरस्कार भी अपनी छोली में डाला था। टीआईएफएफ ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर यह खबर साझा की है। टीआईएफएफ ने कपाड़िया और फिल्म के छायाकार, संपादक और भारतीय निर्माताओं में से एक राणाबीर दास का एक वीडियो संदेश भी साझा किया। कपाड़िया ने कहा, हमें यह पुरस्कार देने के लिए बहुत-बहुत शुक्रिया। हम वास्तव में इसकी सराहना करते हैं... हम अपने सभी दोस्तों को भी धन्यवाद देना चाहते हैं, जो इस फिल्म का महत्वपूर्ण हिस्सा रहे हैं और जिन्होंने वास्तव में इसमें बहुत योगदान दिया है और जिनके बिना यह फिल्म संभव नहीं होता। फिल्म निर्माता ने फिल्म के फ्रांसीसी निर्माताओं, थॉमस हकीम और जूलियन ग्रेफ को भी धन्यवाद दिया। मुंबई में रहने वाली निर्देशक की फिल्म में भारत के एक विश्वविद्यालय का छात्र अपनी पूर्व प्रेमिका को पत्र लिखता है।

## क्विक न्यूज

### असम सरकार दिमासा कछारी राजवंश की विरासत को संरक्षित करेगी: मुख्यमंत्री

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने रविवार को कहा कि राज्य सरकार 18वीं सदी के दिमासा कछारी राजवंश की विरासत को संरक्षित करेगी और कछार जिले में सिल्चर शहर से 25 किलोमीटर दूर खासपुर में इसकी आखिरी राजधानी को विकसित करेगी। दिमासा शासन की शुरुआत में दीमापुर, कछारी राजवंश की राजधानी हुआ करती थी, जिसे बाद में मालीबंग में स्थानांतरित कर दिया गया, जो अब असम के दीमा हसाओ जिले में है। खासपुर की यात्रा के दौरान सरमा ने कहा कि राज्य सरकार दिमासा कछारी राजवंश की विरासत को संरक्षित करने और खासपुर को एक आकर्षक पर्यटन स्थल बनाने के लिए 100 बीघा (25 एकड़) भूमि पर एक परियोजना शुरू करेगी। एक बयान में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का संस्कृति विभाग राज्य की विरासत के संरक्षण के लिए कदम उठाएगा। सूर्य द्वार, सिंह द्वार, मुख्य द्वार, राजा का मंदिर, कछारी रानी के नाम पर बने रानी चंद्रभा हसनु पार्क इस स्थान पर स्थित अवशेषों में से हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार समुदाय के कल्याण के लिए बर्मन दिमासा कछारी विकास परिषद को मजबूत करने के लिए कदम उठाएगी।

### पटना के सदियों पुराने क्लेक्ट्रेट परिसर को गिराने पर शीर्ष न्यायालय की रोक से राहत मिली: इतिहासकार

**नई दिल्ली,पटना।** बिहार की राजधानी पटना में स्थित सदियों पुराने कलेक्ट्रेट को बचाने के लिए चली कानूनी लड़ाई ने एक ओर जहां इसके ऐतिहासिक महत्व को सामने ला दिया है, वहीं इसे गिराने के प्रस्ताव पर उच्चतम न्यायालय की रोक ने नई उम्मीद जगाई है। इतिहासकारों और अधिवक्ताओं ने यह राय व्यक्त की है। दरअसल, इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट ऐंड कल्चरल हेरीटेज (आईएनटीएसीएच) की याचिका पर उच्चतम न्यायालय ने एक वर्ष पहले 18 सितंबर 2020 को बिहार सरकार के एक आदेश पर रोक लगा दी थी। बिहार सरकार ने गंगा नदी के किनारे बसे इस पुराने परिसर को गिरा कर इसके स्थान पर नए कलेक्ट्रेट के निर्माण की योजना बनाई थी।इतिहासकार एवं लेखिका स्वप्ना लिडल ने कहा कि ऐतिहासिक धरोहरों को बचाने के लिए लोगों को अदालतों के पास जाना पड़ता है।

### सौंदर्य में भी स्टार्ट प को बढ़ावा

**नई दिल्ली।** भारत का पहला मॉडर्न आयुर्वेदिक लाइफस्टाइल और वेलनेस वैदिक्स इंडिया के यूपी के सभी प्रमुख शहरों में अपने स्टार्टअप की स्थिति मजबूत करने के लिए कार्य करेगा। रीजनल और अंतर्राष्ट्रीय दोनों बाजारों में एक साथ पकड़ मजबूत करने की तैयारी में है। हैदराबाद स्थित एक कस्टमाइज्ड आयुर्वेद सौंदर्य संबंधी स्टार्टअप, वैदिक्स, हाइपर कस्टमाइज्ड हेयर और स्किन केयर रिजीम डिजाइन कर रहा है, ताकि,आई और आयुर्वेद दोनों की विशेषताओं का हमारी स्किन और हेयर की समस्याओं में भरपूर फायदा मिल सकें। टेक ब्यूटी ब्रांड हैदराबाद के सबसे बड़े कंज्यूमर टेक स्टार्टअप्स में से एक होने के साथ-साथ 3 वर्षों के भीतर ही अपनी कैटेगरी में अग्रणी हो गया है। वैदिक्स के बिजनेस हेड जतिन गुजराती ने कहा कि हम एक ऐसे ब्रांड के रूप में बढ़ना चाहते हैं जहां आयुर्वेद को आधारशीला बनाकर हम साइंटिफि.क और ब्यूटी के सभी क्षेत्रों में कुछ नया करें और लोगों तक एक बेहतरीन केयर पहुंचा सकें।

### बच्चों को हाइब्रिड पाठ्यक्रम मिलेगा

**नोएडा।** परीक्षा तैयारी सेवाओं में देश भर में अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज ने लखनऊ में अपने नए सेंटर का उद्घाटन किया। इस सेंटर में 21 कक्षाएँ हैं जिसमें एक साथ 1100 छात्रों के बैठने की जगह है। बदलते समय को देखते हुए कक्षाएँ स्मार्ट और डिजिटल दोनों ही रूप से सक्षम हैं ताकि आधुनिक शिक्षा की निरंतरता सुनिश्चित हो सके। स्मार्ट क्लासरूम और उच्च बैंडविड्थ कनेक्टिविटी से लैस, अलीगंज सेंटर हाइब्रिड मोड में पाठ्यक्रम पेश करने के लिए सक्षम है ,जिसमें शहर में मेडिकल और इंजीनियरिंग छात्रों के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन कक्षाओं का सही मिश्रण शामिल है। नए सेंटर में पारंपरिक तरीके से कक्षाएं संचालित करने के लिए एक सुरक्षित वातावरण भी है। जिसमें स्वच्छताए व्यक्तिगत स्वच्छता और सोशल डिस्टन्सिंग के संदर्भ में सरकार के कोविड 19 दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन किया जाता है। हाइब्रिड मोड में दी जाने वाली कोचिंग छात्रों को एक सुरक्षित डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाइव तथा पहले से रिकॉर्ड किए गए।

### असम: भागने के चक्कर में लुटेरा पुलिस की गोली से घायल, चार तस्कर फरार

**गुवाहाटी।** असम में पुलिस से बचकर भागने के चक्कर में गोलीबारी के दौरान एक संदिग्ध लुटेरा घायल हो गया जबकि एक अन्य घटना में पुलिस द्वारा गोली चलाने के बावजूद चार तस्कर एक कार में भाग निकलने में कामयाब हो गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोनों घटनाएं गुवाहाटी में अलग-अलग स्थान पर हुईं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने एक बयान में कहा कि पहली घटना में शनिवार को पुलिस एक संदिग्ध लुटेरे और उसके साथी को लेकर अजरा पुलिस थानांतर्गत उहाबोरी इलाके में चोरी की मोटरसाइकिल और अन्य चीजें बरामद करने गई थी।

# नारकोटिक्स जिहाद विवाद: धार्मिक नेताओं की बैठक बुलाएगी कांग्रेस

**भाषा।** कोझिकोड (केरल)

● नेताओं से मुलाकात की

**कांग्रेस** ने रविवार को केरल में कहा कि वह राज्य में साम्प्रदायिक सौहार्द का संदेह फैलाने के लिए विभिन्न धर्मों के नेताओं की बैठक बुलाएगी। पार्टी ने कैथोलिक बिशप द्वारा नारकोटिक जिहाद को लेकर की गई टिप्पणी से उपजे विवाद की पृष्ठभूमि में यह फैसला लिया है। केरल प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष के. सुधाकरण और विधानसभा में विपक्ष के नेता वी. डी. सतीशन ने पाला के बिशप जोसेफ कल्लारंगट्ट द्वारा हाल में की गई टिप्पणी से उजपे विवाद को शांत करने के पार्टी के प्रयास के तहत आज इस्लाम के धार्मिक नेताओं से मुलाकात की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने समस्त केरल जेमियाथुल उमेला के नेता एस. मोहम्मद जिफ्री मुथुक्कोया थंगल और भारत के ग्रैंड मुफ्ती, कांथापुरम ए. पी. अबूबाकर मुस्लियार के साथ बैठक की। बाद में पत्रकारों से बातचीत में सुधाकरण ने कहा कि चूंकि राज्य सरकार जिम्मेदारी लेने में असफल रही है इसलिए प्रदेश कांग्रेस ईसाई और मुसलमान समुदायों के बीच मेल-मिलाप कराने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा, हम समझते हैं कि हमारे समाज में कोई भी घृणा फैलाना नहीं चाहता है और हम चाहते हैं कि सभी धर्मों के नेता साथ साथ आएं और इस समस्या पर चर्चा कर इसका समाधान निकालें। धार्मिक सौहार्द का संदेश देने के लिए प्रदेश कांग्रेस सभी धर्मों के नेताओं के साथ बैठक करेगी। यह आरोप लगाते हुए कि कुछ ऑनलाइन मीडिया हाउस राज्य में सौहार्द का वातावरण बिगाड़ना चाहते हैं, सतीशन ने राज्य सरकार से उनके खिलाफ कड़ी कार्वाई करने को कहा।

### गहलोत के ओएसडी लोकेश शर्मा ने इस्तीफा सौंपा

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) लोकेश शर्मा ने शनिवार रात इस्तीफा दे दिया। इससे कुछ घंटे पहले उन्होंने एक ट्वीट किया था जिसे पंजाब में कांग्रेस नेतृत्व में हुए बदलाव की परोक्ष आलोचना के रूप में देखा गया था। ट्वीट के लहजे से प्रतीत हुआ जैसे किसी ताकतवर व्यक्ति को बेसहारा बना दिया गया और औसत दर्जे के किसी व्यक्ति को उंचाई पर पहुंचा दिया गया। राजस्थान के मुख्यमंत्री के विशेष कार्याधिकारी ने अपना इस्तीफा सौंप दिया और ट्वीट के लिए माफी मांगी। शर्मा ने रविवार शाम को गहलोत से मुलाकात कर अपना रुख स्पष्ट किया।

# मांडविया ने कश्मीर में व्यसन केंद्रों का डिजिटल तरीके से उद्घाटन किया

**भाषा।** श्रीनगर

**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को कश्मीर में पांच व्यसन उपचार सुविधा (एटीएफ) केंद्रों का डिजिटल तरीके से उद्घाटन किया, जिससे घाटी में मौजूदा नशामुक्ति तंत्र को मजबूती मिलेगी। यह जानकारी एक आधिकारिक प्रवक्ता ने दी। प्रवक्ता ने कहा कि ए एटीएफ बडगाम, बांदीपोरा, पुलवामा, शोपियां और कुलगाम जिलों में स्थित हैं। प्रवक्ता ने बताया कि इससे घाटी में मौजूदा नशामुक्ति तंत्र को मजबूती मिलेगी



क्योंकि ए नशा करने वालों को समग्र और एकीकृत उपचार प्रदान करेंगे। प्रवक्ता ने कहा कि कश्मीर में एकीकृत स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नयन को बढ़ावा देते हुए मंत्री ने क्षेत्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण संस्थान बारामूला से पांच एटीएफ केंद्रों का डिजिटल तरीके से उद्घाटन किया। मांडविया केंद्र सरकार के जनता तक पहुंच बनाने के कार्यक्रम के तहत उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के दो दिवसीय दौरे पर थे।

इसका उद्देश्य नई विकास परियोजनाओं की एक श्रृंखला द्वारा बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के अलावा जमीनी स्तर पर जनता की प्रतिक्रिया प्राप्त करना था। प्रवक्ता ने कहा कि मंत्री ने एक समारोह की भी अध्यक्षता की।

## केंद्रीय मंत्री ने जम्मू कश्मीर के पुलवामा में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया

**भाषा।** श्रीनगर

**जम्मू कश्मीर** के लिए केंद्र सरकार के जन संपर्क कार्यक्रम का हिस्सा होने के तौर पर केंद्रीय गृह एवं युवक कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री निशिथ प्रमाणिक ने रविवार को पुलवामा जिले का दौरा किया, जहां उन्होंने विभिन्न विकास परियोजनाओं का डिजिटल माध्यम से उद्घाटन किया।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मंत्री ने बजवानी त्राल में बहुउद्देश्ईय इनडोर स्टेडियम, लार्वे काकपोरा में आईएसएम भवन, गुलशनपोरा में उप-केंद्र, जीडीसी त्राल में पुस्तकालय ब्लॉक एवं अतिरिक्त क्लासरूम, अवंतिपुरा में एक बूचड़खाना सहित विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। प्रवक्ता ने बताया कि मंत्री ने नौदल ददसारा नैबुग रोड, गुसो डीरी रोड, अगलर गुर्जरबस्ती कनिगाम रोड और पुलवामा मोंगामा रोड की डिजिटल माध्यम से नींव भी रखी।



मुंबई में गणेश प्रतिमा को विसजर्न के लिए ले जाते भक्तगण

# केरल में अधिक संक्रमण वाले क्षेत्रों में लागू होंगे कड़े प्रतिबंध

**भाषा।** तिरुवनंतपुरम

**केरल के जिन** इलाकों में कोरोना वायरस संक्रमण का प्रसार अधिक है, वहां विशेष रूप से कड़े लॉकडाउन प्रतिबंध लागू किए जाएंगे।

राज्य सरकार ने रविवार को यह जानकारी दी। मुख्य सचिव वी पी जॉय की ओर से जारी एक आदेश में कहा गया कि जिन क्षेत्रों में साप्ताहिक संक्रमण जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूआईपीआर) 10 से ज्यादा है, वहां कड़े प्रतिबंध लागू होंगे। आदेश के अनुसार जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा हर सप्ताह ऐसे स्थानों की पहचान की जाएगी। आदेश में कहा गया कि वेबसाइट और अन्य माध्यमों से प्रभावित क्षेत्रों की जानकारी दी जाएगी। आदेश के मुताबिक, इसके बाद जिला कलक्टर दिशा निर्देशों के अनुसार, सूक्ष्म निषिद्ध क्षेत्रों को अधिसूचित करेंगे



और वहां लॉकडाउन के प्रतिबंध लागू करेंगे। आज राज्य में कोरोना वायरस संक्रमण के 19,653 नए मामले सामने आए तथा महामारी से 152 और मरीजों की जान चली गई।

### तेलंगाना में 173 नए मामले, एक और मरीज की मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना मे रविवार को कोविड-19 के 173 नए मामले सामने आने के साथ ही कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की कुल संख्या बढ़ कर 6,63,454 हो गई। राज्य में संक्रमण से एक और मरीज की मौत हो जाने से मृतक संख्या बढ़ कर 3,904 हो गई। राज्य सरकार ने एक बुलेटिन जारी करके यह जानकारी दी। बुलेटिन के मुताबिक ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) मे संक्रमण के सर्वाधिक 64 नए मामले सामने आए। इसके बाद वारांगल शहरी जिले मे 18 और करीमनगर मे कोरोना वायरस संक्रमण के 17 नए मामले सामने आए। राज्य के 33 मे से आठ जिलो मे कोविड-19 का कोई नया मामला सामने नही आया। राज्य मे कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या अभी 5,005 है।

### तमिलनाडु में करीब 16 लाख लोगों को लगा टीका

**चेन्नई।** तमिलनाडु में आयोजित दूसरे टीकाकरण महाशिविर में 16,43,879 लोगों को कोविड-19 टीके की खुराक दी गई, जो 18 वर्ष से अधिक उम्र के 15 लाख लोगों का टीकाकरण करने के लक्ष्य से अधिक है। यह जानकारी स्वास्थ्य विभाग ने दी। पहला टीकाकरण महाशिविर 12 सितंबर को आयोजित किया गया था, जिसमें 20 लाख लोगों को टीका लगाने के निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले 28.91 लाख लोगों का टीकाकरण किया गया था। विज्ञप्ति में कहा गया, आज दूसरा टीकाकरण महाशिविर सुबह सात बजे से शाम सात बजे तक आयोजित किया गया, जिसमें 16,43,879 लोगों का टीकाकरण किया गया। विभाग ने कहा कि सोमवार को शिविर का आयोजन नहीं होगा क्योंकि टीके की खुराक खत्म हो गई है। धर्मपुरी में संवाददाताओ से बातचीत में राज्य के चिकित्सा एवं परिवार कल्याण मंत्री मा सुब्रमण्यम ने कहा कि मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के अनुरोध पर जुलाई में केंद्र ने आवंटित 52 लाख खुराक के अतिरिक्त 19 लाख खुराक भेजी थी। उन्होंने बताया, अगस्त में राज्य के लिए आवंटित 53 लाख खुराक के अलावा 33 लाख खुराक भेजी गई थी।

### केजरीवाल मॉडल के डर से कांग्रेस और भाजपा ने बदले मुख्यमंत्री: आप

**पणजी।** आम आदमी पार्टी (आप) के एक पदाधिकारी ने रविवार को कहा कि अरविंद केजरीवाल मॉडल के डर से कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी को उन राज्यों में अपने मुख्यमंत्री बदलने पर मजबूर होना पड़ा है, जहां अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। आप के गोवा संयोजक राहुल म्हांब्रे की यह टिप्पणी, पिछले सप्ताह गुजरात में भाजपा द्वारा विजय रूपाणी को मुख्यमंत्री पद से हटाने और रविवार को कांग्रेस द्वारा चरणजीत सिंह चन्नी को पंजाब का नया मुख्यमंत्री बनाने के परिप्रेक्ष्य में आई है। पंजाब में शनिवार को अमरिंदर सिंह द्वारा मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद चन्नी को नियुक्त किया गया। म्हांब्रे ने कहा कि आप के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 20 सितंबर को गोवा पहुंचेंगे।

# हाईकोर्ट के 68 न्यायाधीश पदों के नामों पर सरकार का फैसला अब भी लंबित

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय कॉलेजियम द्वारा विभिन्न उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश पदों के लिए भेजे गए 68 न्यायिक अधिकारियों और अधिवक्ताओं के नामों पर सरकार का फैसला अब भी लंबित है।

उच्च न्यायपालिका में नियुक्ति प्रक्रिया से जुड़े सूत्रों बताया कि शीर्ष अदालत के कॉलेजियम ने आठ अगस्त से एक सितंबर के बीच उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश पदों के लिए अनुंशसा करने के वास्ते करीब 100 नामों पर विचार किया और अंततः सरकार को 12 उच्च न्यायालयों में न्यायाधीश पदों के लिए 68 नाम भेजे। सूत्रों ने बताया कि प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण की अध्यक्षता वाले उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम द्वारा भेजे गए इन नामों पर सरकार को अब भी फैसला लेना है। उन्होंने बताया कि 68 नामों में कर्नाटक से दो और जम्मू-कश्मीर से एक नाम तीसरी बार सरकार को भेजे गए हैं जबकि 10 अन्य नामों को दूसरी बार मंजूरी के लिए भेजा गया है।

बाकी नाम सरकार को पहली बार भेजे गए हैं। इन अनुशंसाओं से पहले 17 अगस्त को उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने ऐतिहासिक फैसला करते हुए शीर्ष अदालत के न्यायाधीश पदों के लिए तीन महिलाओं सहित नौ नाम भेजे थे। सरकार ने इस अनुंशसा पर तेजी से कार्वाई की जिसकी वजह से 31 अगस्त को उन्होंने शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण की।

## ईडब्ल्यूएस आरक्षण पर मद्रास उच्च न्यायालय की टिप्पणी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचा केंद्र

**नई दिल्ली।** मद्रास उच्च न्यायालय की इस टिप्पणी के खिलाफ केंद्र की याचिका पर उच्चतम न्यायालय सोमवार को सुनवाई कर सकता है कि मेडिकल कॉलेजों की देशभर की सीटो के आरक्षण मे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लोगो को 10 प्रतिशत आरक्षण देने की अधिसूचना को शीर्ष अदालत की मंजूरी लेने की जरूरत होगी। केंद्र के खिलाफ द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) की अवमानना याचिका का निस्तारण करते हुए मद्रास उच्च न्यायालय ने 25 अगस्त को केंद्र सरकार की 29 जुलाई की अधिसूचना को मंजूरी दे दी थी, जिसमे अखिल भारतीय आरक्षण (एआईक्यू) के तहत केंद्र सरकार के मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) उम्मीदवारों को 27 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। हालांकि, उच्च न्यायालय ने कहा था कि ईडब्ल्यूएस के लिए 10 प्रतिशत और आरक्षण को शामिल करने के लिए उच्चतम न्यायालय की स्वीकृति जरूरी होगी। ईडब्ल्यूएस के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण के संबंध मे उच्च न्यायालय ने कहा था, 29 जुलाई, 2021 की अधिसूचना में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए प्रदत्त अतिरिक्त आरक्षण इस संबंध मे उच्चतम न्यायालय की मंजूरी के बिना स्वीकृत नही किया जा सकता।

## पश्चिम बंगाल: भाजपा के एक और विधायक ने नेतृत्व के प्रति नाराजगी जताई

**भाषा।** कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल में रायगंज से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक कृष्ण कल्याणी ने पार्टी नेतृत्व के खिलाफ अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए रविवार को कहा कि अगर उनकी शिकायतों का समाधान नहीं किया गया तो वह जल्द ही अपने राजनीतिक भविष्य का फैसला करेंगे। कल्याणी ने कहा कि भाजपा छोड़ने वालों की जरूर गंभीर शिकायतें रही होंगी, जिन पर ध्यान नहीं दिया गया। कल्याणी ने कहा, मैंने पार्टी के सभी कार्यक्रमों से खुद को दूर कर लिया है और मैंने मुद्दों के समाधान के लिए एक समय सीमा दी है, अन्यथा मुझे सोचना होगा। हालांकि, कल्याणी ने अपनी शिकायतों के बारे में विस्तार से नहीं बताया। यह पूछे जाने पर कि क्या वह किसी अन्य पार्टी में शामिल होंगे, कल्याणी ने कहा कि वह विकल्पों पर विचार कर रहे हैं और सही समय पर अपना निर्णय सार्वजनिक करेंगे।



जम्मू में भगवान गणेश की मूर्ति का तवी नदी में विसर्जित करती हुई महिलाएं।

## ऑटो-कार की टक्कर, एक ही परिवार के नौ लोगों की मौत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में रविवार को एक ऑटोरिक्शा की एक कार से भिड़ंत हो गई जिससे ऑटोरिक्शा में सवार एक ही परिवार के नौ सदस्यों की मौत हो गई। मृतकों में चार महिलाएं और एक साल की बच्ची शामिल है, जबकि सात अन्य जख्मी हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि हादसा रायपुर से 200 किमी दूर फरासगांव थाना क्षेत्र के बोड़गांव मोड़ के पास हुआ है। उन्होंने बताया कि ऑटो में सवार परिवार गोड्मा गांव में एक अंतिम संस्कार में शिरकत करने के बाद अपने गांव लौट रहा था। कार जगदलपुर की ओर जा रही थी। अधिकारी ने बताया कि हादसे में ऑटोरिक्शा के चालक समेत उसमें सवार सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति की मौत फरासगांव अस्पताल में हुई और एक अन्य ने रायपुर ले जाते समय दम तोड़ दिया। अधिकारी ने बताया कि हादसे के बाद कार सवार मौके से भाग गए। उन्होंने बताया कि सात घायलों में से तीन गंभीर रूप से जख्मी हैं और उन्हें रायपुर रेफर किया गया है जबकि चार अन्य को कोंडागांव अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि सभी पीड़ित एक ही परिवार के हैं और मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजे जा रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि कार सवारों को पकड़ने की कोशिश की जा रही है।

## विपक्ष को हल्के में न लें पार्टी कार्यकर्ता

**भाषा।** दावणगेरे (कर्नाटक)

**कर्नाटक** के पूर्व मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा ने रविवार को अपने पार्टी सहयोगियों को आगाह करते हुए कहा कि वे आगामी चुनाव में विपक्ष को हल्के में नहीं लें। यहां भाजपा कोर कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए एदियुरप्पा ने कहा, आप सभी के लिए मेरा सुझाव है। आप में से किसी को भी विपक्ष को हल्के में लिंगायत समुदाय से आने वाले एदियुरप्पा ने दावा किया कि कांग्रेस के कुछ नेता भाजपा के कुछ नेताओं के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा, आपको ऐसी किसी घटना (दलबदल) का मौका दिए बिना विश्वास के साथ चलना है। हमें अगले विधानसभा चुनाव में 140 सीटों के साथ भाजपा की सत्ता में वापसी के लिए ईमानदार प्रयास करने होंगे।

उल्लेखनीय है कि एदियुरप्पा ने इस साल 26 जुलाई को मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र दे दिया था। उन्होंने कहा कि पार्टी को अनुसूचित



जातिअनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के नेताओं को भाजपा शामिल करके मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि बूथ स्तर के संगठन की टीम में 20 से 25 महिलाओं और भाजपा युवा इकाई के नेताओं को शामिल किया जाए। एदियुरप्पा ने पार्टी पदाधिकारियों से अपील की कि वे केंद्र और राज्य की कल्याणकारी योजनाओं को हर घर तक पहुंचाने का कार्य करें। पूर्व मुख्यमंत्री ने मौजूदा पार्टी पदाधिकारियों से कहा कि वह जल्द ही पार्टी का आधार मजबूत करने के लिए राज्यव्यापी दौरा करेंगे।

एदियुरप्पा ने कोर कमेटी के सदस्यों को याद दिलाया कि भाजपा को हनागल और सिंदगी विधानसभा उपचुनाव जीतना ही होगा क्योंकि इसमें असफल होने पर गलत संदेश जाएगा। उन्होंने कहा, यहां किसी को नहीं मानना चाहिए कि हनागल और सिंदगी आसान मैदान हैं। मैसुरु के नांजनगुड स्थित मंदिर को तोड़ने के मामले प-ं जिसकी बड़े पैमाने पर आलोचना हो रही है- एदियुरप्पा ने कहा कि कहीं भी कोई भी मंदिर नहीं तोड़ने देने का फैसला किया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार फैसले में सुधार के लिए उच्चतम न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दाखिल करेगी।

एदियुरप्पा ने कहा, जो भी हुआ अब वह हो चुका है। इसकी पुनरावृत्ति नहीं होगी। जो पार्टी कार्यकर्ता इससे परेशान हैं, वे इस पर संज्ञान लें। कर्नाटक भाजपा इकाई के अध्यक्ष नलिन कुमार कटील और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव व कर्नाटक के पार्टी प्रभारी अरुण सिंह ने भी सभा को संबोधित किया।

## मंत्री पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के चलते कोल्हापुर में प्रवेश करने से रोका गया: किरीट सोमैया

**मुंबई।** भाजपा के नेता किरीट सोमैया ने रविवार को दावा किया कि कोल्हापुर जिले के अधिकारियों ने उन्हें जिले में प्रवेश करने से रोक दिया है। सोमैया ने कहा कि उन्होंने महाराष्ट्र के मंत्री हसन मुशरिफ के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे, जिसके बाद जिला प्रशासन ने सुरक्षा संबंधी चिंताओं और कानून-व्यवस्था का हवाला देते हुए यह कदम उठाया है। सोमैया ने ग्रामीण विकास मंत्री एवं कोल्हापुर जिले के कागल से विधायक मुशरिफ पर भ्रष्टाचार में संलिप्त रहने तथा रिश्तेदारों के नाम पर बेनामी संपत्ति रखने का 13 सितंबर को आरोप लगाया था। सोमैया का सोमवार को पश्चिमी महाराष्ट्र के इस जिले में जाने का कार्यक्रम था। उन्होंने कोल्हापुर के जिलाधिकारी राहुल रेखवार की ओर से जारी 19 सितंबर का एक आदेश दिखाया, जिसमें कहा गया है कि सोमैया को भारतीय दंड संहिता की धारा 144 के तहत उनकी जान को खतरा व उनके दौरे के मद्देनजर कानून-व्यवस्था बिगड़ने आशंका को देखते हुए जिले में उनके प्रवेश पर रोक लगाई गई है। आदेश में यह भी कहा गया कि सोमैया को सुरक्षा मुहैया कराने की आवश्यकता है, लेकिन गणपति विसर्जन के कारण पुलिस की व्यस्तता को देखते हुए यह संभव नहीं होगा। सोमैया ने ट्वीट करके इसे उद्धव ठाकरे सरकार की दादागिरी बताया।

## क्विक न्यूज

### ओडिशा में कोविड-19 के 623 नए मामले, सात मरीजों की मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा मे रविवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 623 नए मामले सामने आए, जिसके बाद प्रदेश मे कुल संक्रमितो की संख्या बढ़कर 10.20 लाख हो गई। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। नए संक्रमितो में 95 बच्चे एवं किशोर भी शामिल है। बच्चों और किशोरों में संक्रमण की दर बढ़कर 15.24 प्रतिशत हो गई है, जबकि एक दिन पहले यह 11.9 प्रतिशत थी। प्रदेश मे संक्रमण से सात और मरीजो की मौत हो गई, जिसके बाद महामारी से मरने वाले लोगो की संख्या बढ़कर 8,135 हो गई है। खुर्दा जिले मे सर्वाधिक 272 नए मरीज मिले। राजधानी भुवनेश्वर इसी जिले का हिस्सा है। इसके बाद कटक मे 74 जबकि जगतसिंहपुर मे कोरोना वायरस संक्रमण के 29 नए मामले सामने आए। राज्य के बौध, बोलंगिर, मलकानगिरी और नुआपाड़ा जिले मे कोरोना वायरस संक्रमण का कोई नया मामला सामने नही आया। प्रदेश में अभी 5,736 मरीज उपचाराधीन है जबकि अब तक 10,06,320 मरीज संक्रमण मुक्त हो चुके है। प्रदेश में बीते 24 घंटे की अवधि मे 756 मरीज ठीक हुए है। ओडिशा मे अब तक 1.92 करोड़ से अधिक नमूनों की कोविड-19 जांच हो चुकी है, जिसमे से 62,917 नमूनों की जांच शनिवार को हुई।

### तमिलनाडु में कोविड-19 के 1697 मामले, 27 लोगों की मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु में कोविड-19 के 1697 नए मामले आने से संक्रमितों की संख्या बढ़कर 26.45 लाख हो गई जबकि 27 और लोगों की मौत हो जाने से मृतक संख्या 35,337 हो गई। स्वास्थ्य बुलेटिन मे बताया गया कि पिछले 24 घंटे मे 1594 लोगो के स्वस्थ हो जाने से अब तक 25,93,074 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके है। राज्य में 16,969 उपचाराधीन मरीज है। शनिवार से कुल 1,56,850 नमूनों की जांच के साथ अब तक 4.53 करोड़ नमूनों की जांच हो चुकी है। चेन्नई से 232 मामले आए वही कोयंबटूर मे 215, इरोड मे 131, चेंगलपेट मे 114 लोगो मे संक्रमण की पुष्टि हुई। राज्य के 23 जिलों से मौत का कोई मामला नही आया है।

### जींद में अलग-अलग स्थानों से तीन महिलाएं गायब

**जींद।** हरियाणा के जींद जिले के तीन अगल अलग स्थानो से तीन महिलाओ के लापता होने का मामला सामने आया है। अज्ञात लोगो के खिलाफ बंधक बनाने का मामला दर्ज किया है। जिले मे अलग-अलग स्थानो से तीन महिलाओ के गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगो के खिलाफ बंधक बनाने के मामले दर्ज किए है और मामलों की जांच की जा रही है। जिले के दुडाना और उझाना गांव के रहने वाले दो लोगो ने संबंधित पुलिस थानो मे शिकायत दर्ज कराई कि उन दोनो की पत्नी 17 सितंबर को घर से दवाई लाने के लिए निकली लेकिन अब तक वापस नही लौटी है। इसी बीच ओम नगर के रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि तीन दिन पहले उसकी 27 वर्षीय पत्नी घर से गायब हो गई। तीनों महिलाओ के अभिभावको ने पुलिस को बताया कि उन्होने हर मुमकिन जगह उनकी तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नही लगा।

### जंगली हाथी ने व्यक्ति को कुचल कर मार डाला: छत्तीसगढ़

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले मे रविवार को एक जंगली हाथी ने 50 वर्षीय एक व्यक्ति को कुचल कर मार डाला। वन विभाग के एक अधिकारी के मुताबिक सितंबर में अब तक 11 लोगों की इस तरह से हाथियो के हमले मे मौत हो चुकी है। अधिकारी के मुताबिक यह घटना प्रतापपुर वन क्षेत्र के बड़मा गांव मे तड़के करीब दो बजे हुई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार गांव मे लोकनृत्य का एक कार्यक्रम चल रहा था और उसे देखने के बाद पीड़ित व्यक्ति वीरसाईं पैकरा अपने गांव की एक बालिका को उसके घर छोड़ने जा रहा था तभी यह हादसा हुआ। वन विभाग के अधिकारी ने कहा, वे दोनो एक जंगली हाथी के आमने-सामने आ गए, जिसके बाद बालिका वहां से बच निकलने मे सफल रही, जबकि हाथी ने वीरसाईं को पकड़ लिया और उसे कुचल कर मार डाला। मृतक के परिजनो को 25,000 रुपए की तत्काल सहायता प्रदान की गई, जबकि शेष मुआवजा आवश्यक औपचारिकताओ को पूरा करने पर वितरित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ मे इस महीने अब तक हाथियो के हमले मे 11 लोगों की मौत हो चुकी है। सरकारी आंकड़ो के अनुसार 2018 से 2020 के बीच छत्तीसगढ़ मे हाथियो के हमले मे 204 लोग मारे गए जबकि इसी अवधि मे राज्य मे 45 हाथियो की मौत हुई।

### 11000 वोल्टेज की लाईन की चपेट में आकर झुलसा बच्चा

**जींद।** हरियाणा के जींद जिले के पांजू कला गांव मे एक बच्चा 11000 हजार वोल्टेज की लाईन की चपेट मे आकर बुरी तरह से झुलस गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल मे भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत नाजुक है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। सांसद द्वारा गोद लिए गए गांव मे हुई इस घटना के बाद बच्चे के पिता ने विद्युत वितरण निगम के खिलाफ पुलिस मे शिकायत दर्ज कराई है। प्रत्यक्षदर्शियो ने बताया कि यह घटना उस वक्त की है जब पाजू कलां गांव मे नौ साल का जयंत अपने घर की छत पर खेल रहा था। उन्होने बताया कि घटना मे जयंत बुरी तरह झुलस गया है। ग्रामीणो का आरोप है कि इस सारे घटनाक्रम के पीछे बिजली वितरण निगम की लापरवाही है।



पटना में गंगा नदी में अनन्त चतुर्दशी के अवसर पर स्नान करके पूजा करती हुई महिलाएं।

## वन कर्मियों को खेलों में किया जाएगा प्रोत्साहित: अश्विनी

**पायनियर समाचार सेवा।** गुवाहाटी

**खेलों में** उत्कृष्ट योगदान करने वाले वन कर्मियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर खेल संबंधी सुविधाएं देने के लिए गंभीरता से प्रयास किया जाएगा। यह बात केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने अपने उत्तर-पूर्व राज्यों के दौरे के क्रम में दिया है।

केंद्रीय राज्यमंत्री अश्विनी चौबे ने उत्तर-पूर्व राज्यों के दौरे के क्रम में असम के गुवाहाटी चिड़ियाघर निरीक्षण के पूर्व खेल में उत्कृष्ट योगदान देने वाले वन कर्मियों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में यह बात कही। केंद्रीय मंत्री अश्विनी ने इसके साथ ही वन कर्मियों की बहादुरी के लिए पुलिस की तर्ज पर



राष्ट्रपति पदक की तरह वन, वन्यजीव तथा पर्यावरण की रक्षा करने वालों को भी पुरस्कार पर गंभीरता पूर्वक विचार किया जाएगा। उन्होंने खेल क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाली दो वनकर्मियों को 25-25 हजार रुपये देकर उन्हें सम्मानित किया। नयन मोनी सैकिया, लॉन बॉल व वेटलिफ्टिंग में अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में गोल्ड, सिल्वर, ब्रॉन्ज आदि मेडल जीत चुकी है। सुरभि सैकिया दास ने फेंसिंग इवेंट्स में राष्ट्रीय स्तर पर सिल्वर, ब्रॉन्ज आदि मेडल प्राप्त की है। इसके उपरांत पत्रकारों से बात करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि वन, पर्यावरण का मामला हो या खाद्य आपूर्ति का असम का प्रदर्शन काफी बेहतर है। भारतीय खाद्य निगम द्वारा उत्तर पूर्व का गेहूं का पहला साइलो 50 हजार मीट्रिक टन का असम के चांगसारी में लगभग बन गया है।

## अरूणाचल प्रदेश की प्रमुख सड़क पर 20 जगह भूस्खलन से यातायात प्रभावित

**ईटानगर।** अरूणाचल प्रदेश में दो दिन से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण बालीपारा-चारदुआर-तवांग (बीसीटी) मार्ग पर 20 से ज्यादा स्थानों पर भूस्खलन हुआ है, जिससे गाड़ियों की आवाजाही बुरी तरह से प्रभावित हुई है। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के अधिकारी ने रविवार को बताया कि भूस्खलन में कोई हताहत नहीं हुआ है। ए घटनाएं शुक्रवार और शनिवार को भारी बारिश के बाद वेस्ट कामेंग जिले में हुई है। बीआरओ के अधिकारी ने बताया कि भूस्खलन की वजह से सेसा और नेचिफू क्षेत्रों के बीच सड़क का एक बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है, जिस वजह से दोनों तरफ बड़ी संख्या में यात्री फंसे हुए हैं। बीआरओ के कमांडर कर्नल अनिल कोटियाल ने बताया कि भूस्खलन की सूचना मिलने पर संगठन ने कर्मियों और मशीनरी को काम पर लगा दिया है और मलबा हटाकर तथा सड़क की मरम्मत करके संपर्क बहाल करने का काम युद्धस्तर पर शुरू किया गया है।

## वोट के लिए तालिबान, अफगान व पाक का मुद्दा उठाती है भाजपा

भाषा। जम्मू

**पीडीपी की** अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने भारतीय जनता पार्टी पर तालिबान, अफगानिस्तान और पाकिस्तान के मुद्दों पर वोट हासिल करने का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा भगवा पार्टी का सात साल का शासन देश के लोगों के लिए मुसीबत लाया है और इसने जम्मू कश्मीर को बर्बाद कर दिया। मुफ्ती ने दावा किया कि भाजपा के कार्यकाल में हिंदू नहीं, बल्कि लोकतंत्र और भारत खतरे में हैं। कांग्रेस के पिछले 70 वर्षों के सभी अच्छे काम को भाजपा बर्बाद करने पर तुली है और भगवा पार्टी ने देश के संसाधनों को बेचना शुरू कर दिया है।

पीडीपी अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र में सत्तारूढ़ दल ने विपक्षी दलों के विधायकों को खरीदने या डराने के लिए अपना खजाना भरने के वास्ते आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को बढ़ाना शुरू कर दिया है। केंद्र में भाजपा नीत सरकार अपनी तिजोरी भरने के लिए पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ा रही है, कर



लगाए गए हैं और अपने प्रचार पर वह करोड़ों रुपए का इस्तेमाल कर रही है। भाजपा ऐसे धन का उपयोग अन्य दलों के विधायकों को खरीदने और सरकारी एजेंसियों का इस्तेमाल उन लोगों को डराने के लिए करती है जो उसके प्रस्ताव को ठुकरा देते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने आलोचकों पर कटाक्ष किया और कहा कि तालिबान का उल्लेख करने भर से किसी को राष्ट्र-विरोधी करार दिया जाता है और बहस तथा चर्चाएं शुरू हो जाती हैं, जबकि किसानों के आंदोलन, महंगाई और सार्वजनिक महत्व के अन्य मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। पीडीपी की युवा इकाई द्वारा आयोजित रैली को संबोधित करते हुए मुफ्ती ने कहा, जम्मू-कश्मीर संकट में है और यही हाल देश का है। वह (भाजपा) कहती है कि हिंदू खतरे में हैं लेकिन वे (हिंदू) खतरे में नहीं हैं। असल में उनकी (भाजपा की) वजह से भारत और लोकतंत्र खतरे में हैं। महबूबा पुंछ और राजौरी जिलों के पांच दिवसीय दौरे के बाद शनिवार देर रात जम्मू पहुंचीं। जम्मू में पीडीपी अध्यक्ष को राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के विरोध का सामना करना पड़ा। डोगरा चौक के पास मुफ्ती के काफिले को रोकने के प्रयास को पुलिस ने नाकाम कर दिया। पीडीपी प्रमुख ने कहा, जैसे-जैसे विभिन्न राज्यों में चुनाव नजदीक आएंगे, भाजपा तालिबान और अफगानिस्तान का नाम लेना शुरू कर देगी और अगर इससे बात नहीं बनी, तो पाकिस्तान और ड्रोन के विषय को सामने ले आएगी। मुफ्ती ने कहा, वे चीन के बारे में बात नहीं करेंगे जिसने लद्दाख में घुसपैठ की है क्योंकि उन्हें उस देश के बारे में बात करने से वोट नहीं मिलता है। अगर आप लोगों को डराना चाहते हैं तो तालिबान, अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बारे में बात करना होगा और कुछ ऐसा करना होगा जिससे कि वोट मिले। उप्र में आगामी विस चुनावों का जिक्र करते हुए मुफ्ती ने आरोप लगाया कि राज्य के मौजूदा मुख्यमंत्री (योगी ) रोजगार प्रदान करने, सड़क और स्कूल की व्यवस्था करने में विफल रहे, गंगा नदी जिसे देश के लोगों द्वारा पवित्र माना जाता है, उसमें शव बहते नजर आए क्योंकि लोगों के पास अपने सगे-संबंधियों का अंतिम संस्कार करने के लिए पैसे नहीं हैं।



बडगाम में अखरोट का धुलाई करते हुए ग्रामीण।

# वैश्विक रुख से तय होगी शेयर बाजारों की दिशा: विश्लेषक

भाषा। नई दिल्ली

**शेयर बाजारों** की दिशा इस सप्ताह वैश्विक रुख से तय होगी। विश्लेषकों का कहना है कि इस सप्ताह घरेलू मोर्चे पर बड़े वृहद आर्थिक आंकड़े नहीं आने हैं, ऐसे में निवेशकों की निगाह अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों पर निर्णय और वैश्विक संकेतकों पर रहेगी। बीते सप्ताह सेंसेक्स और निफ्टी अपने नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गए। विश्लेषकों ने कहा कि सकारात्मक आर्थिक आंकड़ों और दूरसंचार, बैंकिंग और वाहन क्षेत्र में सरकार के सुधारों से बाजार की धारणा मजबूत हुई। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, हालिया समय में बाजार ने काफी शानदार प्रदर्शन किया है, जबकि वैश्विक बाजारों में कुछ कमजोरी आई है। ऐसे में यह सप्ताह भारतीय बाजारों की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेगा। इसके अलावा 21 और 22 सितंबर को होने वाली एफओएमसी (फेडरल ओपन मार्केट कमेटी) की बैठक के नतीजे भी बाजार को प्रभावित करेंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक के अलावा बैंक ऑफ जापान भी इस सप्ताह 22 सितंबर को अपनी मौद्रिक समीक्षा पेश करेगा। मीणा ने कहा कि डॉलर सूचकांक का उतार-चढ़ाव तथा अमेरिकी बांड पर प्राप्ति भी भारत जैसे उभरते बाजारों के बर्ताव को प्रभावित करेगी। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 710 अंक या 1.21 प्रतिशत के लाभ में रहा। बृहस्पतिवार को पहली बार सेंसेक्स




59,000 अंक के स्तर पर पहुंचा। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक से पहले इस सप्ताह बाजारों में बेचैनी देखी जा सकती है। कोटक सिक्योरिटीज लि. के प्रमुख (इक्विटी शोध-खुदरा) श्रीकांत चौहान ने कहा कि फेडरल रिजर्व की दो दिन की बैठक 21 सितंबर से होगी। वैश्विक बाजारों की निगाह उसके बांड खरीद कार्यक्रम पर रहेगी। सैमको सिक्योरिटीज के एक नोट में कहा गया है कि दुनियाभर के निवेशकों की निगाह एफओएमसी की बैठक पर रहेगी। इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों के रुख, डॉलर के मुकाबले रुपए के उतार-चढ़ाव तथा ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों से भी बाजार की दिशा तय होगी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि इस सप्ताह वैश्विक स्तर पर सभी की निगाह फेडरल रिजर्व सहित अन्य केंद्रीय बैंकों की नीतिगत बैठकों पर रहेगी।

## सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से चार कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 65,464 करोड़ रुपए बढ़ा

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से चार कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 65,464.41 करोड़ रुपए का उछाल आया। भारती एयरटेल और भारतीय स्टेट बैंक सबसे अधिक लाभ में रहें। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 710 अंक या 1.21 प्रतिशत चढ़ गया। बृहस्पतिवार को पहली बार सेंसेक्स 59,000 अंक के स्तर पर पहुंचा। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर लि., एचडीएफसी, आईसीआईसीआई बैंक और बजाज फाइनेंस के बाजार मूल्यांकन में सामूहिक रूप से 43,746.79 करोड़ रुपए की गिरावट आई। वहीं इस दौरान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण बढ़ गया। समीक्षाधीन सप्ताह में भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 22,984.14 करोड़ रुपए बढ़कर 3,99,901.97 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। भारतीय स्टेट बैंक का बाजार मूल्यांकन 19,500.28 करोड़ रुपए की बढ़त के साथ 4,05,221.99 करोड़ रुपए रहा। टीसीएस की बाजार हैसियत 14,315.33 करोड़ रुपए के उछाल से 14,16,903.13 करोड़ रुपए पर और एचडीएफसी बैंक की 8,664.66 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 8,76,597.86 करोड़ रुपए रही। इस रुख के उलट रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 22,219.75 करोड़ रुपए घटकर 15,15,380.48 करोड़ रुपए रह गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 20,605.92 करोड़ रुपए के नुकसान से 6,39,335.53 करोड़ रुपए रही। एचडीएफसी का बाजार पूंजीकरण 576.19 करोड़ रुपए घटकर 5,10,550.29 करोड़ रुपए पर और इन्फोसिस का 212.1 करोड़ रुपए के नुकसान से 7,17,427.09 करोड़ रुपए रह गया।

## क्विक न्यूज

### साझा सेवा केंद्रों में राशन कार्ड से संबंधित सेवाएं भी उपलब्ध होंगी

**नई दिल्ली।** देशभर मे 3.7 लाख से अधिक साझा सेवा केंद्रो (सीएससी) मे अब राशन कार्ड से संबंधित सेवाएं भी उपलब्ध होंगी। इन सेवाओ में नए राशन कार्ड के लिए आवेदन करना, ब्योरे का अद्यतन करना और उसे आधार से जोड़ना शामिल है। इस कदम से देशभर के 23.64 करोड़ राशन कार्डधारकों को लाभ होगा। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग ने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्रालय की अधीनस्थ विशेष इकाई सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लि. के साथ करार किया है। इस करार का मकसद अर्द्धशहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में राशन की आपूर्ति को सुसंगत करना और सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत करना है। देश में 3.7 लाख सीएससी के जरिए राशन कार्ड सेवाओ के लिए खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग तथा सीएससी ने सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। बयान में कहा गया है कि इस भागीदारी से देशभर के 23.64 करोड़ राशन कार्डधारकों को फायदा होगा। अब वे नजदीकी सीएससी केंद्र जाकर अपने कार्ड ब्योरे का अद्यतन कर सकेंगे, कार्ड की डुप्लिकेट प्रति हासिल कर सकेंगे, कार्ड को आधार से जोड़ सकेंगे, राशन की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे तथा अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे। इसके अलावा मौजूदा राशन कार्डधारक यदि नए राशन कार्ड के लिए आवेदन करना चाहते है, तो वे भी नजदीकी सीएससी मे जाकर आवेदन कर सकेंगे। सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया के प्रबंध निदेशक दिनेश त्यागी ने कहा, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के साथ हमारी भागदारी के बाद सीएससी का संचालन करने वाले हमारे ग्राम स्तर के उद्यमी (वीएलई) ऐसे लोगों तक पहुंच सकेंगे जिनके पास राशन कार्ड नही हैं। वे उन्हें सार्वजनिक वितरण प्रणाली और मुफ्त राशन की विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पाने में मदद करेंगे।

### एडवेंट इंटरनेशनल ने 4,400 करोड़ रुपये में यूरेका फोर्ब्स की 72 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी

**मुंबई।** शापूरजी पलोनजी (एसपी) ग्रुप ने यूरेका फोर्ब्स में 72 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए अमेरिकी निजी इक्विटी फंड एडवेंट इंटरनेशनल की 4,400 करोड़ रुपए की पेशकश को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही व्यापार समूह ने लंबे इंतजार के बाद यूरेका फोर्ब्स लेबल के तहत अपने घरेलू इस्तेमाल के उपकरणों के कारोबार की बिक्री प्रक्रिया को पूरा कर लिया है। नवंबर 2019 में शुरू हुई इस बिक्री प्रक्रिया से 156 साल से अधिक पुराने एसपी ग्रुप को कर्ज के ढेर से निपटने में मदद मिलेगी और साथ ही वह एफकॉन्स लेबल के तहत अपने प्रमुख निर्माण एवं इंजीनियरिंग कारोबार पर और ध्यान केंद्रित कर पाएगा।एसपी ग्रुप ने रविवार को कहा कि 72.56 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए 4,400 करोड़ रुपए का मूल्यांकन उद्यम स्तर पर है और समायोजन के समापन के अधीन है तथा इसमें यूरेका फोर्ब्स की डीमर्जर और लिस्टिंग के बाद शेष हिस्सेदारी के लिए एक खुली पेशकश भी शामिल है।टाटा ग्रुप में 18 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सेदारी रखने वाले शापूरजी पलोनजी ग्रुप पर इस समय 20,000 करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज है।

### आपदा अलर्ट प्रसारण के लिए मीडिया का इस्तेमाल करने से जुड़ी प्रौद्योगिकी का विकास कर रही है सी-डॉट

**नई दिल्ली।** सरकार द्वारा संचालित सी-डॉट स्थानीय भाषाओं में आपदा से जुड़े अलर्ट प्रसारित करने के लिए टेलीविजन, मोबाइल फोन, रेलवे घोषणाओ जैसे अलग-अलग मीडिया मंचो का इस्तेमाल करने की खातिर एक प्रौद्योगिकी विकसित कर रही है।सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सी-डॉट) के चेयरमैन और कार्यकारी निदेशक राजकुमार उपाध्याय ने पीटीआई-भाषा से कहा कि सी-डॉट राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के लिए प्रणाली का विकास कर रही है और उम्मीद है कि यह 18 महीने में तैयार हो जाएगी।उन्होने कहा, हम पूरे भारत के लिए एक एकीकृत अलर्ट प्रणाली विकसित कर रहे है जो किसी आपातकालीन स्थिति में सभी माध्यमों के पास अलर्ट भेज सकता है। इसे एनडीएमए द्वारा तैनात किया जाएगा। एक बार प्रणाली के तैनात होने के बाद, संबंधित विभाग को केवल कलम से मानचित्र पर क्षेत्र को चिह्नित करना होगा और अलर्ट स्थानीय भाषा में उस क्षेत्र के सभी माध्यमों के पास चला जाएगा। सी-डॉट अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) द्वारा अनुशंसित कॉमन अलर्टिंग प्रोटोकॉल (सीएपी) के आधार पर एकीकृत अलर्ट प्रणाली के लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकी विकसित कर रही है।

### सुरक्षा की दृष्टि से छोटी कारों में भी पर्याप्त एयरबैग जरूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि छोटी कारों में भी सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त संख्या में एयरबैग होने चाहिए। आमतौर पर छोटी कारों की खरीद कम आय वर्ग वाले मध्यवर्गीय लोगो द्वारा की जाती है। गडकरी ने सवाल किया कि वाहन कंपनियां सिर्फ अमीर लोगो द्वारा खरीदी जाने वाली बड़ी कारों मे ही आठ एयरबैग क्यों उपलब्ध कराती है। गडकरी ने साक्षात्कार में कहा कि छोटी सस्ती कारों में अधिक एयरबैग की अपील वह सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कर रहे है। उनका यह बयान ऐसे समय आया है जबकि वाहन उद्योग ने इस बात को लेकर चिंता जताई है कि ऊंचे कराधान तथा सख्त सुरक्षा और उत्सर्जन नियमों की वजह से उनके उत्पाद महंगे हो गए है। उन्होंने कहा, छोटी कारो की खरीद निम्न मध्यम आय वर्ग के लोगो द्वारा की जाती है। यदि उनकी कारो मे एयरबैग नही होगा, तो दुर्घटना की स्थिति मे उनकी जान जा सकती है। ऐसे में मै सभी कार विनिर्माताओं से अपील करूंगा कि वे अपने वाहनों के सभी संस्करणों में कम से कम छह एयरबैग उपलब्ध कराएं। उन्होंने इस बात को स्वीकार किया अतिरिक्त एयरबैग से छोटी कारों की लागत कम से कम 3,000 से 4,000 रुपए बढ़ जाएगी।

### वोडाफोन आइडिया का 5जी परीक्षण में 3.7 जीबीपीएस की गति हासिल करने का दावा

**नई दिल्ली।** कर्ज में डूबी दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया ने रविवार को दावा किया कि पुणे में 5जी परीक्षण के दौरान उसने 3.7 गीगाबिट प्रति सेकेंड (जीबीपीएस) की सर्वोच्च गति हासिल की है, जो भारत मे किसी भी दूरसंचार सेवाप्रदाता द्वारा हासिल की गई सबसे तेज गति है। कंपनी ने गांधीनगर और पुणे मे मिड-बैंड स्पेक्ट्रम मे 1.5 जीबीपीएस डाउनलोड की गति दर्ज करने का भी दावा किया है।दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने वीआई (वोडाफोन आइडिया) को 5जी नेटवर्क परीक्षणो के लिए पारंपरिक 3.5 गीगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम बैंड के साथ-साथ 26 गीगाहर्ट्ज (जीएचजेड) जैसे हाई फ्रीक्वेंसी बैंड आवंटित किए है। कंपनी ने एक बयान में कहा, वीआई ने पुणे शहर मे क्लाउड कोर, नई पीढ़ी के ट्रांसपोर्ट और रेडियो एक्सेस नेटवर्क के एंड-टू-एंड कैप्टिव नेटवर्क के लैब सेट-अप मे अपना 5जी परीक्षण तैनात किया है। इसमे कहा गया, इस परीक्षण मे, वीआई ने एमएमवेव (मिलीमीटर वेव) स्पेक्ट्रम बैंड पर बहुत कम विलंबता के साथ 3.7 जीबीपीएस से अधिक की सर्वोच्च गति हासिल की है। दूरसंचार विभाग ने इस साल मई मे रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन तथा बाद मे एमटीएनएल के आवेदनो को मंजूरी दी थी। उन्हे दूरसंचार उपकरण निर्माताओ - एरिक्सन, नोकिया, सैमसंग और सी-डॉट के साथ छह महीने के परीक्षण के लिए मंजूरी दी गई है।

## इलेक्ट्रिकिल उपकरणों का बाजार 2025 तक 72 अरब डॉलर पर पहुंचेगा

भाषा। नई दिल्ली

**आइमा के अध्यक्ष ने कहा, हमारा सरकार से आग्रह है कि वह ऊर्जा दक्षता और जलवायु परिवर्तन के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए बिजली उपकरण विनिर्माताओं को प्रोत्साहन दें**

**बिजली (इलेक्ट्रिकिल)** उपकरणों का घरेलू बाजार सालाना आधार पर 12 प्रतिशत की दर से बढ़कर 2025 तक 72 अरब डॉलर पर पहुंच जाएगा। उद्योग के एक कार्यकारी ने यह जानकारी दी। भारतीय इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माता संघ (आइमा) के अध्यक्ष अनिल साबू ने पीटीआई-भाषा से कहा कि अभी देश का बिजली उपकरणों का बाजार 48 से 50 अरब डॉलर का है।उन्होंने कहा, हम इसमें सालाना 11 से 12 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करेंगे। 2025 तक यह बाजार 72 अरब डॉलर का होगा। उन्होंने कहा कि भारत से मूल्य के हिसाब से निर्यात मौजूदा के 8.62 अरब डॉलर से बढ़कर 13 अरब डॉलर पर पहुंच जाएगा। दुनिया अब भारत को चीन के विकल्प के रूप में देख रही है। साबू ने कहा कि पेरिस समझौते के तहत कुल कॉर्बन उत्सर्जन में कटौती के लक्ष्य तथा देश के नवीकरणीय ऊर्जा के लक्ष्य को हासिल करने में बिजली उपकरण उद्योग की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। भारत ने 2022 तक 175 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने का लक्ष्य रखा है। इसे 2030 तक 450 गीगावॉट करने का लक्ष्य है। साबू ने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य को हासिल करने के लिए नई पीढ़ी के उपकरणों की जरूरत होगी। घरेलू कंपनियां स्थानीय स्तर पर अपनी जरूरतों को पूरा करने का प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा, उपकरणों का विनिर्माण बढ़ने से हमारा उद्योग इन लक्ष्यों को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। आइमा के अध्यक्ष ने कहा, हमारा सरकार से आग्रह है कि वह ऊर्जा दक्षता और जलवायु परिवर्तन के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए बिजली उपकरण विनिर्माताओं को प्रोत्साहन दे। उन्हें निर्यात के लिए आवश्यक प्रोत्साहन दिया जाए और शोध एवं विकास के लिए कोष उपलब्ध कराया जाए। साबू ने कहा कि उद्योग को भरोसा है कि वह 2030 तक 450 गीगावॉट के नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य को हासिल करने के लिए हर साल 18 अरब डॉलर का निवेश हासिल करने में सफल रहेगा।

## ई-श्रम पोर्टल पर अब तक एक करोड़ से अधिक श्रमिकों का हुआ पंजीकरण

भाषा। नई दिल्ली

**श्रम मंत्रालय** ने रविवार को कहा कि असंगठित श्रमिकों के लिए बनाए गए ई-श्रम पोर्टल पर अबतक एक करोड़ से अधिक श्रमिक अपना पंजीकरण करा चुके है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ई-श्रम पोर्टल पर अबतक एक करोड़ से अधिक असंगठित श्रमिकों का पंजीकरण हो चुका है और यह असंगठित श्रमिकों से जुड़ा देश का पहला राष्ट्रीय डेटाबेस है। ई-श्रम पोर्टल पर प्रवासी कामगारों के पंजीकरण की सुविधा के लिए अभियान 26 अगस्त, 2021 को शुरू किया गया था जिसके बाद से बड़ी संख्या में श्रमिकों ने इस पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराया गया है। बयान के अनुसार पोर्टल के शुरू किए जाने के 24 दिनों में एक करोड़ श्रमिकों ने इस पोर्टल पर पंजीकरण कराया है। विभिन्न क्षेत्रों के असंगठित श्रमिकों का व्यापक डेटाबेस तैयार करने की दिशा में उठाया गया यह पहला कदम है। इसमें निर्माण, परिधान विनिर्माण, मछली पकड़ना, फुटकर विक्रेय, घरेलू काम, कृषि और संबद्ध वर्ग, परिवहन क्षेत्र आदि के असंगठित श्रमिक शामिल हैं। आर्थिक सर्वेक्षण 2019-20 के अनुसार, देश में अनुमानित रूप से 38 करोड़ असंगठित श्रमिक हैं, जिन्हें इस पोर्टल पर पंजीकृत करने का लक्ष्य रखा गया है।

### अमेजन पर विक्रेता अब तीन और भाषाओं में अपने ऑनलाइन कारोबार का प्रबंधन कर सकेंगे

**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने रविवार को कहा कि अमेजनडॉटइन पर विक्रेता अब मलयालम, तेलुगु और बंगाली जैसी तीन भाषाओँ में पंजीकरण और अपने ऑनलाइन कारोबार का प्रबंधन कर सकेंगे। अमेजन ने एक बयान में कहा कि यह कदम आगामी त्योहारी सीजन को ध्यान में रख कर उठाया गया है, जिससे मौजूदा विक्रेताओं, कई संभावित और नए विक्रेताओं को अपना कारोबार चलाने के लिए विभिन्न स्तरों के बाजारों से लाभ मिलेगा। साथ ही वे अपने पसंद की भाषा में काम कर सकते है। इस पेशकश के साथ अमेजनडॉटइन अब विक्रेताओं को बंगाली, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, मराठी, मलयालम, तेलुगु, तमिल और अंग्रेजी समेत कुल आठ भाषाओं में अपने ऑनलाइन व्यवसाय का प्रबंधन करने का विकल्प देता है। कंपनी ने कहा कि किसी भी क्षेत्रीय भाषा का उपयोग करते हुए विक्रेता पहली बार अमेजन विक्रेता के रूप में पंजीकरण करने के साथ-साथ ऑर्डर प्रबंधित करने तक सब कुछ कर सकते हैं।

### हिमाचल के हथकरघा जैविक फल कारोबारी ई-कॉमर्स मंचों के जरिए अपने उत्पादों की बिक्री करेंगे

शिमला । हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध हस्तनिर्मित शॉल, स्वेटर, कालीन, जैविक शहद, फल और मसाले के कारोबारी अपने उत्पादों की बिक्री के लिए जल्द ही अमेजन, फ्लिपकार्ट और सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जेम) जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होंगे।हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण विकास मंत्री वीरेंद्र कंवर ने कहा कि राज्य सरकार 27,000 स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) से जुड़ी 2.80 लाख महिलाओं को ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म तक पहुंच प्रदान करने की योजना बना रही है ताकि वे अपने उत्पादों को बड़े बाजार में बेच सकें।

## मोटे अनाज जैसे स्वस्थ खाद्य पदार्थों के लिए गंतव्य देश बन रहा है भारत

भाषा। नई दिल्ली

**कृषि मंत्री** नरेंद्र सिंह तोमर ने रविवार को जी-20 देशों की कृषि बैठक में कहा कि भारत मोटे अनाज जैसे स्वस्थ खाद्य पदार्थों के लिए गंतव्य देश बन रहा है और सरकार कुपोषण को दूर करने के लिए बायोफोर्टिफाइड किस्मों को बढ़ावा दे रही है। बायोफोर्टिफाइड किस्मों का मतलब फसलों की उन किस्मों से हैं जिनमें अलग-अलग प्रक्रियाओं की मदद से सूक्ष्म पोषक तत्वों की मात्रा बढ़ाई जाती है।उन्होंने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बैठक में हिस्सा लिया। तोमर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने भारत के




प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष के रूप में घोषित किया है और जी-20 देशों से पोषण और सतत कृषि को बढ़ावा देने के लिए 2023 को मोटा अनाज वर्ष के रूप में मनाने में मदद करने का आग्रह किया। जी20 कृषि मंत्रियों की बैठक अक्टूबर में इटली में होने वाले जी20 लीडर्स समिट 2021 के हिस्से के रूप में आयोजित किए जा रहे मंत्रिस्तरीय बैठकों में से एक है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार तोमर ने कहा, "भारत सरकार ने लोगों के आहार में बाजरा, अन्य पौष्टिक अनाज, फल एवं सब्जियां, मछली, डेयरी और जैविक उत्पादों सहित पारंपरिक खाद्य पदार्थों को फिर से शामिल करने पर जोर दिया है। हाल के वर्षों में भारत में उनका उत्पाद अभूतपूर्व रहा है और भारत स्वस्थ खाद्य पदार्थों के लिए एक गंतव्य देश बन रहा है। तोमर ने कहा कि बायोफोर्टिफाइड-किस्में सूक्ष्म पोषक तत्वों से भरपूर मुख्य आहार का स्रोत हैं और उन्हें कुपोषण को दूर करने के लिए बढ़ावा दिया जा रहा है।

## अफगानिस्तान में आगे निवेश पर फैसला प्रधानमंत्री करेंगे : गडकरी

भाषा। नई दिल्ली



**अफगानिस्तान** पर तालिबान के कब्जे के बाद वहां भारतीय निवेश को लेकर व्यापक चिंता जताई जा रही है। ऐसे में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को कहा कि इस युद्धग्रस्त देश में आगे बुनियादी ढांचा निवेश को जारी रखने के बारे में निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विदेश मंत्री के साथ वहां के मौजूदा हालात पर विचार-विमर्श के बाद करेंगे। गडकरी ने कहा कि अफगानिस्तान में भारत ने कई बुनियादी ढांचा परियोजनाएं पूरी की हैं। कुछ परियोजनाएं अभी लंबित हैं। पिछले महीने तालिबान ने अफगानिस्तान का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया था। तालिबान ने पश्चिम के समर्थन से बनी पिछली सरकार का अपदस्थ कर दिया था। मंत्री ने कहा, हमने वहां बांध (सलमा बांध) बनाया है। हमने अफगानिस्तान में जल संसाधन जैसे क्षेत्रों में काम किया है। गडकरी ने कहा, नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर इस बात पर फैसला करेंगे कि क्या भारत अब अफगानिस्तान में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में निवेश करेगा या नहीं।

# पेज एक का शेष

### काम के...

का सम्मान है। महिला सुरक्षा और स्वावलम्बन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि 2017 में हमने एंटी रोमियो स्क्वाड गठित कर जो प्रयास शुरू किया था आज वह मिशन शक्ति के तीसरे चरण के रूप में महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन से जुड़ चुका है। एक करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर स्वावलंबी हो रही हैं। 2005-06 में यहां खाद्यान्न घोटाला हुआ था, लोग भूख से मरते थे, हमने जांच कराई तो 40 लाख फर्जी राशन कार्ड मिले। आज कोविड काल में 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 विधानसभा चुनाव में जनता के सामने प्रस्तुत लोककल्याण संकल्प पत्र का एक-एक वादा पूरा किया गया है। विपक्ष को अपनी जानकारी बढ़ाने के लिए भाजपा संगठन के प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होना चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों की बदनीयती से आहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस प्रदेश को देश के विकास में अवरोधक बताया था। आज प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में यह राज्य केंद्र सरकार की 44 जनकल्याणकारी योजनाओं में पहले स्थान पर है। पीएम किसान योजना हो, स्वच्छ भारत मिशन हो, उज्ज्वला, सिंचाई अथवा, फसल बीमा योजना हो उत्तर प्रदेश सभी में शीर्ष स्थान पर है। गेहूं और धान खरीद में रिकॉर्ड बनाया, सीधा लाभ किसानों को मिला। यही नहीं, 24 करोड़ जनता के हित सुरक्षित रखने के लिए तकनीक के प्रयोग से भ्रष्टाचार भी समाप्त किया गया। डीबीटी के माध्यम से 5 लाख करोड़ सीधे लाभार्थियों के खाते में भेजे गए। जिस यूपी में पिछली सरकारें चीनी मिलों को औने पौने दाम पर बेच रहीं थीं आज वहां नई चीनी मिलें भी खुल रही हैं। सीएम ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश की सरकार अपने कार्यकाल के सफलतम साढ़े वर्ष पूर्ण कर रही है। इस अवधि में हम प्रदेश की छवि में सकारात्मक बदलाव लाने में सफल हुए हैं। कोविड की चुनौतियों का जिक्र करते हुए सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में यूपी के कोरोना प्रबंधन के मॉडल को हर ओर सराहा जा रहा है। कोरोना काल में ही देश की पहली मोबाइल डिस्प्ले यूनिट यूपी में लगी और चीन से कारोबार खत्म कर भारत आई इस कम्पनी के भारत में यूपी को चुना। उन्होंने कहा कि यह नया उत्तर प्रदेश निवेशकों की पहली पसंद है तो पर्यटकों के मन की चाह भी है। सीएम योगी ने अयोध्या में निर्माणाधीन श्रीराम मंदिर का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पहले कुत्सित विचारों वाले विपक्षी दल अयोध्या जाने से डरते थे और हम पर तंज करते थे कि मंदिर वहीं बनाएंगे पर तारीख नहीं बताएंगे। आज पूरी दुनिया अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण देख रही है। सीएम ने कहा कि अयोध्या दीपोत्सव, काशी की देव दीपावली, बरसाना का रंगोत्सव दुनिया को भारत की संस्कृति से परिचय करा रहा है। विंध्य धाम, नैमिष धाम, शुकतीर्थ के विकास का काम तेजी से चल रहा है। यह आस्था का सम्मान है। सीएम ने कहा कि हम आजादी के दीवानों के सम्मान ने चौरीचौरा शताब्दी वर्ष मना रहे हैं, तो शहीद सैनिकों के नाम बलिदान को नमन करते हुए उनके नाम पर सडकों का नामकरण कर रहे हैं। शहीदों के परिजनों को नौकरी देने का काम कर रहे हैं। इससे पहले मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी ने विगत साढ़े चार वर्ष में विभिन्न क्षेत्रों में हुए राज्य के विकास का संक्षिप्त परिचय दिया, वहीं डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से सरकार के प्रयास से हो रहे सकारात्मक बदलाव की झलक भी दिखाई गई। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य और डॉ. दिनेश शर्मा, भाजपा के प्रदेश प्रभारी राधामोहन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सहित मंत्रिपरिषद और सरकार के उच्चाधिकारी मौजूद थे।

### योगी ने...

उपलब्धियों को दर्शाती 50 पृष्ठ की एक पुस्तिका और 16 पृष्ठ के फोल्डर का विमोचन किया। पुस्तिका में एक अन्य संदेश में मोदी ने कहा गत साढे चार वर्षों में राष्ट्रीय पटल पर एक नया, सक्षम और समर्थ उत्तर प्रदेश उभरकर सामने आया है। कभी देश में पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था का दंश झेलने वाला उत्तर प्रदेश आज लगातार प्रयासों से दूसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बन गया है। इसी पुस्तिका में प्रधानमंत्री के प्रति योगी ने एक संदेश लिखा है आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल मार्गदर्शन में भारत वर्ष में 75 करोड़ से अधिक टीकाकरण हो चुका है। यह आत्मनिर्भर भारत के सामर्थ्य की एक झांकी है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि सशक्त नेतृत्व के महत्व को प्रकट करती है, निश्चित ही कोरोना हारेगा-भारत जीतेगा। पुस्तिका के प्रारंभ में उत्तर प्रदेश को शून्य से शिखर तक ले जाने की गाथा शीर्षक से राज्य सरकार के 54 महीनों के कार्यकाल की चर्चा की गई है। इसके बाद भारत सरकार की प्रमुख योजनाओं में उत्तर प्रदेश की प्रगति, देश में अग्रणी योजनाओं का ब्यौरा, माफिया पर केंद्रित कानून-व्यवस्था की उपलब्धियों समेत बिंदुवार अलग-अलग उपलब्धियां गिनाई गई हैं। सरकार की उपलब्धियों से संबंधित जिस पुस्तिका का मुख्यमंत्री ने विमोचन किया, उसमें लिखा गया है, प्रदेश सरकार ने दूरदर्शी योजनाएं तैयार कर उन्हें धरातल पर उतारा।

### विवाह व...

जाए। मैदान की क्षमता से अधिक लोग न रहे। मूर्तियों के विसर्जन में छोटे वाहनों का प्रयोग किया जाए तथा मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम में न्यूनतम व्यक्ति ही शामिल हो। मूर्ति विसर्जन आदि के समय निर्धारित सीमा से अधिक लोग न हो तथा शारीरिक दूरी व मास्क पहनने के नियमों का पालन अवश्य किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी धार्मिक स्थल पर क्षमता से अधिक लोगों की भीड़ एकत्र न होने पाए। निर्देशों में कहा गया है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि यातायात बाधित न हो एवं बैरियर व पुलिस चेक पोस्ट लगाकर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कराई जाए तथा मोटर वाहन अधिनियम के नियमों का सख्ती से पालन किया जाए। साथ ही जन सुविधाएं यथा बिजली पेयजल एवं साफसफाई पर भी विशेष ध्यान देने के लिए कहा गया है। जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे सुनिश्चित करें कि इस अवसर पर सामाजिक एवं सांप्रदायिक सौहार्द बना रहे तथा सुरक्षा व्यवस्था इस प्रकार सुनिश्चित की जाए कि किसी भी तरह की कानून व्यवस्था की समस्या उत्पन्न न होने पाए। संवेदनशील क्षेत्रों व अन्य स्थानों पर भी मोबाइल पेट्रोलिंग कराई जाए। शासन द्वारा चेहल्लुम के अवसर पर भी कानून व्यवस्था एवं सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने हेतु तथा कोविड.19 महामारी के प्रभाव को कम करने के लिए भी आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। जिला प्रशासन से यह भी अपेक्षा की गई है कि अनुमति इस शर्त के साथ दी जाए कि कोविड-19 प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन किया जाए।

### चरणजीत चन्नी...

कुछ महीने पहले चन्नी को मुख्यमंत्री बनाकर कांग्रेस सामाजिक समीकरण साधने की कोशिश में है। प्रदेश में 30 प्रतिशत से अधिक दलित आबादी है। अमरिंदर सिंह ने शनिवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था और कहा था कि विधायकों की बार-बार बैठक बुलाए जाने से उन्होंने अपमानित महसूस किया, जिसके बाद उन्होंने यह कदम उठाया।

### अफगान पर...

परिषद समझौते के क्रियान्वयन की समीक्षा की, जिसपर अक्टूबर 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सऊदी अरब की यात्रा के दौरान हस्ताक्षर हुए थे। उसने कहा कि दोनों पक्षों ने समझौते के तहत हुई बैठकों और प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। मंत्रालय ने कहा, दोनों पक्षों ने व्यापार, निवेश, ऊर्जा, रक्षा, सुरक्षा, संस्कृति, दूतावास मुद्दों, स्वास्थ्य देखभाल और मानव संसाधन में अपनी साझेदारी को मजबूत करने के लिए और कदम उठाने पर चर्चा की। मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने संयुक्त राष्ट्र, जी-20 और खाड़ी सहयोग परिषद जैसे बहुपक्षीय मंचों पर द्विपक्षीय सहयोग पर भी चर्चा की। सऊदी विदेश मंत्री का सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने का कार्यक्रम है। वह इस यात्रा पर ऐसे वक्त आए हैं, जब भारत, अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद के घटनाक्रमों को लेकर सभी ताकतवर देशों के संपर्क में है। बताया जाता है कि जयशंकर और अल सऊद के बीच वार्ता का मुख्य विषय अफगानिस्तान में हालात था। क्षेत्र का एक प्रमुख राष्ट्र होने के नाते काबुल में घटनाक्रमों पर सऊदी अरब का रुख मायने रखता है क्योंकि कतर तथा ईरान समेत खाड़ी क्षेत्र के अनेक देश अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे से पहले अफगान शांति प्रक्रिया में भूमिका निभा रहे थे।

### आईपीएल 2021...

विश्वास और मेरा समर्थन करने के लिए आरसीबी के प्रशंसकों को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा, यह शानदार और प्रेरणादाई यात्रा रही, आरसीबी टीम के प्रतिभावान खिलाडि़यों के समूह की कप्तानी करना। मैं इस मौके पर आरसीबी प्रबंधन, कोच, सहयोगी स्टाफ, खिलाडि़यों और पूरे आरसीबी परिवार को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने फ्रेंचाइजी की प्रगति में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, यह आसान फैसला नहीं था लेकिन काफी सोच विचार के साथ यह फैसला किया गया और इस शानदार फ्रेंचाइजी के सर्वश्रेष्ठ हित में है। कोहली ने कहा, मैंने टीम से बात की। यह मेरे दिमाग में था क्योंकि हाल में मैंने टी20 कप्तानी छोड़ने का फैसला किया जिससे कि अपने ऊपर पड़ रहे काम के काफी बोझ का प्रबंधन कर सकूं। उन्होंने कहा, मैं स्पष्ट होना चाहता था कि मुझे आगे कैसे बढ़ना है। मैंने प्रबंधन को साफ कर दिया है कि मैं आरसीबी के अलावा किसी और टीम का हिस्सा बनने के बारे में नहीं सोच सकता। कोहली को 2008 में लीग के शुरू होने पर आरसीबी में शामिल किया गया था। उन्हें 2013 में टीम की कप्तानी सौंपी गई। उनकी अगुआई में टीम कभी आईपीएल खिताब नहीं जीत पाई लेकिन उनकी ब्रांड कीमत के कारण उन्हें कभी कप्तानी से नहीं हटाया गया।

### तालिबान का...

अंकुश लगाने वाले कई फरमान जारी किए हैं। उसने मिडिल और हाई स्कूल की छात्राओं से कहा कि वे फिलहाल स्कूल नहीं आएं जबकि लड़कों के लिए इस हफ्ते के अंत से स्कूल खोल दिए गए हैं। विश्वविद्यालय की छात्राओं को सूचित किया गया है कि लड़के और लड़कियों की कक्षाएं की अलग-अलग होंगी और उन्हें सख्त इस्लामी पोशाक संहिता का पालन करना होगा। अमेरिका के समर्थन वाली पिछली सरकार में अधिकतर स्थानों पर विश्वविद्यालयों में सह शिक्षा थी। तालिबान ने पिछले महीने इस सरकार को अपदस्थ कर सत्ता पर कब्जा कर लिया था। तालिबान ने बीते शुक्रवार को महिला कार्य मंत्रालय को बंद कर दिया था और इसकी जगह 'सदाचार प्रचार एवं अवगुण रोकथाम' मंत्रालय स्थापित किया था और उसे इस्लामी कानून लागू करने का जिम्मा दिया गया है। रविवार को एक दर्जन से ज्यादा महिलाओं ने मंत्रालय के बाहर प्रदर्शन किया और उनके हाथों में तख्तियां थी जिनमें सार्वजनिक जीवन में महिलाओं की भागीदारी की मांग की गई थी।

# सुपरकिंग्स ने मुंबई को हराया

## ● रुतुराज ने नाबाद अर्धशतक जड़ा
## ● जीत के साथ चेन्नई अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंचा

**भाषा।** दुबई



अर्धशतक बनाने के बाद रुतुराज गायकवाड़

**सलामी** बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ के नाबाद अर्धशतक के बाद ड्वेन ब्रावो और दीपक चाहर तूफानी गेंदबाजी से चेन्नई सुपरकिंग्स इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां मुंबई इंडियन्स को 20 रन से हराकर अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। मई में आईपीएल के जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में कोविड-19 संक्रमण के कई मामले आने के बाद भारत में सत्र को निलंबित किए जाने के बाद सत्र बहाल होने पर यूएई में पहला मुकाबला था। चेन्नई के 157 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई की टीम ब्रावो (25 रन पर तीन विकेट) और दीपक (19 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने आठ विकेट पर 136 रन ही बना सकी। मुंबई की ओर से सौरभ तिवारी (40 गेंद में नाबाद 50, पांच चौके) ही 20 रन के आंकड़े को पार करने में सफल रहे।

चेन्नई सुपरकिंग्स ने गायकवाड़ (नाबाद 88) के करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी के अलावा रविंद्र जडेजा (26) के साथ पांचवें विकेट के लिए उनकी 81 और ब्रावो (आठ गेंद में 23, तीन छक्के) के साथ छठे विकेट के लिए 39 रन की साझेदारी से छह विकेट पर 156 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। गायकवाड़ ने 58 गेंद का सामना करते हुए चार छक्के और नौ चौके मारे।

उन्होंने ब्रावो के साथ मिलकर ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की जिससे सुपरकिंग्स अंतिम नौ ओवर में 109 रन जोड़ने में सफल रहे। मुंबई की ओर से एडम मिल्ने ने 21, जसप्रीत बुमराह ने 33 और ट्रेंट बोल्ट ने 35 रन देकर दो दो विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई की शुरुआत भी खराब रही और टीम ने पावर प्ले में 41 रन तक ही तीन विकेट गंवा दिए। क्विंटन डिकॉक (17) ने जोश हेजलवुड पर दो चौके मारे। उन्होंने दीपक पर भी चौका जड़ा लेकिन इस तेज गेंदबाज ने अगली गेंद पर उन्हें पगबाधा कर दिया। मैदानी अंपायर ने डिकॉक को आउट नहीं दिया था लेकिन महेंद्र सिंह धोनी ने तुरंत डीआरएस ले लिया जिसका फैसला गेंदबाज के पक्ष में गया। अनमोलप्रीत सिंह (16) ने चौथे ओवर में हेजलवुड पर दो चौके और एक छक्का जड़ा लेकिन अगले ओवर में दीपक ने उन्हें बोल्ड कर दिया।

**स्कोर बोर्ड**

चेन्नई सुपरकिंग्स: रुतुराज गायकवाड़ नाबाद 88, फाफ डुप्लेसिस का मिल्ने बो बोल्ट 00, मोईन अली का तिवारी बो मिल्ने 00, अंबाती रायुडू रिटायर्ड हर्ट 00, सुरेश रैना का चाहर बो बोल्ट 04, महेंद्र सिंह धोनी का बोल्ट बो मिल्ने 03, रविंद्र जडेजा का पोलार्ड बो बुमराह 2, ड्वेन ब्रावो का कृणाल बो बुमराह 23, शार्दुल ठाकुर नाबाद 01

अतिरिक्त: 11

कुल: 20 ओवर में छह विकेट पर: 156 रन

विकेट पतन: 1-1, 2-2, 3-7, 4-24, 5-105, 6-144

गेंदबाजी: बोल्ट 4-1-35-2, मिल्ने 4-0-21-2, बुमराह 4-0-33-2, पोलार्ड 2-0-15-0, चाहर 4-0-22-0, कृणाल 2-0-27-0

**मुंबई इंडियन्स:** क्विंटन डिकॉक पगबाधा बो चाहर 17, अनमोलप्रीत सिंह बो चाहर 16, सूर्यकुमार यादव का डुप्लेसिस बो ठाकुर 03, इशान किशन का रैना बो ब्रावो 11, सौरभ तिवारी नाबाद 50, कीरोन पोलार्ड पगबाधा बो हेजलवुड 15, कृणाल पंड्या रन आउट 04, एडम मिल्ने का स्थानापन्न बो ब्रावो 15, राहुल चाहर का रैना बो ब्रावो 00, जसप्रीत बुमराह नाबाद 01

अतिरिक्त: 04

कुल:20 ओवर में आठ विकेट पर: 136 रन

**विकेट पतन:** 1-18, 2-35, 3-37, 4-48, 5-87, 6-94, 7-134, 8-135

गेंदबाजी: चाहर 4-0-18-2, हेजलवुड 4-0-34-1, ठाकुर 4-0-29-1, मोईन 3-0-16-0, ब्रावो 4-0-25-3, जडेजा 1-0-13-0



मुंबई के लिए 100 आईपीएल मैच खेलने के अवसर पर तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को स्पेशल जर्सी प्रदान करते जहीर खान

### स्पेशल क्लब में शामिल हुए जसप्रीत बुमराह

**दुबई।** 2013 में आरसीबी के खिलाफ आईपीएल कैरियर का आगाज करने वाले जसप्रीत बुमराह आज अपना 100वां मुकाबला खेल रहे हैं। यह उपलब्धि हासिल करने वाले बुमराह टूर्नामेंट के 45वें खिलाड़ी बने। साथ ही मुंबई इंडियंस के लिए 100 मैच खेलने वाले बुमराह छठे प्लेयर बन गए हैं। उनसे पहले किरोन पोलार्ड (194), रोहित शर्मा (171), हरभजन सिंह (158), लसिथ मलिंगा (139) अंबाती रायडू (136) मैच के नाम आते हैं।

# लय बरकरार रखने उतरेगा आरसीबी

## ● केकेआर के साथ मुकाबला आज

**भाषा।** अबुधाबी



**इस** साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पहले चरण में अपने आलराउंड प्रदर्शन के दम पर सात में पांच मैच जीतने वाला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) अपनी उसी लय को बरकरार रखने जबकि दो बार का चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) नए सिरे से शुरुआत करके भाग्य बदलने के उद्देश्य से सोमवार को एक दूसरे का सामना करेंगे। विराट कोहली की अगुवाई वाली टीम आरसीबी आठ टीमों की तालिका में 10 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है जबकि 2012 और 2014 की चैंपियन केकेआर ने पहले चरण में सात मैचों में केवल दो में जीत दर्ज की और वह चार अंक के साथ सातवें स्थान पर है।

इयोन मोर्गन की अगुवाई वाली केकेआर 2014 की तरह भाग्य बदलने की उम्मीद कर रही है जब उसने लगातार नौ मैच जीतकर खिताब अपने नाम किया था। टीम के मुख्य मार्गदर्शक (मेंटर) डेविड हसी को भी उम्मीद है कि टीम अच्छे परिणाम हासिल करने में सफल रहेगी। केकेआर के लिए हालांकि यह आसान नहीं होगा क्योंकि उनका सामना मजबूत आरसीबी से है जिसके कप्तान कोहली अगले महीने विश्व कप के बाद टी-20 अंतरराष्ट्रीय की कप्तानी छोड़ने की घोषणा करने के बाद बड़ी पारियां खेलने के लिए बेताब होंगे।

इन दोनों टीमों के बीच अभी तक जो 27 मैच खेले गए हैं उनमें केकेआर ने 14 और आरसीबी ने 13 मैच जीते हैं। पहले चरण के मैच में हालांकि आरसीबी ने अपने इस प्रतिद्वंद्वी को 38 रन से हराया था। केकेआर बल्लेबाजी में शुभमन गिल और नितीश राणा पर काफी निर्भर है लेकिन दोनों पहले चरण में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। भारत में जैव सुरक्षित वातावरण में कोविड-19 के मामले पाए जाने के कारण स्थगित किए आईपीएल 2021 के पहले सात मैचों में गिल ने केवल 132 जबकि राणा ने 201 रन बनाए थे। इसके अलावा मोर्गन को भी अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है। दिनेश कार्तिक, आंद्रे रसेल, राहुल त्रिपाठी और शाकिब अल हसन से भी टीम को उपयोगी प्रदर्शन की उम्मीद है। केकेआर की गेंदबाजी न्यूजीलैंड के टिम साउदी पर निर्भर रहेगी जो दूसरे चरण में पैट कमिन्स की जगह टीम से जुड़े हैं। दूसरी तरफ आरसीबी अभी अच्छी स्थिति में है और कोहली ऐसे में स्वच्छंद होकर बल्लेबाजी कर सकते हैं। ग्लेन मैक्सवेल और एबी डिविलियर्स ने पहले चरण में धमाकेदार प्रदर्शन किया। आरसीबी की बल्लेबाजी बेहद मजबूत नजर आती है जिसके शीर्ष क्रम में कोहली और देवदत्त पडिक्कल अच्छी शुरुआत देते रहे हैं। गेंदबाजी में मोहम्मद सिराज और न्यूजीलैंड के काइल जैमीसन आक्रमण की अगुवाई करेंगे। उनका साथ देने के लिए हर्षल पटेल, नवदीप सैनी और युजवेंद्र चहल जैसे उपयोगी गेंदबाज हैं।

**टीम**

**केकेआर:** इयोन मोर्गन (कप्तान), दिनेश कार्तिक, गुरकीरत सिंह मान, करुण नायर, नितीश राणा, राहुल त्रिपाठी, शुभमन गिल, हरभजन सिंह, कमलेश नागरकोटी, कुलदीप यादव, लॉकी फर्ग्यूसन, पवन नेगी, एम प्रसिद्ध कृष्णा, संदीप वारियर, शिवम दुबे, टिम साउदी, वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती, आंद्रे रसेल, बेन कटिंग, शाकिब अल हसन, सुनील नारायण, वेंकटेश अय्यर, शेल्डन जैक्सन, टिम सीफर्ट।

**आरसीबी:** विराट कोहली (कप्तान), नवदीप सैनी, ग्लेन मैक्सवेल, डैन क्रिस्टियन, रजत पाटीदार, दुष्मंत चमीरा, पवन देशपांडे, मोहम्मद सिराज, हर्षल पटेल, मोहम्मद अजहरुद्दीन, सचिन बेबी, वाहिंदु हसरंगा, जॉर्ज गार्टन, यजुवेन्द्र चहल, शाहबाज अहमद, देवदत्त पडिक्कल, काइल जैमीसन, सुयश प्रभुदेसाई, केएस भरत, टिम डेविड, आकाश दीप, एबी डिविलियर्स।

### केकेआर के पास गंवाने के लिए कुछ नहीं: मोर्गन

**अबुधाबी।** कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान इयोन मोर्गन ने रविवार को कहा कि वे इंडियन प्रीमियर लीग के इस सत्र के दूसरे चरण में खतरनाक प्रतिद्वंद्वी होंगे क्योंकि उनके पास गंवाने के लिए कुछ नहीं है। दो बार की चैम्पियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का पहला चरण काफी खराब रहा जिसमें टीम ने सात में से पांच मैच गंवा दिए और टीम तालिका में सातवें स्थान पर है। कप्तान को लगता है कि अब टीम का भाग्य उसके ही हाथ में है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ होने वाले मैच से पूर्व संध्या पर वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में मोर्गन ने कहा, हमें इसे बस एक ही तरीके से देखने की जरूरत है कि यहां से अब हर चीज हमारे नियंत्रण में है, पीछे देखने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि हमें नतीजे हासिल करने के लिए एक तरीका ढूंढने की जरूरत है। टीम में हर कोई और प्रशंसक जानते हैं कि इससे मैचों को देखना बहुत ही रोमांचक हो सकता है क्योंकि इससे हम बहुत खतरनाक टीम बन जाएंगे क्योंकि हमारे पास गंवाने के लिए कुछ नहीं है। मोर्गन ने साथ ही उम्मीद जताई कि केकेआर के लिए यह ब्रेक अच्छा साबित होगा क्योंकि टीम टूर्नामेंट के पहले चरण के दौरान जूझ रही थी। मोर्गन ने कहा कि मैं खुश हूं कि हम वापस आईपीएल खेल रहे हैं। टूर्नामेंट की शुरूआत में नतीजे हमारे हक में नहीं जा रहे थे।

### गिल और राणा अगली पीढी के खिलाड़ी: डेविड



**अबुधाबी।** शुभमन गिल और नितीश राणा इंडियन प्रीमियर लीग के पहले चरण में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे लेकिन कोलकाता नाइट राइडर्स के मुख्य मार्गदर्शक डेविड हसी का मानना है कि दोनों टूर्नामेंट के दूसरे चरण में अपने प्रदर्शन से क्रिकेट जगत को हैरान कर सकते हैं। केकेआर के पहले सात मैचों में गिल ने 132 और राणा ने 201 रन बनाए। हसी ने हालांकि इन दोनों खिलाड़ियों को भारतीय खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी करार देते हुए कहा कि टीम को उनसे काफी उम्मीद है। उन्होंने कहा कि दोनों ही बेहतरीन खिलाड़ी हैं और टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वे अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी खेल चुके हैं। हसी ने कहा कि मुझे लगता है कि वे अपने प्रदर्शन से क्रिकेट जगत को हैरान करने वाले हैं और वे भारतीय खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी हैं, केवल एक या दो श्रृंखलाओं के लिए नहीं बल्कि संभवत: एक दशक तक वे अपनी छाप छोड़ सकते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि कप्तान इयोन मोर्गन दूसरे चरण में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। पहले चरण में वह रन बनाने के लिए जूझते रहे थे। हसी ने कहा कि कप्तान के रूप में वह आगे बढ़कर नेतृत्व करने वाला है।

# दिल्ली कैपिटल्स के लिए खिताब जीतना चाहते हैं: अक्षर पटेल

**भाषा।** दुबई



**दिल्ली** कैपिटल्स के आलराउंडर अक्षर पटेल ने कहा कि उनकी टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 14 के दूसरे चरण में पिछले सत्र के प्रदर्शन से एक कदम आगे बढ़ना चाहेगी जिसमें वह फाइनल में पहुंची थी। दिल्ली कैपिटल्स ने यूएई में आयोजित आईपीएल 2020 में पहली बार फाइनल में जगह बनाई थी और श्रेयस अय्यर की अगुआई में टीम इसमें मुंबई इंडियंस से हार गई थी। आईपीएल का 14वां चरण बायो-बबल में कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ने के कारण मई में रोक दिया गया था जो अब रविवार को यूएई में बहाल होगा। अंक तालिका में अभी दिल्ली की टीम शीर्ष पर है। अक्षर ने विज्ञप्ति में कहा कि जब घोषणा की गई थी कि आईपीएल 14 के दूसरे चरण का आयोजन यूएई में किया जाएगा तो मैंने यहां पर अपने पिछले प्रदर्शन के बारे में सोचा। पिछले सत्र में इस आलराउंडर ने 15 मैचों में नौ विकेट झटके थे। उन्होंने कहा कि हमारे पास उस टूर्नामेंट की खुशनुमा यादें हैं जिसमें हम पहली बार आईपीएल फाइनल में पहुंचे थे। हम उस प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगे और उम्मीद करते हैं कि इस सत्र में फाइनल में एक कदम और आगे बढ़ेंगे।

इंग्लैंड में हाल में समाप्त हुई टेस्ट श्रृंखला में भारतीय टीम का हिस्सा रहे अक्षर ने ब्रिटेन और यूएई के मौसम में अंतर की बात करते हुए कहा कि जहां तक मौसम की बात है तो दोनों जगह में जमीन आसमान का अंतर है। इंग्लैंड में बहुत ठंडा था और यहां हम गर्मी के अनुकूल होने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब पृथकवास के दौरान हम अपने कमरों की बालकनी में खड़े हुए तो हमें गर्मी का अंदाजा हो गया।

### अमलान, प्रवीण और मंजू बाला ने स्वर्ण पदक जीते

**वारंगल।** असम के फर्राटा धावक अमलान बोरगोहेन, तमिलनाडु के त्रिकूद खिलाड़ी प्रवीण चित्रावेल और राजस्थान के तार गोला फेंक की अनुभवी खिलाड़ी मंजू बाला सिंह ने रविवार को यहां 60वीं राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप के अंतिम दिन निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीते।

अमलान ने पुरुष 200 मीटर फाइनल में 20.75 सेकेंड के समय के साथ खिताब जीता। भारतीय एथलेटिक्स के इतिहास में सिर्फ मोहम्मद अनस याहिया (20.63), धर्मबीर सिंह (20.66), आरोकिया राजीव (20.66) और अनिल कुमार (20.73) ने भी उनसे कम समय लिया है।

अमलान पिछले 20 महीने में पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर 200 मीटर की स्पर्धा में हिस्सा ले रहे थे।

# इंटर मिलान की बड़ी जीत

**इटालियन फुटबॉल लीग**

**एपी।** रोम



इंटर मिलान के एडिन जेको (बीच में) गोल करने के बाद जश्न मनाते हुए

इंटर मिलान ने गत शनिवार को बोलोग्ना पर 6-1 की बड़ी जीत से इटालियन फुटबॉल लीग सेरी ए में अपना अजेय अभियान जारी रखा जिससे लगता है कि वह रोमेलु लुकाकु और एंटोनियो कोंटे के बिना भी अपने खिताब के बचाव के लिए प्रतिबद्ध है। इंटर मिलान की तरफ से स्थानापन्न एडिन जेको ने दो गोल किए जबकि उनसे पहले लौटैरो मार्टिनेज, मिलान स्क्रीनियर, निकोलो बारेला और मैतियास वैकिनो ने गोल दागे। बोलोग्ना की तरफ से अंतिम क्षणों में आर्थर थीटे ने एकमात्र गोल किया। इस जीत से इंटर मिलान चार मैचों में 10 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है।

वह रोमा, एसी मिलान, नैपोली और फ्लोरेनटिना से एक-एक अंक आगे है। फ्लोरेनटिना ने एक अन्य मैच में जेनोवा को 2-1 से हराया। कोंटे ने मई में इंटर मिलान को छोड़ दिया था जबकि लुकाकु अगस्त में चेल्सी से जुड़ गए थे। लुकाकु ने इंटर मिलान की तरफ से दो सत्र में जो 95 मैच खेले उनमें 64 गोल किए थे।

### फ्रांसीसी लीग के मैच में दर्शकों ने मचाया हुड़दंग

**पेरिस।** मौजूदा चैंपियन लिली और लेन्स के बीच खेले गए फ्रांसीसी फुटबॉल लीग के मैच में दर्शकों ने जमकर हुड़दंग मचाया जिससे मध्यांतर के बाद लगभग आधे घंटे तक खेल नहीं हो पाया। शनिवार को खेले गए इस मैच में पहला हॉफ छूटने के बाद लेन्स के समर्थक मैदान पर आ गए और इसके बाद लिली के समर्थकों से भिड़ गए। पुलिस और सुरक्षाकर्मियों को उन्हें मैदान से बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। मध्यांतर तक दोनों टीमें गोलरहित बराबरी पर थी, जिसके बाद मैच जारी रखने को लेकर आपात बैठक बुलाई गई। बैठक में मैच जारी रखने का निर्णय किया गया जिसमें लेन्स ने 1-0 से जीत दर्ज की। उसकी तरफ से यह गोल प्रजेमिस्लाव फ्रैंकोवस्की ने 73वें मिनट में किया। फ्रांसीसी लीग में इससे पहले नीस और मार्सेली के बीच अगस्त में खेले गए मैच में भी दर्शकों ने व्यवधान डाला था। नीस के प्रशंसक मैदान पर उतर आए थे और उन्होंने मार्सेली के खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के साथ हाथापाई की थी।

### बिलबाओ ने एटलेटिको को गोलरहित ड्रा पर रोका

**बार्सिलोना।** मौजूदा चैंपियन एटलेटिको मैड्रिड लगातार दूसरे मैच में गोल करने में नाकाम रहा जिससे उसे स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में एथलेटिक बिलबाओ से अपना मैच गोलरहित ड्रा खेलना पड़ा। एटलेटिको का यह लगातार दूसरा मैच है जिसमें उसने अंक बांटे। इससे पहले बुधवार को चैंपियन्स लीग मैच में पोर्तो ने उसे गोलरहित ड्रा पर रोका था। एंटोनी ग्रीजमैन के टीम में वापसी करने के बावजूद एटलेटिको गोल नहीं कर पाया। एटलेटिको की अग्रिम पंक्ति बेहद मजबूत है जिसमें ग्रीजमैन के अलावा लुई सुआरेज, जोओ फेलिक्स, एंजेल कोरिया, मार्कोस लोरेंटे, यानिक कैरासो और मैथियास चुना जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।

एटलेटिको अभी तालिका में एक अंक से बढ़त पर है लेकिन रीयाल मैड्रिड, वेलेंसिया और रीयाल सोसिडाड अपने अगले मैच जीतकर उससे आगे निकल सकते हैं। इस बीच एटलेटिको के पूर्व स्टार राडामेल फालकाओ ने रायो वेलेकानो की तरफ से अपने पदार्पण मैच में ही गोल किया जिससे उनकी टीम ने गेटाफे पर 3-0 से जीत दर्ज की।

### शिव राष्ट्रीय मुक्केबाजी के सेमीफाइनल में

**भाषा।** बेल्लारी (कर्नाटक)

**पांच** बार के एशियाई चैम्पियन शिव थापा यहां जारी पांचवीं एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल के रोमांचक मुकाबले में रविवार को अंकित नरवाल को शिकस्त देकर अंतिम-चार में पहुंच गए। असम के इस मुक्केबाज ने शानदार फुटवर्क के साथ अनुभव का फायदा उठाते हुए आरएसपीबी के प्रतिद्वंद्वी को परास्त किया।

नरवाल ने हालांकि थापा को कड़ी चुनौती दी लेकिन इस अनुभवी मुक्केबाज ने 63.5 किग्रा भार वर्ग के मुकाबले को 4-1 से अपने नाम किया।

# हमे दौरा रद्द करने का खेद नहीं है: न्यूजीलैंड

## ● धमकी मिलने के बाद पाक में नहीं रह सकते थे: एनजेडसी

**भाषा।** ऑकलैंड



**न्यूजीलैंड** क्रिकेट (एनजेडसी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डेविड व्हाइट ने कहा कि न्यूजीलैंड को पाकिस्तान का दौरा करने के फैसले पर खेद नहीं है लेकिन विशिष्ट और विश्वसनीय धमकी मिलने के बाद टीम को उस देश में नहीं रखा जा सकता था।

न्यूजीलैंड का 34 सदस्यीय दल शनिवार की रात को विशेष विमान से इस्लामाबाद से दुबई पहुंच गया। टीम के सदस्य 24 घंटे तक पृथकवास पर रहेंगे जिसके बाद 24 सदस्य अगले सप्ताह तक वापस न्यूजीलैंड लौट जाएंगे। टीम के बाकी सदस्य यूएई में ही रहेंगे और 17 अक्टूबर से शुरू होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड की टीम से जुड़ेंगे। व्हाइट ने बयान में कहा कि हम मानते हैं कि यह पीसीबी (पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड) के लिए बेहद मुश्किल समय रहा है तथा हम उनके मुख्य कार्यकारी वसीम खान और उनकी टीम का पेशेवर रवैया अपनाने और खिलाड़ियों की देखभाल करने के लिए आभार व्यक्त करना चाहते हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने शुक्रवार को पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच से पूर्व पाकिस्तान का दौरा रद्द कर दिया था। इसका कारण उसने टीम की सुरक्षा को गंभीर खतरा बताया था। व्हाइट ने कहा कि मैं यही कह सकता हूं कि हमें सलाह दी गई कि यह टीम के खिलाफ विशिष्ट और विश्वसनीय धमकी थी। उन्होंने कहा कि नतीजे पर पहुंचने से पहले हमारी न्यूजीलैंड सरकार के अधिकारियों के साथ कई दौर की बातचीत हुई तथा पीसीबी को सूचित करने के बाद हम समझते हैं कि दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच टेलीफोन पर भी बातचीत हुई थी। वाइट ने कहा कि दुर्भाग्य से हमें जो सलाह दी गई थी उसे देखते हुए हम उस देश में नहीं रुक सकते थे। न्यूजीलैंड की टीम 11 सितंबर को पाकिस्तान पर पहुंची थी। यह 18 वर्षों में उसका पाकिस्तान का पहला दौरा था जिसमें उसे तीन वनडे और पांच टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने थे। रेडियो न्यूजीलैंड के अनुसार व्हाइट ने कहा कि हमें दौरा करने के फैसले पर खेद नहीं है।

### श्रीलंका और बांग्लादेश ने संक्षिप्त दौरे के लिए मना किया: पीसीबी

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने न्यूजीलैंड के द्वारा दौरे को रद्द करने बाद अपने देश में संक्षिप्त श्रृंखला के लिए श्रीलंका और बांग्लादेश से संपर्क किया, लेकिन दोनों देशों के खिलाड़ियों की पूर्व प्रतिबद्धताओं के कारण किसी श्रृंखला की योजना पर बात नहीं बन सकी। पीसीबी के सीईओ वसीम खान ने कहा कि श्रीलंका क्रिकेट और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने पाकिस्तान में खेलने की इच्छा जताई, लेकिन उनके पास अपनी टीम भेजने के लिए बहुत कम समय था। उन्होंने कहा कि हमारे अध्यक्ष ने उनसे बात की और एक छोटे दौरे की संभावना के बारे में पूछा जिस पर उन्होंने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी।

### खिलाड़ियों को दोष देना बंद करो: मैकलेनाहन

**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मिशेल मैकलेनाहन ने कहा कि कीवी टीम का पाकिस्तान दौरा रद्द करने के लिए खिलाड़ियों को दोष नहीं देना चाहिए क्योंकि उन्होंने केवल अपनी सरकार की सलाह का अनुसरण किया। इस 35 वर्षीय तेज गेंदबाज ने न्यूजीलैंड टीम का पाकिस्तान दौरा रद्द करने पर बल्लेबाज मोहम्मद हफीज के व्यंग्यात्मक ट्वीट पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। मैकलेनाहन ने ट्वीट किया कि सच्चाई स्वीकार करो भाई। आपके ट्वीट से सही संदेश नहीं जा रहा है।

# पनडुब्बी संकट मामले में बाइडन से बातचीत करेंगे एमैनुएल मैंक्रो

## समझौते से पहले कुछ बताया नहीं गया था: फ्रांस

**एपी**। पेरिस



**राष्ट्रपति** एमैनुएल मैक्रों ऑस्ट्रेलिया द्वारा फ्रांस के साथ पनडुब्बी सौदे को अचानक रद्द किए जाने के बाद उनके देश और अमेरिका के बीच पैदा हुए राजनीतिक संकट के मध्य अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से आने वालों दिनों में बातचीत करेंगे। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

सरकार के प्रवक्ता गैब्रिएल अटाल ने बताया कि फोन पर बातचीत करने का अनुरोध बाइडन की तरफ से आया है। उन्होंने कहा कि पहले सब स्तब्ध और आक्रोशित थे लेकिन अब आगे बढ़ने का वक्त है। दरअसल ऑस्ट्रेलिया ने 12 पारंपरिक डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बियों के निर्माण के लिए 2016 में फ्रांस सरकार के स्वामित्व वाली नौसैन्य कंपनी के साथ 90 अरब ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (66 अरब डॉलर) का अनुबंध किया था। अब ऑस्ट्रेलिया ने अमेरिका व ब्रिटेन के साथ परमाणु ऊर्जा चालित आठ पनडुब्बियों के लिए नया समझौता किया है। फ्रांस का कहना है कि उसे इस समझौते के बारे में पहले कुछ नहीं बताया गया। ऑस्ट्रेलिया द्वारा फ्रांस के साथ पनडुब्बी सौदे को अचानक रदद किए जाने के विरोध में पेरिस ने वाशिंगटन और ऑस्ट्रेलिया से शुक्रवार को अपने राजदूतों को वापस बुला लिया था। प्रवक्ता ने बीएफएमटीवी पर एक साक्षात्कार में कहा कि इस संकट में असली मामला क्या है वाणिज्यिक मुद्दों से पहले रणनीतिक मुद्दे हैं। उन्होंने कहा कि प्रश्न यह है कि हिंद प्रशांत क्षेत्र में वर्तमान ताकतें,संतुलन हमारी भविष्य की रणनीति और चीन के साथ हमारे संबंधों का हिस्सा थीं। फ्रांस हिंद प्रशांत क्षेत्र का एक देश है। उन्होंने इसके लिए न्यूकैलिडोनिया में फ्रांस के क्षेत्र, क्षेत्र में रहने वाले फ्रांस के लोग और वहां मौजूद सैन्य बलों का भी जिक्र किया।

प्रवक्ता ने कहा हिंद प्रशांत यूरोप के लिए भी एक मुद्दा है और मैक्रों, बाइडन से इस बात का स्पष्टीकरण मांगेंगे कि किस वजह से विश्वास में कमी आई। पहले सब स्तब्ध और आक्रोशित थे, लेकिन अब आगे बढ़ने का वक्त है। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने रविवार को कहा कि फ्रांस को पता है कि हमारी गहरी और गंभीर चिंता थी कि पेरिस जिस पनडुब्बी बेड़े का निर्माण कर रहा था, वह ऑस्ट्रेलियाई जरूरतों को पूरा नहीं कर पाएंगे।



काबुल में तालिबान की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन करतीं अफगानी महिलाएं

# तीन दिन तक ऑर्बिट की सैर कर धरती पर लौटे अंतरिक्ष पर्यटक

केप केनवरल (**अमेरिका**)। स्पेसएक्स के एक निजी विमान से कक्षा (ऑर्बिट) के तीन दिन तक चक्कर लगाने के बाद चार अंतरिक्ष पर्यटक अपनी यात्रा सफलतापूर्वक पूरी करके शनिवार को फ्लोरिडा तट पर अटलांटिक महासागर में उतरे। उनका स्पेसएक्स अंतरिक्षयान (कैप्सूल) सूर्यास्त से कुछ देर पहले महासागर में उतरा। इस स्थान के पास से ही तीन दिन पहले वह कक्षा की सैर पर रवाना हुए थे। ऐसा पहली बार है जब कक्षा का चक्कर लगाने वाले अंतरिक्ष यान में मौजूद कोई भी व्यक्ति पेशेवर अंतरिक्ष यात्री नहीं था। अंतरिक्ष पर्यटक यह दिखाना चाहते थे कि आम लोग भी अंतरिक्ष में जा सकते हैं और स्पेसएक्स के संस्थापक एलन मस्क ने उन्हें अंतरिक्ष में भेजा।

स्पेसएक्स मिशन कंट्रोल ने कहा कि आपके अभियान ने दुनिया को यह दिखाया कि अंतरिक्ष हम सभी के लिए है। इस पर यात्रा के प्रायोजक जारेड इसाकमैन ने कहा कि यह हमारे लिए बेहद रोमांचक था अभी यह बस शुरू हुआ है।

स्पेसएक्स का पूरी तरह स्वचालित ड्रैगन कैप्सूल बुधवार रात को रवाना होने के बाद 585 किलोमीटर की ऊंचाई पर पहुंच गया।

# फ्रांस पनडुब्बियों संबंधी जरूरत को लेकर ऑस्ट्रेलिया की चिंता से अवगत था: मारिसन

**एपी**। कैनबरा

**ऑस्ट्रेलिया** के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने रविवार को कहा कि फ्रांस को पता होगा कि ऑस्ट्रेलिया को गहरी और गंभीर चिंता थी कि पेरिस जिस पनडुब्बी बेड़े का निर्माण कर रहा था, वह ऑस्ट्रेलियाई जरूरतों को पूरा नहीं कर पाएगा। कैनबरा द्वारा पेरिस के साथ पनडुब्बी निर्माण समझौता रद्द किए जाने के बाद दोनों देशों के रिश्तों में तनाव पैदा हो गया है।

फ्रांस ने ऑस्ट्रेलिया पर 12 पारंपरिक डीजल-विद्युत चालित पनडुब्बियों के निर्माण के लिए नेवल ग्रुप के साथ 90 अरब ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (66 अरब डॉलर) के अनुबंध से पीछे हटने के अपने इरादों को छिपाने का आरोप लगाया है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन के साथ एक नए गठबंधन की घोषणा की थी जिसके तहत परमाणु ऊर्जा चालित आठ पनडुब्बियों की आपूर्ति करने की घोषणा की गई है।

मॉरिसन ने इस फैसले के लिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बिगड़ते रणनीतिक हालात को कारण बताया। उन्होंने हालांकि हालिया वर्षों में इस क्षेत्र में चीन के बढ़े दबदबे का जिक्र नहीं किया। मॉरिसन ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया को जिस तरह की पनडुब्बियों की जरूरत है, फ्रांस द्वारा बनाई जा रहीं पनडुब्बियां उस तरह की नहीं थीं। मॉरिसन ने कहा, उन्हें (फ्रांस) अच्छी तरह पता था कि हमलावर श्रेणी की पनडुब्बियों को लेकर हमारी गहरी और गंभीर चिंता थी क्योंकि ए हमारे रणनीतिक हितों के अनुकूल नहीं थीं। हमने स्पष्ट कर दिया था कि हम अपने राष्ट्र हित के आधार पर कोई फैसला करेंगे।

सौदा रद्द होने के बाद फ्रांस ने सख्त कदम उठाते हुए ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका से अपने राजदूतों को वापस बुला लिया। सौदा रद्द होने के बाद फ्रांस ने सख्त कदम उठाते हुए ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका से अपने राजदूतों को वापस बुला लिया। फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-यवेस ले ड्रियान ने अचानक समझौता रद्द किए जाने की आलोचना की। चीन ने भी परमाणु प्रौद्योगिकी हस्तांतरित करने के लिए अमेरिका और ब्रिटेन की तीखी आलोचना की। फ्रांस ने जर्मनी और जापान को पीछे छोड़ते हुए 2016 में यह सौदा हासिल किया था।

# महिला मदरसे में तालिबान का झंडे फहराए जाने के बाद मौलवी के खिलाफ केस दर्ज

**भाषा**। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** में महिलाओं के एक मदरसे के ऊपर अफगान तालिबान के झंडे फहराए जाने के मामले में पुलिस ने एक प्रमुख कट्टरपंथी मौलवी और कई अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पाकिस्तान के प्रमुख दैनिक समाचार पत्र डॉन ने रविवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक शनिवार को राजधानी इस्लामाबाद के एक महिला मदरसे जामिया हफ्सा की छत पर अफगान तालिबान के सफेद झंडे देखे गए। इसकी सूचना मिलने के बाद जिला प्रशासन ने दंगा रोधी इकाई समेत पुलिस की एक टुकड़ी को वहां भेजा, जिसने मदरसे की घेराबंदी कर दी। मौलाना अब्दुल अज़ीज़ समेत उनके सहयोगियों के साथ-साथ मदरसे के छात्रों के खिलाफ आतंकवाद निरोधी अधिनियम (एटीए) और पाकिस्तान दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। मौलाना अब्दुल अजीज इस्लामाबाद की प्रसिद्ध लाल मस्जिद के मौलवी हैं। अधिकारियों के मुताबिक, मौलाना अजीज ने खुले तौर पर अफगान तालिबान के नाम का इस्तेमाल कर पुलिस को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। मौलाना अजीज समेत मदरसे से जुड़े कुछ लोगों ने हथियारों का प्रदर्शन भी किया।

# जलवायु परिवर्तन मुद्दे पर ध्यान केंद्रित करेंगे ब्रिटेन के प्रधानमंत्री

**भाषा**। लंदन

**ब्रिटेन** के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन इस सप्ताह न्यूयॉर्क में होने वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा की उच्चस्तरीय बैठकों के दौरान विश्व नेताओं से जलवायु परिवर्तन को लेकर ठोस कदम उठाने का आग्रह करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय डाउनिंग स्ट्रीट ने यह जानकारी दी। 21 सितंबर से 27 सितंबर बीच होने वाली वार्षिक आम परिचर्चा में 100 से अधिक देशों और सरकारों के प्रमुख, विदेश मंत्री व राजनयिक व्यक्तिगत रूप से शामिल होंगे। प्रधानमंत्री जॉनसन जो बाइडन के अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के बाद पहली बार व्हाइट हाउस जाएंगे। वह संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में भाग लेंगे, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत विभिन्न विश्व नेताओं के शरीक होने की उम्मीद है। इस यात्रा को कांफ्रेंस ऑफ द पार्टीज (सीओपी 26) संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन के 26वें सत्र के लिए एक महत्वपूर्ण अग्रदूत के रूप में देखा जा रहा है, जिसकी मेजबानी के लिए एक महत्वपूर्ण अग्रदूत के रूप में देखा जा रहा है, जिसकी मेजबानीनवंबर में ग्लासगो में ब्रिटेन द्वारा की जाएगी। जॉनसन ने महासभा से पहले कहा, विश्व नेताओं के पास सीओपी26 से पहले अपनी जलवायु प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए कम समय बचा है।

## अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी स्वास्थ्य बीमा योजना में कई बदलाव करने की पक्षधर

**एपी**। वाशिंगटन

**अमेरिकी** राष्ट्रपति जो बाइडन के बिल्ड बैक बैटर योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों के मेडिकेयर में दांतों के इलाज, दवाइयों की कीमत को सीमित करना तथा निम्न आय वाले लोगों को स्वास्थ्य बीमा मेडिकैड में में डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद शामिल कराना चाहते हैं। अमेरिका में 3.5 ट्रिलियन डॉलर के विधेयक में अमेरिकियों की जिंदगी के सभी पहलुओं को छुआ गया है, जिसमें कर से लेकर जलवायु परिवर्तन तक शामिल है, लेकिन डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों के लिए स्वास्थ्य देखभाल के पहलू अहम हैं, खासकर, कोविड-19 संकट की वजह से। सरकार की स्वास्थ्य योजना के तहत 14.5 करोड़ अमेरिकी अपने परिवारों और समुदायों

# इंटरनेट कनेक्शन की गति क्यों हो जाती है धीमी?

**एपी**। सिडनी

**ऑस्ट्रेलिया** में जुलाई 2021 में नेशनल ब्रॉडबैंड नेटवर्क (एनबीएन) पर सक्रिय 82 लाख घरेलू और व्यावसायिक उपभोक्ताओं में से 77 प्रतिशत का कहना है कि वे फिलहाल कम से कम 50 मेगाबाइट प्रति सेकेंड (एमबीपीएस) ब्रॉडबैंड प्लान का इस्तेमाल कर रहे हैं। इंटरनेट की यह गति सामान्य घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त है, जिनमें वीडियो स्ट्रीमिंग, वीडियो कॉन्फ्रेंस, गेम खेलने और अन्य सामान्य इस्तेमाल शामिल हैं। नेटफ्लिक्स पर अच्छी गुणवत्ता में वीडियो देखने में 3 एमबीपीएस और बहुत अच्छी गुणवत्ता की वीडियो देखने में 12 एमबीपीएस इंटरनेट इस्तेमाल होता है। वहीं वीडियो कॉन्फ्रेंस में 2 से 3 एमबीपीएस और गेम खेलने में एक एमबीपीएस से कम डेटा खर्च होता है। ऐसे में सवाल उठता है कि हमारा इंटरनेट रुक-रुककर क्यों चलता है। वीडियो, गेम और टेलीकॉन्फ्रेंस बंद क्यों हो जाती है? दरअसल, दिक्कत इंटरनेट की गति में नहीं है बल्कि इसमें होने वाली विलंबता और गति का टूटना से होती है, जिसका इंटरनेट सेवा प्रदाता की ओर से प्रदान की जा रही गति से कोई संबंध नहीं होता।

बीते तीन दशक से हम एमबीपीएस के हिसाब से ब्रॉडबैंड को समझते आए हैं। यह तब तक तो सही था जब हम डायल अप इंटरनेट का इस्तेमाल करते थे, जिसमें एक वेब पेज खुलने में कई सेकेंड लगा करते थे। तब आलम यह था कि डिजिटल सब्सक्राइबर लाइनों (डीएसएल) पर एक समय में एक से अधिक वीडियो भी नहीं चल पाती थीं। लेकिन ब्राडबैंड फोरम और अन्य के अध्ययनों में पता चला है कि इंटरनेट की स्पीड 100 एमबीपीएस या उससे अधिक होने पर भी उपभोक्ताओं को इसका पता नहीं चल पाता।

ऑस्ट्रेलिया में पांच लाख से अधिक उपभोक्ताओं ने इंटरनेट स्पीड में आने वाली रुकावटों से परेशान होकर मार्च 2021 में 250 एमबीपीएस का प्लान लिया। फिर भी काम नहीं चला तो उन्होंने 410 टेराबाइट प्रति सेकेंड (टीबीपीएस) वाला कनेक्शन ले लिया। जबकि अधिकतम इस्तेमाल करने पर भी आप केवल 23 टीबीपीएस ही खर्च कर सकते हैं। इससे यह पता चलता है कि हम इंटरनेट प्लान पर जितना पैसा खर्च करते हैं, उसका केवल छह प्रतिशत ही उपयोग कर पाते हैं। हमारी गति की आवश्यकता के विपरीत, हमारे ऑनलाइन समय में जबरदस्त वृद्धि हुई है। ऑस्ट्रेलियाई प्रतिस्पर्धा एवं उपभोक्ता आयोग (एसीसीसी) के अनुसार, औसत ऑस्ट्रेलियाई परिवार ने दिसंबर 2020 में 355 गीगाबाइट डेटा की खपत की, जो उससे पिछले साल की तुलना में 59ु अधिक है।

ऐसे में सवाल उठता है कि एक अच्छी स्ट्रीमिंग, गेमिंग या कॉन्फ्रेंसिंग अनुभव के लिए हमारा ब्रॉडबैंड कैसा होना चाहिए? हमें एक ऐसे इंटरनेट की जरूरत है जिसमें अपेक्षाकृत कम विलंब होता हो और जिसका कनेक्शन कम टूटे।

## नेपाली प्रधानमंत्री ने संविधान की रक्षा करने का आह्वान किया

**काठमांडू**। नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा ने देश के सातवें संविधान दिवस पर संविधान की रक्षा करने और उसे लागू करने की आवश्यकता पर रविवार को जोर दिया। नेपाल 19 सितंबर को संविधान लागू करने की घोषणा किए जाने का जश्न मनाता है।

देश को दिए संबोधन में देउबा ने लोगों द्वारा निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा छह साल पहले संविधान लागू करने की घोषणा किए जाने पर गर्व प्रकट किया।

उन्होंने देश के शहीदों को श्रद्धांजलि दी और उनके सर्वोच्च बलिदानों के लिए याद किया। देउबा ने अपने भाषण में संविधान की रक्षा करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# अनुपम खेर को डॉक्टरेट की मानद उपाधि मिली

**न्यूयॉर्क**। हिंदू यूनिवर्सिटी ऑफ अमेरिका ने अभिनेता अनुपम खेर को हिंदू अध्ययन में डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की है। फ्लोरिडा स्थित विश्वविद्यालय ने शनिवार को यहां एक विशेष कार्यक्रम में खेर को हिंदू अध्ययन में पीएचडी की मानद उपाधि प्रदान की। खेर ने कहा कि मैं इस उपाधि को प्राप्त कर खुद को सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह एक बहुत ही प्रतिष्ठित उपाधि है और यह पल हमेशा मेरे जीवन के प्रमुख आकर्षणों में से एक रहेगा। यह उपाधि मुझे हिंदू धर्म के दर्शन, दुनिया की सबसे पुरानी संस्कृति के दर्शन के बारे में बात करने के लिए एक मंच प्रदान करेगी। विश्वविद्यालय ने जब उनसे सम्मान के लिए संपर्क किया, तो 66 वर्षीय अभिनेता ने कहा कि वह उपाधि स्वीकार करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यहां शिक्षा के क्षेत्र में विशेष रूप से हिंदू धर्म की शिक्षाओं पर लोग काम कर रहे हैं।

# हांगकांग में चुनिंदा निवासियों ने चुनाव समिति के नए सदस्यों के लिए किया मतदान

**एपी**। हांगकांग

**हांगकांग** के चुनिंदा निवासियों ने चुनाव समिति के सदस्यों के लिए रविवार को मतदान किया। यह समिति शहर के नेता का चयन करती है। हांगकांग की मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैरी लैम ने विधायिका में सुधारों के बाद पहली बार हुए चुनाव को काफी सार्थक बताया।

चुनाव समिति दिसंबर में चुनावों के दौरान शहर की विधायिका में 90 में से 40 सदस्यों का चुनाव करेगी। साथ ही अगले साल मार्च में होने वाले चुनावों में हांगकांग के नेता का चुनाव करेगी।

विभिन्न पेशों और उद्योगों का प्रतिनिधित्व करने वाले करीब 4,900 मतदाता l,500 सदस्यों वाली चुनाव समिति में 364 सीटों के लिए महज 412 उम्मीदवार का चयन करेंगे। लैम ने कहा कि आज चुनाव समिति के लिए हो रहा मतदान काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह चुनावी व्यवस्था में सुधार के बाद पहले चुनाव हैं। सुधार यह सुनिश्चित करने के लिए किए गए कि केवल देशभक्त ही निर्वाचित हों।

अभी यह मालूम नहीं चला है कि क्या लैम मार्च में होने वाले चुनावों में खड़ी होंगी। गौरतलब है कि मई में विधायिका ने यह सुनिश्चित करने के लिए हांगकांग के चुनावी कानूनों में संशोधन किया गया था कि केवल देशभक्त यानी चीन के प्रति वफादार लोग ही चुनाव में हिस्सा लें। समिति में भी सदस्यों की संख्या 1,200 से बढ़ाकर l,500 कर दी गई थी। रविवार को चुनाव पुलिस की भारी सुरक्षा के बीच पांच मतदान केंद्रों में हो रहा है। रात तक चुनाव नतीजे आने की संभावना है।

# यूक्रेन में एलजीबीटी के अधिकारों और सुरक्षा के लिए उग्र प्रदर्शन

**एपी**। कीव (यूक्रेन)

**एलजीबीटी** समुदाय के अधिकारों के समर्थन में यूक्रेन की राजधानी कीव में रविवार को करीब 7,000 लोगों ने रैली निकाली। रंग-बिरंगे परिधान और इंद्रधनुषी रंग के झंडे लेकर कीव की सड़कों पर लोगों ने मार्च किया। कुछ लोगों ने हाथों में तख्तियां ले रखी थी, जिसपर लिखा था फाइट फॉर राइट। प्रदर्शनकारियों ने सरकार के समक्ष आठ मांगे रखी हैं जिनमें एलजीबीटी लोगों की नागरिक साझेदारी को कानूनी रूप देने और घृणा अपराधों के खिलाफ कानून बनाने की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों ने एक बयान में कहा कि हम बदलाव की प्रतीक्षा करते-करते थक चुके हैं। समुदाय को लगातार धमकियों, दबाव, शांतिपूर्ण आयोजनों में व्यवधान का सामना करना पड़ता है। कार्यकर्ताओं और एलजीबीटी समुदाय के खिलाफ हमले बढ़े हैं। हम यहां परिवर्तन की मांग को लेकर एकत्र हुए हैं क्योंकि हम चाहते हैं समुदाय के लोग देश में सुरक्षित रहें। पुलिस की सुरक्षा में प्रदर्शन का आयोजन किया गया क्योंकि अति दक्षिणपंथी समूह हर साल ऐसे कार्यक्रम में व्यवधान पैदा करते हैं। यूक्रेन की मानवाधिकार कार्यकर्ता लियुडम्याला डेनिसोवा ने कट्टरपंथी समूहों से हिंसा से परहेज करने का आग्रह किया। डेनिसोवा ने कहा कि हम अलग हैं, लेकिन हमारे समान अधिकार हैं। एलजीबीटी समुदाय के प्रदर्शन के विरोध में कुछ प्रदर्शनकारियों ने कीव के एक पार्क में मार्च का आयोजन किया। अब तक कहीं से भी हिंसा की सूचना नहीं मिली है।

## चीन में नौका पलटने से आठ लोगों की मौत सात अन्य लापता

**बीजिंग**। दक्षिणपश्चिम चीन के गुइझोउ प्रांत की नदी में एक यात्री नौका के पलटने के बाद कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और सात अन्य लापता हैं। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने रविवार को खबर दी कि यह दुर्घटना शनिवार को लियुपनशुई शहर की जांग्के नदी में स्थानीय समयानुसार शाम चार बजकर 50 मिनट पर हुई। इस नौका में 40 यात्रियों के बैठने की क्षमता थी। प्राधिकारी यह पता लगा रहे हैं कि नौका में कितने लोग सवार थे। अभी तक आठ शव बरामद किए गए हैं। रविवार सुबह आठ बजकर 10 मिनट तक नदी से 39 लोगों को बचाया गया। खबर में बताया गया है कि बचाव अभियान चल रहा है और हादसे की वजह का पता लगाया जा रहा है।

## चीन में नौका पलटने से नौ लोगों की मौत

**बीजिंग**। दक्षिण-पश्चिम चीन के गुइझोउ प्रांत की एक नदी में एक नौका पलटने से उसमें सवार कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और छह अन्य लापता हैं। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने रविवार को खबर दी कि यह दुर्घटना शनिवार को लियुपनशुई शहर की जांग्के नदी में स्थानीय समयानुसार शाम चार बजकर 50 मिनट पर हुई। इस नौका में 40 यात्रियों के बैठने की क्षमता थी। प्राधिकारी यह पता लगा रहे हैं कि नौका में कितने लोग सवार थे जिनमें से अधिकतर विद्यार्थी थे। अभी तक नौ शव बरामद किए गए हैं। नवीनतम प्राप्त जानकारी के मुताबिक नदी से 40 लोगों को बचाया गया। शिन्हुआ के मुताबिक बचाव अभियान में 17 टीमों और 50 नौकाओं को लगाया गया है। इसके साथ ही हादसे की वजहों का भी पता लगाया जा रहा है।

## अटलांटिक महासागर के ऊपर बना उष्णकटिबंधीय तूफान

**मियामी**। मौसम वैज्ञानिकों ने कहा कि रविवार तड़के अटलांटिक महासागर के ऊपर उष्णकटिबंधीय तूफान पीटर उत्पन्न हुआ और इसके साथ ही सुदूर पूर्वी अटलांटिक महासागर में एक नया उष्णकटिबंधीय दबाव बन रहा है। मियामी में अमेरिकी राष्ट्रीय तूफान केंद्र ने सुबह पांच बजे जारी किए गए परामर्श में कहा कि पीटर तूफान उत्तरी लीवार्ड द्वीप समूह के करीब l,015 किलोमीटर पूर्व में स्थित है। उष्णकटिबंधीय तूफान से मंगलवार तक वर्जिन द्वीप और प्यूर्तो रिको समेत कई द्वीपों पर बारिश आने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों ने तीन से पांच सेंटीमीटर तक बारिश होने की संभावना जताई है। तूफान के प्रभाव से 65 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। पीटर 24 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है। अभी कोई तटीय चेतावनी जारी नहीं की गई है। इस बीच रविवार को उष्णकटिबंधीय दबाव सेवेंटीन भी उत्पन्न हुआ। वैज्ञानिकों ने बताया कि यह दक्षिणी काबो वर्दे द्वीप से करीब 530 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में स्थित है।

## भकंप व ज्वालामुखी में विस्फोट की चेतावनी

**मैड्रिड**। स्पेन के ला पाल्मा द्वीप के निवासियों को ज्वालामुखी में विस्फोट होने की आशंका के मद्देनजर रविवार को सतर्क किया गया। वहीं सरकारी अधिकारियों ने भूकंप की चेतावनी दी है, जिससे इमारतों को नुकसान हो सकता है। सरकारी विशेषज्ञों ने बताया कि विस्फोट अभी आसन्न नहीं है। द्वीप की सतह के पास भूकंप आने का अंदेशा बढ़ गया है। यह द्वीप कैनरी द्वीपसमूह का हिस्सा है। शनिवार को 3.2-तीव्रता का भूकंप आया था और ज्वालामुखी जोखिम रोकथाम योजना की वैज्ञानिक समिति ने कहा कि भूकंप के तेज़ झटके आ सकते हैं, जिससे इमारतों को नुकसान पहुंच सकता है। वैज्ञानिक विशेषज्ञों की समिति ने कहा है कि अटलांटिक द्वीप के दक्षिण-पश्चिमी तट के एक हिस्से में पहाड़ों से पत्थर गिरने का अंदेशा है।

## टेक्सास सीमा पर जुटे हैती के शरणाथी

डेल रियो (**अमेरिका**)। हैती में गरीबी, भुखमरी और नाउम्मीदी की भावना से भाग कर आ रहे शरणार्थियों का कहना है कि वे उन्हें तेजी से वापस भेजने की अमेरिका की योजना से डरेंगे नहीं। मेक्सिको की सीमा पार करने के बाद हजारों लोग शनिवार को टेक्सास सीमा पर स्थित डेल रियो शहर में डटे रहे। वे पानी, भोजन और डायपर खरीदने के लिए शनिवार दोपहर को फिर से मेक्सिको गए और वापस आ गए।

# कम्युनिस्ट पार्टी ने चुनाव में उल्लंघन का आरोप लगाया

**एपी**। मॉस्को

**रूस** के दूसरे सबसे बड़े राजनीतिक दल, कम्युनिस्ट पार्टी के प्रमुख ने नई राष्ट्रीय संसद के चुनाव में व्यापक उल्लंघनों का आरोप लगाया है। उनकी पार्टी को इस चुनाव में अच्छी संख्या में सीटें जीतने की उम्मीद है। शनिवार रात यूट्यूब पर एक वीडियो प्रसारित हुआ, जिसमें जेल में बंद विपक्षी नेता एलेक्सी नवेलनी ने यह बताया कि यूनाइटेड रशिया पार्टी के प्रभुत्व को कम करने के लिए किसे वोट देना चाहिए। इस वीडियो के रूस में प्रसारण पर पांबदी रही लेकिन यह गैर-रूसी सर्वरों पर देखी जा सकती है। कम्युनिस्ट पार्टी के प्रमुख गैनेडी ज्यूगानोव ने तीन दिन तक चलने वाले मतदान के दूसरे दिन शनिवार को कहा कि पुलिस और राष्ट्रीय निर्वाचन आयोग को विभिन्न क्षेत्रों में मतदान में गड़बड़ी समेत कई गंभीर तथ्यों को लेकर आ रही खबरों पर ध्यान देना चाहिए। गोलोज चुनाव निगरानी आंदोलन और स्वतंत्र मीडिया ने भी उल्लंघनों के बारे में जानकारी दी है, जिसमें वोट खरीदना और मतदान केंद्र पर मतपत्रों की सुरक्षा संबंधी कदमों का अभाव शामिल है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के प्रति वफादार मानी जाने वाली यूनाइटेड रशिया पार्टी संसद के निचले सदन स्टेट ड्यूमा में अपना प्रभुत्व बरकरार रखती हुई प्रतीत हो रही है। हालांकि कुछ रुझान इशारा कर रहे हैं कि पार्टी अपने मौजूदा दो-तिहाई बहुमत को खो सकती है, जो संविधान बदलने के लिए जरूरी है। माना जा रहा है कि यूनाइटेड रशिया पार्टी को जिन सीटों पर हार मिलने की संभावना है, उनपर कम्युनिस्ट पार्टी बढ़त बना सकती है।

## नाइजीरिया में अपहर्ताओं ने फिरौती लेने के बाद 10 छात्रों को रिहा किया गया

लागोस (नाइजीरिया)। उत्तरी नाइजीरिया में बंदूकधारियों ने फिरौती मिलने के बाद 10 और छात्रों को रिहा कर दिया है, लेकिन 21 छात्र अब भी अपहर्ताओं की गिरफ्त में हैं। स्थानीय क्रिश्चियन एसोसिएशन के अध्यक्ष जॉन हैयब ने कहा कि अपहर्ताओं को तीन दिन पहले फिरौती मिल गई थी। उन्होंने कहा कि मुक्त किए गए 10 छात्र अपने-अपने घर पहुंच चुके हैं।

बंदूकधारियों ने पांच जुलाई को बेथल बैपटिस्ट हाईस्कूल के छात्रावास के कम से कम 120 छात्रों को अगवा कर लिया था। उसके बाद से छोटे-छोटे समूहों में छात्रों को रिहा किया गया। अपहर्ताओं ने आखिरी बार 27 अगस्त को छात्रों को रिहा किया था। हैयब ने कहा कि अपहर्ता हमें भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक, शारीरिक, आर्थिक रूप से काफी प्रताड़ित कर रहे हैं। उन्होंने हमें काफी दबाव में डाल लिया है।



जर्मनी के लेपजिग शहर में हिंसा के बाद भारी संख्या में पहुंचे पुलिसकर्मी



# बनें फॉरेंसिक विशेषज्ञ

**आपराधिक कानूनों और विनियमों को लागू करने के लिए दुनिया भर में हर जगह फोरेंसिक विज्ञान का अध्ययन किया जाता है। डा राणा सिंह का कहना है कि इस क्षेत्र में करियर आकर्षक हो सकता है**

फोरेंसिक विशेषज्ञों के काम ने हमें मंत्रमुग्ध कर दिया। बहुत से लोग मानव शरीर-रचना विज्ञान और फोरेंसिक विज्ञान के अध्ययन की ओर आकर्षित होते हैं। सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा और नागरिक विवादों को हल करने के लिए आपराधिक कानूनों व विनियमों को लागू करने के लिए फोरेंसिक विज्ञान के अध्ययन, जिसे आपराधिकता के रूप में भी जाना जाता है, का उपयोग दुनिया भर में हर जगह किया जाता है। भारत में 37 राज्य और सात केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाएं, 29 फिंगरप्रिंट ब्यूरो, अनेक क्षेत्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाएं तथा जिला मोबाइल फोरेंसिक इकाइयां हैं।

हमारे पास डीएनए फिंगर प्रिंटिंग और डायग्नोस्टिक्स के लिए एक उन्नत केंद्र और सेलुलर और आणविक जीवविज्ञान केंद्र तथा केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला भी है जो डीएनए प्रोफाइलिंग की सुविधा प्रदान करती है। देश में कई जगहों पर निजी क्षेत्र भी हैं जो इस क्षेत्र में अवसर प्रदान करते हैं।

भारत में आपराधिकता के क्षेत्र में इतने सारे अवसरों के बावजूद, प्रति 0.1 मिलियन जनसंख्या पर केवल 0.33 फोरेंसिक वैज्ञानिक हैं। फोरेंसिक वैज्ञानिकों की अत्यधिक आवश्यकता है। इस क्षेत्र में अवसर इस प्रकार के हैं।

**क्राइम सीन इन्वेस्टिगेटर :** इस क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक छात्रों के पास कम से कम स्नातक की डिग्री होनी चाहिए, ज्यादातर मास्टर डिग्री होना बेहतर है। विज्ञान और आपराधिक न्याय के क्षेत्र में डिग्री होनी चाहिए। क्राइम सीन इन्वेस्टिगेटर (सीएसआई) की भूमिका में विश्लेषण करना, अपराध के दृश्यों की जांच में मदद करना, शरीर के अंगों के साथ काम करना और बहुत से अन्य काम आते हैं।

**फोरेंसिक बैलिस्टिक विशेषज्ञ :** बैलिस्टिक विशेषज्ञ मूल रूप से एक आग्नेयास्त्र परीक्षक होता है जिसे आपराधिक न्याय में प्रशिक्षित किया जाता है। बैलिस्टिक विशेषज्ञ का कर्तव्य जीवित गोला-बारूद, गोलियों के टुकड़े, आग्नेयास्त्रों और इससे जुड़े अन्य उपकरणों पर साक्ष्य एकत्र करना और उनका विश्लेषण करना है। बैलिस्टिक विशेषज्ञ का एक अन्य काम फायर राऊंड्स की उत्पत्ति के बिंदु का पता लगाना है, यह जांचना कि क्या हाल ही में बंदूक चलाई गई थी, गोली के प्रकार की पहचान करना और बहुत कुछ। इस क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक छात्रों के पास फोरेंसिक साइंस में स्नातक डिग्री होनी चाहिए और उन्हें गणित, भौतिकी व रसायन विज्ञान का ज्ञान होना चाहिए। मानव शरीर-रचना विज्ञान और जीव विज्ञान की पृष्ठभूमि होना अनिवार्य है।

> **पॉलीग्राफ परीक्षक के रूप में अपना करियर बनाने के इच्छुक छात्रों के पास मनोविज्ञान, कानून प्रवर्तन या आपराधिक न्याय में डिग्री होनी चाहिए। काम में लाई डिटेक्टर परीक्षा आयोजित करना और जांचकर्ताओं के साथ काम करना शामिल है**

**फोरेंसिक डीएनए विश्लेषक :** डीएनए विश्लेषक फोरेंसिक विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। डीएनए विश्लेषक का काम पीड़ितों, संदिग्धों और विभिन्न लोगों के नमूनों की जांच करना है क्योंकि ये यह पहचानने में मदद करता है कि पेश व्यक्ति अपराध स्थल पर मौजूद था या नहीं, फिंगरप्रिंट परीक्षण की तुलना में डीएनए के परिणाम अधिक सटीक होते हैं। इस क्षेत्र में करियर उन छात्रों को बनाना चाहिए जो भावुक और दृढ़निश्चयी हों। छात्रों के पास कम से कम चार साल की डिग्री होनी चाहिए जिसमें किसी एक स्ट्रीम में शैक्षणिक योग्यता हो। डीएनए विश्लेषक बनने के लिए जिन क्षेत्रों में योग्यता हासिल की जा सकती है, वे हैं जीव विज्ञान, आपराधिकता, जैव रसायन, आनुवंशिकी और रसायन।

**लाई डिटेक्टर परीक्षक :** पॉलीग्राफ परीक्षक के रूप में अपना करियर बनाने के इच्छुक छात्रों के पास मनोविज्ञान, कानून प्रवर्तन या आपराधिक न्याय में डिग्री होनी चाहिए। लाई डिटेक्टर परीक्षक के काम में लाई डिटेक्टर परीक्षा आयोजित करना, जांचकर्ताओं के साथ काम करना, अदालत में गवाही देना और अन्य बहुत कार्य शामिल हैं।

**डिजिटल फोरेंसिक विशेषज्ञ :** डिजिटल फोरेंसिक विशेषज्ञ बनने के लिए, छात्रों के पास इनमें से किसी एक कोर्स, मसलन, कंप्यूटर इंजीनियरिंग, अप्लायड गणित, साइबर सुरक्षा सूचना प्रौद्योगिकी, व कई अन्य में स्नातक की डिग्री होनी चाहिए। इस क्षेत्र में बेहतर पद पाने के लिए मास्टर डिग्री की आवश्यकता होती है। साइबर क्राइम के बढ़ते मामलों के चलते डिजिटल फोरेंसिक एक्सपर्ट्स की काफी मांग है। डिजिटल फोरेंसिक के काम में जांच में जानकारी का विश्लेषण और कंप्यूटर से जुड़े अपराधों को सुलझाना शामिल है।

चूंकि अपराधियों का करियर-दायरा बहुत बड़ा है, इसलिए छात्र अस्पतालों, संस्थानों, फोरेंसिक लैब, फार्मास्युटिकल बहुराष्ट्रीय कंपनियों और सरकारी व निजी एजेंसियों में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। उन लोगों के लिए अनंत अवसर हैं जो खुद फोरेंसिक प्रेक्टिस करने और फोरेंसिक सर्विस आफिस खोलने की इच्छा रखते हैं।

–लेखक संस्कृत विश्वविद्यालय के वीसी हैं।

# आईएसबी एंट्रेंस
## परीक्षा में सफलता के टिप्स

**क्या आप इंडियन स्कूल ऑफबिजनेस में प्रवेश के लिए आवेदन करना चाहते हैं? इसके लिए सुमित कुमार गांधी ऐसे टिप्स दे रहे हैं जो आवेदनकर्ता की मदद कर सकते हैं**



Sumit Singh Gandhi
Founder-CEO, CATKing

इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) 2001 में स्थापित एक निजी बिजनेस स्कूल है। आईएसबी भारत में पहला बिजनेस स्कूल है जिसे एसोसिएशन द्वारा एडवांस कॉलेजिएट स्कूल ऑफबिजनेस (एएसीएसबी) से मान्यता प्राप्त है। हालांकि, आईएसबी भारतीय सांविधिक निकाय और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं है क्योंकि आईएसबी ने अपनी मान्यता हेतु आवेदन नहीं करने का विकल्प चुना है।

**प्रस्तावित कार्यक्रम**

- प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी)
- मध्य-करियर पेशेवरों के लिए डिजाइन किया गया एक निर्णायक एक वर्षीय कोर्स
- कामकाजी पेशेवरों के लिए स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपीप्रो)
- एक सप्ताहांत आवासीय एमबीए प्रोग्राम जिसे मध्य-करियर कार्यकारी अधिकारियों के लिए डिजाइन किया गया है
- वरिष्ठ अधिकारियों के लिए प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपीमैक्स)
- प्रबंधन में फेलो प्रोग्राम (एफपीएम)
- प्रबंधन में कार्यकारी फेलो कार्यक्रम (एफपीएम)
- नौकरीशुदा कार्यकारी अधिकारियों के लिए डिजाइन किया गया 3 वर्षीय डॉक्टरेट स्तर का कार्यक्रम
- कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम
- कामकाजी पेशेवरों के लिए कार्यक्रम जो समयबद्ध शिक्षण हस्तक्षेप प्रदान करने के लिए डिजाइन किए गए हैं जो उन्हें अपने करियर में प्रगति करने में मदद करते हैं।
- उन्नत प्रबंधन सॉफ्टवेयर

**परीक्षाएं जिन्हें पास करना आवश्यक होगा**

**पीजीपी के लिए**

जीमैट / जीआरई (टीओईएएफएल / आईईएलटीएस / पीटीई स्कोर आवश्यक है यदि यूजी अध्ययन स्तर पर शिक्षा की भाषा अंग्रेजी न रही हो)

**एफपीएम के लिए**

जीमैट / जीआरई / कैट / गेट / जेआरएफ (टीओईएएफएल उन आवेदकों के लिए जिनकी यूजी स्तर पर शिक्षा की भाषा अंग्रेजी नहीं है)।

**पीजीपीप्रो, पीजीपीमेक्स, ईईपी, एएमपी के लिए**

**इन परीक्षाओं की तैयारी कैसे करें**

- जीमैट परीक्षा : स्नातक प्रबंधन प्रवेश परीक्षा (जीमैट) आपकी विभिन्न कौशलों में परीक्षा लेती है, लेकिन इसे मुख्य रूप से 4 अलग-अलग वर्गों में विभाजित किया जा सकता है : मौखिक, मात्रात्मक, समग्र तर्क और विश्लेषणात्मक लेखन। यह समझने का सबसे अच्छा तरीका है कि जीमैट जिस मामले में आपका परीक्षण कर रहा है, वो है आपका नैदानिक परीक्षण करना। मॉक टेस्ट आपको जीमैट में शामिल विषयों के समग्र संदर्भ को समझने में सक्षम बनाएगा। और इसमें आपका स्कोर 720 होना चाहिए।
- जीआरई तैयारी : जीआरई परीक्षा के दो परीक्षा प्रारूप हैं – जीआरई सामान्य परीक्षा और जीआरई विषय परीक्षा। जीआरई सिलेबस प्रत्येक के लिए अलग है।
- जीआरई सामान्य परीक्षा : सामान्य परीक्षा एक मानक परीक्षा है जो छात्रों के मौखिक तर्क, मात्रात्मक तर्क और विश्लेषणात्मक लेखन कौशल का परीक्षण करती है।
- जीआरई विषय परीक्षा : अधिक विशिष्ट पाठ्यक्रमों के लिए कॉलेज द्वारा जीआरई विषय परीक्षा की आवश्यकता हो सकती है, क्योंकि जीआरई विषय परीक्षा विशिष्ट क्षेत्रों में उम्मीदवार की विशेषज्ञता को पहचानने पर केंद्रित है।
- कैट की तैयारी : कैट सिलेबस 2021 को तीन खंडों में विभाजित किया जा सकता है : मात्रात्मक क्षमता, डेटा व्याख्या एवं लॉजिकल रीजनिंग और मौखिक क्षमता एवं विवरण-पाठन

**आईएसबी पात्रता : ( पीजीपी ) :**

- उम्मीदवार के पास किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री या समकक्ष डिग्री होना चाहिए
- उम्मीदवार के पास उस वर्ष के 31 मार्च तक कम से कम 24 महीने का पूर्णकालिक योग्यता उपरांत कार्यानुभव होना चाहिए
- मान्य जीमैट /जीआरई स्कोर
- जीमैट (टीओईएफएल /आईईएलटीएस / पीटीई आवश्यक है यदि यूजी में भाषा अंग्रेजी नहीं थी)

# संचार का संसार

संचार हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। परिवार के भीतर हो, दोस्तों के भीतर, या सार्वजनिक व्यवहार में, संवाद करने के तरीके और तरीके की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। कॉर्पोरेट कामकाज कोई अपवाद नहीं है। नई प्रौद्योगिकियों के उद्भव और डिजिटल प्लेटफॉर्म की शक्ति ने कंपनियों को कॉर्पोरेट संचार की अखंडता बनाए रखने के महत्व का एहसास कराया है, और हितधारकों व शेयरधारकों को इसके अस्तित्व को सकारात्मक रूप से देखने का अवसर दिया है।



लक्षित दर्शकों के आधार पर कॉर्पोरेट संचार कई रूप ले सकता है। संगठन की संचार रणनीति में आमतौर पर आंतरिक और बाहरी रिपोर्ट, घोषणाएं, वेबसाइट सामग्री, प्रचार सामग्री, ईमेल, नोट्स, प्रेस विज्ञप्ति, भाषण, सम्मेलन, साक्षात्कार और वीडियो जैसे लिखित पाठ होते हैं। संगठन को लाभ पहुंचाने और वांछित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कॉर्पोरेट संचार तकनीकों व प्रबंधन कार्यों को आपस में जोड़ा जाता है।

**पाठ्यक्रम**– बढ़ती प्रतिस्पर्धा से, कंपनियां एक त्रुटिहीन छवि बनाए रखने को लेकर बहुत चिंतित हैं। कॉर्पोरेट छवि दृश्य संचार, उत्पाद विज्ञापन आदि के जरिए कंपनी के बारे में सब कुछ बताती है, और कंपनी की पहचान को भी दृढ़ता से प्रभावित करती है। ग्राफिक डिजाइन भारत में एक उभरता हुआ रचनात्मक करियर है जिसमें नौकरी और विकास के पर्याप्त अवसर हैं जहां व्यक्ति कंपनी के लिए दृश्य अवधारणाएं बनाता है और डिजाइन करता है।

बड़ी संख्या में कॉलेज इन पाठ्यक्रमों की पेशकश करते हैं। इसके अलावा, पत्रकारिता और जनसंचार में डिग्री इस क्षेत्र में आसान पहुंच हासिल करने में मदद कर सकती है। भारतीय प्रबंधन संस्थान के पास कॉर्पोरेट नेताओं के लिए संचार रणनीतियों में एक कार्यकारी कार्यक्रम है। कई निजी संस्थान जनसंपर्क प्रबंधकों, व्यवसाय व कार्यस्थल संचार, लेखन कौशल आदि के लिए अल्पकालिक पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं। छात्र विज्ञापन, जनसंपर्क, आंतरिक संचार, निवेशक संबंध, संकट प्रबंधन, ब्रांड प्रबंधन और इवेंट मैनेजमेंट जैसे विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञता का चयन कर सकते हैं।

**कार्यक्षेत्र और रोजगार संभावनाएं**– कॉर्पोरेट संचार में नए स्नातकों के लिए गुंजाइश एक विशिष्ट उद्योग तक ही सीमित नहीं है। यदि संचार आपकी ताकत है और आप में पेचीदगियों को समझने की क्षमता है तो करियर आपकी प्रतीक्षा में है। नवोदित व्यक्तियों जैसे व्यवसाय प्रवक्ता, विपणन विशेषज्ञ, तकनीकी कॉपीराइटर, सार्वजनिक भाषण प्रशिक्षक, प्रचार प्रबंधक, अभियान निदेशक, सोशल मीडिया हैंडलर, एचआर, डिजिटल मार्केटिंग विशेषज्ञ, इवेंट मैनेजर, या मीडिया प्लानर के लिए नौकरी के अच्छे अवसर हैं।

व्यक्ति निजी कंपनियों, लोक प्रशासन, गैर-लाभकारी संगठनों, सरकार व कॉर्पोरेट मामलों, बहुराष्ट्रीय कंपनियों, या मंत्रालय (एमआईबी) में संचार विशेषज्ञ के रूप में काम कर सकता है।

**अत्यावश्यक योग्यताएं**–कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस तेजी से जमीन पकड़ रहा है। आंतरिक और बाहरी दोनों तरह से सूचनाओं का प्रचार करने के लिए, या अपने उत्पादों व सेवाओं के विपणन के लिए कंपनियों को ऐसे विशेषज्ञ पेशेवरों की आवश्यकता होती है जिनके पास प्रभावी संचार कौशल हों।

कंपनी की प्रतिष्ठा अमूर्त है लेकिन यह एक शक्तिशाली संपत्ति है जो बड़ी प्रतिभा को आकर्षित करती है, उपभोक्ता के भरोसे का निर्माण करती है, व्यवसायों को हितधारक विश्वास को प्रभावित करने तथा प्रीमियम ग्राहकों को सकारात्मक रूप से प्रभावित करने का अवसर देती है। वर्तमान मामलों और प्रचलित कहानियों में व्यक्ति की स्वाभाविक रुचि होनी चाहिए। महामारी ने दुनिया को बदल कर रख दिया है। पुराने विचारों, आधारों और व्यापारिक दुनिया के दृष्टिकोण में कटौती नहीं होगी। इस क्षेत्र में बहुकर्मियों का एक उज्जवल भविष्य हो सकता है। व्यक्ति के पास अच्छा पारस्परिक कौशल होना चाहिए, सार्वजनिक स्तर पर वाचन का जुनून होना चाहिए, नेतृत्व की गुणवत्ता व सहकर्मियों और अन्य लोगों को प्रेरित करने की क्षमता होनी चाहिए, सोशल मीडिया की गहरी समझ हो, विश्लेषणात्मक कौशल हो तथा घटनाओं को सफलतापूर्वक आयोजित करने की क्षमता हो, तो व्यक्ति पहले से ही कॉर्पोरेट संचार में कैरियर के लिए कोर्स का हिस्सा है।

**महामारी प्रभाव**– मौजूदा महामारी कॉर्पोरेट संचार के लिए एक दुर्लभ और शायद सबसे अनिश्चित अवधि रही है। थोपा गया लॉकडाउन और उसके बाद वैश्विक मंदी के अलावा, अधिकारियों को सूचना विकारों का सामना करना पड़ता है। कंपनियों को आपात स्थिति में संकट-प्रतिक्रिया टीम के महत्व का अहसास हुआ, जिसे लगातार स्थिति की निगरानी करने, पारदर्शी होने और संचार श्रृंखला को नियमित रूप से अपडेट करने की आवश्यकता है। विशेष रूप से कर्मचारियों को मौजूदा स्थिति व नीति में बदलाव के बारे में समय पर सूचित करने की आवश्यकता है। महत्वपूर्ण रूप से उन्हें अनिश्चितता की चिंता को दूर करने के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता है। ग्राहकों के साथ संचार को उत्पादों या सेवाओं को बेचने की कोशिश करने के बजाय सहानुभूति पर ध्यान देना चाहिए। कंपनियों को वर्तमान समय के अनुरूप विज्ञापन और प्रचार रणनीतियों पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। शेयरधारकों और हितधारकों के साथ संचार पारदर्शी होना चाहिए। अनिश्चितता से निपटने के दौरान, कुछ गलत करने के डर से मुक्त होकर ईमानदार संचार जारी रखने की जरूरत है। जैसा कि चार्ल्स डार्विन ने कहा है, ''यह प्रजाति, जो जीवित है, वो इसलिए नहीं कि सबसे मजबूत या सबसे बुद्धिमान है, बल्कि इसलिए कि यह परिवर्तन के लिए सबसे अधिक प्रतिक्रियाशील है। ''

**डॉ मुकेश क्वात्र**
**– लेखक स्माइलिंग ट्री के संस्थापक हैं।**



# आपके लिए सही कोर्स

**जैसा कि छात्र वर्ष के इस समय सही पाठ्यक्रम चुनने की कश्मकश में हैं, पीसी छाबड़ा ऐसे पांच कोर्स के बारे में बता रहे हैं जिनकी बहुत ज्यादा मांग है, जो आपके भविष्य के पथ को आकार देने में मदद कर सकते हैं।**

शिक्षा पूरी तरह से अपने पारंपरिक ढांचे से आगे बढ़ गई है और महामारी के बाद के परिदृश्य में पुनर्कौशल महत्वपूर्ण है। कोविड-19 ने अध्ययन का एक नया रास्ता खोल दिया है और इसलिए, सामान्य स्थिति में लौटने की राह में अनेक चुनौतियां हैं। यह कौशल में सुधार के अवसरों का एक महासागर भी प्रस्तुत करता है। मौजूदा वैश्विक महामारी ने विभिन्न मुद्दों को प्रकाश में लाया, साथ ही छात्रों व पेशेवरों, दोनों के भीतर भविष्य की ओर बढ़ने की अपनी गति में तेजी लाने के लिए तात्कालिकता की भावना पैदा की।

जैसा कि बारहवीं कक्षा के बोर्ड के परिणाम अब आ गए हैं, छात्र इस बात को लेकर असमंजस में हैं कि बेहतर भविष्य के लिए क्या चुना जाए और साथ ही, यह छात्रों के लिए महत्वपूर्ण समय है क्योंकि इस स्तर पर चुने गए विकल्प परिभाषित कर सकते हैं कि वे अपने दीर्घकालिक करियर में क्या करते हैं। इस समय लगभग 80 प्रतिशत छात्र केवल इसलिए पाठ्यक्रम चुनने का दबाव महसूस करते हैं क्योंकि उनके माता-पिता सोचते हैं कि यह सबसे अच्छा है या सिर्फ इसलिए कि उनके दोस्त इसे चुन रहे हैं। कोर्स की पढ़ाई करने में अपना समय, पैसा और प्रयास लगाने से पहले, आपको अपना दिमाग स्थिर रखना चाहिए और सभी विकल्पों को ध्यान से देखना चाहिए।

जैसे-जैसे दुनिया डिजिटल दायरे को अपना रही है, पुराने कौशल को चमकाने और नए को सीखने की आवश्यकता बढ़ रही है। किसी भी कोर्स में प्रवेश का अंतिम फैसला करने से पहले, छात्रों के लिए आकर्षक करियर विकल्पों के साथ कुछ लाभकारी कोर्स इस प्रकार हैं।

### ☞ साइबर सुरक्षा

भारत में साइबर सुरक्षा मामलों में लगातार वृद्धि के रूप में, अब जबकि सरकारें और संगठन साइबर खतरों का सामना कर रहे हैं, हैकर्स सरकारी एजेंसियों को निशाना बनाते हैं क्योंकि इसकी अंतर्गुंथित प्रणाली में नागरिकों की बड़ी मात्रा में जानकारी होती है। न केवल सरकारी, बल्कि निजी या सार्वजनिक संगठन भी जोखिम में हैं।

स्रोत के अनुसार, देश में साइबर सुरक्षा पेशेवरों की मांग 2024 तक 200 प्रतिशत बढ़ने की संभावना है। छात्रों के लिए साइबर सुरक्षा का क्षेत्र सवार्धिक मांग वाले करियर में से एक बन गया है। जो लोग साइबर सुरक्षा पेशेवर के रूप में काम करने में रुचि रखते हैं, निश्चिंत रहें कि आपके लिए नौकरियों की कोई कमी नहीं होगी। साइबर सुरक्षा में अपना करियर शुरू करने के लिए, सूचना प्रौद्योगिकी में पृष्ठभूमि के साथ शुरुआत करने की जरूरत है। बारहवीं कक्षा के बाद साइबर सुरक्षा में करियर बनाने के लिए आपके पास निम्नलिखित विकल्प हैं :

- बी.टेक (सूचना प्रौद्योगिकी)
- बी.टेक (सूचना विज्ञान और इंजीनियरिंग)
- बी.टेक (साइबर सुरक्षा और फोरेंसिक)
- बी ई (आईटी)
- बीएससी (फोरेंसिक साइंस)
- साइबर सुरक्षा में डिप्लोमा

### ☞ कृत्रिम बुद्धिमत्ता

भारत एआई क्रांति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और आजकल एआई का उपयोग विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों (स्वास्थ्य देखभाल, कृषि, ऑटोमोबाइल, शिक्षा और परिवहन) आदि में किया जा रहा है। एआई हमारे पेशेवर जीवन में प्रवेश करता है और यह नवागंतुकों और पेशेवरों के लिए अद्भुत रोजगार अवसरों पर जोर देता है। एआई पेशे का हिस्सा बनने के लिए, आप आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस के भविष्य के विकास और इसके विभिन्न पहलुओं के बारे में जानेंगे जिन्हें एआई या आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके मशीन में विकसित किया जा सकता है।

भारत में आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस के भावी दायरे को एआई के उपखंड जैसे डीप लर्निंग, मशीन लर्निंग, आदि में प्रौद्योगिकियों में प्रगति भी बढ़ावा देती है। बारहवीं कक्षा के बाद व्यक्ति एआई में कोर्स का विकल्प चुन सकता है :

- बीटेक, कंप्यूटर विज्ञान में
- बीटेक, रोबोटिक्स और ऑटोमेशन में
- बीटेक, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में
- बीटेक , ईसी इंजीनियरिंग में
- बीटेक, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में

### ☞ फार्मास्यूटिकल्स साइंस

भारत में फार्मास्युटिकल बाजार उन कुछ क्षेत्रों में से एक है, जिन्होंने पिछले कुछ वर्षों में दोहरे अंकों की विकास दर (सीएजीआर) दिखाई है। भारत वैश्विक फार्मास्युटिकल उद्योग में अपनी उपस्थिति तेजी से बढ़ा रहा है। मौजूदा महामारी में दवाओं की मांग दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है, इसलिए दवा क्षेत्र में रोजगार भी तेजी से बढ़ रहा है। यह क्षेत्र भारत में निरंतर दर से बढ़ रहा है और हजारों छात्रों को करियर के बेहतरीन अवसर प्रदान कर रहा है। बारहवीं कक्षा पूरी करने के बाद, उम्मीदवार इस विकल्प को चुन सकते हैं :

- फार्मेसी में स्नातक
- फार्मेसी में स्नातक (लेटरल एंट्री)
- बैचलर ऑफ फार्मेसी (आयुर्वेद)
- फार्मेसी में डिप्लोमा

### ☞ नर्सिंग

नर्सिंग करियर छात्रों के लिए सबसे आकर्षक करियर विकल्पों में से एक है क्योंकि इसमें छात्रों के लिए उनकी शैक्षणिक पृष्ठभूमि के बावजूद कोई प्रतिबंध नहीं है। जैसे-जैसे भारत में चिकित्सा सुविधाएं बढ़ रही हैं, वैसे-वैसे नर्सिंग कोर्स की मांग भी काफी बढ़ गई है। नर्सें स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्थाओं के स्तंभों में से एक हैं और भारतीय नर्सें दुनिया में सबसे भरोसेमंद स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर हैं।

बारहवीं कक्षा के बाद नर्सिंग विभिन्न कोर्स का प्रस्ताव करती है :

- बीएससी नर्सिंग
- ए एन एम
- जीएनएम

### ☞ डेटा विज्ञान

डेटा हमारे जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा बन गया है। वर्तमान परिदृश्य में, प्रत्येक उद्योग ने डेटा एनालिटिक्स पेशेवरों की भूमिका के लिए अपने दरवाजे खोल दिए हैं।

डेटा साइंस का दायरा व्यापक है और भारत में अपने विशाल भविष्य प्रस्तावों व अवसरों के कारण एक आकर्षक और अग्रणी कैरियर विकल्प के रूप में उभरा है।

जो उम्मीदवार डेटा एनालिटिक्स के माध्यम से अनुसंधान और कंप्यूटरों के शौकीन हैं, उन्हें एक आकर्षक करियर विकल्प के रूप में डेटा साइंस को आगे बढ़ाने का विकल्प मिलेगा। इसके लिए इच्छुक उम्मीदवार को नीचे दिए गए कोर्स में से किसी एक को चुनना होगा :

- बीएससी डाटा साइंस
- बी.टेक बिग डेटा एनालिटिक्स
- बीसीए डाटा साइंस
- आईबीएम डेटा साइंस प्रोफेशनल सर्टिफिकेट
- पायथन सर्टिफिकेशन के साथ एप्लाइड डेटा साइंस

निर्णय लेने से पहले, अपने पसंदीदा क्षेत्रों में शीर्ष पाठ्यक्रमों और उनकी मांग के संदर्भ में शोध करते रहें।

– लेखक संस्कृति विश्वविद्यालय, मथुरा में कार्यकारी निदेशक हैं।

2 न्यूज-व्यूज
यूपी ने लिखी कामयाबी की नयी इबारत

6 अभिमत
आत्मनिर्भर भारत निर्माण में विज्ञान की भूमिका

12 विविध
आईएसबी एंट्रेंस परीक्षा में सफलता के टिप्स

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 325
लखनऊ, सोमवार, 20 सितम्बर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
डाक संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर
www.dailypioneer.com



दिल्ली कैपिटल्स के लिए खिताब जीतना चाहेंगेः पटेल
स्पोर्ट्स-11

# काम के दम पर फिर बनाएंगे सरकारः योगी

- सीएम बोले साढ़े चार साल में यूपी ने दिया सुरक्षा और सुशासन का मॉडल
- पहले अपनी हवेलियां बनाने की मचती थी होड़, हमने गरीबों के लिए बनाए आवास

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन-पूजन करते हुए

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि अपने काम के दम पर हम यूपी में एक बार फिर सरकार बनाएंगे। उन्होने कहा कि जनता, संगठन और सरकार के एकजुट प्रयास से राष्ट्रीय पटल पर यूपी को लेकर परसेप्शन बदला है। सरकार के प्रति जनता का भरोसा बढ़ा है और अब यही विश्वास 2022 के चुनाव में 350 सीटों के भारी बहुमत के साथ हमारी जीत तय करेगी। मुख्यमंत्री योगी सरकार के साढ़े चार वर्ष पूरे होने पर रविवार को पत्रकारों से मुख़ातिब थे। उन्होंने सरकार के साढ़े चार वर्ष के कार्यकाल को सुरक्षा और सुशासन का मानक गढ़ने वाला काल बताया और कहा है कि यह वही यूपी है जहां 2017 के पहले अपराधी और माफिया सत्ता के शागिर्द बनकर राज्य में भय, भ्रष्टाचार और अराजकता का माहौल खड़ा कर रहे थे। हर दूसरे-तीसरे दिन साम्प्रदायिक दंगे हुआ करते थे, लेकिन आज इनके खिलाफ हो रही कार्रवाइयों ने पूरे देश में एक मॉडल पेश किया है।

पहले मुख्यमंत्रियों में अपनी हवेलियां बनाने की होड़ मचती थी लेकिन हमने 42 लाख गरीबों के आवास बनाये हैं। मुख्यमंत्री ने साढ़े चार साल में प्रदेश के बहुमुखी विकास में मार्गदर्शन के लिए पीएम मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री, भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्रिपरिषद के सदस्यों के प्रति आभार जताया तो शासन के सकारात्मक कार्यों में सहयोग के लिए 24 करोड़ जनता का अभिनन्दन किया। सरकार की तमाम उपलब्धियों को साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वही उत्तर प्रदेश है, जहां कोई भी पर्व-त्योहार शांतिपूर्ण सम्पन्न नहीं हो पाता था लेकिन आज बीते चार साल में एक भी दंगा नहीं हुआ। नतीजतन लोगों की धारणा बदली। आज निवेशकों को भय नहीं है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में यूपी नम्बर दूसरे पर है। सिविल एविएशन के क्षेत्र में यूपी की उन्नति देखने लायक है। देश की सबसे बड़ी आबादी होने के बाद भी बीमारू की छवि के साथ देश में छठवें नम्बर की अर्थव्यवस्था होने का दंश झेलने वाला यूपी आज दूसरे नम्बर की अर्थव्यवस्था बनकर सामने आया है। इस नए उत्तर प्रदेश में चार साल में साढ़े चार लाख युवाओं को ईमानदारी से सरकारी नौकरी मिली तो यहाँ महिलाएं सुरक्षित, सम्मानित हैं और स्वावलम्बन की मिसाल बन रही हैं। उन्होंने कहा कि पहले जब सरकारी नौकरी की भर्ती निकलती थी तो वसूली के लिए पूरा खानदान निकल पड़ता था। आज केवल मेरिट और मेधा का सम्मान है।

## योगी ने अपने परिश्रम से उप्र को बीमारू राज्य से बाहर कियाः मोदी

**लखनऊ।** उप्र के सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को प्रदेश सरकार के साढ़े चार साल के कार्यकाल की उपलब्धियों का लेखा-जोखा संबंधी पुस्तिका का विमोचन किया जिसमें नरेंद्र मोदी ने सूबे की अर्थव्यवस्था में हुए सुधारों को लेकर टिप्पणी की है। मोदी ने कहा है कि आज उत्तर प्रदेश पूरे देश का नेतृत्व कर रहा है, इसके पीछे साढ़े चार वर्षों के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ का वह परिश्रम है, जिसमें उन्होंने उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य से बाहर लाने के लिए दिन-रात मेहनत की और वह रिफॉर्म के जरिए परफॉर्म करते हुए उप्र को ट्रांसफॉर्म करने के अपने मिशन में सफल रहे। उप्र में सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार के साढ़े चार वर्ष पूरे होने पर रविवार को लोकभवन में योगी ने सरकार की उपलब्धियों को दर्शाती 50 पृष्ठ की एक पुस्तिका और 16 पृष्ठ के फोल्डर का विमोचन किया।

## विवाह व अन्य आयोजनों में अब शामिल हो सकेंगे सौ लोग

**लखनऊ।** यूपी में दम तोड़ते कोरोना संक्रमण के बीच राज्य सरकार ने दुर्गा पूजा, नवरात्रि, विजयादशमी तथा दशहरा पर पूजा पंडालों को लगाने की सशर्त छूट दे दी है। कोविड प्रोटोकाल का सख्ती से पालन करते हुये राम लीला का मंचन तथा इन त्योहारों पर पूजा पंडालों को लगाया जा सकेगा। इसके अलावा शादी तथा अन्य आयोजनों में पचास लोगों के एक समय पर एक होने की संख्या में ढील देते हुये इसे सौ कर दिया गया है। सरकार की तरफसे इस बारे में गाइड लाइन जारी कर दी है। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि दुर्गा पूजा पंडाल व रामलीला मंच के स्थापना की अनुमति प्रदान करते समय इस बात का ध्यान रखा जाए कि सार्वजनिक आवागमन प्रभावित न हो। मूर्तियों की स्थापना पारंपरिक परंतु खाली स्थान पर की जाए उनका आकार छोटा रखा जाए।

# चरणजीत चन्नी होंगे पंजाब के नए सीएम




**भाषा।** चंडीगढ़

**पंजाब** में कांग्रेस के वरिष्ठ दलित नेता चरणजीत सिंह चन्नी राज्य के अगले मुख्यमंत्री होंगे। उन्हें रविवार को पार्टी विधायक दल का नया नेता चुना गया। वह पंजाब के पहले दलित नेता हैं, जो राज्य का मुख्यमंत्री बनेंगे। कांग्रेस के पंजाब प्रभारी हरीश रावत ने बताया कि चन्नी को कांग्रेस विधायक दल का नेता चुना गया। रावत ने ट्वीट किया, यह घोषणा करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है कि चरणजीत सिंह चन्नी को सर्वसम्मति से कांग्रेस विधायक दल का नेता चुना गया। विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद 58 वर्षीय चन्नी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू और प्रदेश प्रभारी हरीश रावत ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित से मुलाकात की और सरकार बनाने का दावा पेश किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अमरिंदर सिंह ने पार्टी विधायक दल का नया नेता चुने जाने पर चन्नी को बधाई दी और उम्मीद जताई कि वह सीमान्त राज्य पंजाब और लोगों की सुरक्षा कर सकेंगे। इससे पहले, राज्य के कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुखजिंदर सिंह रंधावा का नाम मुख्यमंत्री पद की दौड़ में सबसे आगे चलने की चर्चा थी, हालांकि ऐन मौके पर कांग्रेस आलाकमान ने चन्नी के नाम पर मुहर लगाई। सूत्रों का कहना है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू ने चन्नी के नाम की जोरदार पैरवी की और फिर राहुल गांधी ने दिल्ली में लंबी मंत्रणा के बाद चन्नी के नाम को मंजूरी दी। चन्नी दलित सिख समुदाय से आते हैं और अमरिंदर सरकार में तकनीकी शिक्षा मंत्री थे। वह रूपनगर जिले के चमकौर साहिब विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। वह शिरोमणि अकाली दल-भाजपा गठबंधन के शासनकाल के दौरान साल 2015-16 में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भी थे। विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले चन्नी को मुख्यमंत्री बनाकर कांग्रेस सामाजिक समीकरण साधने की कोशिश में है।

## आज सुबह 11 बजे लेंगे पद की शपथ

**चंडीगढ़।** पंजाब में कांग्रेस विधायक दल के नए नेता चुने गए चरणजीत सिंह चन्नी सोमवार सुबह 11 बजे राज्य के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे। राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश करने के बाद चन्नी ने संवाददाताओं से कहा, हमने अपना दावा पेश किया। राज्यपाल महोदय ने 11 बजे शपथग्रहण का समय दिया। चन्नी को रविवार को पार्टी विधायक दल का नया नेता चुना गया और अब वह राज्य के अगले मुख्यमंत्री होंगे।

## चन्नी को बधाई, हमें पंजाब के लोगों से किए वादों को पूरा करना जारी रखना हैः राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पंजाब में पार्टी विधायक दल का नया नेता चुने जाने पर चरणजीत सिंह चन्नी को बधाई दी और कहा कि राज्य के लोगों से किए गए वादों को पूरा करना जारी रखना है। उन्होंने ट्वीट किया, चरणजीत सिंह चन्नी जी को नई जिम्मेदारी को लेकर बधाई। हमें पंजाब के लोगों से किए गए वादों को लगातार पूरा करना जारी रखना है। विश्वास ही सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। चन्नी को रविवार को पार्टी विधायक दल का नया नेता चुना गया और अब वह राज्य के अगले मुख्यमंत्री होंगे।

## भारत दौरे पर आए सऊदी अरब के विदेश मंत्री और जयशंकर के बीच वार्ता हुई

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को सऊदी अरब के अपने समकक्ष फैसल बिन फरहान अल सऊद के साथ अफगानिस्तान के घटनाक्रम पर विचार विमर्श किया और रक्षा, व्यापार, निवेश और ऊर्जा के क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और बढ़ाने पर मंथन किया। सऊदी नेता के साथ व्यापक बातचीत में, जयशंकर ने भारत से खाड़ी देश की यात्रा पर प्रतिबंधों में और ढील देने का आह्वान किया और कोविड-19 महामारी के दौरान भारतीय समुदाय को दिए गए समर्थन के लिए देश की सराहना की। अल सऊद शनिवार शाम तीन दिवसीय दौरे पर यहां पहुंचे। महामारी फैलने के बाद से यह सऊदी अरब के किसी मंत्री की पहली भारत यात्रा है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया, दोनों मंत्रियों ने अफगानिस्तान के घटनाक्रम और अन्य क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। जयशंकर ने ट्वीट किया, सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान भारत के अपने पहले दौरे पर आए हैं। उनका स्वागत करके प्रसन्नता हुई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय संबंधों से संबंधित सभी मुद्दों और आपसी हित के क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की।

# स्थगन आदेशों से बढ़ गया अनावश्यक बोझः सुप्रीम कोर्ट

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने कहा है कि अदालतों द्वारा स्थगन आदेश देने से उस पर अनावश्यक बोझ पड़ता है। शीर्ष न्यायालय ने एक व्यक्ति को गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण प्रदान किया, जिसकी अग्रिम जमानत अर्जी पिछले सात महीने से इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित है। न्यायमूर्ति एस के कौल और न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश की पीठ ने व्यक्ति को राहत देते हुए कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अपने समक्ष लंबित अग्रिम जमानत अर्जी पर कोई फैसला नहीं लिया है।

पीठ ने कहा, हमारा मानना है कि इस तरह के स्थगन आदेशों से उचित स्तर पर निपटने के बजाय इनसे इस अदालत पर अनावश्यक बोझ ही बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, जांच के दौरान याचिकाकर्ता को कभी गिरफ्तार नहीं किया गया। हालांकि वह पूछताछ में शामिल हुए और सहयोग दिया। इस स्थिति में आरोपपत्र दाखिल किए जाने पर याचिकाकर्ता को गिरफ्तार करने की और अदालत में पेश करने की कोई जरूरत नहीं है। शीर्ष अदालत ने एक आपराधिक मामले में अग्रिम जमानत मांग रहे आरोपी की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की।

याचिकाकर्ता के खिलाफ विशेष सीबीआई अदालत गाजियाबाद द्वारा लिए गए संज्ञान के अनुरूप उनके खिलाफ समन आदेश जारी किया गया। याचिकाकर्ता ने समन मिलने पर 16 जनवरी, 2021 पर अग्रिम जमानत के लिए आवेदन किया था, जिसे 28 जनवरी को खारिज कर दिया गया था। याचिकाकर्ता ने तब तीन फरवरी, 2021 को उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत के लिए अर्जी लगाई थी।

## भारत में दो और रॉकेटों का किया जाएगा संपूर्ण उत्पादन

**बेंगलुरु।** अंतरिक्ष विभाग ने भारतीय औद्योगिक साझेदारों के साथ मिलकर पीएसएलवी के अलावा दो और रॉकेटों जीएसएलवी-एमके और एसएसएलवी के संपूर्ण उत्पादन की योजना बनाई है। विभाग के वाणिज्यिक अंग एनएसआईएल के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) को पीएसएलवी (ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान) के संपूर्ण निर्माण के लिए जारी उसके प्रस्ताव अनुरोध (आरएफपी) के जवाब में तीन आवेदन मिले हैं। ये आवेदन एचएएल-एलएंडटी, बीईएल-अडानी-बीईएमएल और बीएचईएल ने दाखिल किए हैं। एनएसआईएल के अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक राधाकृष्णन डी ने बताया कि अभी हम (तीनों आवेदनों के संबंध में) तकनीकी-वाणिज्यिक मूल्यांकन की प्रक्रिया में हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया अगले दो महीनों के भीतर पूरी हो जाएगी, जिसमें किसी एक बोली लगाने वाले को अनुबंध मिल जाएगा। राधाकृष्णन ने कहा, संपूर्ण पीएसएलवी का उत्पादन करने के लिए बोलीदाता के चयन के तुरंत बाद, एनएसआईएल एक अन्य परिचालन रॉकेट जीएसएलवी- एमके (जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल) के संपूर्ण उत्पादन के लिए अभिरुचि पत्र (ईओआई) जारी करेगा।

# तालिबान का नया फरमान घर पर ही रहें महिला कर्मी

- एक सप्ताह में कई फैसले महिला विरोधी संयुक्त राष्ट्र ही नहीं आम नागरिक भी चिंतित

**एजेंसी।** काबुल

**अफगानिस्तान** के नए तालिबान शासकों ने शहर की कई महिला कर्मचारियों को घर पर ही रहने का आदेश दिया है और महिलाओं को वही काम करने की इजाजत है, जो पुरुष नहीं कर सकते। यह जानकारी अफगानिस्तान की राजधानी काबुल के अंतरिम मेयर ने दी। स्कूल खोलने पर फैसला नहीं लिए जाने पर संयुक्त राष्ट्र ने चिंता जताई है तो कई महिला विरोधी फैसलों के खिलाफ काबुल में प्रदर्शन किया गया। यह फैसला अधिकतर महिलाओं को काम पर लौटने से रोकेगा। यह इस बात का एक और संकेत है कि तालिबान सार्वजनिक जीवन में महिलाओं पर पाबंदियां लगाने समेत इस्लाम की कठोर व्याख्या को लागू कर रहा है। अफगानिस्तान पर काबिज होते ही तालिबान ने वादा किया था कि वह सहिष्णु और समावेशी सरकार का गठन करेगा और महिलाओं और बच्चों के अधिकारों का हनन नहीं होने दिया जाएगा। वर्ष 1990 के दशक में शासन के दौरान तालिबान ने लड़कियों और महिलाओं के स्कूल जाने तथा नौकरी करने पर रोक लगा दी थी। अपने वादे के उलट हाल के दिनों में नई तालिबान सरकार ने लड़िकयों और महिलाओं के अधिकारों पर अंकुश लगाने वाले कई फरमान जारी किए हैं।

## लड़कियों के समर्थन में अफगान लड़के भी नहीं जा रहे स्कूल

**एजेंसी।** काबुल

**अफगानिस्तान** में लड़कियों की पढ़ाई पर लगाई जा रही तमाम पाबंदियों के खिलाफ अफगान लड़कों ने स्कूल जाने से परहेज किया। ऐसे लड़कों का कहना है कि जब तक लड़कियों को स्कूल जाने की इजाजत नहीं मिल जाती, वे भी पढ़ने नहीं जाएंगे। अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल से 12वीं के छात्र 18 वर्षीय रोहुल्ला ने कथित तौर पर कहा कि महिलाएं समाज का आधा हैं। मैं लड़कियों के स्कूल खुलने तक पढ़ने नहीं जाऊंगा। तालिबान शिक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को लड़कों के लिए माध्यमिक विद्यालय को फिर से खोलने का आदेश दिया, जबकि लड़कियों के स्कूल नहीं खोले गए हैं। यचे खुलेंगे भी या नहीं, इस बारे में स्थिति स्पष्ट नहीं है। तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने शनिवार को कहा था कि लड़कियों के माध्यमिक विद्यालय को फिर से खोलने की व्यवस्था चल रही है। हालांकि ये कब खुलेंगे, उन्होंने इसकी तारीख नहीं बताई। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि वह अफगानिस्तान में लड़कियों की स्कूली शिक्षा के भविष्य के बारे में गहराई से चिंतित है।

## पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष और परिजनों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज

**एटा (उप्र)।** उत्तर प्रदेश के एटा जिले के थाना अलीगंज क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जुगेंद्र सिंह यादव और उनके परिजनों के खिलाफ लूट समेत कई सुसंगत धाराओं में पुलिस ने मामला दर्ज किया है। रविवार को पुलिस ने यह जानकारी दी। एटा के अलीगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि महिला सजला देवी की तहरीर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जुगेंद्र सिंह यादव, पुष्पेंद्र यादव एवं विनोद यादव, रामखिलाडी और रामलला के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि सजला देवी ने अपनी तहरीर में आरोप लगाया है कि दो जून को डॉक्टर को दिखाकर दवा लेकर वह घर वापस लौट रही थी तभी जुगेंद्र यादव और उनके परिवार के लोगों ने उसे ने घेर लिया और हथियारों की नोक पर अकबरपुर कोट पर सात हजार रुपए लूट लिए। पुलिस ने बताया कि घटना की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है। गौरतलब है कि पिछले पंचायत चुनाव में जुगेंद्र सिंह यादव की पत्नी रेखा यादव सपा उम्मीदवार के रूप में एटा की जिला पंचायत अध्यक्ष निर्वाचित हुई है।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,015 | |
| निफ्टी | 17,585 | |
| सोना | 45,207 | /10g |
| चांदी | 60,183 | /kg |

## क्विक न्यूज

### ऑटो-कार की टक्कर, एक ही परिवार के नौ की मौत

रायपुर। छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में रविवार को एक ऑटोरिक्शा की एक कार से भिड़ंत हो गई जिससे ऑटोरिक्शा में सवार एक ही परिवार के नौ सदस्यों की मौत हो गई। मृतकों में चार महिलाएं और एक साल की बच्ची शामिल है, जबकि सात अन्य जख्मी हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि हादसा रायपुर से 200 किमी दूर फरासगांव थाना क्षेत्र के बोड़गांव मोड़ के पास हुआ है। उन्होंने बताया कि ऑटो में सवार परिवार गोड़मा गांव में एक अंतिम संस्कार में शिरकत करने के बाद अपने गांव लौट रहा था। कार जगदलपुर की ओर जा रही थी। अधिकारी ने बताया कि हादसे में ऑटोरिक्शा के चालक समेत उसमें सवार सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति की मौत फरासगांव अस्पताल में हुई और एक अन्य ने रायपुर ले जाते समय दम तोड़ दिया।

## गणेश विसर्जन के दौरान पांच लोग नदी में डूबे

**बाराबंकी।** उप्र के बाराबंकी जिले के मसौली थाना क्षेत्र में रविवार को गणेश विसर्जन करने गए पांच लोग कल्याणी नदी में डूब गए। हादसे के बाद ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पीएसी की बाढ़ नियंत्रण टीम और पांच गोताखोर लोगों की तलाश में जुट गए और एक महिला का शव बरामद कर लिया है तथा बाकी लोगों की तलाश जारी है। पुलिस अधीक्षक यमुना प्रसाद ने बताया कि मसौली थाने के सआदतगंज कस्बे के नारायण धर पांडेय ने घर में गणेश प्रतिमा स्थापित की थी। रविवार को वह परिजन व पड़ोसियों के साथ प्रतिमा को कल्याणी नदी में विसर्जित करने जा रहे थे। बारिश के कारण कल्याणी नदी का जलस्तर काफी बढ़ा हुआ है और इस कारण प्रतिमा के साथ नारायण धर पांडेय(58) व धर्मेंद्र कश्यप(20) अचानक नदी में बह गए। इसके बाद अफरा-तफरी मच गई और तभी गांव का ही सूरज पानी में डूबने लगा, छोटे भाई सूरज को बचाने के क्रम में नीलेश पटवा (35) और उनकी मां मुन्नी देवी भी डूबने लगीं। हादसे में कुल पांच लोग नदी में बह गए।

# भाजपा के एक और विधायक ने पार्टी नेतृत्व के प्रति नाराजगी जताई

- मैंने पार्टी के सभी कार्यक्रमों से खुद को दूर कर लिया हैः कल्याणी

**भाषा।** कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल में रायगंज से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक कृष्ण कल्याणी ने पार्टी नेतृत्व के खिलाफ अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए रविवार को कहा कि अगर उनकी शिकायतों का समाधान नहीं किया गया तो वह जल्द ही अपने राजनीतिक भविष्य का फैसला करेंगे।

कल्याणी ने संवाददाताओं से कहा कि भाजपा छोड़ने वालों की जरूर गंभीर शिकायतें रही होंगी, जिन पर ध्यान नहीं दिया गया। कल्याणी ने कहा, मैंने पार्टी के सभी कार्यक्रमों से खुद को दूर कर लिया है और मैंने मुद्दों के समाधान के लिए एक समय सीमा दी है, अन्यथा मुझे सोचना होगा। हालांकि, कल्याणी ने अपनी शिकायतों के बारे में विस्तार से नहीं बताया। यह पूछे जाने पर कि क्या वह किसी अन्य पार्टी में शामिल होंगे, कल्याणी ने कहा कि वह विकल्पों पर विचार कर रहे हैं और सही समय पर अपना निर्णय सार्वजनिक करेंगे।

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दो मई को नतीजे आने के बाद सांसद बाबुल सुप्रियो और मुकुल रॉय समेत चार विधायक तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में शामिल होने के लिए भाजपा छोड़ चुके हैं। कल्याणी ने कहा, यह देखना होगा कि वे किन परिस्थितियों में पार्टी छोड़ रहे हैं। उत्तर दिनाजपुर में टीएमसी जिला नेतृत्व ने कहा कि वे कल्याणी का पार्टी में स्वागत करेंगे।

# अगले बरस की दुहाई के संग बप्पा की विदाई

- गणेश उत्सव के अंतिम दिन हुआ प्रतिमाओं का विसर्जन

**भाषा।** मुंबई




**मुंबई** में गणेश उत्सव के अंतिम दिन रविवार दोपहर तक शहर में अलग-अलग जगहों पर गणपति और गौरी की 2,185 प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। स्थानीय निकाय के एक अधिकारी ने बताया कि कोविड-19 के कारण इसबार लगातार दूसरे साल बेहद कड़ी पाबंदियों के साथ गणेश उत्सव मनाया गया।

उन्होंने बताया कि विसर्जन के दौरान अभी तक कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। सामान्य वर्षों में गणेश उत्सव के दौरान मुंबई में गणपति पंडालों में भारी भीड़, दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें नजर आती थीं, लेकिन पिछले दो वर्षों से उत्सव कुछ फीका सा है। इस साल गणेश उत्सव 10 सितंबर से शुरू हुआ था। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के एक अधिकारी ने बताया कि नगर निकाय ने गणपति विसर्जन के लिए शहर में 173 जगहों पर कृत्रिम झील बनाए हैं, इसके अलावा प्रतिमाएं एकत्र करने के लिए केन्द्र, सचल विसर्जन स्थल भी बनाए गए हैं। ए सारी व्यवस्थाएं कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए की गई हैं। उन्होंने बताया कि बीएमसी के अधिकार क्षेत्र में 73 प्राकृतिक जल स्रोतों में गणपति विसर्जन की पूरी व्यवस्था की गई है। रविवार अपराह्न तीन बजे तक 85 सार्वजनिक मंडलों की प्रतिमाओं, 2,069 निजी रूप से स्थापित प्रतिमाओं और देवी गौरी की 31 प्रतिमाओं का विभिन्न स्थानों पर विसर्जन किया गया।

उन्होंने बताया कि इन प्रतिमाओं में से 29 सार्वजनिक पंडालों, 857 निजी रूप से स्थापित प्रतिमाओं और देवी गौरी की 10 प्रतिमाओं का विसर्जन कृत्रिम झीलों में किया गया। उन्होंने बताया कि बीएमसी ने विसर्जन को ध्यान में रखते हुए प्राकृतिक जल स्रोत वाले विसर्जन स्थलों पर 715 लाइफ गार्ड तैनात किए थे। स्थानीय निकाय ने 338 निर्मल कलश (जिनमें फूल आदि अन्य पूजन सामग्री एकत्र की जाती है), 182 निर्मल वाहन, 185 नियंत्रण कक्ष, 144 प्राथमिक चिकित्सा केन्द्रों और 39 एम्बुलेंस की व्यवस्था की थी।

# यूपी ने लिखी कामयाबी की नयी इबारत

## ● केन्द्र की अधिकतर योजनाओं में उत्तर प्रदेश नम्बर वन

**पायनियर समाचार सेवा** । लखनऊ

**यूपी** सरकार ने साढ़े चार सालों में हर कदम पर एक नई इबारत लिखी और वह दूसरे राज्यों के लिए मिसाल बना है। उसने देश के सभी बड़े अभियानों की अगुवाई की है। प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीबों को आवास देना हो या फिर किसानों को किसान निधि सम्मान योजना से जोड़ना हो। युवाओं को रोजगार देना हो या फिर कोरोना को मात देने के लिए वैक्सीनेशन। केन्द्र सरकार की 90 फीसदी से ज्यादा योजनाओं में यूपी नम्बर वन बना है। एमएसएमई के माध्यम से युवाओं को रोजगार दिलाने में यूपी ने कीर्तिमान बनाया है।

सरकार निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से युवाओं को रोजगार, किसानों को समय पर भुगतान के साथ गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना से आवास और सौभाग्य योजना से 1.41 करोड़ से अधिक लोगों को निशुल्क बिजली कनेक्शन दे चुकी है। यूपी सरकार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए पूरे देश में बेस्ट परफॉर्मेंस अवार्ड दिया गया। गन्ना उत्पादन में रिकार्ड बनाने के साथ बंद पड़ी चीनी मिलों को फिर से चालू करना भी एतिहासिक कदम रहा है। खाद्यान्न, गेहूं, आलू, आम, आंवला व मटरफली के उत्पादन में भी यूपी ने नम्बर वन स्थान पाया है।

यूपी देश में पहला राज्य है जिसने उज्जवला योजना के तहत 1.5 करोड़ परिवारों को निशुल्क गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया है। प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत प्रदेश में सबसे अधिक 7.02 करोड़ खाते खोले गए। अटल पेंशन योजना के जरिए 36,60,615 लोगों को लाभ देकर यूपी देश में नंबर वन है। देश भर में सबसे अधिक 2 करोड़ 61 लाख शौचालयों का निर्माण भी यूपी में किया गया है। मेडिकल सुविधाएं मुहैया कराने में यूपी सबसे अग्रणी राज्य है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर यूपी के हर जिले को सभी सुविधाओं से लैस मेडिकल कॉलेज का तोहफा दिया है। इसमें से 30 मेडिकल कॉलेजों का निर्माण कार्य चल रहा है। कोविड वैक्सीनेशन में भी यूपी ने देश भर के राज्यों को पीछे छोड़ रिकार्ड बना दिया है। प्रदेश में अब तक 9 करोड़ से अधिक लोगों को कोरोना वैक्सीन दी जा चुकी है। कोरोना कालखंड के दौरान संक्रमण को मात देने के लिए चीनी मिलों में रिकार्ड सेनीटाइजर का उत्पादन किया गया। यूपी में बने सेनीटाइजर को दूसरे राज्यों में भी सप्लाई किया गया। प्रदेश सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर के साथ स्वावलंबन से जोड़ रही है। स्वयं सहायता समूह के जरिए 01 करोड़ से अधिक महिलाएं स्वरोजगार से जुड़ी हैं। यूपी पहला राज्य है जिसने महिलाओं को सहूलियत व जल्द सुनवाई के लिए प्रदेश के सभी पुलिस स्टेशनों में महिला हेल्पडेस्क स्थापित की है। इसके साथ पिंक बूथ का निर्माण कराया है।

भ्रष्टाचार को लेकर सीएम योगी की जीरो टॉलरेंस की नीति रंग लाई है। जेम पोर्टल के माध्यम से देश में सबसे ज्यादा खरीद यूपी के सरकारी विभागों ने की है। देश में उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है। ई-चालान व्यवस्था व ई-अभियोजन में यूपी सबसे आगे है। केन्द्रीय पंचायती राज विभाग ने यूपी को ई-गर्वेनेंस में एक्सीलेंट के परफॉर्मेंस अवार्ड से नवाजा है।



सीएम योगी आदित्यनाथ रविवार को लोक भवन में वर्तमान राज्य सरकार के साढ़े चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान सूचना एवं जन संपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित पुस्तिका का विमोचन करते हुए।

## साढ़े चार साल में छह करोड़ 47 लाख लोगों को मिला बीमा कवर

**पायनियर समाचार सेवा** । लखनऊ

**अपने** कार्यकाल के साढ़े चार वर्ष पूरे किए जाने पर रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकार का रिपोर्ट कार्ड पेश किया। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग की तरफ से भी अपना रिपोर्ट कार्ड जारी किया गया है। जिसमें सरकार की तरफसे पीएम जन आरोग्य योजना के तहत प्रदेश में 6 करोड़ 47 लाख लोगों को बीमा कवर देने देने के साथ ही 42 लाख 19 हजार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य में बीमा कवर दिए जाने का उल्लेख किया गया है।

अपने कार्यकाल के साढ़े चार साल पूरे करने पर योगी सरकार की तरफ से जारी बुकलेट में स्वास्थ्य, शिक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर किए गए कार्यों का जिक्र शामिल है। जारी आंकड़ों के मुताबिक 59 जनपदों में न्यूनतम एक मेडिकल कॉलेज क्रियाशील हैं। 16 जनपदों में पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज के स्थापना की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। गोरखपुर और रायबरेली एम्स का सफल संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्विद्यालय गोरखपुर का निर्माण शुरू हो चुका है। सरकार ने पीएम जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) में 6 करोड़ 47 लाख लोगों को बीमा कवर प्रदान किया है। जबकि 42.19 लाख लोगों को मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना में बीमा कवर दिया गया है। लखनऊ में अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्विद्यालय का निर्माण शुरू हो चुका है। जहां 6 नए सुपर स्पेशियलिटी मेडिकल ब्लॉक की स्थापना की जाएगी। गोरखपुर, भदोही में वेटरनरी चिकित्सा विश्विद्यालय का निर्माण शामिल है। आम जनमानस की लाइफ लाइन यानी प्रदेश भर में 4470 एम्बुलेंस का संचालन हो रहा है। वहीं नियमित-संविदा पर 9512 चिकित्सकों एवं पैरा मेडिकल स्टाफ की भर्ती की गई है।

# कोरोना से बचाव और उपचार की व्यवस्थाओं को मजबूत बनाए रखें

**पायनियर समाचार सेवा** । लखनऊ



## ● बीते 24 घंटे में सूबे में संक्रमण के मात्र 17 नए मामले सामने आए

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोरोना संक्रमण से बचाव और उपचार की व्यवस्थाओं को मजबूत बनाये रखा जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में संक्रमण तेजी से कम हो रहा हैए किन्तु यह अभी समाप्त नहीं हुआ है। यह अतिरिक्त सतर्कता एवं सावधानी बरतने का समय है।

मुख्यमंत्री रविवार को लोक भवन में कोविड 19 की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि पिछले 24 घण्टों में राज्य में कोरोना संक्रमण के 17 नए मामले सामने आए हैं। इस अवधि में 12 व्यक्तियों को सफल उपचार के उपरान्त डिस्चार्ज किया गया। वर्तमान में प्रदेश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 198 है। अलीगढ़, अमेठी, अमरोहा, औरैया, अयोध्या, आजमगढ़ए बागपतए बलियाए बांदाए बस्ती, बहराइच, भदोही, बिजनौर, एटा, फर्रुखाबाद, गोण्डा, हमीरपुर, हाथरस, कानपुर देहात, कासगंज, महोबा, मीरजापुर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, पीलीभीत, प्रतापगढ़, रामपुर, सहारनपुर, शामली, श्रावस्ती तथा सुल्तानपुर में कोविड का एक भी मरीज नहीं है। प्रदेश में कोरोना संक्रमण की रिकवरी दर 98.7 प्रतिशत है। मुख्यमंत्री ने कोविड वैक्सीनेशन कार्य को पूरी सक्रियता से संचालित करने के निर्देश देते हुए कहा कि संक्रमण से बचाव में कोविड टीकाकरण एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच है। बैठक में अवगत कराया गया कि प्रदेश में कोविड टीकाकरण की प्रक्रिया तीव्र गति से चल रही है। प्रदेश में अब तक 9 करोड़ 41 लाख 53 हजार 859 कोरोना वैक्सीन की डोज लगाई जा चुकी हैं। उन्होने कहा कि जिन लोगों ने वैक्सीन की पहली डोज ले ली हैए वे सभी लोग समय पर वैक्सीन की दूसरी डोज भी समय पर अवश्य लें। मुख्यमंत्री ने डेंगू व अन्य वायरल बीमारियों के सम्बन्ध में प्रदेशव्यापी सर्विलान्स कार्यक्रम को और प्रभावी बनाए जाने के निर्देश दिये। बुखार व संक्रमण के अन्य लक्षणों के संदिग्ध मरीजों की पहचान कर, उन्हें उचित परामर्श दिया जाए। अस्पतालों में बेड एवं दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवालय की स्थापना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इन भवनों के निर्माण से कार्य प्रणाली को एक व्यवस्थित स्वरूप भी मिलेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी 03 माह में प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवालय भवन का निर्माण पूर्ण कर लिया जाए।

# कोविड के कारण अनाथ बच्चों को दी जा रही 4000 रुपये प्रति माह की सहायताः स्वाति सिंह

**पायनियर समाचार सेवा** । लखनऊ

**प्रदेश** की महिला कल्याण, बाल विकास पुष्टाहार राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार स्वाति सिंह ने बताया कि प्रदेश में कोविड 19 महामारी के कारण अनाथ हुए बच्चों के उनके भरण पोषण, शिक्षा, चिकित्सा आदि की व्यवस्था हेतु उप्र मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना प्रारम्भ की गयी है। 0 से 18 वर्ष की उम्र तक के ऐसे बच्चे जिनके माता या पिता अथवा दोनों की मृत्यु कोविड 19 के संक्रमण से हो गई हो। ऐसे बच्चों को 4000 रुपये प्रति माह की सहायता दी जा रही है।

महिला कल्याण मंत्री ने बताया कि ऐसे बच्चे जो पूर्णतया अनाथ हो गए हों एवं बाल कल्याण समिति के आदेश से विभाग के अन्तर्गत संचालित बाल्य देखभाल संस्थाओं में आवासित कराया जा रहा है। 11 से 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों की शिक्षा 12 तक की निःशुल्क शिक्षा हेतु अटल आवासीय विद्यालयों तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में प्रवेश कराया जाएगा। प्रदेश सरकार उपरोक्त प्रकार की बालिकाओं के शादी योग्य होने पर शादी हेतु 1 लाख 1 हजार रूपये की राशि उपलब्ध करा रही है। साथ ही उपरोक्त श्रेणी के अन्तर्गत आने वाले कक्षा 9 या इससे ऊपर की कक्षा में अथवा व्यवसायिक शिक्षा प्राप्त कर रहे 18 वर्ष तक के बच्चों को टैबलेट व लैपटॉप की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि जनपद स्तर पर ऐसे बच्चों को लाभ दिलाने हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों के अभिभावकों से सम्पर्क कर आवेदन पत्र भराए जा रहे हैं तथा अब तक प्रदेश में 287 ऐसे बच्चे जिनके माता पिता दोनों की तथा 4512 ऐसे बच्चे जिनके माता या पिता में से किसी एक की मृत्यु कोविड से हुयी है, कुल 5147 बच्चों को प्रथम 3 माह की अग्रिम धनराशि कुल 12000 रूपये प्रति बच्चा भेजी की गई है।

# भाजपा सरकार के पास बताने के लिए एक भी उपलब्धि नहीं: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा** । लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश के लिए भाजपा सरकार के साढ़े चार साल निराशा भरे और डरावने रहे हैं। यह एक नान स्टार्टिंग सरकार है जबकि इसमें डबल इंजन लगा है। सिकयार्ड में खड़े इस भाजपाई इंजन की आवाज भी किसी को सुनाई नहीं पड़ रही है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार के सत्ता में अब केवल छह महीने बचे हैं। अब तक एक भी वादा पूरा न करने वाली और सिर्फ सरकारी विज्ञापनों के खम्भों पर टिकी भाजपा सरकार चुनावी रणनीति के तहत लोक लुभावन सौगातें परोसने में लग गई है। उद्घाटन, शिलान्यास के अलावा अन्य घोषणाओं की बौछार करते समय मुख्यमंत्री जी यह भूल जाते हैं कि जनता भलीभांति समझती है कि जो काम और वादे साढ़े चार साल में नहीं पूरे हुए उन्हें छह माह में किस चमत्कार से पूरा कर दिया जाएगा, अखिलेश ने कहा कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ने आज 16 पेज के 16 आने झूठ की पुस्तिका बंटवाई है। लगता है कि भाजपा ने अपने अन्तर्राष्ट्रीय झूठ प्रशिक्षण केन्द्र की पाठ्य पुस्तिका प्रकाशित की है। परन्तु भाजपा के झूठ के दूत इसे ऑनलाइन कक्षाओं में ही चला सकेंगे क्योंकि जनता के बीच जा नहीं पा रहे हैं। अभी तक तो भाजपा सरकार के पास बताने के लिए एक भी उपलब्धि नहीं है क्योंकि उन्होंने कोई काम नहीं किया सिर्फ समाजवादी सरकार के कामों पर ही अपने नाम की पट्टी लगाई है और नाम ही बदले हैं। एक भी ऐसा कोई काम नहीं जिसका शिलान्यास करने के बाद उन्होंने उद्घाटन भी किया हो। हां भाजपा सरकार में एक काम बड़ी चतुराई से हुआ है और वह है बजट खुर्द-बुर्द करना। जनहित में गिनाने लायक एक भी योजना नहीं। भाजपा ने सन् 2017 में जो संकल्प लिए थे, साढ़े चार वर्ष में अपने उस संकल्प पत्र के पन्ने भी पलट कर नहीं देखे। अखिलेश यादव ने कहा कि जनता को भाजपा धोखे पर धोखा देती रही है। महिलाओं, दलितों, पिछड़ों को अपमानित करना भाजपा का एजेंडा है। कानून व्यवस्था का उसने मजाक बनाकर रख दिया हैं लोकतंत्र के साथ छल करके भाजपा संविधान के मूलाधार पर ही प्रहार कर रही है। किसान, गरीब, महिला, युवा पर अत्याचार, बेरोजगारी, बेलगाम मंहगाई , वादा खिलाफी और बढ़ता हुआ भ्रष्टाचार इस सबसे त्रस्त और आक्रोशित सभी वर्ग अब भाजपा से पिंड छुड़ाना चाह रहे हैं। जनता को अब नफरत और ठप कारोबार के सौदागरों में कोई आकर्षण नहीं रह गया है। जुमलेबाज भाजपा सरकार के दिन अब बीत गए हैं। सन् 2022 में समाजवादी पार्टी प्रदेश में सत्तारूढ़ होकर कल्याणकारी राज्य की अवधाराणा को पूरा करेगी।

# साढ़े चार साल के योगी शासन में बर्बाद हुआ यूपीः लल्लू

**पायनियर समाचार सेवा** । लखनऊ



**कांग्रेस** प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने योगी सरकार के साढ़े चार साल पूरे होने पर विकास के तमाम दावों को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने झूठ का पुलिंदा बताते हुए कहा है कि कहा कि प्रदेश की जनता महंगाई, बेरोज़गारी और अपराध से त्राहि त्राहि कर रही है। उत्तर प्रदेश साढ़े चार साल के योगी शासन में बर्बाद हुआ। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि किसानों की आय दोगुना करने का वादा करके सत्ता में आई योगी सरकार बेशर्मी के साथ आज अपने साढ़े 4 साल पूरे होने पर विकास उत्सव मना रही है, जबकि सच्चाई यह है कि किसानों की आय दोगुनी करने का वायदा हो या हर साल 70 लाख नौजवानों को रोजगार देने का वायदाए सब फर्ज़ी साबित हुए हैं। लाखों सरकारी पद खाली हैं और प्रदेश के दो करोड़ युवा नौकरियों के लिए दर दर की ठोकरें खा रहे हैं। योगी सरकार में बेरोजगारी दुगनी रफ़्तार से बढ़ी है। सरकार ने झूठे आंकड़े प्रस्तुत करके मनरेगा कर्मियों को रोजगारपरक ट्रेनिंग देकर उन्हें समायोजित करने के जो बड बड़े दावे किए थे, आरटीआई में आई जानकारी के मुताबिक वह सब कोरे साबित हुए हैं। प्रदेश अध्यक्ष लल्लू ने बताया कि 2019 में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर 2018 में खत्म तिमाही में यूपी में सबसे ज्यादा करीब 15.8 फीसदी की दर से बेरोजगारी दर्ज की गई। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि चाहे युवाओं के उत्थान और बेरोजगारी से निपटने का विषय हो, किसानों को बेहतर जीवन मुहैया कराने व उनकी फसल का उचित मूल्य दिलाने का मामला हो, प्रदेश की महिलाओ बेटियों की सुरक्षा का मामला हो, प्रदेश में बढ़ रहे अपराध के ग्राफ और लॉ एंड ऑर्डर का विषय हो, प्रदेश के औद्योगिक विकास एवं अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण का मामला हो, सभी मामलों में योगी आदित्यनाथ सरकार आजादी के बाद की अब तक की सबसे नकारा सरकार साबित हुई है।

# यूपी में विपक्षी दलों की खिसकी जमीन, फैला रहे भ्रमः स्वतंत्र देव

**पायनियर समाचार सेवा** । लखनऊ



**बीजेपी** प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि विपक्षी दल योगी फोबिया से ग्रस्त है। उन्होंने कहा कि सपा-बसपा और कांग्रेस की हालत रेत में सर छुपाये शुतुरमुर्ग जैसी है और उनको योगी सरकार में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण क्षेत्रों के उत्थान सहित सभी क्षेत्रों में हुए सर्वांगीण विकास कार्य दिखाई नहीं दे रहे हैं। सपा-बसपा और कांग्रेस की जमीन उत्तर प्रदेश में खिसक गई है। सत्ता वापसी के इनके सपने बिखर गए हैं। इनका काम केवल भ्रामक, तथ्यहीन व बेबुनियाद प्रोपेगेंडा चला जनता को सिर्फ और सिर्फ भ्रमित करना है।

श्री सिंह ने कहा कि अपराधियों की मसीहा समाजवादी पार्टी सरकार के विरोध में बोलने का हक खो चुकी है। सपा उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के खिलाफसिर्फइस वजह से बोल रही है क्योंकि उसके शासनकाल में पोषित और संरक्षित माफियाराज के खिलाफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अभियान छेड़ रखा है। योगी सरकार द्वारा पिछले साढ़े चार साल में माफियाओं और बदमाशों के कब्जे से छुड़ाई गई 18 सौ करोड़ से ज्यादा की सरकारी जमींन और ध्वस्त व जब्त की गई करोड़ों की संपत्तियां इसका सबूत है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सपा को चिंता प्रदेश के गरीब, वंचित, किसान, युवा, महिला और व्यापारी वर्ग की नहीं है। उसे चिंता उसके माफिया मित्रों के अवैध निर्माणों पर चल रहे सरकारी बुलडोजर की है। श्री सिंह ने कहा कि सपा को नही भूलना चाहिए कि उत्तर प्रदेश की जनता उसे एक बार नहीं दो बार बुरी तरह से खारिज कर चुकी है। श्री सिंह ने कहा कि राजनीतिक पर्यटन पर प्रदेश में आने वालों को यह नहीं भूलना चाहिए कि उत्तर प्रदेश के निवासी उन्हें तीन दशक पहले ही नकार चुके हैं। जो लोग अपना घर नहीं बचा सके वे हताशा और निराशा में ओछी बयानबाजी कर रहे है। ऐसा करने में वे कई बार तथ्यों से परे जाकर अपनी ही गरिमा खो रहे है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नेता प्रियंका वाड्रा को शायद पता नहीं है कि पिछले साढ़े चार साल में योगी सरकार ने साढे चार लाख से ज्यादा सरकारी भर्तियां की और 30 लाख से ज्यादा युवाओं को रोजगार से जोड़ा। प्रदेश में अपराधों में भारी कमी आई है। महिलाओं व बालिकाओं के सम्मान और स्वावलंबन के लिए योगी सरकार प्रतिबद्ध है।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैंने अपना नाम रवलीन कौर से बदलकर रवलीन कौर भाटिया पत्नी दमन दीप सिंह भाटिया कर लिया है। पता– 10/M/5 दूसरी मंजिल MIG योजना दबौली कानपुर नगर 208022 है।

**सूचना**

मैंने अपना नाम Mercy Thapa से बदलकर Ranu रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/o Ashish Kumar 647JB002 P-32, Janesis Club Kursi Road, Lucknow.

**सूचना**

मैंने अपना नाम ASAD से बदल कर ASAD MANSOORIE रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/o Abdus Sattar R/o 610/2334/525C Bari Enclave Keshav Nagar Sitapur Road, Lucknow.

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2010 अनुक्रमांक 1951996, इण्टर मीडिएट वर्ष 2012 अनुक्रमांक 1013344 एवं बीएससी 2015 अनुक्रमांक 6063403 की मार्कशीट व सनद वास्तव में खो गई है। लक्ष्मीकान्त पुत्र रमेश चन्द्र नि. कांधी – फतेहपुर

**सूचना**

''श्रीमती कान्ती मिश्रा पत्नी स्व0 हरीश चन्द्र मिश्रा पुत्री राजेश्वर मिश्रा निवासिनी 74/113 घनकुट्टी कानपुर कैन्ट कानपुर नगर जोकि फ्री–होल्ड भवन सं0–128/वाई/ 403 किदवई नगर क्षेत्रफल 167.22 वर्गमीटर कानपुर नगर के भवन स्वामी हैं सम्पत्ति का मूल आवंटनपत्र रास्ते में गिर गये हैं जिसका आवंटन पत्र सं0–6518 दिनांक 24/03/1966 हैं जिसका प्रयोग अवैध है।''

# विभागीय जांच में 13 गन्ना पर्यवेक्षक दोषमुक्त, 56 पर दंडात्मक कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा** । लखनऊ

**आयुक्त** गन्ना एवं चीनी संजय आर भूसरेड्डी ने बताया कि न्याय की अवधारणा के अनुसार निर्दोष कार्मिकों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय न हो यह सुनिश्चित कराना प्रत्येक विभागाध्यक्ष का परम कर्तव्य है । इसी सिद्धांत पर चलते हुये गन्ना विभाग द्वारा विभागीय कार्यवाही में निर्दोष पाये जाने के कारण 13 गन्ना पर्यवेक्षकों को दोषमुक्त करते हुये उनके विरुद्ध संस्थित की गयी अनुशासनिक कार्रवाई को बिना दण्ड के ही समाप्त कर दिया गया है, साथ ही 56 गन्ना पर्यवेक्षकों के विरूद्ध आरोप सिद्ध पाये जाने की वजह से उन्हें लघु एवं वृहद दण्ड देते हुए अनुशासनिक कार्रवाई की गयी है । इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये श्री भूसरेड्डी ने बताया कि विभाग को शासकीय कार्यों में लापरवाही, सर्वे कार्य में अनियमितता,सट्टा नीति का उल्लंघन, विभागीय योजनाओं के कियान्वयन में लापरवाही, मृतक, भूमिहीन एवं अन्य अनियमित सट्टों के नियम विरूद्ध संचालन सम्बन्धी तथा अन्य आरोपों में गन्ना पर्यवेक्षकों के विरूद्ध गन्ना किसानों व अन्य माध्यमों से शिकायतें प्राप्त हुयी थी । शिकायतों की प्रथम दृष्टया जांच में दोषी प्रतीत होने वाले 69 गन्ना पर्यवेक्षकों के विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई प्रतिस्थापित करते हुए परिक्षेत्र एवं जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया। जिसपर जांच अधिकारियों द्वारा अपचारी कार्मिकों पर आरोप पत्र प्रेषित करते हुए उनका स्पष्टीकरण मांगा गया तथा प्राप्त स्पष्टीकरण, अभिलेखीय साक्ष्यों के परीक्षणोपरान्त जांच आख्या प्रस्तुत की गयी । उन्होंने बताया कि जांच आख्या के सम्यक अनुशीलन के पश्चात आरोपी 69 गन्ना पर्यवेक्षकों में से 13 गन्ना पर्यवेक्षकों के विरुद्ध कोई आरोप सिद्ध न पाये जाने के कारण प्रचलित अनुशासनिक कार्रवाई को बिना किसी दण्ड के समाप्त करने का निर्णय लिया गया है। उक्त के अतिरिक्त 56 आरोपी गन्ना पर्यवेक्षकों के विरूद्ध जांच में आरोप सिद्ध पाये गये जिसके लिए उन्हें लघु एवं वृहद दण्ड दिया गया, इनमें से 32 पर्यवेक्षकों के विरूद्ध वसूली का आदेश दिया गया है । गन्ना आयुक्त द्वारा इन प्रकरणों का निस्तारण कराते हुये कार्मिकों को संदेश भी दिया गया है कि गन्ना विभाग एवं इसकी सह . संस्थाओं में कार्यरत अधिकारी एवं कार्मिक पूरी निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करें, किसी भी निर्दोष कार्मिक को दण्डित नहीं किया जाएगा दोषियों को बक्शा नहीं जाएगा। अधिकारियों और कार्मिकों को किसी भी माफिया, अराजकतत्वों एवं फर्जी शिकायत करने वालों से डरने की आवश्यकता नहीं है । विभाग द्वारा सदैव ईमानदार कार्मिकों के हितों की सुरक्षा की जाएगी ।

# सरकार के दावे जमीनी हकीकत से बहुत दूर



**पायनियर समाचार सेवा** । लखनऊ

**प्रदेश** की योगी सरकार के साढ़े चार साल रविवार यानी 19 सितंबर को पूरे हो गए हैं। इस मौके पर सरकार द्वारा पेश किए गए रिपोर्ट कार्ड पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि दावे अधिकांश हवा हवाई व जमीनी हकीकत से बहुत दूर हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती ने ट्वीट करते हुए कहा कि यूपी भाजपा सरकार द्वारा बदलाव के 4.5 वर्ष का विज्ञापन व दावे अधिकांश हवा हवाई व जमीनी हकीकत से बहुत दूर। इनकी कथनी व करनी में अन्तर होने के कारण ख़ासकर यहाँ की बढ़ती ग़रीबी, बेरोज़गारी व महंगाई आदि से जनता की बदहाली जग ज़ाहिर।

# राजधानी में 21 व 22 को दो दिवसीय वाणिज्य उत्सव का आयोजन

## ● निर्यात से संबन्धित सम सामयिक व प्रासंगिक विषयों पर आयोजित होंगे तकनीकी सत्र

## ● राज्य निर्यात पुरस्कारों का होगा वितरणः सहगल

**पायनियर समाचार सेवा** । लखनऊ

**आजादी** की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मनाये जा रहे आजादी का अमृत महोत्सव श्रृंखला में 20 से 26 सितम्बर तक अखिल भारतीय वाणिज्य सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग द्वारा 21 व 22 सितम्बर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में इंदिरा गाँधी प्रतिष्ठान में दो दिवसीय वाणिज्य उत्सव का आयोजन किया जायेगा, जिसमें निर्यात से सम्बन्धित सम सामयिक व प्रासंगिक विषयों पर तकनीकी सत्रों का आयोजन व राज्य निर्यात पुरस्कारों का वितरण भी किया जायेगा।

एसीएस एमएसएमई डा. नवनीत सहगल ने बताया कि प्रथम दिवस 21 सितम्बर को आयोजित कार्यक्रम में निर्यात प्रदर्शनी के उद्घाटन के उपरांत विभिन्न तकनीकी सत्रों में निर्यात प्रोत्साहन में भारत सरकार निर्यात संवर्धन परिषदों, लघु उद्योगों, लॉजिस्टिक्स, पूर्ति श्रृंखला की भूमिका, निर्यात भुगतान के तरीके व नियमावली आदि महत्वपूर्ण विषयो पर विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। इन तकनीकी सत्रों में मुख्य वक्ता के रूप में उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव, निर्यात आयुक्त, संयुक्त सचिव वाणिज्य विभाग भारत सरकार, अपर सचिव नीति आयोग, संयुक्त महानिदेशक विदेश व्यापार आदि सम्मिलित होंगे। नवनीत सहगल ने बताया कि द्वितीय दिवस 22 सितम्बर को प्रातः 10.30 से सायं 6.30 तक आयोजित तकनीकी सत्रों में उत्तर प्रदेश से निर्यात संवर्धन में राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की भूमिका, निर्यात में सिडबी, ईसीजीसी, कस्टम्स, वैश्विक पूर्ति श्रृंखला नवाचार, कंटेनर डिमांड, निर्यातकों के लिए वित्तपोषण विकल्प आदि महत्वपूर्ण विषयों पर संयुक्त आयुक्त निर्यात, संयुक्त महानिदेशक विदेश व्यापार, महाप्रबंधक सिडबी, ईसीजीसी, ईईपीसी, कॉनकोर आदि के प्रतिनिधियों द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि सायं 6.30 बजे से आयोजित होने वाले राज्य निर्यात पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश के निर्यात में उल्लेखनीय भूमिका निर्वहन करने वाले निर्यातकों को पुरस्कृत किया जाएगा।

# मंत्री-विधायक ने साढ़े चार साल की गिनाईं उपलब्धियां

● नगर विकास मंत्री ने प्रेसवार्ता में अपनी सरकार के कामो की सराहना की

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**स्थान सर्किट** हाउस, दिन रविवार, समय दोपहर के एक बजे। नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन गोपाल की ओर से प्रेसवार्ता बुलाई गई थी। आंकड़ों से भरे कागज को पढ़कर एक से बढ़कर एक कसीदे नगर विकास मंत्री पढ़े जा रहे थे लेकिन जब उनके विभाग से जुड़ी हकीकत में गुथे सवालों से सामना हुआ तो जवाब देने से मुकर गए।

बार-बार कुरेदा गया तो शुद्ध पेयजल आपूर्ति व सीवेज निस्तारण जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी विफल योजनाओं का ठिकरा पूर्व की सपा व बसपा सरकारों पर फोड़ते हुए खुद की जिम्मेदारी से मंत्री ने पल्ला झाड़ लिया।

नगर विकास मंत्री बता नहीं सके कि स्मार्ट सिटी योजना से कचहरी पर बने पब्लिक फैसिलिटी सेंटर के अंदर बारिश की बूंदें क्यों टपक रही हैं जबकि एक सप्ताह भी नहीं हुए उसे उद्घाटित हुए।

मंत्री के पास जेएनएनयूआरएम के तहत बनी पेयजल व सीवेज योजना के अब तक जनोपयोगी नहीं होने पर कोई ठोस जवाब नहीं था जबकि पूर्व की सरकारों के बाद भाजपा की प्रदेश सरकार के भी साढ़े चार साल गुजर गए। फिलहाल, आंकड़ों पर आधारित योजनाओं को गिनाते हुए मंत्री ने कहा कि पूर्व की सरकारों में जितनी भी जर्जर योजनाएं थीं उसे दुरुस्त किया गया। प्रदेश के 10 स्मार्ट सिटी में छह में सिटी कमांड एंड कंट्रोल सेंटर बन गया है। इसके तहत प्रस्तावित योजनाओं के क्रियान्वयन व पूर्णता के लिहाज से तो वाराणसी स्मार्ट सिटी को पूरे देश में अव्वल स्थान मिला है। बेरोजगारी में भारी कमी आई है। केंद्र व प्रदेश की योजनाओं से रोजगार के नए अवसर खुले हैं तो प्रदेश सरकार ने अब तक साढ़े चार लाख पढ़े-लिखे बेरोजगारों को सरकारी नौकरी दी है। पूरी कवायद पारदर्शिता के साथ की गई है। योग्यता के अनुसार युवाओं की नियुक्ति हुई है। विकास की कसौटी पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संसदीय क्षेत्र काशी तो देश के लिए माडल बनकर उभरा है।

अब तक जितने ढांचागत निर्माण के अलावा जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की गई हैं, इससे पूर्व दशकों तक राज करने वाली सरकारों ने नहीं किया था। जनधन, आयुष्मान भारत, अत्योदय, उज्ज्वला, किसान सम्मान निधि जैसी कई बड़ी जनकल्याणकारी योजनाएं हैं जिससे गरीबों का जीवन स्तर बेहतर हुआ। कृषि व पशुपालन क्षेत्र में सरकारी योजनाओं ने गांव में ही रोजगार के अवसर दिए हैं। मुद्रा लोन, वेंडर्स को आर्थिक सहायता से दो लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। बिजली के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है।

अब शहर में 24 घंटे तो गांव में 18 से 20 घंटे बिजली मिल रही है।बेहतर पर्यावरण के लिए गंगा निर्मलीकरण, पौधारोपण, शहर में हरियाली जैसी योजनाएं कारगर हुई हैं। कोरोना काल में तो केंद्र व प्रदेश सरकार के प्रयासों को विदेशों तक सराहा जा रहा है। जहां कोरोना जांच के लिए एक भी जांच लैब नहीं था वहीं अब 334 लैब क्रियाशील हो गए हैं। ऐसे ही 392 आक्सीजन प्लांट भी सक्रिय हो गए हैं।



## साढ़े चार साल में देश का हुआ चौमुखी विकासः सूर्यमुनी

**सकलडीहा,चंदौली ।** प्रदेश सरकार का साढ़े चार साल पूरा होने पर भाजपा की ओर से गांवों में चौपाल के माध्यम से उपलब्धियों को बताया गया। रविवार को क्षेत्र के महेसुआ गांव में जनचौपाल के माध्यम से भाजपा नेता सूर्यमुनि तिवारी ने ग्रामीणों सरकार की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया । इस दौरान ग्रामीणों की समस्या का निस्तारण कराया। भाजपा नेता सूर्यमुनि तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के साढ़े चार साल की सरकार में हर वर्ग के लोगों को लाभ मिला है। नौकरी से लेकर शिक्षा,स्वास्थ्य, विकास और बड़े बड़े उद्योग धंधे लगाये गये। वर्षो से लम्बित प्रभु श्रीराम मंदिर का निर्माण कराया गया। हर घर उज्जवला गैस योजना का लाभए हजारों महिलाओं को समूह के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाया गया। यही नही हर गांव में पंचायत भवनए सामुदायिक शौचालय और प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास बगैर भेदभाव के दिये गये। जीरो टारलेंस की नीति के तहत सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास व प्रयास से देश का चौमुखी विकास हो रहा है। इसके पूर्व गांव के ग्रामीणों की बिजली सहित अन्य समस्याओ को अधिकारियों के माध्यम से दूर कराने का भरोसा दिया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष भानू प्रताप सिंह, सतीश तिवारी, विजय यादव, रंजय पाण्डेय, जयप्रकाश चौहान,चंद्रिका राजभर,भगवान दास एअजय गोंड आदि मौजूद रहे।

## देश एवं प्रदेश का हो रहा है चौमुखी विकास : डॉ. सतीश चन्द्र द्विवेदी

**सोनभद्र।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश का चौमुखी विकास हो रहा है। प्रदेश कई महत्वपूर्ण योजनाओं में देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में राम जन्म भूमि स्थल पर भव्य मंदिर निर्माण हेतु जो सराहनीय कार्य किया है, इतिहास के स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज किया जायेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के नेतृत्व में प्रयागराज में भव्य एवं दिव्य कुंभ का आयोजन किया गया जो विश्व में एक कीर्तिमान स्थापित किया है। मिशन शक्ति के अन्तर्गत नारी सुरक्षा नारी सम्मान नारी स्वावलम्बन के लिए प्रदेश सरकार द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है। जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना से प्रदेश के 1 करोड़ 80 लाख बेटियों को लाभान्वित किया जा रहा है। मिशन रोजगार के अन्तर्गत युवाओं को एक जनपद एक उत्पाद योजना में 25 लाख लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने का कार्य किया गया। 1 करोड़ 50 लाख से अधिक श्रमिकों को मनरेगा योजनान्तर्गत रोजगार उपलब्ध कराया गया। 10 लाख स्वयं सहायता समूह के माध्यम से 1 करोड़ महिलाओं को उपलब्ध कराने का कार्य किया गया है। गांवों में सामुदायिक शौचालयों में सफाई कर्मी के रूप में चयनित भी किया गया है।



प्रधानमंत्री आवास योजना में 42 लाख से अधिक आवासों के निर्माण का कार्य कराया गया। मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास के अन्तर्गत 1 लाख 8 हजार 495 आवासों के निर्माण के कार्य किया गया, जिसमें मुसहर वर्ग वनटंगिया कुष्ठ रोग से प्रभावित परिवारों को 50 हजार 602 मुख्यमंत्री आवास दिया गया। स्मार्ट सिटी योजनान्तर्गत प्रदेश के कई जनपदों का विकास जारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा बेजोड़ कोविड-19 के नियंत्रण कार्य को देश ही नहीं दुनिया ने माना है। प्रदेश में गोरखपुर एवं रायबरेली में एम्स का संचालन प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान भारत में 6 करोड़ 47 लाख लोगों का बीमा कवर लखनऊ में अटल बिहारी चिकित्सा विश्व विद्यालय के निर्माण कार्य किया जा रहा है।

## प्रभारी मंत्री ने किया रक्तदान

**सोनभद्र।** रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर पूरे देश में सेवा समर्पण के रुप मे मनाया जा रहा है इसी क्रम मे जनपद सोनभद्र के ब्लैड बैंक राबर्ट्सगंज पर रविवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा रक्तदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि जनपद के प्रभारी मंत्री सतीश चन्द्र द्विवेदी ने फिता काटकर रक्तदान शिविर का शुभारम्भ किया। इसके उपरान्त संयुक्त रुप से प्रभारी मंत्री सतीश चन्द्र द्विवेदी एवं युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विशाल पाण्डेय ने रक्तदान कर सभी कार्यकर्ताओं को



प्रोत्साहित किया। रक्तदान कार्यक्रम मे युवा मोर्चा की जनपदीय टीम व मण्डल की समस्त टीम व मण्डलों की समस्त टीम द्वारा सहभागिता की गई कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। रक्तदान कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे, सदर विधायक भूपेश चौबे, ओबरा विधायक संजय गोंड, पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश मिश्रा, धर्मवीर तिवारी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अमरेश पटेल, युवा मोर्चा महामंत्री रजनीश रघुवंशी, विनय श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह,मोनू रवि द्विवेदी, सुमित सोनी, कृष्णा पटेल, जिला मंत्री विनित तिवारी, उत्कर्ष पाण्डेय, अतुल पाण्डेय, अभय कुमार पटेल, आशिष केशरी, दिशान्त दूबे, राहुल श्रीवास्तव, अरविन्द सोनी, अजीत गुप्ता, प्रदीप गिरी, आशुतोश सिंह, अनुपम तिवारी, राहुल मिश्रा, कुन्दन, कृष्णराम दूबे, आशुतोश पाण्डेय, सुरेन्द्र सिंह परमार, विरेन्द्र राय आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### भाजपा ने समाज में समरसता लाने का काम किया : योगी आदित्यनाथ

सुशील कुमार मिश्र। वाराणसी



**भाजपा** अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय आयोजन के समापन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा ने जातिगत राजनीति नहीं की। भाजपा ने समाज में समरसता लाने का काम किया। भाजपा से पहले की सरकारों ने अनुसूचित जाति जनजाति वंचितों पिछड़ों के लिए कुछ नहीं किया भाजपा सरकार ने बाबा साहब अंबेडकर के सपनों को साकार करते हुए कई जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया इन योजनाओं ने पिछड़ों वंचितों के जीवन स्तर में आमूल चूल परिवर्तन किया 42 लाख परिवारों को आवास मिला दो वक्त की रोटी के लिए मुफ्त में राशन दिए गए जहां पहले गरीब घरों की महिलाएं खाना पकाने के लिए लकड़ी के चूल्हे पर काम करती रही वही अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से दिए गए उज्जवला योजना के चूल्हे पर पकवान पका रहे हैं मुफ्त में गरीब परिवारों के घरों में बिजली का कनेक्शन दिया गया अनुसूचित समाज की आवाज बने महापुरुषों के स्मृति स्थलों का जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है ताकि भारत की आने वाली भावी पीढ़ी उनको जान सके और उनके कार्यों से प्रेरणा ले कहा कि काशी में संत रविदास की जन्मस्थली का सुंदरीकरण कराया जा रहा है। इससे पहले किसी अन्य सरकारों ने नहीं की।

### आईआईटी जेईई मेन्स 2021 में भारी सफलता हासिल की

**वाराणसी।** वैश्विक महामारी में जहां एक तरफसभी शैक्षणिक संस्थान बंद कर दिए गए थे ऐसी स्थिति में बच्चों के लिए पढ़ाई लिखाई को जारी रखना मुश्किल प्रतीत हो रहा था ऐसे में उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के 18 वर्षीय छात्र अमैया सिंघल ने अमैया ने आईआईटी- जेईई की तैयारी के लिए अन अकैडमी पढ़ाई की, जो एक ऑनलाइन शिक्षा प्लेटफार्म है। आईआईटी जेईई मेन्स 2021 में रैंक 1 हासिल किया है। नोएडा के एपीजे स्कूल के छात्र, अमैया आईआईटीयन्स के परिवार से है। अमैया ने आईआईटी जेईई की तैयारी दसवीं कक्षा में ही शुरू कर दी थी। वह आईआईटी में कंप्यूटर साइंस पढ़ना चाहते है। अमैया एलन मस्क को अपने आदर्श मानते है और भविष्य में अपनी खुद की कंपनी शुरू करने की इच्छा रखते है।

### एसपी ने सिपाही के खिलाफ दिये जांच के आदेश

**सकलडीहा, चंदौली।** थाना और चौकी पर तैनात दिवान और सिपाहियों की मनमानी को लेकर लोगों का अक्सर शिकायत मिलती है। इसके बाद भी प्रभारी अनजान बने रहते है। कुछ ऐसा ही आरोप है कि डेढ़ावल चौकी के दो सिपाही विपक्षी से मिलकर एक पीड़ित के आंगन में खिड़की खोलवा दिया है। इसकी शिकायत पीड़ित पक्ष ने एसपी से मिलकर किया है। एसपी ने सकलडीहा एसओ को जांच करने का निर्देश दिया है। विशुनपुर कला गांव निवासी राजेन्द्र प्रसाद का बीस साल पुराना मकान है। विपक्षी जबरजस्ती आंगन में खिड़की खोल रहे थे। मना करने पर नही माने तो 112 नम्बर को फोन किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मना कर दिया।

### जिसकी जैसी भावना होती है भगवान उसे उसी रूप में दिखते हैं : महामंडलेश्वर

**सकलडीहा,चंदौली।** विशुनपुरा गोहदा गांव में छठवें दिन रविवार को श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ आयोजन भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। कथावाचक महामंडलेश्वर स्वामी आशुतोष आनंद गिरि ने भगवान श्रीकृष्ण लीला का वर्णन किया। देर रात तक कथा में श्रवण करते हुए भक्त झूमते नजर आए। कथावाचक महामंडलेश्वर भगवान श्रीकृष्ण के बाल लीला से लेकर प्रेम लीला व महाभारत तक के प्रसंग को विस्तार से वर्णन किया। प्रेमियों एवं रसिको के लिए भगवान ने महारास लीला की वही योगियों के लिए योग और ब्रह्म ज्ञान के भी उपदेश दिए । गोपी उद्धव के प्रसंग में जहां एक तरफप्रेम की वर्षा हो रही थी वहीं दूसरी तरफश्रोता गण प्रेम वर्षा में स्नान कर रहे थे ।

### दिवाकर कर्मचारी कल्याण संघ के महासचिव निर्वाचित

**बीजपुर/सोनभद्र।** एनटीपीसी के रिहंद स्टेशन में रविवार को संगम प्रेक्षागृह परिसर में कर्मचारी कल्याण संघ के महासचिव पद के लिए शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान सम्पन्न किया गया। चुनाव अधिकारी अपर महाप्रबंधक एम जी आर ए के सिन्हा के देखरेख में सुबह 9 बजे से सायं 4 बजे तक हुए मतदान में कुल 428 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करके मतदान किया। चुनाव मैदान में कुल तीन प्रत्याशी महासचिव पद के लिए उतरे थे। जिनमें कमलकांत, सतीशचन्द्र व दिवाकर कुमार सिंह के नाम शामिल थे। सायं 4 बजे जैसे ही चुनाव सम्पन्न हुआ वैसे ही तीनों प्रत्याशियों के समर्थकगणों द्वारा जीत हार के अटकलें लगाया जाने लगा। लेकिन मतगणना के बाद चुनाव अधिकारी ने दिवाकर कुमार सिंह को महासचिव पद के लिए विजयी घोषित किया। चुनाव अधिकारी के घोषित परिणाम में विजयी प्रत्याशी दिवाकर कुमार सिंह को कुल 187 मत प्राप्त हुए। उन्होंने अपने निकटतम प्रत्याशी सतीश चंद्र को 34 मतों से पराजित किया। सतीश चंद्र को कुल 153 तथा कमलकांत को 85 मत प्राप्त हुआ। पड़े कुल 428 मतों में से 3 मत अनबैलीड रहा।

## विदाई समारोह में रंगारंग सास्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

संवाददाता। मऊ

**जिले के** रतनपुरा ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत गढवा में स्थित शारदा नारायन इंस्टिटयूट ऑफनर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल साइंसेस में सीनियर छात्रों के लिए जूनियर छात्रों द्वारा फेयरवेल पार्टी का रंगारंग आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंम्भ कालेज की डायरेक्टर डा.एकिका सिंह व शारदा नारायन हास्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डा.संजय सिंह, डा.सुजीत सिंहए डा.मधुलिका सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। वर्तमान छात्राओं ने अपने सीनियर्स के लिए अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कालेज की डायरेक्टर डा.एकिका सिंह तथा डा.संजय सिंह ने कहा कि शारदा नारायन इंस्टिटयूट ऑफनर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल साइंसेस के सभी छात्र-छात्राए जहॉ भी काम करेगें, वहां अपना व कालेज का नाम रोशन करेगें।

## मऊ में पुलिस मुठभेड़ में दबोचे गए दो अंतरजनपदीय शातिर बदमाश

संवाददाता। मऊ

**मऊ** जिले के थाना चिरैयाकोट पुलिस ने रविवार की भोर में पुलिस मुठभेड़ के दौरान मुखबिर की सूचना पर हाफिजपुर पुलिया के पास दो बाइक सवार अंतरजनपदीय बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने अंतरजनपदीय बदमाशों के पास से एक तमंचाए कारतूस व मोटर साइकिल बरामद किया। मामले का पर्दाफाश रविवार को थानाध्यक्ष अविनाश कुमार सिंह ने प्रेसवार्ता के दौरान करते हुए बताया कि गिरफ्तार बदमाशों ने कबूल किया है कि तीन दिन पूर्व उन्होंने रंजिश को लेकर मोबाइल विक्रेता को गोली मारकर घायल किया था। पुलिस अधीक्षक सुशील घुले के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफचलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार की भोर में थाना चिरैयाकोट पुलिस टीम क्षेत्र भ्रमण



कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिला कि दो शातिर अंतरजनपदीय बदमाश किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में हाफिजपुर पुलिया के पास आए हुए थे। मुखबिर से सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने हाफिजपुर पुलिया के पास घेराबंदी कर दिया। इस दौरान दो बाइक सवार संदिग्ध युवक आते हुए दिखाई दिएए पुलिस टीम ने उन्हें रुकने का इशारा कियाए लेकिन पुलिस टीम को देखते ही दोनों बदमाश भागने का प्रयास करने लगे साथ ही साथ पुलिस टीम पर फायर करने लगे। पुलिस टीम ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए बाइक सवार दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार दोनों की शिनाख्त अंतरजनपदीय बदमाश धनन्जय सिंह उर्फरिक्कू पुत्र राणा प्रताप सिंह निवासी जमुवा थाना तरवांए शुभम सिंह उर्फ गोरे पुत्र विजय सिंह निवासी देउरपुर थाना कप्तानगंज जनपद आजमगढ़ के रुप में किया गया। पुलिस टीम ने गिरफ्तार बदमाशों के पास से तीन दिन पूर्व मोबाइल विक्रेता की गोली मारने में प्रयुक्त मोटर साइकिलए तमंचा व कारतूस बरामद किया। पुलिस टीम की कड़ी पूछताछ में गिरफ्तार बदमाशों ने बताया कि तीन दिन पूर्व मुहल्ला जमीन अताउल्लाह के निवासी मोबाइल विक्रेता राजेन्द्र कौशल पुत्र विश्वनाथ ठठेरा उन्होंने रंजिश को लेकर गोली मारा था।

## स्मृति ईरानी में हिम्मत हो तो महंगाई मुद्दे पर पीएम को चूड़ी भेंट करें : राजभर

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**अपने बयानों** के चलते हमेशा सुर्खियों में रहने वाले सुहलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने वाराणसी में रविवार को एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोला। उन्होंने केद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी पर तंज कसते हुए कहा कि आज से 7 साल पहले गैस सिलेंडर, प्याज और पेट्रोल का दाम चंद पैसे बढ़ता था तो स्मृति ईरानी धरने पर बैठ जाती थीं। खुद प्याज की माला पहन कर तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को चूड़ी भेंट करती थी। अब तो पेट्रोल, गैस सिलेंडर से लगायत सभी चाजों के दाम में आग लगी हुई है। अगर स्मृति ईरानी में हिम्मत और ईमानदार हैं तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को महंगाई के मुद्दे पर चूड़ी भेंट करके दिखाएं। लेकिन, वह ऐसा नहीं कर पाएंगी। क्योंकि, यह सब दोहरी राजनीति करते हैं और सच का सामना करने से घबराते हैं।ओमप्रकाश राजभर ने कह कि स्मृति ईरानी से पूछना चाहिए कि महंगाई के मुद्दे पर अब आपकी चूड़ी कहां गई। भाजपा को प्रबुद्ध लोगों की चिंता है, अबुद्ध लोगों की लड़ाई ओम प्रकाश राजभर लड़ रहा है। अबुद्ध लोगों में उत्तर प्रदेश की सभी जाति के वह लोग शामिल हैं, जो गरीब हैं और साधन विहीन हैं। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि झूठ, भ्रष्टाचार, ठगी और फ्राड भाजपा का साढ़े चार साल का रिपोर्ट कार्ड है। प्रयागराज कुंभ से लेकर राम मंदिर तक भाजपा के लोगों ने भ्रष्टाचार और घोटाला किया। इनकी रिपोर्ट कार्ड की हकीकत यह है कि इनके राज में पहली बार श्मशान से गांवों में लाशें गईं। अब तक गांवों से लाश श्मशान जाती थी। सुभासपा अध्यक्ष ने दावा किया कि भाजपा के 150 विधायक उनके संपर्क में हैं। उचित समय और अवसर का इंतजार किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी का तो वह हश्र होगा कि इनके पास विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए प्रत्याशी नहीं मिलेंगे। चुनाव से पहले भाजपा का साथ 200 विधायक छोड़ देंगे।

## मंत्री नंद गोपाल नंदी को तत्काल किया जाये बर्खास्त : चंदेल

● राजा भैया पर की गई टिप्पणी के विरोध में हुआ प्रदर्शन

संवाददाता। सोनभद्र

उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी के द्वारा जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर रघुराज प्रताप सिंह उर्फराजा भैया पर की गई अभद्र अशोभनीय अपमानजनक टिप्पणी को लेकर पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया जिसमें कार्यकर्ताओं द्वारा स्वर्ण जयंती चौक के पास विरोध प्रदर्शन किया गया जिसमे पार्टी के कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे जिला प्रधान महासचिव आशीष सिंह ने कहा कि एक कैबिनेट मंत्री के द्वारा इस तरह से अशोभनीय एवं और सम्मानजनक बातें करना निंदा का विषय है पार्टी के नेता संतोष सिंह चंदेल ने कहा कि प्रबुद्ध वर्ग के सम्मेलन में एक सरकार के केबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी द्वारा राजा भइया के उपर की गई अशोभनीय टिप्पड़ी की कड़े शब्दों में निंदा की जाती है। सरकार को चहिए के मंत्री नंद गोपाल नंदी को तत्काल बर्खास्त करें। पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह ने कहा कि आने वाले समय में होने जा रहें चुनाव में सरकार को काफी नुकसान होगा ऐसे में सरकार को चहिए के मंत्री को तत्काल बर्खास्त कर दिया जाय पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष सोनेंद्र सिंह रघुवंशी ने कहा कि रघुराज प्रताप सिंह कल्याण सिंह के सरकार में मंत्री रहकर इन्ही लोगो का सहयोग किया था नंद गोपाल नंदी क्योंकि उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री एवं एक सम्मानित पद पर हैं राजा भैया को पर अभद्र टिप्पणी करना के साथ साथ अभद्रता का परिचय देने का काम किया है व्यापार मंडल के अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा के इस अभद्र व्यवहार करने वाले नंदी को तत्काल पद से इस्तीफा देने की मांग की कार्यक्रम में उपस्थित अनूप कुमार सिंह अजीत कनौजिया नगर अध्यक्ष युवा चंदन पांडेय मनीष कुमार जिला सचिव विनय सिंह डॉ मनीष सिंह महिला जिला प्रधान महासचिव नीतू सिंह कार्यकारी महिला अध्यक्ष सीता गुप्ता अजीत कुमार यादव एवं शेखावत युवा जिला प्रधान महासचिव सचिन शुक्ला अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष जमालुद्दीन खान अरुण तिवारी सुमित साहनी विनोद साहनी अनुराग कुमार आदि लोग रहें।

## सीएम आरोग्य स्वास्थ्य मेला में लाभान्वित हुए मरीज

**मीरजापुर।** कोविड-19 पर काफी हद तक नियंत्रण पाने के बाद मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों का आयोजन दोबारा शुरू हुआ। जिले के सभी पीएचसीए सीएचसी और स्वास्थ्य उप केंद्रों पर आयोजित इस मेले में मरीजों की निशुल्क जांच और दवाइयां दी गईं। रविवार को आयोजित हुए मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन डाक्टर प्रभु दयाल गुप्ता ने किया। उन्होंने कहा कि बीते कई महीनों कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण से मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला आयोजित नहीं हो पा रहा था। फ्लिहाल खुशी की बात है कोविड प्रोटोकाल के साथ यह आयोजन हम दोबारा करने का प्रयास कर रहे हैं। कोरोना काल ने हमें यही सिखा दिया है कि स्वास्थ्य अब हमारी प्राथमिकता है। इसमें लापरवाही हम सभी के लिए घातक होगी। इसलिए मेरी अपील है कि कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए लोग मेले में आएं और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लें। सीएमओ डाक्टर प्रभु दयाल गुप्ता ने बताया कि शासन के निर्देश पर जिले के 38 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व दो अर्बन पीएचसी पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों का आयोजन हो रहा।

## सलमान खुर्शीद ने सरकार पर बोला हमला

●बोले ललितेशपति ने पार्टी नहीं छोड़ा, पद से दिया है इस्तीफा

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**पूर्व विदेश मंत्री** और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद रविवार को काशी पहुंचे। इस दौरान पत्रकारों से हुई बातचीत में उन्होंने पंजाब के सीएम का इस्तीफा, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के बयान और ललितेश त्रिपाठी के प्रकरण पर अपनी बात रखी। वहीं बातों-बातों में उन्होंने बनारसी कचौड़ी-जलेबी की तारीफ करते हुए कहा कि मुझे ये कहा गया था कि बनारस में आप सुबह के वक्त कचौड़ी खाये बिना बनारसियों की समस्या को नहीं समझ सकते, इसलिए हमने सुबह कचौड़ी-जलेबी का लुत्फउठाया।

सलमान खुर्शीद ने कहा कि बनारस कि गलियों में जाने पर पता चला कि यहां समस्याएं भरपूर हैं। बनारस समस्याओं का शहर बना हुआ है। यहां के नौजवानों को रोजगार के साथ, बिजली की समस्या है, बुनकरों को समस्या है और इन्हीं सब समस्याओं को कांग्रेस को हल करना है। सबसे बड़ा कार्य यहां गंगा मां को प्रदूषण मुक्त करना है, जो अब तक नहीं हुआ है। उन्होंने कहा हमारा लक्ष्य है कि हम जनता के बीच जाकर उनकी समस्या जानें और एक ऐसा मन्यूफेस्टो तैयार करें, जिसे देखर जनता कहे कि हां यह पहली बार हमारी कही हुई बात घोषणा पत्र में आई है। वहीं ललितेशपति के कांग्रेस छोड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि ललितेशपति त्रिपाठी ने पार्टी नहीं छोड़ी है। उन्होंने केवल अपने पद से इस्तीफा दिया है। पार्टी नेतृत्व उनसे बातचीत कर रहा है और सभी उनके संपर्क में हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह के इस्तीफे के सवाल पर सलमान खुर्शीद ने कहा कि हम लोग इसी प्रयास में हैं कि आपस में कहीं फूट नहीं पैदा होनी चाहिए। मनुष्य प्रयास कर सकता है लेकिन हर चीज हाथ में नहीं होती है। कहीं न कहीं मतभेद उभर कर सामने आ जाते हैं। हम प्रार्थना करते हैं कि आपस के जो छोटे-छोटे मतभेद हैं उन्हें हम दूर कर सकें।केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने शनिवार को वाराणसी में कहा था कि अमेठी में गांधी परिवार के पांच दशक तक के राज के बाद भी विकास का कोई काम नहीं हुआ। इस पर सलमान खुर्शीद ने कहा कि पहले शिकायत यह रहती थी कि सारा काम अमेठी में ही हो रहा है।



### बाबा विश्वनाथ का आर्शीवाद लेकर प्रियंका गांधी वाड्रा फूंकेंगी चुनाव का बिगुल

**वाराणसी।** मिशन यूपी 2022 कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव और यूपी की प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा दो अक्टूबर को वाराणसी में जनसभा कर प्रदेश में आगामी वर्ष 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए बिगुल फूंकेंगी। इससे पहले वह बाबा श्रीकाशी विश्वनाथ का दर्शन कर चुनाव में सफलता के लिए आशीष भी मांगेंगी। जनसभा में पार्टी के कई वरिष्ठ नेता भी शिरकत करेंगे। माना जा रहा है कि इस जनसभा में संगठन की ओर से वर्ष 2022 के चुनाव के लिए प्रत्येक जिले की समस्याओं को चुनावी मुद्दा बनाए जाने की बात भी होगी। प्रियंका गांधी की प्रस्तावित जनसभा के लिए स्थानीय स्तर पर कांग्रेसी तैयारियों में जुट गए हैं। इसके लिए जगह की तलाश भी की जा रही है। हालांकि अभी जनसभा कहां होगी, रोड शो का रूट क्या होगा इस पर विचार विमर्श चल रहा है। प्रियंका अपने इस प्रस्तावित दौरे के दौरान शहर और ग्रामीण क्षेत्र के एक-एक विधानसभा में जाकर आम लोगों से मुलाकात भी करेंगी। जनसभा और रैली की तैयारियों में जुटे कांग्रेस कार्यकर्ता व्यापक स्तर पर बैठकें भी कर रहे हैं । इसमें अधिक से अधिक लोगों को जुटाने के लिए पार्टी कार्यकर्ता लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं। आशीष भी मांगेंगी। जनसभा में पार्टी के कई वरिष्ठ नेता भी शिरकत करेंगे। माना जा रहा है कि इस जनसभा में संगठन की ओर से वर्ष 2022 के चुनाव के लिए प्रत्येक जिले की समस्याओं को चुनावी मुद्दा बनाए जाने की बात भी होगी। प्रियंका गांधी की प्रस्तावित जनसभा के लिए स्थानीय स्तर पर कांग्रेसी तैयारियों में जुट गए हैं।

## मातृ मृत्यु की सूचना दें, मिलेगा 1000 रु

**मीरजापुर।** जिले में अब मातृ मृत्यु दर की सूचना देने वालों को एक हजार रूपये की राशि आनलाइन उनके खाते में भेजी जायेगी। इस आशय की जानकारी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर नीलेश श्रीवास्तव शनिवार को स्वामी विवेकानन्द सभागार में डाक्टरों के बैठक के दौरान कही। अपर मुख्य चिकित्साधिकारीध्नोडल अधिकारी डाक्टर अजय ने बताया कि जिले के किसी भी क्षेत्र में गर्भवती के प्रसव पूर्व या प्रसव के दौरान होने वाली मौत की सूचना देने वालों को विभाग की ओर से एक हजार रूपये दी जायेगी। प्रदेश व जिले में मृत्यु की सूचना में गुणात्मक सुधार के लिए यह महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इसी सूचना जिले में कार्यरत 2043 आशा व बाल विकास विभाग में कार्यरत 2668 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता या फिर समुदाय का कोई भी व्यक्ति सूचना 104 नं0 पर दे सकता है। सिर्फ टोल फ्री नं0 104 पर ही यह सूचना मान्य होगी। नंबर पर व्यक्ति को महिला का नामए आयु पति का नाम और घर का पता बताना होगा। प्रथम सूचना देने वाले व्यक्ति को यह धनराशि उसके बैंक खाते में आनलाइन भेज दी जायेगी। जिला कार्यक्रम प्रबन्धक अजय सिंह ने यह जानकारी दी।

# सरकार ने वादे को निभाया: महेश चन्द्र

**● उत्तर प्रदेश सरकार के साढ़े 4 वर्ष पूर्ण होने पर राज्य मंत्री ने सरकार की उपलब्धियों की दी जानकारी**

**संवाददाता।** कानपुर देहात



**उत्तर** प्रदेश सरकार के 4 वर्ष 6 माह पूर्ण होने पर उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री एवं कानपुर देहात जनपद प्रभारी मंत्री महेश चन्द्र गुप्ता ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए सरकार की उपब्धियों के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार के सफ्लता पूर्वक साढे चार वर्ष पूर्ण हो चुके है, कोविड जैसी वैश्विक महामारी को भी हमने झेलाए पूरे विश्व के साथ.साथ भारत में भी काफी जनधन की हानि हुईए अर्थव्यवस्था पर भी इसका असर पड़ाए किन्तु हमारी सरकार की नीतियों एवं दूरदर्शी सोच एवं कुशल प्रबन्धन के कारण सफ्लतापूर्वक कठिनाईयों को पार करते हुए आगे बढ़े।

प्रभारी मंत्री ने बताया कि हमारी सरकार ने सबसे पहले अपने चुनावी वादे को निभाते हुए जनपद में 57725 किसानों के रूपये 265 करोड़ के ऋण माफकिये। इसके अतिरिक्त एमएसपी में दोगुना वृद्धि करने के साथ.साथ 1०65 लाख मी0टन गेंहू एवं 3०52 लाख मी0टन धान क्रय कर किसान भाईयों को 91201०33 रू0 लाख का भुगतान किया गया। पारदर्शी किसान सम्मान निधि योजना किसानों को रू0 12०48 करोड़ किसानों के खाते में हस्तान्तरित किये गये। इसी तरह प्रधानमंत्री फ्सल बीमा योजना में किसान भाईयों को रू0 141०68 करोड़ की क्षतिपूर्ति की गयी। सरकार ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अन्तर्गत 162 लाभार्थियों को रू0 7०98 करोड़ की आर्थिक सहायता प्रदान की गयी हैए हमारी सरकार ने हर जनपद में गौवंशों के संरक्षण हेतु विशेष प्रावधान किये हैए प्रभारी मंत्री ने प्रदेश व केन्द्र सरकार द्वारा चलायी जा रही अन्य योजनाओं के विषय में भी विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अविनाश सिंह चौहानए अकबरपुर रनियां विधायक प्रतिभा शुक्लाए जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंहए पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरीए मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेयए अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज वर्माए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व साहब लालए अपर पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसियाए जिला विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्टए मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 एके सिंहए जिला सूचना अधिकारी नरेन्द्र मोहनए जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी शीश कुमार सहित पत्रकार बन्धुए जनप्रतिनिधिगणए अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

# ट्रक की टक्कर से सड़क पार कर रही महिला की मौत

**संवाददाता** पुखरायां। कानपुर देहात

**भोगनीपुर** थाना क्षेत्र में कालपी रोड पर परम का पुरवा गांव के सामने सड़क पार कर रही एक महिला को ट्रक ने कुचल दिया है। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगाने का प्रयास किया। वहीं थाने में हंगामा भी करने लगे।

बरौर थाना क्षेत्र के गजा का पुरवा निवासी भूरा ने बताया कि उसकी पत्नी आशा शुक्रवार को भोगनीपुर थाना क्षेत्र के परमू का पुरवा गांव अपने मायके आई थी। परिवारीजनों के साथ एक रात बिताने के बाद रविवार को दोपहर वापस बरौर थाना क्षेत्र के गजा का पुरवा अपने ससुराल जा रही थी। जैसे ही वह सड़क पार रह थी कि कालपी की ओर से आ रहा एक ट्रक ने उसे कुचल दिया। जिससे पत्नी आशा (38) की मौके पर मौत हो गई है। आशा के पुत्र शिवा, सत्यम मां मुन्नी देवी एवं मौसी आनंद का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था। घटना की जानकारी होने पर परमू का पुरवा के कई लोग सड़क पर आ गए। सड़क पर वाहन खड़े करके कालपी रोड को जाम कर दिया। लेकिन वहां पहुंचे अमरौधा के पुलिस चौकी इंचार्ज अनिल यादव ने जाम खुलवा दिया। बाद में थाने पहुंचे इन लोगों ने हंगामा किया। उप निरीक्षक अनिल यादव ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं छतेनी गांव के सामने एक बाइक और रोडवेज बस में टक्कर हो गई है। जिसमें बाइक सवार भोगनीपुर के जलालपुर निवासी राजेश सचान व उनकी पत्नी उमा सचान जख्मी हो गई हैं। राहगीरों की मदद से दोनों बाइक सवार जख्मी को इलाज के लिए देवीपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

## क्विक न्यूज

### बुखार से किशोर सहित मासूम की मौत

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहे वायरल फीवर के कारण एक किशोर व एक मासूम बालिका की मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। क्षेत्र के जलालाबाद के ग्राम मैकूपुरवा निवासी 14 वर्षीय छोटू पुत्र पन्नालाल व ग्राम खाडेदेवर निवासी तीन वर्षीय आराध्या पुत्री विकास का विचित्र बुखार के चलते मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। नगर के मुहल्ला आजाद नगर निवासी किशोर के मामा श्याम सैनी ने बताया कि छोटू उसके घर पर रहकर पढ़ाई किया करता था। 10 दिन से वह बुखार से पीड़ित था। शाम को गंभीर हालत होने के बाद उसकी घर से अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। वही ग्राम खाड़ेदेवर निवासी विकास द्वारा बताया गया कि उसकी मासूम पुत्री 4 दिनों से बुखार से पीड़ित थी। जिसने बीते शुक्रवार को दम तोड़ दिया। वही आसपास के कई घरों में नन्हे मुन्ने बच्चे बुखार जैसी बीमारियों से संघर्ष कर रहे हैं। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग से कैंप लगाए जाने की मांग की है।

### तीन के विरुद्ध हरिजन एक्ट का मुकदमा

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराली जनों द्वारा विवाहिता को प्रताड़ित करते हुए न सिर्फ मारपीट की गई। बल्कि जानमाल की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता के पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पड़ोसी थाना मैनपुरी के ग्राम चित्रायन निवासी दयाशंकर पुत्र मातादीन द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि 3 फरवरी से लेकर अब तक ससुराली जनों पति पुष्पेंद्र, सास फूलमती, भांजा ईलू ने अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर उसकी पुत्री के साथ मारपीट कर प्रताड़ित करने सहित जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### युवक पर छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** दबंग युवक द्वारा युवती के साथ छेड़छाड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।क्षेत्र के ग्राम निवासी पीड़ित पिता द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि बीती देर शाम उसकी पुत्री को गांव के ही मुशाहिद पुत्र शमीद ने अपने घर के सामने पकड़ लिया और छेड़खानी क।ी जिसका विरोध करने पर झगड़े पर आमादा हो गया। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### एसपी के आदेश से छेड़खानी की मुकदमा

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** एसपी के आदेश से महिला के साथ छेड़छाड़ व मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की।कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला ने एसपी के आदेश से दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि 14 जुलाई की शाम वह रिश्तेदारी से आटो द्वारा अपने घर आ रही थी। तभी जलालाबाद के पास कन्नौज के बजरिया शिखाना निवासी टिल्लू, पप्पू, नईम व कल्लू ने आटो रोककर उसके साथ बदनियती से उसके साथ छेड़खानी की। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की। जिससे उसके पेट में चोट लगने से उसका गर्भपात हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर एसपी के आदेश से रिपोर्ट दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** बिजली का पोल तोड़ने का विरोध करने पर दबंगो ने दलित को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।कोतवाली क्षेत्र के रुपपुर में शनिवार की शाम गांव के गिरेंद्र दिवाकर के खेत में गड़े बिजली के पोल को गांव के दलजीत, प्रदीप, अर्श, जितेंद्र, इशेंद्र, अजय उर्फ सरमन, रजनीश, तपेंद्र व श्रवण कुमार ने तोड़ दिया। मना करने पर जाति सूचक गालियां देकर लात घुसो से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### दबंगों ने युवक को घर में घुसकर पीटा

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** बच्चों के विवाद में दबंगो ने युवक को घर में घुसकर लाठी डंडे व लात घुसो से मारपीट कर घायल कर दिया। दरवाजे खड़ा उसका आटो रिक्शा भी क्षतिग्रस्त कर दिया।कोतवाली क्षेत्र के मझपुर्वा में रविवार की सुबह छोटे पुत्र इकबाल को मोहल्ले के वसीम उर्फ डिया, मुजफ्फर, कयूम व नासिर ने बच्चो के विवाद को लेकर लाठी डंडे लेकर गाली गलौज किया विरोध करने पर उसे मारने दौड़े। जब वह घर में घुस गया। तो सभी उसके पीछे घर में घुस गए तथा लाठी डंडे व लात घुसो से उसे मारने लगे। बचाने गए उसके भाई मुजीब के साथ भी मारपीट की व उसके दरवाजे खड़े उसके आटो रिक्शा में भी तोड़ फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। युवक को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया।

### स्थानांतरित थानाध्यक्ष को सम्मानित कर विदाई दी

**पाटन।** थाना बिहार के प्रभारी थाना निरीक्षक संतोष कुमार सिंह के गैर जनपद स्थानांतरित होने पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। थाना परिसर में आयोजित विदाई कार्यक्रम में उन्हें पुलिस स्टाफ एवं क्षेत्र के संभ्रांत लोगों ने प्रतीक चिन्ह व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। समारोह के दौरान भावुक हुए प्रभारी थाना निरीक्षक ने कहा सेवाकाल के दौरान तबादला एक रूटीन प्रक्रिया है। लोगों ने कोरोना महामारी व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान चुनौतीपूर्ण हालातों में थानानाध्यक्ष की कार्यकुशलता की सराहना की एवं शुभकामनाएं दी।इस दौरान एसएसआई बृज मोहनए मोर मुकुट पांडेयए एस आई जय बहादुरए वीरेंद्र सरोजए उबैस अलीए योगेन्द्र सिंह सहित थाने का पुलिस स्टाफए पत्रकारगण एवं क्षेत्र के सभ्रांत लोग मौजूद रहे।

### चोरों ने स्कूल से सामान पार किया

**दिबियापुर/औरैया।** औरैया रोड दिबियापुर थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय एवं जूनियर हाई स्कूल नगला जय सिंह में अज्ञात चोरों ने बीती रात सामान पर कर दिया। इस आशय की जानकारी स्कूल की प्रधानाचार्या अलका यादव व रजनी पाण्डेय ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि बीती रात्रि स्कूल का जंगला काटकर चोरो ने प्राथमिक विद्यालय से पांच पंखे, रेडियो, तोलिया, सोलर ,समर व केबिल बजन मशीन, स्पीकर माइक्रोफोन, गैस सिलेंडर, केलकुलेटर, कुर्सी, माइक दीवार घड़ी तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय में सीलिंग फैन, कुर्सी, बाल्टी, फावड़ा, खुर्पी, बिजली बोर्ड चटाई, ढोलक, दो तसला बॉक्स में रखा खेल का सामान विज्ञान किट, स्पीकर रेडियो, तार का बंडल आदि सामान ले गए। जानकारी होते ही एनटीपीसी चौकी प्रभारी नीरज शर्मा ने मौके पर मुआयना किया तथा अज्ञात चोरो की तलाश कर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### भारी बारिश से कंचौसी रेलवे कालोनी में भरा पानी

**कंचौसी/औरैया।** कंचौसी रेलवे स्टेशन के पास तैनात रेलवे कर्मचारियो के लिए बनाये गये आधा सैकड़ा रेलवे आवास की स्थिति होने के साथ गलिया नाली उखडी टूटी होने के साथ साथ जगह जगह चोक होने के कारण पिछले तीन दिन हुई मूसलाधार बारिश से रेलवे कालोनियों मे चारो तरफ पानी भरा होने से गलिया मे जल जमाव है। जिससे स्टेशन पर काम करने आने जाने वाले कर्मचारी व उनके परिवार के लोग पानी के बीच से जाने को मजबूर है। कर्मचारी अरविंद सिह, मंगल कुमार, राहुल तिवारी, मंडल कुमार, सोनू कुमार, राकेश सिंह, पवन सिंह आदि ने स्टेशन अधीक्षक विशम्भर दयाल पांडेय के साथ आईओडब्ल्यू रेल निर्माण खंड इटावा को पत्र भेजकर आवासो की मरम्मत व जल भराव की समस्या दूर करने की मांग की है।

# नगर विकास मंत्री ने किया मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का उद्घाटन

**संवाददाता पुखरायां।** कानुपर देहात



**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी के जन्मदिन के अवसर पर संचालित सेवा सप्ताह के अंतर्गत रविवार को अमरौधा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेला आयोजित किया गया। प्रदेश के नगर विकास मंत्री एवं कानपुर देहात के प्रभारी महेश गुप्ता ने मेले का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि मनुष्य का पहला सुख निरोगी काया कहा गया है। बीमारियों से बचने के लिए लोगों को जागरूकता की जरूरत है। लोगों को बीमारियों से बचाने के लिए घर घर तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। मेला आयोजन का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना है। क्षेत्रीय विधायक विनोद कटियार, कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के उपाध्यक्ष एवं कानपुर देहात के प्रभारी अशोक कुमार राजपूत, जिला उपाध्यक्ष बबलू कटियार, पूर्व चुनाव संयोजक डा.सतीश कुमार शुक्ल ने विचार व्यक्त किया। पिछड़ा मोर्चा कार्यालय प्रभारी रंजीत सिंह, चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अमित शर्मा, आशीष कुमार, मुक्तानगर मंडल के अध्यक्ष हरमोहन गुप्ता, अमरौधा मंडल अध्यक्ष हरेंद्र सिंह मौजूद रहे। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. आदित्य सचान, डा. अभिषेक सचान, डा. गिरिराज, डा. तस्नीम जहां ने मेले की चाकचौबंद व्यवस्थाएं कराई। जिस पर मंत्री जी ने सभी की पीठ थपथपाई। जिला अध्यक्ष अविनाश सिंह चौहान ने आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट और संगाठनात्मक तौर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। वहीं नगर पंचायत अमरौधा के सभासद एवं भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष विकास मिश्र के आवास पर आयोजित प्रीतिभोज में नगर विकास मंत्री महेश गुप्ता शामिल हुए।

# भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष के प्रथम आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

**संवाददाता।** पाटन उन्नाव

**भारतीय जनता** पार्टी युवा मोर्चा में जिला उपाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार अपने गृह क्षेत्र में आए प्रकाश सिंह का जगह.जगह भव्य स्वागत किया गया।उन्होंने बक्सर पहुंचकर सिद्ध पीठ मां चंद्रिका देवी के दर्शन किए। इस दौरान जगह.जगह पर मौजूद रहे समर्थकों ने गाजे बाजे व फूल मालाओं के साथ उनका स्वागत किया।उत्साहित जनसमूह को देखकर अभिभूत भाजयुमो उपाध्याय ने लोगों से मुलाकात करते हुए उनके हर सुख.दु:ख में कंधे से कंधा मिलाकर साथ खड़े रहने का वायदा किया।



क्षेत्र में प्रथम आगमन को लेकर उत्साहित लोगो ने भाजयुमो उपाध्याय प्रकाश सिंह का प्रथम स्वागत मौरावां में किया। उसके बाद असगर गंजए माधवगंजए कोटवर सरैयाए केदारखेड़ाए खिझौली मोड़ए मलौनाए गौरा मोड़ए राधा गंजए बिहारए सुमेरपुरए मालिन कुआंए मनिकापुरए भगवंत नगरए बाबू खेड़ाए मुड़ियनखेडाए जगतपुर ए ऊँचगांवए तनागपुरए बक्सरए समेत दर्जनों स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। अपनी पूरी टीम के साथ माता चंद्रिका के दर्शन करने के उपरांत प्रकाश सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है उसे मैं पूरी तरह निर्वहन करुंगा। पार्टी की नीतियों और रीतियों को जन.जन तक पहुंचाने और लोगों को भाजपा की योगी. मोदी सरकार के द्वारा कराये विकास कार्य को जन जन को बतलाने का कार्य करूंगा। युवा नेता ने कहा कि मेरे शरीर का एक.एक खून का कतरा मेरे अपनों के लिए है। किसी को जब भी जरूरत लगे मैं सेवा में सदैव हाजिर रहूंगा। इस दौरान रायबरेली से चलकर आए युवा नेता नीरज सिंहए शिव बहादुर यादव दीपक सिंह उर्फ पिंटूएरामप्रसाद लोधी मंडल अध्यक्ष आशीष बाबा प्रभात सिंह आदि मौजूद रहे।

# सड़क निर्माण के लिए किया प्रदर्शन

**कंचौसी/औरैया।** ढिकियापुर घसाकापुरवा मार्ग का तीन किमी का भाग अत्यंत बदहाल है। इन दिनों बरसात का मौसम चल रहा है और ऐसे में इस सड़क पर यात्रा किसी जोखिम भरे काम से कम नहीं। रविवार को इस मार्ग की बदहाली से आक्रोशित लोगों ने बीच सडक पर खड़े हो कर पीडब्ल्यूडी विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया। इनका आरोप था की पांच किमी लंबे इस मार्ग के दो किमी भाग का निर्माण तीन वर्ष पहले हो चूका है और शेष तीन किलोमीटर भाग का निर्माण पीडब्ल्यूडी विभाग को करवाना है लेकिन बजट के अभाव तीन वर्षों से सड़क निर्माण अधूरा पड़ा है। ग्रामीणों द्वारा सड़क निर्माण को लेकर सीएम पोर्टल व जिले के वरिष्ठ अधिकारियों से कई बार शिकायत की जा चुकी है लेकिन इसकी कोई सुधी नहीं ले रहा। पिछले कुछ दिनों से हो रही बरसात में यह सड़क और भी खराब हो गई है।

# प्रभारी मंत्री ने गिनाईं साढ़े चार सालों की उपलब्धियां

**संवाददाता।** औरैया

**प्रदेश** सरकार के साढ़े चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उपलब्धियों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध में राज्यमंत्री कारागार एवं लोक सेवा प्रबंधन उत्तर प्रदेश और जनपद के प्रभारी मंत्री जय कुमार सिंह जैकी ने औरैया ब्लाक सभागार में प्रेस वार्ता करके विगत साढ़े चार वर्षों में सरकार द्वारा जनपद में कराए गए विकास कार्यों और महत्वपूर्ण निर्णयों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा साढ़े चार वर्षों के दौरान आमजन को बेहतर सुविधाएं विकसित करने और प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण और दूरगामी निर्णय लिए गए जिनके माध्यम से प्रदेश में आमजन के जीवन स्तर में अत्यंत सकारात्मक सुधार आया है।



उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश में आमूलचूल परिवर्तन हुए हैं। प्रदेश में साढ़े चार वर्षों में कानून का राज कायम हुआ है और संगठित अपराध समाप्त कर दिए गए हैं। संगठित गिरोह बनाकर अपराध करने वाले या तो जेल में हैं या प्रदेश से बाहर जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि छुटपुट घटनाओं पर भी सख्त रवैया अपनाते हुए दोषियों को जेल भेजने की कार्यवाही की जा रही है। विकास के मुद्दे पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने विभिन्न विभागों के माध्यम से पूरे प्रदेश में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं में से अधिकतर योजनाओं को लागू कराने में उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान पर रहा है। कोविड-19 के संबंध में उन्होंने कहा कि देश में कोरोनावायरस के संक्रमण से बचाव के लिए प्रभावी कदम उठाए गए जिसमें मास्क और पीपीई किट जैसे सुरक्षात्मक उपकरणों का उत्पादन देश में ही भारी संख्या में प्रारंभ हुआ साथ ही देश की अपनी वैक्सीन भी तैयार हुई जो विश्व के अन्य देशों के लिए चुनौतीपूर्ण कार्य था।

# घाटमपुर फ्लाईओवर ब्रिज के लगेंगे पंख

**संवाददाता।** घाटमपुर

**रोज** रोज जाम से निजात पाने के लिये राष्ट्रीय राज मार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने घाटमपुर चौराहे में चालीस करोड़ रुपयों की लागत का फ्लाई ओवर ब्रिज बनाने की कार्यवाही तेजी से शुरु कर दी है, विभाग ने पाइप लाइन हटाने के लिये करीब 90 लाख रुपये व लोनिवि को दस लाख रुपये दे दिये है। विभाग ने दावा किया है कि यदि घाटमपुर प्रशासन ने उसका सहयोग किया तो चार महीने में घाटमपुर में फ्लाई ओवरब्रिज बन कर तैयार हो जायेगा। जानकारी के मुताबिक कानपुर सागर मार्ग में साल भर जाम रहने व दुर्घटनाओ से छुटकारा पाने के लिये एनएचआई ने चालिस करोड़ की लागत 9 सौ मी0 लम्बा ओवरब्रिज तथा 13 सौ मीटर हाइवे के दोनों ओर नाला बनाया जाना है। कार्यदायी संस्था बीते कई महीने से सर्वे व नाला बनाने का कार्य कर रही है। बीते दिनों दिनों सांसद देवेंन्द्र सिंह भोले ने कमिश्नर की बैठक मे ओवर प्लाई के कार्य में शिथिलता को लेकर नाराजगी जतायी थी। लेकिन अभी तक पाइप लाइन हटाने की का कार्य शुरु नही हुआ है। परियोजना निदेशक पंकज मिश्र का कहना है कि हाइवे किनारे पालिका की पड़ी पाइप लाइन हट जायेगी वह पुल का निर्माण कराने के काम में तेजी आ जायेगी। हालाकि विभाग ने दावा किया है कि वह चार महीने में पुल का निर्माण कर जनता को जाम व दुर्घटना से राहत दिला देगे। लेकिन हालात से नही लगता की ओवर फ्लाई ब्रिज वादा के मुताविक बन पायेगा।

# न्याय को दरकिनार कर व्यक्तिगत सम्बन्धों को महत्व देने का परिणाम है गहोलिया हत्याकाण्ड

**रविकान्त दुबे।** कानपुर देहात

**पंचायत** चुनावों के दौरान ही व्यक्तिगत वर्चस्व के प्रति सत्ताधारी पार्टी के एक कद्दावर नेता व जनप्रतिनिधि द्वारा पूर्व में पार्टी को मटियामेट करने का हवाला देकर पायनियर ने खबर प्रकाशित की थी। परन्तु सत्ता के मद में चूर लोगों को यह बात नहीं भायी। नये लोगों को प्रतिनिधित्व देने के बजाय एक ही व्यक्ति के परिवार को जनपद के सबसे बडे जनप्रतिनिधि ही नहीं अपितु दूसरे पडोसी जनपद में भी कददावर जनप्रतिनिधि के परिजनों को निर्विरोध तौर पर एक ब्लाक के प्रमुख की कुर्सी सौंप दी गयी, अपने जेबी लोगों को लाभ दिलाने के लिये विख्यात इस सख्यिसयत की वजह से ही गहोलिया गॉव में निर्मम हत्याकाण्ड को अॅजाम दिया गया।

जनपद में सत्ताधारी पार्टी एक वर्ग विशेष के नेता का वर्चस्व का शिकार हो गयी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता के चलते लम्बे वनवास के बाद सत्ता में आयी भाजपा की सरकार के गठन के बाद से एक वर्ग विशेष को शासन, प्रशासन में मलाईदारों पद पर बिठाया गया। जिन आकॉक्षाओं के साथ लोगों ने पार्टी को सत्ता में बिठाया उनकी घोर उपेक्षा की गयी, सवर्णो, अन्य पिछडा वर्ग, अनुसूचित वर्ग के लोगों ने भी दिल खोलकर भाजपा के लिये वर्ष 2017 में सम्पन्न हुये विधानसभा चुनाव में जमकर अपने वोट दिये थे परन्तु पार्टी में व सत्ता में सभी वर्ग के लोगों को समुचित प्रतिनिधित्व नहीं मिला जिनको प्रतिनिधित्व दिया भी गया तो उनको उतना महत्व नहीं दिया गया जिसके वह पात्र थे। आसन्न विधानसभा चुनावों में प्रमुख विपक्षीदलों व मृतक के सजातीय सॅगठन को गहोलिया में बिल्डिंग मैटैरियल युवा कारोबारी की दिन दहाडे हत्या से सरकार के खिलाफ बैठे बिठाये मुद्दा मिल गया जिसको भुनाने में विपक्षी दल पीछे नहीं है। सपा, कॉग्रेस, आम आदमी पार्टी, बसपा के जिला स्तरीय नेता मृतक के परिजनों से मिलकर उन्हे न्याय प्रदान किये जाने का भरोसा दे रहे है। गहोलिया हत्याकाण्ड सत्ताधारी पार्टी के लिये सबक है, सबका साथ, सबका विश्वास के साथ सत्तारूढ होने वाली पार्टी में यह कहावत जमीनी धरातल से कोसों दूर नजर आ रही है। भाजपा आलाकमान ने भी पिछले विधानसभा चुनाव में दिल खोलकर वोट देने बने सभी वर्गों के साथ समुचित न्याय करने में कहीं न कहीं बडी चूक हो रही है।

# भगवान परशुराम के मंदिर निर्माण को लेकर ब्राह्मणों ने की बैठक

**संवाददाता।** बांगरमऊ उन्नाव

**नगर** के उन्नाव मार्ग पर स्थित एक अतिथि गृह में आज ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम के भव्य मंदिर निर्माण हेतु आयोजित बैठक में नगर एवं क्षेत्र के ब्राह्मणों की भारी भीड़ उमड़ी। बैठक में उन्नाव बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार शुक्ल ने कहा कि ब्राह्मणों में ऊंच नीच का भेदभाव उन्हें संगठित होने में बाधा बन रहा है। ब्राह्मण समाज की अस्मिता की रक्षा हेतु संगठित होना समय की मांग है। संगठित होने के लिए भगवान परशुराम का मंदिर समाज को संबल देता रहेगा। संयोजक संजीव त्रिवेदी एडवोकेट द्वारा आयोजित बैठक का शुभारंभ वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ भगवान परशुराम के पूजन के साथ किया गया। पूजन के बाद शशांक शेखर शुक्ला ने ब्राह्मणों की उत्पत्ति और जनेऊ पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज वह धागा हैए जो संपूर्ण समाज को एक साथ पिरोता है। आलोक त्रिपाठी ने जोर दिया कि जब तक ब्राह्मणों के पास राजनीतिक ताकत नहीं होगीए ब्राह्मण समाज का उत्थान संभव नहीं है। समाज को राजनीतिक रूप से भी संगठित होना होगा। महंत रवि शंकर दीक्षित ने ब्राह्मण समाज से अपने बच्चों को संस्कारित करने की अपील की। राजीव बाजपेई ने आर्थिक रूप से समृद्ध ब्राह्मणों से गरीब ब्राह्मणों की सहायता करने पर जोर दिया। अनुभव शुक्ल एडवोकेट ने कहा कि भगवान परशुराम का मंदिर ब्राह्मणों की भविष्य की पीढ़ियों में उर्जा का संचार करेगा। बैठक की अध्यक्षता शशि नाथ शास्त्री तथा संचालन सुधीर कुमार मिश्र सद्धू ने किया। बैठक को संजीव त्रिवेदीए जिला पंचायत सदस्य शिवकुमार तिवारीए पप्पू त्रिवेदीए विमल चंद्र शुक्लए ज्ञानेश द्विवेदीए अतुल शुक्लाए वीरेंद्र अवस्थीए प्रमोद द्विवेदीए श्यामलाल दीक्षितए पंकज अग्निहोत्रीए बाबूलाल त्रिपाठी व सत्यनारायण तिवारी आदि ने भी संबोधित किया। अंत में संजीव त्रिवेदी एडवोकेट ने बैठक में मौजूद सभी ब्राह्मणों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

ब्राह्मण सभा की बैठक में सपा के आलोक त्रिपाठी अचानक पार्टी की नीतियों का बखान करने लगे। उन्होंने कहा कि सपा शासनकाल में सैकड़ों संस्कृत विद्यालयों को अनुदानित कर ब्राह्मणों का मान बढ़ाया गया। इतना सुनते ही अन्य दलों मे आस्था रखने वाले कई ब्राह्मण बैठक से उठकर चल दिए।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# पिछली सरकारों ने लोगों को बांटने का काम कियाः सीएम

संवाददाता। अयोध्या



**हमारी सरकार** ने आज साढ़े चार वर्ष का कार्यकाल पूरा किया तथा पारदर्शी जवाबदेह काम दमदार उप्र सरकार सबका साथ सबका विकास.सबका विश्वास की अवधारणा पर कार्य कर रहे है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज उप्र भाजपा पिछड़ावर्ग मोर्चा (प्रकोष्ठ) के तीन दिवसीय कार्यसमिति की बैठक के समापन के अवसर पर मोर्चा के पदाधिकारियो, आम लोगो को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हम सभी समाज के विकास एवं योग्यता के आधार पर कार्य कर रहे है। और कोई भी महापुरूष राष्ट्र का होता है जैसे निषादराज, महाराज सुहेलदेव, महारानी लक्ष्मीबाई, शिवाजी महाराज, महाराण प्रताप, झलकारीबाई, उदादेवी आदि केवल अपने समाज के लिए नही राष्ट्र के लिए संघर्ष किया परन्तु पिछली सरकार सरकारो ने अपने जातिगत पूर्वाग्रहो के आधार पर बॉटने का काम किया है।

हमारी सरकार द्वारा सभी समाज की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मानक के अनुसार आरक्षण आदि की सुविधा देते हुए लगभग साढ़े चार लाख युवक युवतियो को मैरिट के आधार पर चयन में पारदर्शिता प्रक्रिया अपनाते हुए चयन कर रोजगार दिया है। मा. मुख्यमंत्री जी ने मुजफ्फरनगर के एक गॉव का जिक्र किया तथा कहा कि उस गॉव वालो ने अभिनन्दन किया मैने पूछॉ किस बात का अभिनन्दन है तो गॉव वालो ने कहा कि हमारे गॉव के 27 लड़के पुलिस नौकरी में चयनित हुए है इनके अन्दर मैरिट थी पर पिछली सरकारो में मैरिट में आने के बाद भी भष्ट्राचार के कारण परीक्षा में फेल कर दिया जाता था। आज पिछड़ा वर्ग मोर्चा कार्य समिति में बुलाने के लिए इसके प्रदेश अध्यक्ष श्री नरेन्द्र कश्यप प्रदेश प्रभारी श्री दयाशंकर सिंह को बघाई देता हूॅ कि इन्होंने कार्य समिति की बैठक के लिए भगवान श्री राम के जन्म स्थान अयोध्या का चयन किया तथा दो दिन विपरीत मौसम के वावजूद सूर्यवंशी राजाओ द्वारा पोषित इस धरती पर भगवान सूर्यदेव जी अपनी कृपा बरसा रहे है तथा आज उनका दिन रविवार भी है। हमारी सरकार द्वारा सभी वर्गो के विकास के लिए उल्लेखनीय कार्य किया गया चाहे वह छात्रवृत्ति वितरण होए बेटियो की शिक्षा अनुदान हो विवाह अनुदान हो सभी में कई गुना वृद्धि की गई है। आज हमारी सरकार द्वारा लगभग 175 करोड़ छात्रवृत्ति मद में रखा गया है जो 02 अक्टूबर 2021 में और 26 जनवरी 2022 में उनके खातो मे सीधे ट्रांसफर किया जायेगा। मुख्यमंत्री द्वारा साढ़े चार वर्ष के कार्यकाल का उल्लेख किया गया निकाली गई व प्रकाशित पुस्तिका जिसका लखनऊ में विमोचन हुआ था इसका भी आज मीडिया कर्मियो व आम जनमानस में वितरण किया गया। मुख्यमंत्री जी को इस कार्यक्रम में 151 किलो का माला पहनाया गया तथा मोर्चा के पदाधिकारीगण सहित क्षेत्रीय विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने भी स्वागत किया। गदा एवं भगवान राम की मूर्तिए अंगवस्त्रए धनुषवाण आदि भेट कर मुख्यमंत्री जी का सम्मान किया गया। भाजपा के पिछड़ा वर्ग के कार्य समिति के बैठक में मुख्यमंत्री जी के उद्बोधन के पूर्व प्रदेश के लोकप्रिय उप मुख्मंत्री श्री केशव प्रसार मौर्यए पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री हंसराज अहिरए केन्द्रीय मंत्री पंकज चैधरीए केन्द्रीय मंत्री श्री बीएल वर्मा आदि द्वारा बैठक को संबंधित किया गया तथा सभी ने पार्टी को मजबूत करने तथा सरकार द्वारा साढ़े चार वर्ष में किये गये कार्यो को आम जनमानस तक पहुॅचाने का अह्वान किया गया तथा मौके पर मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार संबंधित पुस्तिका एवं फोल्डर आदि का भी वितरण किया गया।

बैठक में सम्मिलित होने के पूर्व मा. मुख्यमंत्री योगी का हवाई पट्टी पर अपर पुलिस महानिदेशक एस एन सांवत, मण्डलायुक्त एमपी अग्रवाल, आईजी जोन डा. संजीव गुप्त, डीएम अनुज कुमार झा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय, नगर आयुक्त विशाल सिंह सहित सांसद लल्लू सिंह, विधायकगण वेद प्रकाश गुप्ता, इन्द्र प्रताप तिवारी खब्बू तिवारी, रामचन्द्र यादव, बीकापुर शोभा सिंह चैहान, मिल्कीपुर बाबा गोरखनाथ, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, मेयर ऋषिकेश उपाध्याय, भाजपा के जिला अध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा सहित अमित सिंह चैहान सहित अनेक पार्टी के सदस्यो ने स्वागत किया तद्पश्चात मुख्यमंत्री जी द्वारा हनुमानगढ़ी व रामलला मंदिर आदि में पूजा अर्चना की तथा मंदिर निर्माण के नीव के बारे में जानकारी प्राप्त की उक्त अवसर पर श्री रामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के सदस्यगण भी उपस्थित थे। साथ ही मौके पर चल रहे कार्यो को देखा। सभी बिन्दुओ पर जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा द्वारा जानकारी दी गयी। वर्तमान सरकार के साढ़े चार साल पूरे होन पर मा. मुख्यमंत्री द्वारा लगभग 1 घण्टे के भाषण में व्यापक जिक्र किया गया तथा आगामी 3 नवम्बर को होने वाले अयोध्या के पंचम दीपोत्सव में साढ़े सात लाख दीपक जलाने की तैयारी करने हेतु सभी को अह्वान किया तथा कहा इससे कुम्हार भाईयो को और रोजगार मिलेगा एवं आर्थिक विकास होगा।

# भय और अपराध मुक्त जीवन बिता रही प्रदेश की जनताः निषाद

## ● राज्य सभा सदस्य ने गिनायी सरकार की उपलब्धियां

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**भारतीय** जनता पार्टी के राजसभा सदस्य जय प्रकाश निषाद ने कहा कि प्रदेश सरकार ने साढ़े चार वर्ष में विकास के जो कार्य किये। वह प्रदेश की जनता के जीवन मे बदलाव लाने का काम किया है और् प्रदेश की जनता अब भय मुक्त और अपराध मुक्त जीवन जी रहे है। जय प्रकाश निषाद रविवार को अम्बेडकर नगर में प्रदेश सरकार के साढ़े चार वर्ष पूरा होने पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सरकार द्वारा किये गए कार्यों का बखान करते हुए पत्रकारों से कहा।

उन्होंने कहा कि जब से प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार आयी है तब से प्रदेश में सड़क हो या बिजली शिक्षा हो या स्वस्थ हर क्षेत्र में काम हो रहा है किसानों के गन्ने का भुगतान समय पर किया गया वही उनका कर्ज माफ किया गया। वही युवाओं को रोजगार दिया गया तथा ज्यादा से ज्यादा युवाओं को कैसे रोजगार मिले इस क्षेत्र में भी काम किया जा रहा है उन्होंने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार आयी है तब से एक भी दंगे नही हुए वही प्रदेश को अपराध मुक्त वनाने के लिए बड़े पैमाने पर अपराधियो के एनकाउंटर किये गए। जिससे आज हर कोई भय मुक्त जीवन जी रहा है इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष मिथलेश त्रिपाठी आलापुर विधायक अनिता कमल मौजूद रही।

# देर शाम तक चलता रहा गणेश प्रतिमा का विसर्जन



**अयोध्या।** कोविड.19 के निर्देशों का पालन करते हुए गत दस सितंबर को नगर के मंदिरों, पूजा स्थलों एवं घरों में स्थापित श्री गणेश भगवान की प्रतिमाओं का विसर्जन दोपहर दिन में 12.00 बजे से प्रारंभ हुआ जो सायंकाल देर तक चलता रहा । विसर्जन में सूर्य भगवान की तपिश से बेपरवाह भक्तों का भाव और उल्लास चरम पर रहा।

ढोल मजीरे के बिना नाचते झूमते अपने गणपति बप्पा की प्रतिमाओं को भक्त पूजा स्थल से विसर्जन स्थल तक ले गए जहां केंद्रीय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल, प्रमुख संरक्षक विजय कुमार गुप्ताए सहसंयोजक गगन जयसवाल, प्रभारी प्रेम नाथ राय एवं समन्वयक जे एन चतुर्वेदी केंद्रीय समिति के समस्त पदाधिकारियों के साथ कोविड.19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए भक्तों के सहयोग के लिए तत्पर थे। केंद्रीय समिति के प्रवक्ता डॉक्टर शैलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि रविवार को सायंकाल लगभग सभी पूजास्थलों पर विशाल भंडारों का आयोजन किया गया जिसमें भक्त जनों की भीड़ इकट्ठा ना होने पाए इसके लिए समिति के कार्यकर्ताओं ने घर घर जाकर पूरे मोहल्ले में भंडारे का प्रसाद वितरित किया एवं साथ ही साथ हवन के कार्यक्रम भी समस्त पूजा स्थलों पर संपन्न हुए जहां पर विघ्नहर्ता श्री गणेश भगवान से प्रार्थना की गई कि कोरोना की आने वाली तीसरी लहर में विश्व के संपूर्ण जीवो की रक्षा हो।

विसर्जन के कार्य में समितियों के सहयोग हेतु केंद्रीय समिति के केशव बिगुलर, राजेश गौड़, सुप्रीत कपूर, रोहित अग्रवाल, अतुल सिंह, बजरंगी साहू, आलोक शंकर, अखिलेश पाठक, चंदन गुप्ता, राजू जायसवाल, रोहिताश्व चंद्र राजू, रविकांत आर्य, तारकेश्वर शर्मा, पवन निषाद, अजय विश्वकर्मा, प्रमोद जायसवाल, अश्विनी प्रताप सिंह, दीपक गौतम, अवधेश अग्रहरि एवं अर्जुन सोनी आदि समस्त पदाधिकारियों का सहयोग सराहनीय था।

# स्टाफ नर्स ने शिकायतकर्ता को फोन पर धमकाया

## ● इलाज के अभाव में पेट में मरे बच्चे के परिजनों ने स्टाफनर्स की अधीक्षक से की है शिकायत

**मिल्कीपुर अयोध्या।** मिल्कीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज के अभाव में गर्भवती महिला के पेट में मर गए शिशु का मामला दिनोंदिन गरमाता जा रहा है। अस्पताल की स्टाफ नर्स की करतूतों की शिकायत पीड़ित महिला के पति और ससुर द्वारा सीएचसी अधीक्षक से किए जाने के बाद अब आरोपी स्टाफनर्स रिशु सिंह द्वारा शिकायतकर्ता के ही मोबाइल फोन पर कॉल करके धमकाया जाना शुरू कर दिया गया है। जिसके बाद अब पीड़ित परिवार डर एवं सहम गया है। पीड़ित महिला के ससुर ने समूचे घटनाक्रम की जानकारी ग्राम प्रधान डीली गिरधर को दी और मामले में न्याय दिलाए जाने हेतु सहयोग की मांग की।

बताते चलें कि मिल्कीपुर ब्लाक क्षेत्र के डीली गिरधर गांव निवासी राजेंद्र विश्वकर्मा ने बीते 17 सितंबर की अलसुबह अपनी पुत्रवधू करिश्मा को प्रसव पीड़ा होने के उपरांत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर पहुंचाया था जहां अस्पताल स्टाफनर्स रिशु सिंह द्वारा वह मांगा सुविधा शुल्क ना मिलने के बाद प्रसव पीड़ित महिला को हाथ तक नहीं लगाया गया था और सीधे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था यही नहीं परसों पीड़ित महिला को इनायत नगर बाजार स्थित एक प्राइवेट चिकित्सालय में भर्ती कराए जाने का दबाव भी साथ में मौजूद आशा बहू शीला सिंह एवं स्टाफनर्स रिशु सिंह द्वारा बनाया गया था। थक हार कर पीड़ित परिजनों ने सीएचसी अधीक्षक मामले की शिकायत की थी जिसके बाद अधीक्षक डॉ अहमद हसन किदवई द्वारा दूसरी महिला स्टाफ नर्स सुमन को अस्पताल भेजकर प्रसव पीड़ित महिला के पेट में मरे बच्चे का प्रसव कराया गया था। मामले में स्टाफ नर्स रिशु सिंह की लापरवाही की शिकायत पीड़ित महिला करिश्मा के पति मुकेश कुमार एवं ससुर राजेंद्र विश्वकर्मा द्वारा सीएचसी अधीक्षक से कर दी गई थी। उधर आशा बहू और स्टाफनर्स द्वारा मामले को लेकर किए गए वार्तालाप का ऑडियो भी वायरल हो गया था। इसके बाद बीते अट्ठारह सितंबर की रात 8रू25 पर स्टाफनर्स रिशु सिंह द्वारा मोबाइल नंबर 94 155 18851 से राजेंद्र विश्वकर्मा के मोबाइल नंबर 70 68 40 37 57 पर फोन कर मामले में शिकायत वापस लेने सहित अन्य धमकी भी दी गई 7 मिनट 8 सेकंड तक स्टाफ नर्स ने पीड़ित महिला के ससुर से मोबाइल पर बात कर जमकर धमकाया। जिसके बाद से अब पीड़ित परिवार पूरी तरह से भयभीत हो गया है रविवार को सुबह पीड़ित राजेंद्र विश्वकर्मा अपने गांव के ग्राम प्रधान गिरीश सिंह के पास पहुंचे और उन्होंने समूचे घटनाक्रम की जानकारी ग्राम प्रधान को दी तथा बताया कि मेरा मोबाइल एंड्रॉयड न होने के चलते कॉल रिकॉर्ड नहीं हो सकी है। अस्पताल की इस मनबढ़ और बेलगाम स्टाफनर्स से पीछा छुड़ाने की अपील करते हुए न्याय की गुहार की।

## क्विक न्यूज

### जेईई मेंस में छात्र आयुष कुमार ने मारी बाजी

**प्रयागराज।** फिटजी प्रयागराज के छात्र एवं छात्राओं ने जेईई मेंस में अपने जिले में परचम लहराया है। फिटजी के फोर ईयर क्लासरूम प्रोग्राम के छात्र आयुष कुमार ने 99०92 से अधिक पसेन्टाइल प्राप्त कर जेईई मेन परीक्षा में जिले में टॉप किया है। आयुष की ऑल इंडिया रैंक 993 आयी है। टू ईयर की क्लासरूम प्रोग्राम की मेधावी छात्राओं में जैनब मलिक ने 98०98 और मान्या अग्रवाल ने 98०72 से अधिक पसेन्टाइल के साथ में क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। फिट्जी प्रयागराज के सेंटर हेड अनूप श्रीवास्तव ने पत्रकार वार्ता में आज बताया कि जिले के सभी शीर्ष दस स्थान फिट्जी के छात्रों ने ही प्राप्त किये हैं। प्रयागराज के शीर्ष 20 टॉप विद्यार्थियों में कम से कम पंद्रह स्थानों पर फिटजी के विद्यार्थियों ने अपना लोहा मनवाया है। जिले में टॉप करने वाले दस प्रतिभाशाली छात्रों में तेजस श्रीवास्तव क्षितिज मौर्य सृजन सिंह वेदान्त द्विवेदी यशस्वी सिंह शौर्य उत्कर्ष राज राजऋषि टंडन अभिषेक पटेल यशस्वी केशरवानी आदित्य मौर्य यशराज सिंह अनुभव सिंह आरोह श्रीवास्तव मानस गुप्ता सानिध्य अग्रवाल और प्रथम श्रीवास्तव आदि ने 99 से अधिक पसेन्टाइल प्राप्त की है। 77 से अधिक छात्रों ने जेईई एडवांस्ड परीक्षा के लिए अहर्ता प्राप्त की है। जो अगले महीने आयोजित होनी है। यहाँ से पास छात्र एनआईटी और ट्रिपलआईटी में चयनित होंगे।

### पूर्व सैनिक की जमीन पर अवैध कब्जा

**भीटी, अम्बेडकरनगर।** भीटी थाना क्षेत्र के पिगिरियावा ग्राम सभा का मामला है जहां भूतपूर्व सैनिक राजेंद्र सिंह दिल्ली में बाईपास सर्जरी करवाकर अपनी जिंदगी और मौत से जूझ रहे है वहीं भूतपूर्व सैनिक की अनुपस्थिति का लाभ उठाकर उनके गांव के कुछ दबंग व्यक्तियों द्वारा उनकी जमीन पर दबंगई के बल पर अवैध कब्जा किया जा रहा है। सूचना के बावजूद इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। जब इसकी सूचना उप जिला अधिकारी भीटी संतोष कुमार ओझा को दी गई उन्होंने बताया है कि हमने काम रुकवाने के लिए भीटी थाना अध्यक्ष को कह दिया है काम रुक जाएगा थोड़ी देर में हालांकि थाना अध्यक्ष द्वारा तत्काल प्रभाव से काम को रुकवा दिया गया जैसे ही थाने के सब लोग विवादित स्थल से हटते हैं उसके बाद विपक्षी दबंग किस्म का आदमी है वह तुरंत फिर काम शुरू कर देता है इस तरीके के रवैया के चलते धीरे-धीरे विपक्षी के द्वारा कई पिलर खड़ा कर लिया गया है। सोचने वाली बात यह है जब देश की रक्षा करने वाले पूर्व सैनिक की जमीन देश में ही सुरक्षित नहीं है और शासन-प्रशासन उसकी रक्षा नहीं कर पा रहा है तो यह देश के लिए बहुत ही शर्म की बात है जब एक पूर्व सैनिक के साथ इस तरह की घटना घटित हो सकती है तो आम जनमानस कि आप सुरक्षा की बात कैसे सोच सकते हैं।

### संरक्षा विभाग द्वारा चलाया गया जागरूकता अभियान

**प्रयागराज।** भारतीय रेलवे का सबसे व्यस्ततम मार्ग गाजियाबाद पंडित दीनदयाल उपाध्याय उत्तर मध्य रेलवे के सबसे बड़े मण्डल प्रयागराज मण्डल का हिस्सा है।प्रयागराज मंडल में लगभग 220 से अधिक ट्रेनें 130 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम रफ्तार पर चल रही हैं। जो कि भारतीय रेलवे के किसी भी अन्य मंडल में 130 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम रफ्तार से चलने वाली ट्रेनों की संख्या से कहीं अधिक है। प्रयागराज मंडल अपने यात्रियों को संरक्षित एवं समयबद्ध रेल यात्रा देने के लिए सदैव तत्पर रहा है। इसी क्रम में प्रयागराज मण्डल के संरक्षा विभाग द्वारा रेलकर्मियों को विभिन्न विषयों पर जागरुक करने के लिये निरंतर जागरुकता अभियान चलाया जाता है। रेल कर्मियों को भी संरक्षा से जुड़ी विभिन्न जानकारियों से जागरूक कराने हेतु संरक्षा विभाग प्रयागराज मण्डल द्वारा नियमित रूप से संरक्षा अभियान चलाये जाते हैं। आज लॉबी प्रयागराज के लोको पायलट क्लास रूम में लगभग 11 कर्मचारियों को निम्न विषयों पर जागरूक किया गया। आल राइट सिग्नल का महत्व एवं न मिलने पर कार्यवाही। जर्क मिलने लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही। इंजन में आग लगने पर कार्यवाही शंटिंग के दौरान वरती जाने वाली सावधानियां एवं कॉशन का पालन विषयों पर रेलकर्मियों को जागरूक किया और उनकी जिज्ञासाओं का निराकरण किया। इस अवसर पर चन्द्रिका प्रसाद संरक्षा सलाहकार उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज तथा जे एन तिवारी मुख्य लोको निरीक्षक प्रयागराज उपस्थित थे।

### तनावमुक्त रहने के लिए हंसना बेहद जरूरी

**प्रयागराज।** एक ओर जहां महामारी का खतरा अब भी मंडरा रहा है। जी टीवी नए रियलिटी शो ज़ी कॉमेडी शो के जरिए लोगों का तनाव दूर करने का प्रयास कर रहा है। शो ने देश के हर परिवार को भारत के टॉप कॉमेडियन्स के साथ हंसने खिलखिलाने और अपनी परेशानी भूल जाने का मौका दिया। इस वीकेंड रैप सेंसेशन बादशाह स्पेशल गेस्ट के रूप में अपने चटपटे कमेंट्स और कुछ दिलचस्प खुलासों के साथ हमारा खूब मनोरंजन करेंगे। कॉमेडी शो हर शनिवार और रविवार रात दस बजे ज़ी टीवी पर आएगा। इस दौरान सभी कॉमेडियन्स के मजेदार एक्ट्स और मीका सिंह की हाजिर जवाबी सबको खूब गुदगुदाएगी। इस दौरान चित्राशी रावत सुगंधा मिश्रा भोसले और सिद्धार्थ सागर के एक मजेदार गॉसिप एक्ट ने सभी को खूब हंसाया।

# गरीबों के लिए सरकार संचालित कर रही विभिन्न योजनाएंः महेंद्र सिंह

## ● मंत्री डॉ. महेंद्र सिंह ने विभिन्न योजनाओं के सौ लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, स्वीकृत पत्र, चाभी वितरण सहित अन्य योजनाओं से किया लाभान्वित



कार्यक्रम में मौजूद प्रभारी मंत्री डा महेंद्र सिंह।

**प्रयागराज।** प्रयागराज के प्रभारी मंत्री और काबीना मंत्री डा महेन्द्र सिंह ने रविवार को सरकिट हाऊस सभागार में प्रेस वार्ता की। डा सिंह ने सरकार के साढ़े चार साल के कार्यकाल की विशेषता की। प्रभारी मंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के द्वारा बिना किसी भेदभाव के सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के सिद्धान्त पर विभिन्न योजनाओं से पात्र लोगों को लाभान्वित कराया जा रहा है। जनधन खाता आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री आवास मुख्यमंत्री आवास विद्युत कनेक्शन उज्जवला योजना किसान सम्मान निधि पेंशन योजना सहित अन्य योजनाओं से सभी पात्रों को पारदर्शिता के साथ लाभन्वित कराया जा रहा है।

स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से तथा विभिन्न योजनाओं को माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाते हुए उनकी आय में वृद्धि के लिये कार्य किये जा रहे हैं। सांसद डा रीता बहुगुणा जोशी ने कहा कि केन्द्र सरकार व राज्य सरकार के द्वारा महिलाओं किसानों गरीबों नौजवानों के उत्थान एवं प्रगति के लिए सरकार के द्वारा विभिन्न योजनायें संचालित की गयी हैं। जिनके लोग लाभन्वित हो रहे हैं। सरकार के द्वारा बिना किसी भेद भाव के सभी पात्र लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। सांसद केशरी देवी पटेल ने कहा कि सरकार के द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए विभिन्न योजनायें संचालित की गयी हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा अन्तिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के उत्थान के लिए निरन्तर कार्य किया जा रहा है।

जिला पंचायत अध्यक्ष डा वी के सिंह तथा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लगभग सौ लाभार्थियों को सांसद डा रीता बहुगुणा जोशी सांसद केशरी देवी पटेल जिला पंचायत अध्यक्ष डा वी के सिंह महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी सहित अन्य जनपतिनिधियों के साथ प्रमाण पत्र स्वीकृत पत्र आवास की चाभी तथा अन्य योजनाओं से सम्बन्धित प्रमाण पत्र वितरित किया।

जिसमें स्वंय सहायता समूह की बीसी सखी के 20 लाभार्थियो को ई पाश मशीन वृद्धावस्था पेंशन के 10 लाभार्थियों राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के 05 लाभार्थियों को निराश्रित महिला विधवा पेंशन के 05 लाभार्थियों को कन्या सुमंगला योजना के 04 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के 05 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 17 लाभार्थियो को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के 10 लाभार्थियों को मनरेगा महिला मेट के 5 लाभार्थियों को सामुदायिक शौचालय के केयर टेकर के 10 लाभार्थियों को दिव्यागंजन सशक्तीकरण दिव्याग पेंशन योजना के 05 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र स्वीकृत पत्र चाबी तथा अन्य योजनाओं से सम्बन्धित प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।

# अराजकता की सरकार चला रही है भाजपाः पटेल

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**समाजवादी** पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में जबसे भाजपा की सरकार आयी है तब से पूरे प्रदेश में आरजकता का माहौल है। चारो तरफ लूट हत्या चोरी छिनैती की घटनाओं की बाढ़ आ गयी है महिलाओं बच्चियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ रही है भाजपा आरजकता की सरकार चला रही है। नरेश उत्तम पटेल रविवार को किसान नौजवान खेत खलिहान पटेल यात्रा के दूसरे दिन एक होटल में पत्रकारों से बात करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश की सरकार ने हर वर्ग को ठगने का काम किया है दोनो सरकारों ने लोगो से बड़े बड़े वादे किए लेकिन एक भी वादा पूरा नही किया जिससे किसान नौजवान व्यापारी हर वर्ग परेशान है। प्रदेश सरकार ने किसानों की आय दोगुने करने की बात कही थी लेकिन किसानों का आय दोगुना तो नही हुआ बल्कि खाद डीजल के दाम बढ़ा कर सरकार उनके आय को और कम कर दिया उसी तरह नौजवानों से रोजगार देने की बात किये थे लेकिन आज नौजवान जब रोजगार मांगते है तो सरकार उन्हें लाठी मारती है और नरेगा में काम देकर उनका रोजगार गिनाती है उन्होंने कहा कि महँगाई चरम पर है और दोनो सरकारें महँगाई को कम करने के लिए कोई काम नही कर रहे है बल्कि आये दिन डीजल एवं पेट्रोल के दाम बढ़ा रहे है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व मंत्री राम प्रसाद चौधरी पूर्व मंत्री विधायक नरेंद्र वर्मा पूर्व मंत्री शँखलाल मांझी, विधान परिषद सदस्य हीरालाल यादव, गोपी नाथ वर्मा ,राम शकल यादव डॉ अभिषेक सिंह उत्तम चौधरी, अधिवक्ता सभा जिलाध्यक्ष पवन यादव मुजीब अहमद सोनू ,विश्वनाथ यादव सहित नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पूर्व राज्यपाल राजशेखरन ने केरल के संबंधों और समानताओं पर की चर्चा

## ● पंडित रामचन्द्र मिश्र मेमोरियल पब्लिक स्कूल झलवा में बौद्धिक संगोष्ठी



पूर्व राज्यपाल को स्मृति चिन्ह देते हुए संरक्षक प्रकाश चंद्र मिश्र।

**प्रयागराज।** मिजोरम के पूर्व राज्यपाल कुम्मनमन राजशेखरन ने रविवार को पंडित रामचन्द्र मिश्र मेमोरियल पब्लिक स्कूल झलवा में बौद्धिक संगोष्ठी में शिक्षा का हमारे जीवन में क्या महत्व है इस पर प्रकाश डाला। साथ ही राजशेखरन ने प्रयाग एवम केरल के संबंधों एवम समानताओं पर प्रकाश डाला। राजशेखरन ने केरल में सनातन संस्कृति के विषय में भी चर्चा की। उन्होंने केरल में बन रहे जटायू माला श्री राम मंदिर पर चर्चा की। राजशेखरन ने जटायु माला मंदिर में चल रहे प्रोजेक्ट पदम पदम रामः पादम से उपिस्थित लोगों को परिचित कराया। साथ ही केरल में संचालित एक अन्य प्रोजेक्ट वी फ़ॅर शी पर प्रकाश डाला। जिसका उद्देश्य नारी सशक्तिकरण एवम महिलाओं की सुरक्षा है। शुरुआत राजशेखरन के स्वागत एवम सम्मान से हुई। विद्यालय के प्रबंधक विकास मिश्रा ने माल्यार्पण एवम संस्था के संरक्षक प्रकाश चंद्र मिश्र ने पूर्व राज्यपाल को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। जटायु माला श्री राम मंदिर पर बनी डॉक्यूमेंट्री फ़िल्म का भी प्रदर्शन किया गया। विद्यालय परिवार ने श्री राजशेखरन का धन्यवाद किया। विद्यालय के संरक्षक प्रकाश चंद्र मिश्र प्रबंधक विकास मिश्र चेयरमैन राजाराम पांडेय वाईस चेयरमैन दिनेश तिवारी, प्रधानाचार्य आकाश मिश्र, निदेशक सुभाष मिश्र, एस पी नायर, श्रीमंगल नायर, पवन तिवारी, आनंद पांडेय, डॉक्टर राधा कृष्ण मिश्रा संजय शर्मा जी पी के तिवारी, सारंग द्विवेदी चारिमित्र, संदीप गुप्ता, अमित मिश्रा, जितेंद्र पांडेय, सुशील सिंह, दिलीप द्विवेदी एवम विकास सिंह उपस्थित रहे।

## शाही संस्कृति एवं तौर तरीके अपनाने की जरूरत

**प्रयागराज।** जब आप किसी चीज को दिल से चाहते हैं तो सारी कायनात उसे आपसे मिलाने में लग जाती है। जी टीवी का आगामी शो तेरे बिना जिया जाए ना कृषा चतुर्वेदी नाम की एक लड़की की कहानी है। जिसने हमेशा एक राजकुमार के सपने देखे हैं और फिर यह होता है कि कायनात उसके सपने को सच कर देती है। कृषा एक साधारण लड़की है। जिसके पास शायद ही कोई धन दौलत हो। वो अंबिकापुर के आकर्षक नजारों के बीच स्थित एक भव्य महल में आती है। उसे उम्मीद होती है कि वो अपनी जिंदगी के प्यार देवराज के साथ अपनी परियों वाली कहानी की शुरुआत करेगी। जहां वो शाही संस्कृति और राजसी तौर तरीके अपनाने की कोशिश कर रही है। वहीं उसे देवराज की पत्नी और उसके प्यार के रूप में अपनी जगह बनानी होगी। टेलीविजन एक्ट्रेस अंजलि तत्रारी इसमें कृषा चतुर्वेदी का रोल निभाएंगी। दूसरी ओर टेलीविजन के दिलकश अभिनेता अविनेश रेखी शाही अंदाज के साथ अंबिकापुर राजघराने के वारिस प्रिंस देवराज का रोल निभाएंगे।

# पूंजीपतियों के लिए काम कर रही है भाजपाः नरेश उत्तम

संवाददाता। बसखारी, अम्बेडकरनगर



**सपा** के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आवाहन पर खेत खलियान कुटीर उद्योग बचाओ रोजगार दो किसान नौजवान पटेल यात्रा के पहुंचने पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सदस्य विधान परिषद नरेश उत्तम पटेल का टांडा विधान सभा क्षेत्र मे समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व एमएलसी विशाल वर्मा के नेतृत्व में सूरापुर सद्दरपुर हरीनगर सलेमपुर कश्मीरिया तिजरा समहरिया धौरहरा रामपुर कला त्रिमुहानी बूढ़नापुर किछौछा सरदारनगर सहित दर्जनों स्थानों पर फूल मलाओ से लादकर ऐतिहासिक स्वागत के दौरान सपाइयों ने नारा लगा रहे थे की आधी रात है दिया जलाए रखना मिशन 2022 में आएंगे अखिलेश माहौल बनाए रखना के अलावा कृष्णा कृष्णा हरे हरे अखिलेश भैया घरे घरे और नरेश उत्तम विशाल वर्मा जिंदा बाद के नारों से जनसभा गूंजता रहा।

इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि प्रदेश की सरकार भ्रष्टाचार का बोलबाला बन चुका है प्रदेश के किसान मजदूर पूरी तरह से परेशान है लेकिन भाजपा सरकार सिर्फ पूंजीपतियों के लिए काम कर रही है ऐसी सरकार को आने वाले दिनों में प्रदेश की जनता अवश्य सबक सिखाएगी मंच पर पूर्व एमएलसी विशाल वर्मा का जबरदस्त तारीफ करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने पर धन्यवाद दिया इस दौरान सपा नेता राम प्रसाद चौधरी ने कार्यकर्ताओं से आगामी होने वाले विधानसभा चुनाव में एकजुट होकर मिशन 2022 को सफल बनाकर प्रदेश में अखिलेश यादव को पुनः मुख्यमंत्री बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के शुभारंभ होने के बाद पूर्व विधान परिषद सदस्य अजय कुमार विशाल वर्मा अर्पित वर्मा एवं विजय वर्मा माथुर ने सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल को हल देकर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री नरेंद्र वर्मा पूर्व विधायक नंदू चौधरी पूर्व मंत्री शंखलाल माझी विद्यावती राजभर सपा जिला अध्यक्ष राम सकल यादव पूर्व ब्लाक प्रमुख विजय वर्मा माथुर सपा युवजन सभा के जिला महासचिव निखिल जायसवाल सपा मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद एबाद सपा नेता सै गौस अशरफ टाण्डा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष फिरोज अहमद सिद्दीकी सपा टाण्डा सपा युवजन सभा के पूर्ब प्रदेश सचिव फैजान खान राजभर समाज के युवा नेता गंगा राम राजभर सपा युवजन सभा के जिला अध्यक्ष पद्मन यादव सपा नेता हरि राम यादव बागी पूर्व जिला पंचायत सदस्य जगन्नाथ कन्नौजिया पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनवर सादात अंसारी डॉक्टर आत्माराम वर्मा फूलचंद वर्मा रविशंकर आनंद सहित भारी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता भारी संख्या में मौजूद रहे।

## महत्वपूर्ण भूमिका

### केरल में प्रभावशाली चर्च

**केरल** में प्रभावशाली चर्च ने उन तत्वों के खिलाफ कदम उठाते हुए महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है जो केरल की जनता में 'विभाजन' पैदा करना चाहते हैं। पाला डायोसीज़ के बिशप मार जोसेफ कलारंगट द्वारा किए आश्चर्यजनक खुलासे के बाद केरल में सांप्रदायिक घृणा फैलाने के प्रयासों की असलियत सामने आ गई है। बिशप कलारंगट कुरलाविलंगडू के प्राचीन मार्थ मरियम चर्च में एक धार्मिक आयोजन में एकत्र हजारों कैथोलिक भक्तों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने स्पष्ट रूप से बताया कि खतरनाक 'लव जिहाद' तथा 'नारकोटिक्स जिहाद' किस प्रकार ईसाई समुदाय को अपूरणीय नुकसान पहुंचा रहे हैं। बिशप ने कहा कि इन दोनों परिघटनाओं के चलते अनेकानेक कंजरवेटिव कैथोलिकों समेत अनेक ईसाई लड़कियां पिछले कुछ सालों में इन जिहादों की शिकार हो गई हैं। इनके माध्यम से आक्रामक कार्रवाई के तरीके को बताते हुए अध्यात्मिक गुरु ने कहा कि एक खास धर्म के कुछ तत्व खुलेआम गैर-विश्वासियों को अपने धर्म में शामिल कर भारत में खलीफा स्थापित करना चाहते हैं। ऐसा पहली बार नहीं है, जब किसी ईसाई धार्मिक गुरु की ओर से इस प्रकार का बयान आया हो। राज्य में ईसाई समुदाय राज्य प्रशासन के खिलाफ संघर्ष के रास्ते पर है। इसका कारण यह है कि पुलिस तथा कानून लागू करने वाली अन्य एजेंसियां उन मामलों में लापरवाही भरा दृष्टिकोण अपनाती हैं जहां ईसाई समुदाय की लड़कियों को उपरोक्त दोनों प्रकार के 'जिहाद' से निशाना बनाया जाता है। इनके माध्यम से प्रभावित लड़कियों को बाद में अवैध मानव तस्करी के माध्यम से पश्चिम एशियाई देशों



में भेज दिया जाता है।

केरल भर में ईसाइयों ने ऐसे अनेक मामलों के खिलाफ प्रदर्शन कर अपनी पीड़ा प्रकट की है जिसे मुख्यधारा मीडिया व उदारवादियों द्वारा अनदेखा किया जा रहा है। इस पर मीडिया व उदारवादियों द्वारा 'संघ परिवार का एजेंडा' होने का आरोप लगा दिया जाता है जिसका उद्देश्य कथित रूप से ईसाइयों व मुसलमानों में विभाजन पैदा करना है। जहां मुख्यमंत्री पिनारई विजयन ने 'नारकोटिक्स जिहाद' के बारे में जानकारी न होने का बहाना बनाया है, वहीं विपक्ष के नेता वी.डी. सतीशन ने चेतावनी दी है कि बिशप गैर-जिम्मेदाराना बयान देने से बचें। लेकिन बिशप कलारंगट का समर्थन चंगनासेरी के बिशप तथा इरिनजालकुडा डायोसीज़ ने किया है। उन्होंने ईसाई समुदाय को प्रभावित करने वाली इन परिघटनाओं पर चिन्ता प्रकट की है। बिशपों के बयान से ठीक पहले केरल कैथोलिक बिशप कौंसिल ने एक बयान जारी कर राज्य में परिवार नियोजन व विस्थापन के कारण ईसाइयों की घटती संख्या पर चिन्ता प्रकट की थी। चर्च ने ज्यादा बच्चे पैदा करने वाले परिवारों को अनेक प्रोत्साहनों की घोषणा भी की है जिनमें वित्तीय प्रोत्साहन समेत शिक्षा भत्ते शामिल हैं। केरल को सांप्रदायिक सद्भाव के लिए जाना जाता है अतः वहां तुष्टीकरण व वोटबैंक राजनीति को कोई स्थान नहीं मिलना चाहिए। केरल में अधिकांश नशा-उन्मूलन केन्द्र चर्च प्रबंधन के अंतर्गत काम करते हैं और वे नशे के शिकार हो चुके लोगों की संख्या पर नजर रखते हैं। ऐसे में बिशपों द्वारा 'लव जिहाद' तथा 'नार्कोटिक्स जिहाद' के आरोप मजबूत तथ्यों पर आधारित हैं और राज्य प्रशासन को उनके बयानों पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए।

# आत्मनिर्भर भारत निर्माण में विज्ञान की भूमिका

कृषि से कृत्रिम बुद्धि तक भारतीय विज्ञान ने पिछले एक साल में तेजी से प्रगति करते हुए अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान किया है।


बीजू धर्मपालन


कपिल के त्रिपाठी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान ने देश के विज्ञान परिदृश्य में असाधारण परिवर्तन किया है। सार्वजनिक क्षेत्र शोध संस्थानों के वैज्ञानिकों ने इस आह्वान का अनुसरण करते हुए मिशन मोड में अनेक परियोजनायें शुरू की हैं ताकि शोध एवं खोज के परिस्थितिकी तंत्र को मजबूत किया जा सके। पिछले एक साल में कृषि से लेकर कृत्रिम बुद्धि तक भारतीय विज्ञान ने महत्वपूर्ण प्रगति प्रदर्शित की है। वैज्ञानिक अनेक महान खोजों के साथ सामने आए हैं जो पश्चिमी दुनिया के किसी देश से प्रतियोगिता कर सकती हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान भी शोध की व्यापकता व गुणवत्ता ने प्रशंसनीय काम किया है। भारत डीएनए-आधारित कोरोनावायरस वैक्सीन बनाने वाला पहला देश बन गया है। विज्ञान की स्वीकार्यता जनता तक पहुंचने से ही होती है। शोध आधारित जानकारियां जनता को संप्रेषित करने के लिए हमारे देश के राष्ट्रीय विज्ञान चैनल-इंडिया साइंस चैनल ने जनवरी, 2021 से 'आत्मनिर्भर भारत के लिए विज्ञान' श्रेणी में लघु फिल्मों की एक श्रृंखला तैयार की है। यह एक ओटीटी प्लेटफार्म है। अधिकतम दर्शकों तक पहुंचने के लिए कार्यक्रमों का प्रसारण हिंदी व अंग्रेजी में होता है। महामारी के दौरान चैनल ने हमारी शोध प्रयोगशालाओं से सामने आ रहे कोविड शोध के बारे में सूचना प्रसारित करने हेतु अनेक कार्यक्रम तैयार किए। कोविड 19 से निपटने में मास्क, डायग्नोस्टिक किटों, वेंटीलेटरों, स्वदेशी कोविड-19 वैक्सीन, आक्सीजन सप्लाई के लिए भारत का संघर्ष, वैक्सीन बनाने में भारत का संघर्ष, सार्स-कोव 2 म्यूटेशनों का रहस्य, गतिशील हस्तक्षेपों से कोविड-19 के खिलाफ संघर्ष तथा कोविड-19 वैक्सीन व भविष्य का रास्ता जैसे कार्यक्रम बनाए गए जिसमें घातक बीमारी से संघर्ष के हमारे प्रयास रेखांकित किए गए थे।



भारत ने जेनेटिक शोध व बायोटेक्नोलोजी क्षेत्र में शानदार प्रगति की है। बायोटेक्नोलोजी विभाग ने मिशन मोड में काम करते हुए एक रोडमैप तैयार किया है। इससे उसने कैंसर तथा मधुमेह जैसी अनुवांशिक बीमारियों के डेटाबेस तैयार करने के साथ कोविड-19 जैसे वायरसों की सीक्वेंसिंग की है। 'भारत का जीनोमिक मिशन' एपीसोड में नेशनल सेंटर फार माइक्रोबियल रिसोर्स-एनसीएमआर के योगदान उजागर किए गए हैं जो नेशनल सेंटर फार सेल साइंस, पुणे का एक हिस्सा है। इस प्रयास में इंडियन इंस्टीट्यूट आफ साइंस में सेंटर फार ब्रेन रिसर्च तथा हैदराबाद का सेंटर फार डीएनए फिंगरप्रिंटिंग एंड डायग्नोस्टिक्स शामिल हैं।

इस एपीसोड में कुछ प्रमुख फ्लैगशिप कार्यक्रमों का विवरण दिया गया है। भारत को जीनोमिक शोध के क्षेत्र में नेतृत्व देने के लिए जीनोम इंडिया प्रोजेक्ट, ह्यूमन माइक्रोबायोम इनीशियेटिव व नेशनल जीनोमिक कोर जैसे जीनोमिक शोध कार्यक्रम बनाए गए हैं। वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों जैसे सौर ऊर्जा के विकास के असाधारण प्रयास हुए हैं। 'सौर ऊर्जा' पर एपीसोड में वह विज्ञान प्रदर्शित है जिसने स्वदेशी फोटोवोल्टिक सेल व सोलर पैनल बनाने में योगदान किया है। जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता घटाने के लिए सरकार ने ई-मोबिलिटी परियोजना शुरू की है। 'गोइंग एलेक्ट्रिक' में भारत में बिजली वाहनों में परिवर्तन को गतिशील बनाने का प्रयास किया गया है। इस महत्वपूर्ण प्रयास से पर्यावरण व अर्थव्यवस्था, दोनों को लाभ होगा। भारत सरकार ने भारतीय ऊर्जा क्षेत्र में बायोईंधनों के स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देकर आयात घटाने की बहुआयामी रणनीति बनाई है। इसमें पेट्रोलियम में एथेनाल को 20 प्रतिशत तथा डीजल में पांच प्रतिशत मिला कर बायोडीजल बनाया जाता है। बायोईंधन का स्वदेशी उत्पादन बढ़ाने के लिए अनेक पहलें की गई हैं। 'इंडियाज़ पुश फार ग्रीनर एंड क्लीनर फ्यूल' फिल्म में बायोडीजल उत्पादन में सीएसआईआर-भारतीय पेट्रोलियम संस्थान के योगदान रेखांकित हुए हैं। पशुपालन समेत कृषि हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। इसकी उत्पादकता बढ़ाने के अनेक प्रयास हुए हैं। 'तिलहन उत्पादन में वृद्धि','ट्रांसफार्मिंग लाइव्स थ्रू टेंपरेट एग्रीकल्चर', 'द फ्रेगरेंस इकोनोमी', 'द कैटल फैक्टर', 'हाई एल्टीट्यूट एनीमल हस्बैंड्री', 'कोल्डवाटर फिशरी इन कश्मीर', 'इंडियाज़ मिल्क स्टोरी', आदि कार्यक्रमों का प्रसारण चैनल पर हुआ है जिससे पता चलता है कि विज्ञान ग्रामीण अर्थव्यवस्था में कैसे परिवर्तन कर रहा है। देश दिव्यांगों के लिए सहायक उपकरण विकसित करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। 'एसिस्टिव डिवाइसेज़ फार डिसेबल्ड' एपीसोड में बताया गया है कि तकनीक से तैयार उपकरणों से दिव्यांग लोगों की सहायता की जा सकती है और वे जीवन में आने वाली कुछ बाधायें दूर कर सकते हैं। भारत की शहरी जनसंख्या में तेजी से वृद्धि के कारण देश को बड़ी पर्यावरण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है जिसमें रोज कचरा निस्तारण भी शामिल है। कचरे का न केवल हमारे स्वास्थ्य व देश की अर्थव्यवस्था, बल्कि पूरे परिस्थितिकी तंत्र पर प्रभाव पड़ता है। 'इंडियाज़ सालिड वेस्ट मैनेजमेंट स्ट्रेटिजी' फिल्म से ठोस कचरा प्रबंधन-एसडब्लूएम में खोजी तकनीकों का पता चलता है जिनका प्रयोग अनेक नगर निगम स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कर रहे हैं। भारत में मोबाइल का प्रयोग बढ़ रहा है। 2023 तक हमारी जनसंख्या के 55 प्रतिशत से अधिक लोग न केवल एक मोबाइल फोन, बल्कि स्मार्टफोन का प्रयोग कर रहे होंगे। लेकिन समस्या यह है कि लोग अपनी स्मार्टफोन आवश्यकता पूरी करने के लिए भारतीय के बजाय आयातित फोनों व सहायक उपकरणों का प्रयोग कर रहे हैं। 'भारतीय मोबाइल फोन क्षेत्र' एपीसोड में बताया गया है कि भारत इस क्षेत्र में अपनी उत्पादन क्षमता कैसे बढ़ा रहा है। भारतीयों ने ढांचागत विकास क्षेत्र, खासकर ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सड़कों, पुलों व सुरंगों के निर्माण में उल्लेखनीय उल्लेखनीय योगदान किया है। ये काम देश के विकास, वृद्धि, सुरक्षा तथा इसे आत्मनिर्भर बनाने के लिए बहुत जरूरी हैं। 'सेला टनल परियोजना-असंभव को संभव बनाना' एपीसोड में दर्शक बालीपारा-चारद्वार तवांग रोड या बीसीटी बनते देख सकते हैं जो तिब्बत व चीन के दुर्गम सीमान्त क्षेत्रों को जोड़ती है। इस एपीसोड में सेला सुरंग परियोजना का भी विवरण है जिसे 13,000 फीट की ऊंचाई पर खोदा और बनाया गया था। इससे राष्ट्रनिर्माण में सीमा सड़क संगठन के योगदान का पता चलता है।

समाज में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए बच्चों में विज्ञान का प्रचार बहुत जरूरी है। बच्चों में विज्ञान शिक्षा प्रोत्साहित करने में खिलौनों का प्रयोग उत्कृष्ट शिक्षण माडल के रूप में किया जा सकता है, लेकिन दुर्भाग्य से हमारे अधिकांश वैज्ञानिक खिलौने आयातित हैं। 'खेल के माध्यम से विज्ञान' एपीसोड में स्वदेशी खिलौना बनाने वाले उद्योगों, जैसे स्टीमरोबो व स्मार्टीविआई को उजागर किया गया है। विज्ञन का भविष्य कृत्रिम बुद्धि-एआई तकनीक से जुड़ा है जो हमारे समाज को बदलने जा रही है। एपीसोड 'भारत में रोबोटिक्स' में इस क्षेत्र में भारत द्वारा की गई प्रगति बताई गई है। अहमदाबाद की ग्रिडबोट व केरल की असीमोव टेक जैसी स्टार्टअप कंपनियों के योगदान की चर्चा इस एपीसोड में है। देश ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के हर क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त की हैं। इंडिया साइंस चैनल वैज्ञानिक सूचनाओं के प्रसार में अग्रणी भूमिका अदा करते हुए वैज्ञानिकों व समाज के बीच काम सेतु की तरह काम कर रहा है। थोड़े ही समय में यह चैनल अकादमिक समाज तथा आम लोगों के लिए भी विश्वसनीय वैज्ञानिक विषयवस्तु का सर्वाधिक वांछित साधन बन गया है। विज्ञान को ज्यादा लोकप्रिय बनाने के लिए यह चैनल सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का भी प्रभावी प्रयोग कर रहा है।

# अंत में जीत तो खेल की ही हुई!


विजय लोकपाली
(लेखक खेल पत्रकार हैं)

क्रिकेट एक अद्भुत, भारतीय खेल है और इस बिंदु को विराट कोहली और उनकी महत्वाकांक्षी टीम ने एक रोमांचक गर्मी के मौसम में अच्छी तरह से प्रमाणित करने में भूमिका अदा की। अंग्रेजी टीम उस सामान की प्रशंसा करने के लिए आई थी जो भारत ने जून में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के साथ शुरू होने वाले चरण के दौरान उत्पादित किया था और पांचवां और अंतिम टेस्ट कोविड संक्रमण के भय के कारण रद्द होने के साथ ओल्ड ट्रैफर्ड में समाप्त हुआ था। भारत ने सीरीज में 2-1 से बढ़त बनाई।

जब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने खुलासा किया कि भारतीय टीम खेलने के लिए अनिच्छुक थी, तो वह और कुछ नहीं केवल खिलाड़ियों के समर्थन की पुष्टि कर रहा था। निस्संदेह खिलाड़ियों का स्वास्थ्य और सुरक्षा सर्वोपरि है लेकिन निर्णय इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के साथ नहीं गया, जिसने इस बात पर जोर दिया कि मैच को भारत द्वारा जब्त माना जाए और परिणाम श्रृंखला टाई करने के लिए उनके पक्ष में जाना चाहिए। यह मामला अधर में लटका हुआ है क्योंकि मामला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के पास है, जो ईसीबी द्वारा उन्हें मैच देने के दावे के बाद है।

आयोजन स्थलों पर उमड़ी भीड़ ने किराया चिह्नित किया। टेस्ट क्रिकेट अपने शानदार प्रदर्शन पर था और यह सिर्फ प्रशासकों और प्रसारकों को खुश रखने के लिए एक विज्ञापन था। क्रिकेट मनोरंजक था। इंग्लैंड के दिग्गज जेम्स एंडरसन और भारतीय बल्लेबाजी की क्रीम के बीच शाही लड़ाई को खेल की लोककथाओं में क्लासिक के रूप में रैंक करना चाहिए। यह लुभावनी और कुछ आकर्षक प्रतियोगिताओं की यादें थीं, जिनमें भारत और इंग्लैंड को बंद कर दिया गया है, विशेष रूप से 1971 में द ओवल में 1971 की थ्रिलर जब भारत ने लेग स्पिनर बीएस चंद्रशेखर के हड़ताली प्रहारों के बल पर इंग्लैंड पर अपनी पहली जीत दर्ज की।

2021 श्रृंखला को लंबे समय में सबसे अधिक प्रतीक्षित के रूप में पेश किया गया था क्योंकि इसमें खेल के कुछ आधुनिक महान खिलाड़ी-एंडरसन और विराट कोहली शामिल थे- जो रूट और जसप्रीत बुमराह जैसे आकर्षक व्यक्तिगत प्रतिद्वंद्विता का स्पर्श लेकर आए थे। रूट अनुकरणीय थे और बुमराह कई बार अजेय



थे, जिन्होंने अंतिम युग में बेंचमार्क स्थापित किया। रूट और बुमराह के बीच उत्कृष्टता की डिग्री का अनुमान लगाना कठिन था। एंडरसन ने कोहली के साथ अपनी व्यक्तिगत लड़ाई जीती, लेकिन बाद में शीर्ष पर आ गए क्योंकि उन्होंने भारत को दो टेस्ट मैच जीतने के लिए शानदार प्रदर्शन में जीत दिलाई। भारत से परे कुछ भी नहीं था क्योंकि टीम ने एक बार फिर खुद को एक उत्साही संयोजन के रूप में स्थापित किया। भारत के लिए, मिले सबक प्रचुर मात्रा में थे। सलामी बल्लेबाज के रूप में केएल राहुल के उदय का जश्न मनाने के लिए बहुत कुछ था, जो बड़ी प्रगति करने और रोहित शर्मा के रूप में वापसी का वादा करता है। दोनों ने एक-एक शतक लगाया और महत्वपूर्ण रूप से चयनकर्ताओं को अपने निवेश का आश्वासन दिया। चेतेश्वर पुजारा के अपनी क्षमताओं के साथ पकड़ में आने के साथ, भारत को घरेलू टीम की तुलना में अधिक हावी सत्रों का आनंद लेने के लिए उपयुक्त समय पर फायदा हुआ।

यह सच है कि इंग्लैंड ने दौरा करने वाली टीम के लिए एक शर्मनाक पारी की हार में हेडिंग्ले में भारत को अपने पैरों पर खड़ा कर दिया, लेकिन जो मैच सामने आया उसने देखा कि भारत ने लॉर्ड्स में एक शाही प्रतियोगिता जीती। क्रिकेट के घर में राहुल ने शानदार शतक जड़ा और मोहम्मद सिराज ने दो पारियों में चार-चार विकेट के अविस्मरणीय स्पैल बनाए। भारत ने मोहम्मद शमी और बुमराह के बीच 89 रनों के अंतिम विकेट के लिए एक उल्लेखनीय लड़ाई लड़ी।

इस जोड़ी ने मैच के अंतिम दिन टीम के दृढ़ता पर प्रकाश डाला क्योंकि इंग्लैंड ने दिन की शुरुआत एक कमांडिंग स्थिति में करने के बाद दम तोड़ दिया।

द ओवल में चौथे टेस्ट के महत्वपूर्ण चरणों में शार्दुल ठाकुर के दो अर्धशतकों ने टीम को तेज गेंदबाजों के सौजन्य से शॉट लगाने के लिए मजबूती की स्थिति में पहुंचा दिया। इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट में एक बार भी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को नहीं खेलने के लिए आलोचना की गई, कोहली चार तेज गेंदबाजों को खेलने के अपने फैसले के लिए खड़े रहे। उन्होंने उसे निराश नहीं किया और यह अंतिम टेस्ट के लिए नीचे था। अफसोस की बात है कि परिस्थितियों ने कहर बरपाया और मैच को रद्द करना पड़ा। यह एक अभूतपूर्व प्रघटना थी और दोनों बोर्डों द्वारा एक-दूसरे की प्रतिबद्धताओं का सम्मान करने के लिए अपने प्रशंसित स्वस्थ जुड़ाव से दूर जाने की रिपोर्टें सामने आईं। सुनील गावस्कर के एक अनुस्मारक ने इंग्लैंड द्वारा 2008 में मुंबई आतंकवादी हमले से रुके हुए दौरे को पूरा करने के लिए लौटने पर इंग्लैंड के इशारे की यादों को फिर से ताजा कर दिया। भारत के पूर्व कप्तान चाहते हैं कि भारत अगले साल खेलने के लिए इंग्लैंड की यात्रा करके रद्द किया गया टेस्ट खेलकर एहसान वापस करे।

इन कठिन समय में, खिलाड़ियों के मानसिक स्वास्थ्य के बारे में सोचना महत्वपूर्ण है, जिन्हें अंतिम टेस्ट खेलने के लिए मना करने का निर्णय लेने के लिए प्रेरित किया गया था। उनके संक्रमित होने की आशंका वाजिब थी और इस तरह का रुख अपनाने के लिए मजबूर होने वाले भारतीय अकेले नहीं थे। ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका के अपने दौरे को स्थगित करना उन प्रमुख मुकाबलों में से एक था जो आगे बढ़ने में विफल रहे।

लंबे समय तक क्वारंटाइन में रहने का असर सभी खिलाड़ियों पर पड़ा है। इंडियन प्रीमियर लीग 2021 ने दुबई में होने वाली प्रतियोगिता से काफी खिलाड़ियों को हटते देखा है। और कोहली ने इस साल विश्व कप के बाद टी 20 कप्तानी छोड़ने का फैसला करते हुए क्रिकेट को महामारी में बदल दिया - यह बहुत सटीक है।

## आप की बात

### समग्र शिक्षा महत्वपूर्ण

**विद्यालयों** में सिर्फ किताबें पढ़ाना ही नहीं बल्कि बच्चों को सिखाना अधिक महत्वपूर्ण होता है। अधिकांश सरकारी स्कूलों में यह चुनौती बहुत बड़ी है जो अनेक कमियों का शिकार हैं। उनको सीखने वाले स्कूलों में बदलना है। इसके लिए उनको एक सक्रिय, सतर्क व सचेतन कार्यसंस्कृति में बदलने की आवश्यकता है। शिक्षकों तथा शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों को अतिरिक्त प्रयास कर इन परिवर्तनों को संस्थागत कामकाज का हिस्सा बनाना होगा। यह श्री अरविंद के शिक्षा सिद्धान्त को समाहित करने के लिए जरूरी है जिन्होंने कहा था कि 'कुछ भी पढ़ाया नहीं जा सकता है।' इसे स्वामी विवेकानन्द द्वारा व्यक्त शाश्वत सत्य के साथ मिलाना होगा कि 'शिक्षा मनुष्य में पहले से विद्यमान परिपूर्णता की अभिव्यक्ति है। भारतीय दर्शन पूर्णतः व्यावहारिक रूप से सीखने की ओर निर्देशित है जिसे गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर ने बहुत खूबसूरती से परिभाषित किया है। उनके अनुसार, 'हर बच्चे को अपने जन्म के समय दो वरदान मिलते हैं- विचारों की शक्ति और कल्पना की शक्ति। इसी आधार पर आगे बढ़ते हुए स्कूलों में समग्र शिक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए।

- **सुनील रावत**, कानपुर

### अंत्योदय से सर्वोदय

**भारत** में अंत्योदय से सर्वोदय की बात हमारे नेतागण करते हैं। आजादी के लिये प्राणार्पण करने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की भी यही इच्छा थी कि देश के लोगों को अपराधमुक्त, भयमुक्त और अन्यायमुक्त वातावरण मिले। अंत्योदय के प्रणेता पं. दीन दयाल उपाध्याय भी समाज के निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सहायता सबसे पहले पहुंचाने के पक्षधर थे। सरकार ने गरीबों के कल्याण के लिये बहुत सारी जान कल्याणकारी योजनाएं बनाई। जिनका लाभ लोगों तक पहुचा। किसानों और महिलाओं के कल्याण के लिये योजनाएं बनाकर लागू की गईं। समाज को भयमुक्त और मूलभूत सुविधाओं सड़क ,पानी, बिजली, कृषि के लिये ऋण उपलब्ध कराने का कार्य सरकारो ने किया। उप्र में सरकार ने कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिये जीरो टॉलरेंस नीति से अपराधियों पर सख्त कार्रवाई कर भय मुक्त समाज बनाने की कोशिश किया। सरकार बराबर कोशिश समाज और प्रदेश के विकास के लिये कर रही है। लेकिन प्रशासन सरकार की मंशा के अनुसार अपने दायित्वों का निर्वहन नही कर रहा है। अभी भी समाज में ग्रामीण क्षेत्रो में लोग हैं। जिनके पास राशन कार्ड नही,आवास नही,जल ,सफाई के नाम पर खिलवाड़ हो रहा है।

- **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव

### तालिबान का रवैया

**आज,** कतर और पाकिस्तान जैसे विभिन्न स्रोतों के माध्यम से, तालिबान संदेश भेज रहा है कि अगर दुनिया नहीं चाहती कि अफगानिस्तान आतंकी केंद्र बन जाए तो बातचीत और जुड़ाव शुरू होना चाहिए। इस तरह के बयान निश्चित रूप से अनुरोध के रूप में नहीं हैं और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय संगठनों में घुसपैठ के छिपे मकसद से मान्यता और वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए सामरिक ब्लैकमेल की राशि नहीं है। पाकिस्तान के उदाहरण ने साबित कर दिया है कि वित्तीय प्रवाह अभिनेताओं (राज्य और गैर-राज्य दोनों) को दूर नहीं करता है, जिससे जिहाद जैसे उनके भयावह एजेंडे में मदद मिलती है। भेड़िये को भेड़ के कपड़े पहनने की जरूरत महसूस होती है। दुनिया जिस दुविधा का सामना कर रही है, वह यह है कि तालिबान ने अवैध रूप से और जबरन इस क्षेत्र पर नियंत्रण कर लिया है, और एक वैध वारिस के रूप में कार्य करने के लिए, उसे खुद को एक कानूनी इकाई के रूप में सारी दुनिया के सामने पेश करना होगा।

- **सलीम अख्तर**, लखनऊ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**भारतीय** संविधान में 127 बार संशोधन किया गया है, तो कृषि कानूनों को खत्म करने के लिए इसे एक बार फिर क्यों नहीं संशोधित किया जा सकता है?

- **कैप्टन अमरिंदर सिंह**
पूर्व मुख्यमंत्री पंजाब

**यदि** अफगानिस्तान में एक व्यापक सरकार नहीं बनती है, तो पाकिस्तान और ईरान को किसी भी अन्य देश की तुलना में अधिक नुकसान होगा।

- **इब्राहीम रैसी**
ईरान के राष्ट्रपति





**हम** भारत को उभरती हुई प्रौद्योगिकी में हिस्सेदार बनाने की दिशा में नवीन भावना पैदा करने के लिए अपने स्टार्ट-अप और उद्यमियों को एक साथ ला सकते हैं।

- **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

भाजपा सरकार की साढ़े चार साल की उपलब्धियों का प्रभारी मंत्री ने किया बखान

# पत्रकारों के सवालों पर बोली प्रभारी मंत्री, ट्रोल ना कीजिए!

## ● कलेक्ट्रेट सभागार में मीडिया से हुईं रूबरू

संवाददाता। सीतापुर

**योगी सरकार** के साढ़े चार साल की उपलब्धियों को बताने के लिए सीतापुर पहुंची जिले की प्रभारी मंत्री स्वाती सिंह को पत्रकारों के तीखे सवालों का सामना करना पड़ा। कलेक्टेऊ्ट सभाकक्षा में पत्रकार वार्ता में स्वाती सिंह ने कहा कि लगता है पत्रकार गुस्सा है, ट्रोल ना कीजिए। अगर कोई समस्या है तो बताइए, निश्चित रूप से कार्रवाई होगी। यह वार्ता सरकार की उपलब्धियों की है। उन्होंने तकरीबन 1 घंटे तक योगी सरकार की उपलब्धियों का गुणगान किया। वहीं सीतापुर के बुनियादी सवालों से परहेज करती नजर आयी। नैमिष विकास हो या बंद पड़ा ट्रामा सेंटर या चीनी मिल जैसे सवालों से कतराती है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार बनने के बाद कैसे उनकी सरकार ने लघु और सीमांत किसानों के ऋणमाफी की, महिलाओं का उनकी सरकार कैसे ध्यान रख रही है। मुफ्त



प्रेसवार्ता करती प्रभारी मंत्री स्वाती सिंह

टीका और मुफ्त इलाज से लेकर गन्ना किसानों के बकाया भुगतान की उपलब्धियों का वह बखान सीतापुर के सांसद राजेश वर्मा, पार्टी जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा और विधायकों मिश्रिख राम कृष्ण भार्गव, बिसवां से महेंद्र यादव, लहरपुर से सुनील वर्मा और महोली से शशांक त्रिवेदी तथा सीडीओ अक्षत वर्मा, एडीएम हरि शंकर और अपर पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह की मौजूदगी में किया। लेकिन जब सवाल पूछने की बारी पत्रकारों की आई और वह सीतापुर जिले की उन जनसमस्याओं को गिनाने लगे, जिन्हें दूर करने का वादा भाजपा ने सरकार बनने पर किया था, इस पर कई बार मंत्री जी झल्ला गई और यहां तक कह दिया, कि यदि जानबूझकर आप लोग ट्रोल करना चाहते हैं तो आप भी ट्रोल हो सकते है। जिले की प्रभारी मंत्री स्वाती सिंह ने योगी सरकार के साढ़े चार साल की जिन उपलब्धियों को गिनाया। प्रेसवार्ता में हमेशा की तरह नदारत रहने वाले सदर विधायक राकेश राठौर के न पहुंचने और उनका अखिलेश यादव से मिलने के सवाल पर भी प्रभारी मंत्री खुद को असहज महसूस करती रही। बहरहाल उपलब्धियों के बखान के लिए आयोजित की गई पत्रकार वार्ता तीखे सवालों से बखान से बचाव में तब्दील हो गई।

## प्रभारी मंत्री ने जिला अस्पताल में आक्सीजन प्लांट का किया शुभारंभ

### ● अस्पताल के वार्डों का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं के दिए निर्देश

**योगी सरकार** की साढ़े चार साल की उपलब्धियों का बखान करने के बाद सीतापुर दौरे पर आई जिला प्रभारी मंत्री, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, महिला कल्याण विभाग की राज्यमंत्री स्वाती सिंह जिला चिकित्सालय पहुंची। यहां पर पीएम केयर्स द्वारा स्थापित 1000 एलपीएम क्षमता के आक्सीजन प्लांट का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने जिला चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों सहित पीडियाट्रिक आईसीयू वार्ड का निरीक्षण कर



सीतापुर-आक्सीजन प्लांट का फीता काटकर उद्घाटन करती प्रभारी मंत्री स्वाती सिंह, सांसद राजेश वर्मा व अन्य।

वहां की व्यवस्था परखीं। प्रभारी मंत्री ने जिला चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को फ्लों का वितरण कर उनके शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना भी की। उन्होंने चिकित्सालय में उपलब्ध अन्य चिकित्सा सेवाओं की जानकारी ली। साथ ही प्रभारी मंत्री ने शासन की मंशा के अनुरूप बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सभी को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उनके साथ सांसद सीतापुर राजेश वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पीके सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एके अग्रवाल आदि अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## बंद है 'सीतापुर' शहर की 'धड़कन'...



**सीतापुर**-यह तस्वीर शहर के घंटाघर की है। यहां पर लगी घड़ी से शहर का दशकों पुराना नाता है, लेकिन मौजूदा वक्त में न तो ये समय बताती है और न ही घंटा बजाती है। किसी भी शहर व गांव का विकास समय की सूई तय करती है, लेकिन अगर वहीं वक्त की सूई रूक जाए तो विकास ठहर सा जाता है, क्योंकि वास्तु शास्त्र के अनुसार घडी का बंद होना अशुभ होता है और जिस शहर की पहचान घंटाघर से हो, उसकी घड़ी बंद हो, तो इसे विकास के लिए सबसे बड़ा अशगुन ही कहा जाएगा। जिम्मेदारों की लापरवाही से शहर की धड़कन बंद पड़ी है। बात 1870 के दशक की है। अंग्रेजी हुकूमत के समय सीतापुर शहर में लालबाग चौराहे से आलमनगर तक तीन बड़े गेट बनाए गए थे। इसके पीछे मकसद था, शहर को एक पहचान दिलाना जिसमें से एक पर घड़ी लगाई गई थी। **(फोटो-विपिन राजवंशी)**

## क्विक न्यूज

### ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**बरेली** । गुजरात से वापस लौट रहे ट्रेन में सवार एक युवक की बीती रात ट्रेन से गिरकर मौत हो गई स पुलिस ने लाश को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा पीलीभीत के गजरौला थाने के गांव पिपरिया भजा निवासी जयंती प्रसाद पुत्र भीमसेन की बीती रात बरेली में मीरगंज थाना इलाके में चलती ट्रेन से गिरकर मौत हो गई स पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के पिता ने बताया कि जयंती प्रसाद कुछ दिनों पहले अपने गांव के ही रहने वाले हरिओमए राजनाथए मंगली प्रसाद के साथ गुजरात के जामनगर स्थित फैक्ट्री में काम करने के लिए गया था स जहां से सभी दोस्त कल वापस अपने घरों को लौटने के लिए ट्रेन में सवार हुए थे स रात में उनकी ट्रेन बरेली में मीरगंज थाना इलाके में पहुंची तभी बोगी के दरवाजे पर बैठा जयंती प्रसाद ट्रेन से नीचे गिर पड़ा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई । उसके साथ मौजूद दोस्तों ने घटना की जानकारी उसके घर वालों को दी । सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने लाश को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया स मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था ।

### मैलानी-लखनऊ पैसेंजर ट्रेन का इंजन फेल, यात्री परेशान



**सीतापुर।** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ-मैलानी प्रखंड पर रविवार की सुबह मैलानी-गोरखपुर पैंसेजर ट्रेन से हजारों मुसाफिर राजधानी को जा रहे थे, पर सीतापुर के अटरिया स्टेशन पर अचानक ट्रेन ठहर गई, पहले तो कुछ देर तक मुसाफिरों ने ट्रेन चलने का इंतजार किया, मगर जब ट्रेन आगे नहीं सरकी तो पता चला कि ट्रेन के इंजन में तकनीकी खामी आ गई। लखनऊ से दूसरा इंजन आने पर पैंसेजर ट्रेन मुसाफिरों को लेकर रवाना की गई। ऐसे में करीब दो घंटे तक मुसाफिर हलकान नजर आए। आपको बता दें कि रेल यात्रियों को सुविधा देने के लिए पूर्वोत्तर रेलवे ने लखनऊ- मैलानी प्रखंड पर अप और डाउन मैलानी-गोरखपुर पैंसेजर ट्रेन दौड़ाई जा रही है। एक ट्रेन मैलानी से मुसाफिरों को लेकर वाया लखनऊ होते हुए गोरखपुर जाती है, तो दूसरी ट्रेन गोरखपुर से यात्रियों को लेकर वाया लखनऊ होते हुए मैलानी आती है। रविवार को भी यात्रियों को लेकर मैलानी से पैंसेजर ट्रेन लखनऊ को जा रही थी। सिधौली स्टेशन पर कुछ मुसाफिरों को उतारने तो कुछ नए यात्रियों को लेकर लखनऊ को जा रही थी। अटरिया स्टेशन पर पहुंचते ही ट्रेन रूकी थी, लेकिन काफी समय बाद ट्रेन नहीं चली तो यात्रियों ने जानकारी की, पता चला कि इंजन में तकनीकी खामी आ गई। इस पर गतंव्य स्थल तक पहुंचने के लिए कुछ मुसाफिरों ने सड़क मार्ग का सहारा लिया तो कुछ दूसरा इंजन आने का इंतजार करते नजर आए।ऐशबाग से दूसरा इंजन आने के बाद टोचेन के जरिए पैंसेजर ट्रेन लखनऊ को लेकर रवाना की गई। जिस कारण करीब दो घंटे तक मुसाफिर परेशान दिखे।

ब्लॉक स्तर पर नोडल अफसर हुए तैनात

# जनसंख्या नियंत्रित करने को मैदान में उतरेंगे सास-बहू-बेटा

संवाददाता। सीतापुर

## ● जनसंख्या नियंत्रण की अलख जगाएंगी सास, बहू, बेटा

**जनसंख्या नियंत्रण** की कोशिश और परिवार नियोजन के प्रति अलख जगाने के लिए सास.बहू और बेटा मैदान में उतरेंगे। इसके लिए मिशन परिवार विकास के तत्वावधान में 20 सितंबर से बीस अक्तूबर के बीच सीतापुर जिले में सास-बेटा-बहू सम्मेलन होगा। ये सम्मेलन सभी उपस्वास्थ्य केंद्र स्तर पर होंगे। प्रत्येक सम्मेलन में 90 प्रतिभागी प्रतिभाग करेंगे। परिवार नियोजन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी और एसीएमओ डॉ कमलेश चंद्रा के मुताबिक इस अवधि में एक माह में जिले भर में तीन हजार 53 सास-बेटा-बहू सम्मेलनों का आयोजन होगा। पहले दिन बीस सितंबर को 383 उपस्वास्थ्य केंद्रों पर सम्मेलन होंगे। इन सम्मेलन में लोगों को परिवार नियोजन संबधित जानकारी दिए जाने के साथ ही गुब्बारा खेल प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अलावा सम्मेलनों में दंपती अपने अनुभवों को साझा करने के साथ ही प्रतिभागी बेटा द्वारा मुख्य संदेश पढ़ते हुए शपथ ली जाएगी। परिवार नियोजन प्रबंधक जावेद खान के अनुसार सम्मेलनों को लेकर डीएम व सीएमओ को निर्देश दे दिया है। सम्मेलन में बेटा से आशय सास के बेटे अर्थात प्रतिभाग करने वाली बहू के पति से है। प्रत्येक सम्मेलन में प्रति आशा आठ- दस, परिवार से सास, बेटा एवं बहू प्रतिभाग करेंगे। सीएमओ डॉ. मधु गैरोला ने बताया कि सास-बेटा-बहू सम्मेलनों के आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस आयोजन के दौरान कोविड-19 के प्रोटोकाल जैसे मास्क, शारीरिक दूरी तथा सैनिटाइजर आदि का उपयोग किया जाएगा। सम्मेलन की समय अवधि लगभग तीन घंटे की होगी। इन सम्मेलनों की सफलता को ब्लॉक स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। यह जिला स्तरीय कार्यालय पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। अंतिम तारीख के बाद रिपोर्ट राज्य स्तरीय कार्यालय को प्रेषित की जाएगी।

# जन-जन तक पहुंचाएंगे भाजपा की नीतियां

संवाददाता। सीतापुर

**साढे चार** साल पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए रविवार को जिले के सभी 551 सेक्टरों पर चौपालों का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रुप से सीतापुर के नगर-2 के सेक्टर सिविल लाइंस/बटसगंज में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण व कश्मीर से धारा 370 हटाए जाने का सपना भाजपा नेतृत्व वाली सरकार ने पूरा किया है। रामकोट के सेक्टर सलेमपुर में मुख्य अतिथि सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि कभी पांच लोगों से जनसंघ के रूप में शुरू होने वाली भाजपा आज देश की 17 करोड़ कार्यकर्ताओं वाली सबसे बड़ी पार्टी है। प्रदेश में भाजपा के नेतृत्व में 555 आक्सीजन प्लांट, 26 मेडिकल कालेज तथा 16 मेडिकल कालेजों को पीपीपी माडल के तौर पर तैयार किया गया है। तामसेनगंज में मुख्य



सीतापुर-भाजपा नेत्री नीरज वर्मा का स्वागत करते जिलाध्यक्ष समीर अहसन रिजवी

अतिथि जिला महामंत्री विश्राम सागर राठौर ने कहा कि सीएम योगी के खौफसे उत्तर प्रदेश में माफिया और गुंडे दुबक गए हैं। महोली नगर के सेक्टर रायपुर में मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष नैमिष रत्न तिवारी ने प्रदेश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाते हुए भाजपा सरकार ने जनता को भाई-भतीजावाद व परिवारवाद की राजनीति से निजात दिलाने का काम किया है। मिश्रिख के सेक्टर संदना में विधायक रामकृष्ण भार्गव ने कहा कि योगी सरकार ने प्रतिभावान और योग्य अभ्यर्थियों को रोजगार दिया है। सेक्टर पूर्वी नगर पालिका में श्रीमती नीरज वर्मा ने कहा कि हर वर्ग का तबका भाजपा सरकार से खुश है। सेक्टर पोहरा पुरैनी में विधायक ज्ञान तिवारी ने कहा कि बाढ़ जैसी गंभीर समस्या के लिए भाजपा सरकार हमेशा से गंभीर रही है। कोरोना काल में भी सरकार द्वारा किए गए कार्यों की सराहना स्वयं जनता ने की है। नवीनगर के सेक्टर ढखेरा में हरगांव विधायक सुरेश राही ने कहा मुस्लिम महिलाओं को प्रताड़ना से राहत सिर्फ भाजपा सरकार ने दिलाने कार्य किया है। हर वर्ग के खाते खुलवाकर उसमें सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे दिलाने का काम किया है।

# डिस्ट्रिट फुटबॉल लीग का आयोजन 30 सितम्बर से

संवाददाता। बरेली

**ज़िला फुटबॉल** लीग द्वारा 30 सितम्बर से जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन एन मसी ग्राउंड इज़्ज़तनगर में आयोजित किया जायेगा इस सम्बंध में विस्तृत जानकारी देते हुए एसोसिएशन के महासचिव रणजीत सिंह ने प्रेसवार्ता में बताया कि डीएफ द्वाराआगामी 30 सितम्बर को जिला फुटबॉल लीग का आयोजन किया जायेगा जिसमे हर व ग्रामीण क्षेत्रों को लगभग बारह टीमों के भाग लेने की लगभग पुष्टि हो चुकी है। एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद घिडिलयाल ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारी एसोसिएशन की संबद्धता उप्र फुटबॉल संघ एवं जिला ओलम्पिक एसोसिएसन से है व साथ ही हमारी एसोसिएशन को रजिस्ट्रार फर्म एण्ड सोसाइटीज से भी पंजीकृत करा दिया गया है एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष भुवनेश चन्द्र ने बताया कि हमारा उद्देश्य है कि फुटबॉल में एकाधिपत्य समाप्त होना चाहिए साथ ही खिलाड़ियों को सम्मान व उनके लिए खेलने के लिए अच्छे वातावरण का निर्माण उनकी प्राथमिकताओं में है। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष कृष्णमोहन विश्वकर्मा ने कहा कि खिलाड़ियों के प्रति पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ सदैव न्याय व उनकी मूलभूत आवश्यकताजों के लिए एसोसिएशन सदैव संघर्ष करेगी।

# वेलफेयर एसोसिएशन ने गृह राज्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता । निघासन खीरी

**केंद्रीय गृह राज्य** मंत्री अजय मिश्र टेनी कस्बे के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में गृहमंत्री बनने के बाद पहली बार लोगों की जनसमस्या सुनी। केन्द्रीय गृहराज्य मंत्री अपने गृह क्षेत्र के विधानसभा निघासन में आज लोगों की समस्याएं सुनी। बहुत सी समस्याओं का निस्तारण मौके पर ही किया गया। कुछ समस्याओं को विभागीय अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देशित किया।

एक ज्ञापन वैकल्पिक शिक्षा आचार्य अनुदेशक वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के ब्लाक निघासन के लोगों ने आचार्य अनुदेशक के संबंध में दिया गया कि जिला प्राथमिक कार्यक्रम डीपीईपी के अन्तर्गत शिक्षा सार्वभौमिकरण हेतु शिक्षा गारंटी योजना के अन्तर्गत ग्राम शिक्षा समिति द्वारा नियुक्ति ईजीएस



तथा ईआईई की गई थी। बगैर सूचना के बंद कर दिए थे इसमें जिले से हजारों लोग बेरोजगार हुए हैं। जबकि अन्य प्रदेशों में शिक्षा मित्र के पद पर कर दी गई है। ज्ञापन कर्ताओं ने मांग की है कि शिक्षा विभाग शिक्षा मित्र या अन्य किसी विभाग में समायोजन किया जाय। जिसमें रतीराम लोधी, रज्जन मौर्य, मनोज कुमार, सत्य नरायन, सुधार कुमार, सुरेश, बालक राम,श्रीराम, राम खेलावन, आदि तमाम लोगों ने ज्ञापन दिया। इस दौरान कनक पाल सिंह राणा,अरविंद सिंह संजय, नागेंद्र सिंह सेंगर, प्रज्ञानन्द श्रीवास्तव, मोनू दीक्षित, दिग्विजय गुप्ता, रतीराम लोधी, हरीश पाण्डेय, विकास मिश्रा, वीरेंद्र मिश्रा, प्रदीप गुप्ता, संजय मिश्रा, अनुपम अवस्थी, राजीव मिश्रा, संजय गिरी, गुड्डू गुप्ता, रज्जन मिश्रा, प्रदुम्म, सुरेश, धर्मेंद्र चौधरी, महेश गुप्ता, गंगा राम जयसवाल, बनवारी यादव आदि काफी लोग मौजूद रहे।

# पांच दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**एनपीसीडीसीएस** कार्यक्रम के अंतर्गत पापुलेशन बेस्ड स्क्रीनिंग ट्रेनिंग हेतु पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ शनिवार को हुआ। सीएमओ खीरी डॉक्टर शैलेंद्र भटनागर ने प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। इस प्रशिक्षण में धौराहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की आशाओं को दूसरे बैच में प्रशिक्षित किया जा रहा है। कोरोना के चलते इस सीएचसी के पहले बैच के प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षण को रोक दिया गया था। प्रशिक्षण के दूसरे दिन रविवार को एसीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि जिले के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात आशाओं को पापुलेशन बेस्ड स्क्रीनिंग की ट्रेनिंग दी जा रही है। इस ट्रेनिंग के अंतर्गत फैमिली फोल्डर और सीबैक फॉर्म भरे जाएंगे, जिनका मकसद हर एक क्षेत्र में आबादी में फैली बीमारी या फिर बीमार व्यक्तियों की संख्या को पता करना होता है। इस ट्रेनिंग के कई अन्य फायदे भी होंगे जिसके तहत जरूरतमंदों को समय पर चिकित्सीय सुविधा दिया जाना भी है। इस दौरान शुगर, ब्लड प्रेशर और कैंसर संबंधी जानकारी भी आशाओं को दी गई। ट्रेनिंग के उद्घाटन के दौरान एसीएमओ डॉ. अश्वनी कुमार एसीएमओ डॉ. वीसी पंत, डॉ. आरके गुप्ता, विजय वर्मा सहित प्रशिक्षण दे रहे ट्रेनर प्रियंका शुक्ला, सुरेश कुमार वर्मा, शशि प्रभा उपस्थित रहे।

# 25 लाभार्थियों के खातों में भेजी गई 1.15 करोड़ की धनराशि

संवाददाता । लखीमपुर-खीरी

**रविवार को** प्रदेश सरकार के 4.5 वर्ष पूरे होने पर आयोजित प्रेसवार्ता से पहले कलेक्ट्रेट में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री व खीरी सांसद अजय मिश्र टेनी, विधायक (सदर) योगेश वर्मा व भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने मिलकर डीएम डा. अरविंद कुमार चौरसिया व सीडीओ अनिल सिंह की मौजूदगी में सीएम कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत जिले के 25 लाभार्थियों को कुल 1.15 करोड़ धनराशि के स्वीकृत पत्र वितरित किए। इन सभी लाभार्थियों के खातों में आरटीजीएस के जरिये से योजना के तहत अनुमन्य धनराशि अंतरित की गई। डीएम ने बताया कि सीएम कृषक दुर्घटना कल्याण योजना शासन की महत्वकांक्षी योजना है। किसी कृषक की दुर्घटना में असामयिक मृत्यु हुई होने पर उनके आश्रितों को इस योजना में कुल पांच लाख की धनराशि दिए जाने का प्रावधान है। यदि उनके आश्रितों को अन्य योजना का लाभ दिया गया है, तो इस अनुमन्य धनराशि में से प्राप्त धनराशि को घटाते हुए शेष धनराशि इस योजना के अंतर्गत दुर्घटना के समय मृतक हुए किसान के आश्रितों को दी जाएगी। कार्यक्रम का संचालन सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने किया। उन्होंने योजना की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता की जानकारी दी।

## धूमधाम से मनाया गया जलविहार उत्सव

**लखीमपुर खीरी।** श्री ठाकुरद्वारा पक्का तालाब खीरी टाउन में स्थित श्री राम जानकी एवं श्री गोपेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में भगवान बावन द्वादशी का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शेखर परिवार की बहूओ और पुजारी जी की बहु पिंकी ने भगवान को नवीन वस्त्रों और आभूषणों से तैयार किया एवं भगवान की शोभा यात्रा घंटे घड़ियाल बजाते हुए शंखनाद करते हुए धूमधाम से निकाली।

खीरी स्थित शनि देव के मंदिर से पर से शोभायात्रा पक्का ताल के चारों तरफ होते हुए मंदिर प्रांगण में पहुंची। मंदिर के पुजारी ने भगवान की आरती और प्रसाद वितरण आए हुए सभी श्रद्धालुओं के साथ विधि पूर्वक किया साथ ही साथ भजन और कीर्तन से मंदिर का कोना कोना भगवान मै हो रहा था। इस अवसर पर मंदिर के संरक्षक श्री राम गोपाल शेखर एवं मार्गदर्शक समिति के श्री विष्णु गोपाल शेखर व मंदिर के अध्यक्ष श्री रजत शेखर जी अपनी कमेटी के सदस्यों के साथ भगवान के इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। मंदिर के अध्यक्ष रजत शेखर जी ने बताया कि इस मंदिर प्रांगण में समय-समय पर भगवान के विविध कार्यक्रमों का आयोजन विधिवत तरीके से होता आया है और उसी श्रंखला में भगवान बावन द्वादशी पर्व का भी आयोजन सभी पारिवारिक सदस्यों के सहयोग से निरंतर चला आ रहा है।

## आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन

**मैलानी-खीरी।** शासन के निर्देश पर नगर मैलानी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्य मंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप नगर पंचायत अध्यक्षा सत्यवती ने फीता काट कर मेले का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम मे चिकित्सा प्रभारी डाक्टर संजीव कुमार तथा बाँकेगंज से आयी महिला डाक्टर यासमीन फार्मासिष्ट तुषार एएनएम प्रीति स्टाफ नर्स सरिता दिक्षित क्षय रोग विशेषज्ञ विवेक कुमार द्वारा आये मरीजों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करके दवाओं वितरण किया गया।

## मोहम्मदी मे खुला ट्रामा सेंटर

**मोहम्मदी-खीरी।** मोहम्मदी शाहजहांपुर रोड पर एक ट्रामा सेंटर अस्पताल का उद्घाटन हुआ। मोहम्मदी स्किन केयर ट्रामा एवं जनरल अस्पताल का विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया। ट्रामा सेंटर के संचालक डॉ, प्रियंक मिश्रा ने बताया कि मोहम्मदी का पहला अस्पताल है जहां पर सारी सुविधाएं मौजूद है। जर्नल हॉस्पिटल के साथ-साथ सारे ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है। इसमें सर्जिकल तथा डिलीवरी केस भी लिऐ जाएंगे। आईसीसीयू की भी सुविधा मरीजों को प्रदान की जाएगी तथा 24 घंटे यह सुविधा संचालित रहेगी। इस मौके पर डॉ बलराम शुक्ला, अतुल कुमार रस्तोगी, नगर अध्यक्ष गौरव गुप्ता सहित अन्य डॉक्टर भी मौजूद रहे।

## 220 लोगों का किया टीकाकरण

**लखीमपुर-खीरी।** रोटरी क्लब पूर्वाध्यक्ष रोटेरियन जसमीत सिंह अजमानी के अजमानी इंटरनेशनल स्कूल में 18 सितंबर को निशुल्क कोविड-19 टीकाकरण हेतु एक कैंप का आयोजन किया गया। इसमें कुछ को पहला टीका और कुछ को दूसरा टीका लगाया गया। कुल मिलाकर 220 लोगों का टीकाकरण किया गया। साथ ही साथ एक मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया गया जिसका संचालन डॉक्टर अखिलेश खरे द्वारा किया गया जिसमें 80 मरीजों को लाभान्वित किया गया। इस कार्यक्रम में क्लब के अध्यक्ष हर्ष गुप्ता व सचिव मुदित गुप्ता उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल कार्यक्रम संयोजक जसमीत सिंह अजमानी राजेश सक्सेना प्रदीप गुप्ता मुकेश सक्सेना सुयश अग्रवाल मनीष बरनवाल अरविंद मिश्रा रतन शेखर अनुज अग्रवाल अंशल गर्ग सचिव सृजन गुप्ता उपाध्यक्ष समीक्षा गुप्ता आयुषी अग्रवाल यशस्वीनी अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# हजारों ने उठाया मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का लाभ

**लखीमपुर-खीरी।** जनपद में 60 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान करीब 8 हजार से अधिक मरीजों की 12 से अधिक रोगों से संबंधित जांचें की गई हैं। एसीएमओ डॉ. रवि दीक्षित ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप जिले के 60 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान करीब 8 हजार से अधिक लोग इससे लाभान्वित हुए हैं। इस मेले में गोल्डन कार्ड, कोविड टेस्ट, शुगर, ब्लड प्रेशर, आई टेस्ट, सामान्य बुखार के मरीज, मलेरिया की जांच, लीवर की जांच, टीबी की जांच, स्किन संबंधी रोगों की जांच, कैंसर स्क्रीनिंग, एएनसी व कुपोषित बच्चों की जांच की गई। जिले भर में मेले में 126 गोल्डन कार्ड बनाए गए हैं। करीब 263 कोविड टेस्ट व टीकाकरण किया गया, बुखार संबंधी 156 मरीजों को देखा गया, 61 की मलेरिया जांच कराई



गई जो सभी की निगेटिव रही, टीबी के सस्पेक्टेड 13 मरीज मिले, करीब 122 महिलाओं की एएनसी जांच हुई, 137 कुपोषित बच्चों को चिन्हित किया गया। इनमें अति कुपोषित बच्चों के परिवारीजनों को एनआरसी कराने की सलाह दी गई है। इन मेलों में 5250 से अधिक लोगों को कोविड का भी लगाया गया है। कोरोना बीमारी के चलते मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले को कुछ समय के लिए रोक दिया गया था, स्थितियों के सामान्य होने पर शासन के आदेश के अनुसार मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले की शुरुआत हुई है। कोरोना के बाद पहले स्वास्थ्य मेले में ही हजारों लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया है। यह मेले अनवरत हर रविवार को जनपद के सभी 60 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आगे भी चलते रहेंगे।

# पुलिस जनता से मित्रवत व्यवहार करे: प्रभारी मंत्री

संवाददाता। हमीरपुर

**जनपद** के विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक जनपद के प्रभारी मंत्री रवींद्र जायसवाल ने कहा कि पुलिस द्वारा आम जनमानस से अच्छा, मित्रवत व्यवहार किया जाए ताकि लोगों को थाना जाने में किसी भी प्रकार की झिझक न हो । उन्होंने कहा कि जनपद में पेट्रोलिंग बढ़ाने का कार्य किया जाए। स्कूलों में भी चौपाल लगाकर छात्राओं आदि को सुरक्षा ,सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में एवं जरूरी विधिक जानकारी प्रदान की जाए । दैवी आपदा की प्रकरणों की समीक्षा में जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में बाढ़, दैवी आपदा से प्रभावित लोगों को जरूरी सहायता प्रदान कर दी गई है तथा किसी भी प्रकार की पेंडेंसी नहीं है । मंत्री ने कहा कि बाढ़ से प्रभावित हुए क्षेत्रों का फसल बीमा कंपनी द्वारा सर्वे कर समयबद्ध ढंग से उसका आकलन कर संबंधित प्रभावित कृषकों को उसके मुआवजे का समय से भुगतान किया जाए। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मरों का समय पर प्रतिस्थापन किया जाए तथा लोकल फलतू को तत्परता से सुधार किया जाए शिक्षा विभाग की समीक्षा में उन्होंने कहा कि विद्यालयों का नियमित रूप से निरीक्षण किया जाए उद्यान विभाग की समीक्षा में मंत्री ने कहा कि लोगों को औषधिय एवं फलों की खेती, बागवानी खेती हेतु प्रोत्साहित किया जाए। मनरेगा की समीक्षा में उन्होंने कहा कि जो लक्ष्य दिया गया है उसको समय से प्राप्त किया जाए तथा जनता का पूरा सहयोग किया जाये।



अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेते प्रभारी मंत्री व अधिकारी

## नमामि गंगे में डीपीएमयू एक साल बाद न बनाये जाने पर प्रभारी मंत्री गंभीर

### ● पंचायत भवन जिले में कार्य न करने के मामले में मंत्री ने टाला

**हमीरपुर।** जिले में सरकार के साढ़े चार साल की उपलब्धियां गिनाने के बाद जिले के प्रभारी मंत्री रवींद्र जायसवाल ने पत्रकारो से बातचीत में कहा कि भाजपा के लिये सत्ता एक मिशन है मिशन से विकास संभव है। पत्रकार वार्ता में जिले में करीब छह सौ करोड़ रुपये से संचालित नमामि गंगे योजना में किये जा रहे बिलंब व कार्यदायी संस्था द्वारा ठीक से कार्य न करने पर मंत्री से गंभीरता से लिया कहा कि इस पर अधिकारियों से वार्ता कर समीक्षा की जायेगी। पत्रकार वार्ता के दौरान पत्रकारो ने कहा कि छह सौ करोड़ रुपये कार्यदायी संस्था ने एक साल में पंद्रह फीसदी से कम काम कराया है जब कि पच्चीस करोड़ रुपये खर्च हो चुके है। यही नही विभाग ने एक साल से अधिक समय व्यतीत हो गया अभी तक डीपीएमयू यानी डिस्ट्रक्टि प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट की स्थापना नही की है जिससे किसी को यह जानकारी नही हो पाती कि इस प्रोजेक्ट में कितना व कहा कहा पर काम हो रहा है। पंचायत भवन काम नही कर रहे है इस पर प्रभारी मंत्री ने टालते हुये कहा कि जिले में पंयायत भवन बहुत अच्छे बने है,उन्होने कहा कि मोदी व योगी सरकार ने जनता के लिये जितना अच्छा काम किया इससे विपक्ष परी तरह बौखला गया है। सड़को के डिवाइडर बनाये जाने पर कहा कि इस मामले में वह शासन से बात कर कार्यवाही करायेगे।

## योगी ने छीना है दो करोड़ लोगों का रोजगार: अजीत

**चित्रकूट।** समाजवादी छात्रसभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अजीत विधायक ने जिला कार्यालय में समाजवादी छात्रसभा की समीक्षा बैठक में कहा कि देश-प्रदेश के हालत खराब हैं। प्रदेश की योगी सरकार विकास के प्रति पूरे कार्यकाल में उदासीन रही। सूबे के मंत्री पूरे कार्यकाल में भ्रष्टाचार में लिप्त रहे हैं। रविवार को सपा जिला कार्यालय में समाजवादी छात्रसभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अजीत विधायक ने छात्रसभा की समीक्षा बैठक में कहा कि योगी राज में बेरोजगारी चरम पर पहुंच गई है। महंगाई सरकार के नियंत्रण से बाहर हो गई है। प्रदेश में संविधान और कानून का राज नहीं है। किसान अपने हक के लिए आन्दोलन कर रहा है। योगी सरकार ने 70 लाख लोगों को रोजगार देने का वायदा किया था। सरकार ने दो करोड लोगों का रोजगार छीन लिया है। प्रदेश का दलित, पिछडा, शोषित समाज खुद को ठगा महसूस कर रहा है। अजीत विधायक ने कहा कि प्रदेश एवं जिले के विकास के लिए पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने तमाम जनहित की योजनायें चलाईं थी।

## क्विक न्यूज

### खाना बना रहा हलवाई कड़ाही में गिरा, हालत गंभीर

**मौदहा (हमीरपुर)** । मौदहा क्षेत्र ग्राम चमरखन्ना में एक कार्यक्रम में खाना बना रहा हलवाई खौल रहे तेल की कढ़ाही में गिरकर गंभीर रूप से झुलस गया, जिसे सरकारी अस्पताल से प्राथमिक ईलाज के बाद गंभीर हालत में मुख्यालय रेफर कर दिया गया। नगर के सिचोलीपुरवा निवासी रोहित शादी विवाह आदि कार्यक्रमों में खाना बनाने का काम करता है। शनिवार की देर रात वह क्षेत्र के ग्राम चमर खन्ना में एक परिवार के तेरहीं कार्यक्रम में खाना बना रहा था तभी संतुलन बिगड़ने से वह खौलते हुए तेल की कड़ाही में गिर गंभीर रूप से झुलस गया। वहां मौजूद ग्रामीणों की मदद से उसे आनन-फानन सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक ने उसकी हालत नाजुक देख उसका प्राथमिक उपचार कर उसे मुख्यालय रेफर कर दिया। वहीं इस घटना से कार्यक्रम में अफरा तफरी का माहौल बन गया।

### ट्रकों से टपकता पानी सड़कों को कर रहा है नष्ट

**कुरारा (हमीरपुर)।** विकास खण्ड क्षेत्र के रिठारी व चकोठी गाँव मे लगे मौरम डंप से मौरम लेकर जाने वाले ट्रक की मौरम को नलकूप के पानी धुलाई की जा रही है। जिससे सड़के नष्ट हो रही है। क्षेत्र के रिठारी व चकोठी गांव में मौरम के बड़े बड़े डंप लगे है। इन मौरम डंप से रात में मौरमट्रकों में मशीनों से भरी जाती है। तथा मौरम मटमैली होने के कारण दोनो डंप से मोरम भरकर ट्रक निजी नलकूप के पानी से घंटो धुलाई की जाती है। तथा भूगर्भजल का दोहन कर पानी की बर्बादी प्रतिदिन की जा रही है। ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि एक ट्रक की धुलाई में हजारों लीटर पानी की बर्बादी हो रही है। तथा सड़क में पानी गिरने से सड़के भी खराब हो रही है। कृषि कार्य मे इस्तेमाल होने वाले भूगर्भ जल का दोहन कर मौरम की धुलाई का कार्य किया जा रहा है।

### हिन्दू युवा वाहिनी के संगठन विस्तार पर लगी मुहर

**जालौन (उरई)।** हिन्दू युवा वाहिनी नगर इकाई की बैठक जिला संयोजक अजय महतले की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें संगठन को वार्ड स्तर पर पहुंचाने पर चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला प्रभारी अजय महतले ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए संगठन को वार्ड स्तर तक पहुंचाना है। इसके लिए संगठन के सदस्य बढ़ाना आवश्यक है। युवाओं को संगठन के उद्देश्य से अवगत कराये तथा सदस्य बनाये। जिला मीडिया प्रभारी रविन्द्र सिंह परमार ने कहा कि संगठन की असली ताकत उनके सदस्य व सदस्यों की संख्या होती हैं। चन्द्रभान मिश्र की, दीपक गुरबेले नगर प्रभारी, रामजी ताम्रकार नगर संयोजक, अनूप दीक्षित नगर अध्यक्ष, दीपक याज्ञिक ब्लाक अध्यक्ष माधौगढ़, दिनेश कुशवाहा, निशांत गुप्ता नगर उपाध्यक्ष, अंकित बाथम नगर मंत्री, अनूप अवस्थी, पवन याज्ञिक, रुपेश साहू आदि लोग उपस्थित रहे।

### युवकों ने महिला से की मारपीट

**जालौन (उरई)।** कोतवाली क्षेत्र के चिमनदुवे में रंगबाजी को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया। युवकों ने महिला के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है। चिमनदुवे निवासी आजाद खां पुत्र भुल्लन खां ने बताया कि उनके मोहल्ले के नियामत व अनवार ने रंगबाजी को लेकर उन्हें गाली-गलौज कर रहे थे। जब मां मुन्नी देवी ने मना किया तो उन्होंने मां के साथ मारपीट कर दी जिससे वह घायल हो गयी है। पीड़िता के पुत्र की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफमारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

### आम रास्ते से अतिक्रमण हटाने की मांग

**जालौन (उरई)।** आम रास्ते में अतिक्रमण होने के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा है। चौकीदार ने अतिक्रमण हटवाने के लिए एसडीएम को शिकायती पत्र दिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम औरेखी निवासी चौकीदार रामसेवक ने बताया कि आम रास्ते में अमर सिंह ने आम रास्ते में अवैध कब्जा कर रखा है। आम रास्ते में अवैध कब्जा होने के कारण ग्रामीणों को आने जाने में दिक्कत होती है। चौकीदार ने एसडीएम मीनू राणा को शिकायती पत्र देकर आम रास्ते को अतिक्रमण से मुक्त कराने की मांग की है।

### प्रियंका की अगुवाई में प्रदेश में बनेगी कांग्रेस की सरकार

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर नगर पंचायत कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि की अध्यक्षता व जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में हुई बैठक में जिलाध्यक्ष ने कहा कि मानिकपुर नगर के सभी पदाधिकारी नगर कांग्रेस को मजबूत करें। जिला कमेटी पूरा सहयोग करेगी। रविवार को मानिकपुर नगर पंचायत कांग्रेस की हुई बैठक में पूर्व प्रत्याशी रंजना बरातीलाल पाण्डेय ने सभी पदाधिकारियों व वार्ड अध्यक्षों से कहा कि कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने घरों में कांग्रेसी झंडा लगाये। आम जनता से जुड़े मुद्दे उठाये। कोई भी संगठन कार्यकर्ता के दम से ही आगे बढता है। कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ होते हैं। बिना कार्यकर्ता के कुछ भी सम्भव नहीं है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं ने इस बार मन बनाया है कि 2022 में प्रियंका गांधी की अगुवाई में प्रदेश में सरकार बनायेंगे। अध्यक्षता कर रहे प्रदीप अग्रहरि ने धन्यवाद ज्ञापित कर कहा कि वह पूरी क्षमता से मानिकपुर में कांग्रेस को मजबूत करेंगे। बैठक में व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव प्रशांत गुप्ता, जिला सचिव कुलदीप द्विवेदी, मनीष कंचनी, राजेश, वार्ड अध्यक्ष राजू खान, विकास अग्रहरि, सुनील, प्रियंका अग्रहरि, धर्मेन्द्र द्विवेदी, वार्ड अध्यक्ष विजय, रमेश, धर्मेन्द्र वर्मा, शिवकुमार आदि मौजूद रहे।

### सीएम आरोग्य स्वास्थ्य मेला में लाभान्वित हुए मरीज

**चित्रकूट।** कोरोना पर काफी हद तक नियंत्रण पाने के बाद मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला शुरु कर जिले के शहरी प्राथमिक स्वास्थ केंद्र समेत 29 केंद्रों में मेले में मरीजों की निःशुल्क जांचकर दवाइयां दी गईं। रविवार को हुए मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का शुभारम्भ सांसद आरके पटेल ने कर कहा कि बीते कई माह से कोरोना के बढ़ते संक्रमण से मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला नहीं हो रहा था। खुशी की बात है कि कोविड प्रोटोकाल के साथ यह मेला दोबारा शुरु हो रहा है। कोरोना काल में सिखा दिया है कि स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता है। लापरवाही हम सभी के लिए घातक होगी। अपील किया कि कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए लोग मेले में आएं और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लें। उन्होंने कहा कि दूर दराज के गांव में भी ऐसे कैम्प लगाएं, ताकि जरुरतमंद को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि शासन के निर्देश पर जिले के अर्बन पीएचसी समेत 29 राखी स्वास्थ्य केन्द्रों में मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले हो रहा है। इस मौके पर अपर सीएमओ डॉ इम्तियाज अहमद, डा आरके चौरिहा, राधेश्याम सिंह, शक्ति प्रताप सिंह, राज कुमार त्रिपाठी, डीपीएम आरके करवरिया, डीडीएम संतोष श्रीवास्तव, डीपीसी आरपी जायसवाल, डा रवि द्विवेदी, ज्ञानचंद शुक्ला, आशीष रघुवंशी आदि मौजूद रहे।

# जिले के प्रभारी मंत्री ने किया जसपुरा में हर घर जल योजना का भूमि पूजन



**बांदा।** जनपद के जसपुरा कस्बे की जल संस्थान में आज रविवार को जिले के प्रभारी मंत्री लाखन सिंह राजपूत ने भूमि पूजन कर हर घर जल योजना का शुभारंभ किया।कस्बा जसपुरा व मजरा महिला डेरा में जल जीवन मिशन योजना का शिलान्यास किया प्रभारी मंत्री व जिले के आला अधिकारियों ने।भूमि पूजन व शिलान्यास के बाद गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि पूर्व में पूरे बुंदेलखंड में खेत व यहाँ के रहने वाले लोग प्यासे रहते थेए जब से प्रदेश में योगी जी की सरकार आई हैं तब से लगातार बुंदेलों की प्यास बुझाने का काम कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि यही नहीं बुंदेलखंड के सतत विकास के लिए बुंदेलखंड विकास बोर्ड का गठन कर यहाँ के विकास के लिए अतिरिक्त धनराशि दी जा रही हैं।जल जीवन मिशन से विकास खंड जसपुरा के 21 गाँवो में 24 ट्यूबेल लगवाने का काम किया जा चुका है।फरवरी माह में मुख्यमंत्री जी ने खटान योजना का शुभारंभ किया हुआ था।काम कर रही एजेंसी नवंबर माह के अंत तक परियोजना का काम खत्म कर देगी।तभी देश के प्रधानमंत्री जी का सपना हर घर जल एहर घर नल पूरा होगा। इसके अलावा जिलाधिकारी अनुराग पटेल, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे एमपी सिंह, मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्या, उपजिलाधिकारी पैलानी महेंद्र प्रताप, तहसीलदार पैलानी तिमराज सहित नमामि गंगे के सभी कर्मचारी, जल संस्थान के अधिकारी व कर्मचारी, एजेंसी के सभी अधिकारी गण मौजूद रहे।

## पुलिस ने अवैध डीजल व पेट्रोल बिक्री कर रहे दो को किया गिरफ्तार,कई सालों से चल रहा था फर्जीवाड़ा

**मौदहा ( हमीरपुर )।** सिसोलर क्षेत्र के ग्राम टोलामाफमें बीती शाम पूर्ति निरीक्षक व सिसोलर पुलिस ने अवैध डीजल व पेट्रोल बेच रहे आरोपी युवक को हिरासत में लेकर उसके पास से सैकड़ों लीटर डीजल व बरामद पेट्रोल बरामद करते हुए दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

गांव के सुरेश कुमार पुत्र रामदास काफी अरसे से गांव में अवैध रूप से डीजल व पेट्रोल बेच रहा था। उसके बाद भारी मात्रा में डीजल व पेट्रोल उपलब्ध होने की सूचना मिलने पर पूर्ति निरीक्षक रविंद्र कुमार अहिरवार ने सिसोलर थानाध्यक्ष हेमंत कुमार मिश्रा व पुलिस बल के साथ शनिवार की शाम सुरेश की दुकान में छापा दाल उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस ने उसके पास से तीन ड्रम भरा हुआ ज्वलनशील पदार्थ व आधा ड्रम ज्वलनशील पदार्थ, दो खाली ड्रम तथा डीजल नापने के उपकरण बरामद किये। आरोपी सुरेश कुमार ने पुलिस को बताया कि बलवीर उसे फर्जी लाइसेंस बनवाने व अवैध रूप से डीजल उपलब्ध कराने का काम करता था। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल कर आरोपी सुरेश कुमार व बलवीर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी है। इसी प्रकार जिले में कई स्थानों पर नकली डीजल व पेट्रोल की बिक्री की जा रही है।

## मामूली विवाद में युवक ने दिनदहाड़े चलायी गोली, पुलिस ने किया गिरफ्तार



आरोपी युवक को गिरफ्तार कर ले जाती पुलिस

**सुमेरपुर ( हमीरपुर )।** सुमेरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चंदपुरवाबुजुर्ग में घर में जानवर घुसने को लेकर हुए विवाद में दिनदहाड़े गोली चलने से समूचे गांव में दहशत व्याप्त हो गई। हालांकि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद गोली चलाने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया द्य

पुलिस के मुताबिक रविवार को सुबह 8:00 बजे ग्राम चंदपुरवा बुजुर्ग में उस समय गांव में दहशत फैल गई जब लोगों को गोली चलने की आवाज सुनाई दी द्य गांव के आनंदी यादव पुत्र ललइंया के दरवाजे में रविवार को परिवार के किसी सदस्य की गाय उसके यहां आ गई इसी बात को लेकर वह आग बबूला हो गया और परिवार के मुन्ना दुर्गा व अवधेश के साथ गाली गलौज करने लगा, मामला इतना बढ़ गया कि आनंदी यादव ने अपने घर की दूसरी मंजिल से तमंचा से फायरिंग शुरू कर दी। गोली चलने की आवाज से समूचे गांव में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। गलीमत यह रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। सूचना पाकर भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया। पुलिस को आते देख हमलावर घर के दरवाजे की कुंडी बंद कर अंदर घुस गया पुलिस दरवाजा खुलवाने के प्रयास में काफी देर परेशान रही। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने मय तमंचा के साथ युवक को गिरफ्तार कर लिया।

# पेट्रोल पंप लूटकांड का चौथा आरोपी गिरफ्तार

**जालौन ( उरई )।** पूर्व भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष के पेट्रोल टैंक पर मैनेजर से हुई 3 लाख 40 हजार की लूट के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को एक तमंचा व 3 जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा। पुलिस इस मामले में पूर्व में 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष लक्ष्मीकांत बजाज का सुषमा एचपी पेट्रोल पंप उरई रोड पर स्थित है। बीती 4 जुलाई को पेट्रोल टैंक से बिक्री के 3 लाख 40 हजार रुपये बैंक में जमा करने जा रहे मैनेजर मेहर बहादुर निवासी कुसमरा की बाइक को पेट्रोल टैंक से 100 मीटर की दूरी पर बाइक सवार बदमाशों ने जबरन रोककर तमंचे के दम पर उसका बैग लूटकर भाग गए थे। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई थी। पुलिस उक्त मामले में तीन आरोपियों को पहले ही जेल भेज चुकी है। जबकि घटना का मुख्य आरोपी अभी तक पुलिस की पकड़ से बाहर था। जिसकी पुलिस तलाश कर रही थी। उक्त मामले में प्रभारी कोतवाल महेश कुमार को सूचना मिली कि घटना का मुख्य आरोपी सर्वेश अग्निहोत्री निवासी देवनपुरा थाना कुठौंद सारंगपुर रोड पर कहीं बाहर भागने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे प्रभारी कोतवाल महेश कुमार, एसआई बलराम शर्मा व रामचंद्र सहित पुलिस टीम आरोपी को गिरफ्तार कोतवाली ले आई। जिसके पास से पुलिस ने एक तमंचा व 3 जिंदा कारतूस बरामद किए। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस संदर्भ में सीओ विजय आनंद ने बताया कि पेट्रोल टैंक पर हुए लूटकांड के सभी आरोपी अब जेल भेज पहुंच चुके हैं।

## ग्यारह दिवसीय गणेश महोत्सव का प्रतिमा विसर्जन के साथ समापन

**जालौन ( उरई )।** 'गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ' के जयकारों के साथ भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस दौरान नगर का माहौल भक्तिमय दिखा। नगर में गणेश महोत्सव के दौरान काफी चहल पहल रही। गणपति विसर्जन के दौरान हवन, पूजन एवं भंडारे का भी आयोजन किया गया। कोरोना प्रोटोकाल के तहत हालांकि गणेशजी की ज्यादा बड़ी मूर्तियां नहीं बनी और साथ ही सार्वजनिक स्थान पर गणेश प्रतिमाओं की स्थापना नहीं की गई। इसके बाद भी लोगों में उत्साह की जरा भी कमी नहीं दिखी। लोगों ने परी श्रृद्धा के साथ अपने-अपने घरों में ही मूर्ति की स्थापना कर गणेश महोत्सव का पर्व मनाया। 11 दिवसीय गणेश महोत्सव में संध्या भजन के साथ ही प्रसाद वितरण भी किया गया। अंतिम दिन क्षेत्र पंचायत आवास परिसर में नरेंद्र सोलंकी के आवास पर स्थापित गणेश प्रतिमा को श्रद्धालु साला घाट पर लेकर गए। जहां विधि विधान के साथ गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

# ईओ ने कचरा गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

### ● डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन से सड़कें रहेंगी साफ सुथरी: विमला पति

संवाददाता। उरई (जालौन)

**घर का** कूड़ा कचरा एकत्रित करने के लिए कचरा गाड़ियां उपयोगी साबित होंगी जिससे जगह जगह कूड़े के ढेर दिखाई नहीं देंगे यह बात रविवार को नगर पालिका परिषद उरई के अधिशासी अधिकारी विमला पति ने कचरा गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए कहीं।

नगर पालिका परिषद उरई के द्वारा शहर में कचरा कलेक्शन के लिए करीब 20 कचरा गाड़ियां एक वर्ष पूर्व खरीदी गई थी जिनका उद्देश्य घरों से निकलने वाले कूड़े कचरे को दरवाजे से एकत्रित करना है। लेकिन इन गाड़ियों को लेकर अहम का पेंच ऐसा फंसा रहा कि खरीदी गयी सभी गाड़ियां पालिका कर्मी के हाथे में खड़ी करवा दी गयी थी। अब इन गाड़ियों के अमल में आने के बाद शहर में जगह-जगह लगने वाले कूड़े के ढेर अब दिखाई नहीं देंगे। आज अधिशासी अधिकारी विमला पति ने कूड़ा गाड़ियों को हरी झंडी दिखाने के बाद कहा कि उरई शहर के लिए 20 कूड़ा गाड़ियां आई हैं जिनमें आज 7 गाड़ियों को रवाना किया गया है जो फ्लिहाल कामर्शियल क्षेत्र के कचरे का कलेक्शन करेंगे। घरों से निकलने वाला कूड़ा सड़कों के किनारे ढेर के रूप में नहीं दिखाई देगा न ही जानवर कूड़े के ढेरों पर विचरण करते नजर आएंगे इसलिए डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन गाड़ियों को रवाना किया जा रहा है कूड़ा कलेक्शन गाड़ियों को रवाना करने के दौरान पालिकाध्यक्ष अनिल बहुगुणा, टीएस गणेश प्रसाद, वरिष्ठ लिपिक निर्भय यादव लेखाकार राघवेंद्र मिश्रा निर्माण लिपिक मुकेश गुप्ता, जयप्रकाश सभासद कपिल चौहान, अनुराग श्रीवास्तव अनिल चौधरी, सनी चौहान, शैलेंद्र श्रीवास आदि तमाम सभासद उपस्थित रहे।



कूड़ा गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते ईओ।

## कमल तालाब का कराएं सौंदर्यीकरण



**चित्रकूट।** कलेक्ट्रेट के आगे स्थित विशाल तालाब में इनदिनों जमकर कमल खिलते हैं। बुन्देली सेना ने जिलाधिकारी से तालाब का नामकरण कमल तालाब करके सुंदरीकरण कराने की मांग की है।

रविवार को बुन्देली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि कलेक्ट्रेट के ठीक आगे मेन रोड में विशाल तालाब है। इस तालाब में पिछले कई वर्षों से मूर्ति विसर्जन का प्रचलन है। पहले तालाब में कमल यदा-कदा जगहों पर होते थे, लेकिन इस समय तालाब कमल से लगभग भर गया है। सुबह की पहली किरण के साथ ही तालाब में जोरदार कमल खिलते हैं। तालाब के चारो ओर विधिवत सफाई और पक्का रास्ता बनाकर छायादार शेड जगह-जगह लगा दिए जाए। घाटों को दुरुस्त करके विधिवत सफाई हो जाये तो यह तालाब कर्वी नगर और आसपास के लोगों के लिए बेहतरीन पिकनिक स्पॉट बन सकता है। सुबह टहलने जाने वालों के लिए बेहतरीन जगह बन जाएगी। साथ ही पिकनिक के लिए सुंदर स्थान विकसित हो जाएगा। सड़क के किनारे होने से लोगों में असुरक्षा का भाव भी नहीं आएगा। बुन्देली सेना ने जिलाधिकारी से मांग की है कि तालाब का नामकरण कमल तालाब करके सुंदरीकरण कराया जाये।

# योगी सरकार ने अब तक के इतिहास में सर्वाधिक चित्रकूट के विकास को दी उड़ान : सांसद

### ● प्रदेश सरकार के चार साल पूरे होने पर आरके सिंह पटेल ने गिनाईं उपलब्धियां

संवाददाता। चित्रकूट



**सुशासन** के साढ़े 4 वर्ष नए भारत का नया उत्तर प्रदेश को लेकर रविवार को बांदा-चित्रकूट सांसद आरके सिंह पटेल ने कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश सरकार सहित जनपद की उपलब्धियों की जानकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बताया।

सांसद श्री पटेल ने कहा कि हमारी उत्तर प्रदेश कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में साढे 4 वर्ष में जनपद में विभिन्न योजनाएं लागू करके जनपद का विकास कराया गया है। जिसमें जल जीवन मिशन के अंतर्गत 11 32 करोड़ रुपए की लागत से 401 ग्रामों में से 785 350 गांव की कुल जनसंख्या लाभान्वित होगी। चित्रकूट में एयरपोर्ट जो 146. 57 करोड़ रुपए की लागत से टेबल टॉप एयरपोर्ट का निर्माण चल रहा है जिसके अंतर्गत 2.5 किलोमीटर रनवे की लंबाई है, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे में कुल परियोजना की लागत 329 करोड़ जिसमें 65 करोड़ रुपए की भूमिका क्रय किया गया है तथा 264 करोड रुपए की लागत से निर्माण कार्य कराया जा रहा है जनपद चित्रकूट में एक्सप्रेस वे की कुल लंबाई 10. 2 किलोमीटर है जिसमें एक नदी का एक पुल एक आर ओ बी एक ओवर ब्रिज तथा 13 पुलियों का निर्माण कार्य प्रगति पर चल रहा है, डिफेंस कॉरिडोर के अंतर्गत 43.5 करोड़ रुपए की भूमि का क्रय किया गया है जो तहसील कर्वी के ग्राम खुटौरा व बकटा बुजुर्ग में नेशनल हाईवे के किनारे 102. 430 हेक्टेयर भूमि क्रय की गई है। लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत कुल स्वीकृत कार्यों की संख्या 334 जिसकी कुल लागत 1984 करोड़ तथा लंबाई 744. 54 किलोमीटर है जिसमें 156 कार्यों को पूर्ण किया गया है, 5 सेतुओ का निर्माण कार्य चल रहा है जिसकी लागत 36. 73 करोड रुपए है, जनपद में ऊर्जा विभाग के द्वारा 225. 854 करोड रुपए के सौभाग्य योजना ग्रामीण आबादी क्षेत्र आदि योजनाओं के अंतर्गत कार्य कराए जा रहे हैं, पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन के अंतर्गत 320. 684 करोड रुपए की लागत से विद्युत उप केंद्र सरैया राजापुर मऊ में निर्मित के गए हैं जिसके अंतर्गत 346 ग्राम के 65601 उपभोक्ता लाभान्वित हो रहे हैं, वन विभाग के द्वारा साढ़े 4 वर्षों में 1.65 करोड़ पौधे रोपित किए गए जिसमें परियोजना की लागत 13.58 करोड़ रुपए है, खाद्य एवं रसद विभाग के अंतर्गत जनपद में 22 774 अंत्योदय कार्ड जिसमें 75 581 यूनिट, पात्र गृहस्थी में 177 704 कार्डधारक एवं 76 4320 यूनिट का लाभ दिया जा रहा है उज्जवला गैस योजना के अंतर्गत 1095 19 लाभार्थी लाभान्वित हुए हैं जिनके खाते में प्रति व्यक्ति को एक हजार रुपए सब्सिडी दी गई है। उन्होंने कहा कि यही नहीं कोरोना काल में भारत सरकार तथा प्रदेश सरकार द्वारा नि:शुल्क खाद्यान्न का भी वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से वर्ष 2021 तक गेहूं 107 996. 467 मीट्रिक टन एवं धान 43 853 .729 मीट्रिक टन की खरीद की गई है जिसमें गेहूं में 34 248 कृषक एवं धान में 9390 कृषक लाभान्वित हुए हैं कुल भुगतान में गेहूं में 197. 71 करोड़ एवं धान में 78.54 करोड़ रुपए भुगतान किया गया है। 57. 89 करोड रुपए की लागत से विशिष्ट मंडी कर्वी का निर्माण कार्य किया गया है, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत स्प्रिंकलर सेट में 20 .23 करोड रुपए का अनुदान वितरित किया गया है जिसके अंतर्गत 86 85.6 हेक्टेयर भूमि सिंचित हुई है तथा 6425 कृषकों को लाभान्वित कराया गया है।

## दस्यु गौरी गैंग की तलाश में हुई काम्बिंग, मिले अहम सुराग

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देश पर अपराधियों की धर-पकड़ अभियान के तहत पुलिस ने साढ़े पांच लाख रुपये के ईनामी दस्यु सरगना गौरी यादव की तलाश में जंगलों में काम्बिंग की। काम्बिंग में पुलिस को दस्यु गौरी यादव तो नहीं मिला। अलबत्ता अहम सुराग जरूर मिले हैं। रविवार को मऊ सीओ सुबोध गौतम की अगुवाई में मारकुण्डी थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार, बहिलपुरवा थानाध्यक्ष दीनदयाल सिंह ने पुलिस बल के साथ रुझौंटा व छेरिहाखुर्द के जंगलों में काम्बिंग की। बहिलपुरवा पुलिस टीम ने ददरीमाफी के जंगलों में काम्बिंग कर दस्यु गौरी की तलाश में छापेमारी की। पुलिस का दस्यु गौरी यादव से आमना-सामना नहीं हो सका। अलबत्ता पुलिस को दस्यु गिरोह के खिलाफअहम सबूत मिले हैं। इसी क्रम में बरगढ थाने के दरोगा अर्पित पाण्डेय की टीम ने मारपीट के मामले में वांछित प्रभाकर द्विवेदी पुत्र स्व राजनारायण द्विवेदी निवासी डोंडियामाफी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मऊ थाने के दरोगा कन्हैया बक्श सिंह की टीम ने अपहरण व दुष्कर्म तथा मारपीट एवं पाक्सो एक्ट के वांछित सोनू पुत्र लल्लू निवासी पटपरहा मजरा खण्डेहा को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। भरतकूप थाने के दरोगा सुखशेखर राही की टीम ने आशीष त्रिपाठी पुत्र संतराम त्रिपाठी निवासी भारतपुर को दस लीटर मिलावटी शराब में गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

# विकास की ओर अग्रसर है सरकार: विद्यासागर

**संवाददाता।** रायबरेली



**प्रदेश** सरकार के साढ़े चार वर्ष की उपलब्धियों के सम्बन्ध में बचत भवन के सभगार में जनपद रायबरेली हेतु नामित सदस्य विधान परिषद विद्यासागर सोनकर ने राज्य सरकार के साढ़े चार वर्ष की उपलब्धियों के सम्बन्ध में प्रेस वार्ता करते हुए सरकार की उपलब्धियों का बखान किया तथा सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास विकास की लहर हर गांव हर शहर की पुस्तक का विमोचन किया। जनपद में काम दमदार योगी सरकार विकास की लहर हर गांव हर शहर पुस्तक विकास पुस्तिका का विमोचन/प्रेसवार्ता, विकास योजनाओं एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आयोजित कार्यक्रम को हर्षोउल्लास व भव्य तरीके से मनाया गया। नामित सदस्य विद्यासागर सोनकर, एमएलसी दिनेश प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष रामदेव पाल, विधायक सरेनी धीरेन्द्र बहादुर सिंह, जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अमित कुमार द्वारा प्रदेश सरकार की विकास की लहर हर गांव हर शहर पुस्तिका का विमोचन/प्रेसवार्ता में उपस्थित रहे। आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान सदस्य द्वारा बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा साढ़े चार वर्ष की उपलब्धियों की पुस्तक का विमोचन राजधानी के लोक भवन में प्रेस वार्ता के दौरान किया गया। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण एलईडी वैन के माध्यम से बरगद चौराहा, डिग्री कालेज चौराहा, जगतपुर आदि स्थानों पर दिखा गया है।

नामित सदस्य विधान परिषद विद्यासागर सोनकर ने सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया कि आजादी का अमृत महोत्सव पर पारदर्शी और जवाबदेह सरकार सेवा एवं सुशासन के साढ़े चार वर्ष कार्यक्रम दौरान केन्द्र व प्रदेश सरकार की प्रमुख योजनाओं में मिशन किसान कल्याण, भरपूर फ़सल वाबिज दाम-खुशहाल किसान, हर खेत को पानी, हर घर मे नल, सर्वजन उदय, हर बेघर को घर, हर घर बिजली, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान मान धन योजना, आयुषमान भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, अमृता योजना, आस्था को सम्मान, मिशन रोजगार-युवाओं को अवसर, नमामी गंगे, किशोरी बालिका योजना, सबरी संकल्प अभियान, आयुषमान कार्ड, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना, गोवंश संरक्षण आदि विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तरित जानकारी उत्तर प्रदेश की प्रगति मुख्यमंत्री जी द्वारा जानकारी दी गई। इस मौके पर एमएलसी दिनेश प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष रामदेव पाल विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अमित कुमार, डीडीओं एस0एन0 चौरसिया, उपनिदेशक सूचना प्रमोद कुमार, एडीआईओं इंजेश सिंह, मो0 राशिद, डीएसओं विमल कुमार शुक्ल, नगर मजिस्ट्रेट युगराज सिंह, सहित आदि बड़ी संख्या में मीडियाबन्धु भी उपस्थित थे।

# हर अधिकारी की चौखट पर दौड़ा, पात्र होने के बावजूद नहीं मिल रहा प्रधानमंत्री आवास

**संवाददाता।** डलमऊ रायबरेली



**फ़लक** को जिद है जहां बिजलियां गिराने की हमें भी जिद है वही आशियाँ बनाने की.ये लाइन मोहल्ला चौरासी के रामलखन दीक्षित पुत्र स्व. नंदकुमार पर चरितार्थ होती है जो पिछले कई वर्षों से प्रधानमंत्री आवास के लिए जद्दोजहद कर रहा है मुख्यमंत्री से लेकर जिलाधिकारी तक ऐसा कोई चौखट नही शेष होगा जहां एक पात्र व्यक्ति के आवास का प्रार्थना पत्र न गया हो लेकिन राजस्व विभाग से लेकर नगर पंचायत व डूडा अपनी एक अलग व्यथा का हवाला देकर प्रधानमंत्री भारत सरकार की महत्त्वाकांक्षी योजना पर पलीता लगाने में कोई कसर नही छोड़ रहे कारण भी ऐसा जिसमे नियम से ज्यादा रसूखदार सफेद पोश कुर्सी का डर ज्यादा दिखाई पड़ रहा है डर भी ऐसा की एक लाचार गरीब परिवार जो पिछले 100 वर्षों से अधिक का समय एक नियत स्थान पर घर बना कर रह रहा था उसे ही अपने गिरे हुए आवास के स्थान पर प्रधानमंत्री आवास के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र के बिना आवास की मंजूरी नही मिल पा रही है शायद राजस्व व नगर पंचायत डलमऊ को किसी अप्रिय घटना का इंतजार है जब किसी दिन घर के मलबे में दब कर गरीब परिवार अपना कोई सदस्य को खो देगा डलमऊ से लेकर प्रदेश तक की जिम्मेदार कुर्सियों पर बैठे अधिकारियों को एक परिवार की बेबसी भी नही दिखाई पड़ रही है प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता की सभी श्रेणियों पर खरे उतरने के बावजूद एक असहाय गरीब परिवार अपने सर की छत के लिए कितनी जद्दोजहद करना पड़ेगा ये तो वक़्त के गर्भ में है पर स्थानीय प्रशासन अपने कर्तव्यों से भटक चुका है इसमें जरा भी गुंजाइश शेष नही बची है।

# कांग्रेस की ज्वाइन सोशल मीडिया अभियान बैठक संपन्न

**संवाददाता।** अमेठी

**केंद्रीय** कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज में ज्वाइन सोशल मीडिया अभियान की एक बैठक मुख्य अतिथि यूपी कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग के चेयरमैन अभय पांडेय की उपस्थिति में संपन्न हुई। सोशल मीडिया की ओर से ज्वाइन सोशल मीडिया अभियान के तहत टीम को सोशल मीडिया के बेहतर कार्य करने का गुण सिखाया सप्रदेश अध्यक्ष अभय पांडेय ने सोशल मीडिया टीम को सोशल मीडिया पर बेहतर तरीके से कार्य करने हेतु टिप्स दिए स फ़ेसबुकएट्विटरए इंस्टाग्रामए पर कैसे बेहतर कार्य करें उसके बारे में भी बताया । जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने सोशल मीडिया टीम को विधानसभा स्तरए न्याय पंचायत स्तरए व ग्राम पंचायत स्तर तक पहुंचाने के लिए साथियों की मदद के साथ ग्राम स्तर तक टीम को मजबूत करने की बात कही ससोशल मीडिया जिलाध्यक्ष प्रशांत दूबे ने अपने कांग्रेस सोशल मीडिया सिपाहियो से आग्रह किया कि सरकार की योजनाओं की बिफ्लता की कहानियो के वीडियो बनाएं और उन्हे वायरल करें । विपक्षी दल के बयान और आरोपों का फेसबुक एवं ट्वीटर पर जवाब देए सभी लोग सोशल मीडिया पर निरंतर अपनी सक्रियता बनाए रखे।बैठक में जोनल कोऑर्डिनेटर संतोष सिंहए प्रदेश महासचिव फ़िरोज आलम सोशल मीडिया से तौकीर रजा शीबू विनय दूबे हरिकेश तिवारी रामजी सोनकरएविकास यादव।यूथ से अर्जुन पासीएएनएसयूआई से मिश्रएसेवादल से रामबरन कश्यपए महिला कांग्रेस से ममता त्रिपाठीए अनुसूचित से रजवाड़ी पासी शामिल हैं।

## करंट से दो मवेशियों की झुलसकर मौत

**ऊंचाहार,रायबरेली।** धमधामा मजरे बहेरवा गांव के निकट सरकारी नलकूप के बिजली के पोल से लगे स्टे के तार मे करंट उतर आने से दो मवेशियों की मौत हो गई। मालिकों ने बिजली विभाग के खिलाफकोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। गांव निवासी शमशेर व रामप्रताप ने रविवार की सुबह अपनी भैंस को चरने के लिए छोड़ा था। घास चरते चरते दोनों भैंस बिजली के पोल के पास पहुंच गई। और करंट की चपेट में आकर झुलस कर मर गई। किसान शमशेर और रामप्रताप ने बताया कि उनकी भैंसे पचास, पचास हजार की कीमत की थी। बिजली विभाग की लापरवाही के चलते घटना घटित हुई है। स्टे तार में करंट उतरने के बाद बिजली विभाग को बताई गई थी। विभाग द्वारा यदि समय पर ध्यान दिया गया होता तो ऐसी घटना घटित नहीं होती। जिसको लेकर ग्रामीणों में काफी रोष व्याप्त है। कोतवाल विनोद कुमार सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# जनपद न्यायधीश ने जिला कारागार बहराइच का किया आकस्मिक निरीक्षण

● **जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती भी रहे मौजूद**

**संवाददाता।** श्रावस्ती



**जनपद** न्यायाधीश साकेत बिहारी दीपक, जिलाधिकारी टी0के0 शिबुए पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शीतला प्रसाद ने शनिवार शाम को जिला कारागार बहराइच का आकस्मिक निरीक्षण कर निरुद्ध बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होने जेल में बन्द कैदियों को सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी लीए तथा जेल अधीक्षक को सरकार द्वारा प्रदत्त सभी सुविधाओं को समय से बन्दियों को मुहैया कराने का निर्देश दिया। इस दौरान बहराइच जिला जेल में निरुद्ध जनपद श्रावस्ती के पुरुषध्महिला बैरकों में जाकर उनका हाल जाना। निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश ने रसोई घरए स्टोर खाद्यानए महिला बैरकए पुरुष बैरकए किशोर बैरक के निरीक्षण के साथ ही जेल कैम्पस में ही संचालित डिस्पेन्सरी का भी निरीक्षण किया तथा डिस्पेन्सरी में मौजूद दवाओं के बारे में जानकारी हासिल की। तत्पश्चात महिला बैरक में पहुच कर उन्हें जेल प्रशासन द्वारा मुहैया करायी जा रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी हासिल की तथा उन्हें सरकार द्वारा प्रदत सभी सुविधाएं समय पर मुहैया कराये जाते रहने का निर्देश दिया। साथ ही लायब्रेरी का भी मुआयना किया तथा जेल अधीक्षक को निर्देश दिया कि जेल में निरूद्ध महिला बंदियों के उपचार हेतु जिला महिला अस्पताल से महिला चिकित्सकों को जरूरत पड़ने पर मुख्यचिकित्साधिकारी से बात कर मरीज बंदी महिलाओं को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराये जाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक आनन्द कुमार शुक्ला एवं उप जेल अधीक्षक भी मौजूद रहे।

# ऐतिहासिक विकास कार्य करवाये हैं सरकार ने: मोहसिन रजा

● **मंत्री ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां**

**संवाददाता।** अमेठी



साढ़े चार साल की उपलब्धियों को बताते हुए मोहसिन रजा पायनियर

**प्रदेश सरकार** के साढ़े चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के राज्य मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम वक्फ एवं हज उत्तर प्रदेश मोहसिन रजा ने आज प्रेस प्रतिनिधियों के साथ वार्ता कर साढ़े चार वर्ष की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अरुण कुमारए पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंहए मुख्य विकास अधिकारी डॉ अंकुर लाठर उपस्थित रहे। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने प्रदेश स्तर एवं जिला स्तर पर हुए विकास कार्यो की उपलब्धियों को बताया। प्रभारी मंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रदेश में तमाम विकास कार्य सभी क्षेत्रों में पिछले साढ़े चार वर्षो में करवाये हैंए जो ऐतिहासिक है। इतना विकास कार्य कभी भी किसी भी सरकार में नहीं कराया गया है। सरकार सबका साथए सबका विकास के तर्ज पर जन.जन को लाभान्वित करने का कार्य कर रही है। और यह भी ध्यान रखा जा रहा है कि समाज में खड़े आखिरी पंक्ति के व्यक्ति भी सरकार की योजनाओं से संतृप्त होए ताकि उनके चेहरो पर भी मुस्कान आ सके। उन्होने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्ष में विकास के विभिन्न क्षेत्रों में किये गये रिफार्मए परफॉर्म तथा ट्रांसफार्म प्रयासों से जन.सामान्य को अवगत कराने के लिए आज प्रेसवार्ता आयोजित की गयी है। मा0 प्रभारी मंत्री जी ने प्रदेश सरकार द्वारा कराये गये कार्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा जन.जन के उत्थान हेतु सरकार प्रतिबद्ध हैए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं लाकर चहुँमुखी विकास कर रही है। इसके साथ ही जनपद में कराये गये विकास कार्यो के बारे में बताया हैए इससे निश्चित ही लोग लाभान्वित होंगे। उन्होने कहा जिले में साढ़े चार साल के अन्दर तमाम एतिहासिक विकास कार्य कराये गये हैए और जनपद निरन्तर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है और सरकार की योजनाओ से पात्रता के आधार पर लोगो को संतृप्त किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद अमेठी में विगत साढ़े 4 वर्षों में रुण् 34ण्04 करोड़ की लागत से 241ण्11 किमी सड़कों का नवीनीकरणए रुपए 08ण्32 करोड़ की लागत से 2381ण्44 किमी सड़कों को गड्ढामुक्तए रूण् 114ण्04 करोड़ की लागत से 194ण्84 किमी नई सड़कों का निर्माण तथा रूप में 16 20 करोड़ की लागत से 10 लघु सेतुओं का निर्माण कराया गया है। इसके साथ ही रूप में 487ण्45 करोड़ की लागत से 15ण्166 किमी पूर्वांचल एक्सप्रेस वे का फेज.2 में निर्माण कराया गया है। उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार योजना अंतर्गत 17572544 रोजगार सृजन किए गएए प्रधानमंत्री आवास योजना ;ग्रामीणद्ध के अंतर्गत 37535 लाभार्थियों को तथा मुख्यमंत्री आवास योजना ;ग्रामीणद्ध के अंतर्गत 1395 लाभार्थियों को आवास की सुविधा उपलब्ध कराई गई इसके साथ ही जनपद में उज्ज्वला योजना अंतर्गत 32 गैस एजेंसियों के माध्यम से 132484 लाभार्थियों को घरेलू सिलेंडर होम डिलीवरी के माध्यम से वितरित करते हुए उज्जवला 2ण्0 में छूटे हुए प्रवासी मजदूरों को वरीयता देते हुए 4173 लाभार्थियों को कनेक्शन दिया गया। पंचायती राज विभाग द्वारा जनपद के 682 ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय का निर्माणए 35 अंत्येष्टि स्थल का निर्माणए 29 ग्राम पंचायतों में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियानए 3 बहु.उद्देशीय पंचायत भवन का निर्माण तथा 160 ग्राम पंचायतों में वित्तीय आयोग एवं मनरेगा अभिसरण के माध्यम से पंचायत भवन का निर्माण कराया गया।

## समरसता का प्रतीक होते हैं पर्व व धार्मिक आयोजन: अतुल सिंह

**ऊंचाहार,रायबरेली।** धार्मिक आयोजन व पर्व समरसता का प्रतीक होते है , इससे समाज में समानता व सद्भाव बढ़ता है । यह विचार भाजपा के वरिष्ठ नेता अतुल सिंह ने गणेश मूर्ति विसर्जन भंडारे में व्यक्त किया गणेश विसर्जन के अवसर पर सैदनपुर में आयोजित विशाल भंडारे में भाजपा नेता अतुल सिंह ने पहुंचकर गणेश भगवान का आशीर्वाद लिया व प्रसाद वितरण किया। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता ने कहा कि हमारे जितने भी पर्व है व जितने भी धार्मिक आयोजन होते है , उसमे सबने सामूहिक भागीदारी होती है । इसमें समाज के हर वर्ग का व्यक्ति भागीदार बनता है । इससे न सिर्फ हम सामाजिक समानता को बढ़ावा देते है अपितु आपसी सद्भाव को मजबूत करते है । इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा नेता डी0एन0पाठक,युवा नेता विजय मिश्रा,आयोजक राम प्रकाश बाबा,अर्जुन सिंह,गंगाराम सरोज प्रधान,राम सनेही,अनूप आदि लोग उपस्थित रहे।

# अमेठी का पहला राष्ट्रीय खेल आयोजन हुआ संपन्न

● **राष्ट्रीय कुश्ती के समापन पर राजनीतिक हस्तियों का लगा जमावड़ा**

● **अमेठी के लिए ऐतिहासिक रहा ये आयोजन: मोहसिन**

**संवाददाता।** गौरीगंज अमेठी



ट्राफी के साथ खिलाड़ीए खिलाड़ी को मेडल देते हुए सांसद प्रतिनिधि पायनियर

**केंद्रीय मंत्री** भारत सरकार एवं अमेठी सांसद स्मृति इरानी की प्रेरणा से उत्थान सेवा संस्थान एवं भारतीय कुश्ती संघ के तत्वाधान में अमेठी के सैनिक स्कूल परिसर कौहार में राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का समापन हुआ। जहां समापन के दौरान कई राजनीतिक हस्तियों का जमावड़ा रहा वहीं आजादी के बाद अमेठी का पहला राष्ट्रीय खेल आयोजन सकुशल संपन्न हुआ। इस दौरान केंद्रीय मंत्री एवं अमेठी सांसद के साथ भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष एवं सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने खिलाड़ियों को मेडल देते हुए उत्साह वर्धन किया। जहां समापन में शामिल हुए अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री व अमेठी प्रभारी मोहसिन रजा ने कहा कि अमेठी के इतिहास में यह पहला राष्ट्रीय कुश्ती आयोजन है प् मोहसिन रजा ने यह भी कहा कि अल्पसंख्यकों का हित सिर्फ और सिर्फ भाजपा में ही निहित है। बताते चलें जहां राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से खिलाड़ियों ने प्रतिभाग लिया वहीं पूरे उत्तर प्रदेश के खेल प्रेमी भी खेल का लुफ्त उठाने के लिए अमेठी पहुंचे इस दौरान मंच से अमेठी विधायक गरिमा सिंहए तिलोई विधायक मयंकेश्वर शरण सिंहए जगदीशपुर से विधायक एवं राज्यमंत्री सुरेश पासीए जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उद्योगपति राजेश मसालाए प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा प्रांशु दत्त द्विवेदी ने भी मंच से संबोधित करते हुए कहा कि अमेठी की धरती पर यह पहला राष्ट्रीय कुश्ती आयोजन की प्रतियोगिता है। जो विषम परिस्थितियों में भी सफलतापूर्वक संपन्न हुई प् जिसमें खिलाड़ियों ने जहां अपने कौशल का प्रदर्शन किया वहीं अमेठी सहित आसपास के जनपद और उत्तर प्रदेश के खेल प्रेमियों को खेल का लुफ्त उठाने का मौका मिला और खेल को बढ़ावा देते हुए यह आयोजन खिलाड़ियों के भविष्य को निखारने का कार्य करेगा।

## तीन दिवसीय राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता 2021 का परिणाम

**टीम चैंपियनशिप** में फ्री स्टाइल में हरियाणा 192 अंक के साथ प्रथम 161 अंकों के साथ दिल्ली दूसरे स्थान पर एवं 126 अंकों के साथ महाराष्ट्र तीसरे स्थान पर रहा प् ग्रीको रोमन स्टाइल में प्रथम स्थान हरियाणा 208 द्वितीय स्थान एसएससीबी तीसरा स्थान उत्तर प्रदेश 114 अंक प्राप्त कर मिला प् महिला कुश्ती में प्रथम स्थान हरियाणा 225 अंक द्वितीय स्थान उत्तर प्रदेश 134 अंक तीसरा स्थान दिल्ली 109 अंक के साथ रहा।

## राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का परिणाम निम्न प्रकार रहा

**फ्री स्टाइल** 61 किलोग्राम में गोल्ड सूरज महाराष्ट्र को सिल्वर मोहित हरियाणा को ब्रोंज रविंद्र एसएससीबी को ब्रोंज निखिल दिल्ली को 74 किलोग्राम में गोल्ड हरियाणा के प्रवीण को सिल्वर दिल्ली के यश को ब्रोंज राजस्थान के मोहित को ब्रोंज उत्तर प्रदेश के मोहित कुमार को 97 किलोग्राम में गोल्ड साहिल पंजाब को सिल्वर विक्की एसएससीबी को ब्रोंज आशीष दिल्ली को ब्रोंज अंकित हरियाणा को 125 किलोग्राम में गोल्ड मोहित हरियाणा को सिल्वर पुष्पेंद्र एसएससीबी को ब्रोंज अनिरुद्ध दिल्ली को ब्रोंज आदर्श महाराष्ट्र को वहीं ग्रीको रोमन फ्रीस्टाइल में 60 केजी किलोग्राम में गोल्ड विकास हरियाणा को सिल्वर विजय एसएससीबी को ब्रोंज प्रवेश दिल्ली को ब्रोंज उदित पटेल मध्य प्रदेश को 63 किलोग्राम में गोल्ड नीरज दिल्ली को सिल्वर केवल बेनीवाल हिमाचल प्रदेश को ब्रोंज अनिल हरियाणा को ब्रोंज करमजीत पंजाब को वही महिला कुश्ती में 55 किलोग्राम भार में गोल्ड अंजू हरियाणा को सिल्वर प्रियंका उत्तराखंड को ब्रोंज आरजू तोमर उत्तर प्रदेश को भ्रमण मध्य प्रदेश को 76 किलोग्राम भार में गोल्ड बिपाशा दिल्ली सिल्वर राखी हरियाणा ब्रोंज नवजोत कौर पंजाब ब्रोंज विजय श्री राजस्थान को प्राप्त हुआ। वहीं विजेता खिलाड़ियों को गोल्डए कांस्य वा रजत मेडल देते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया।

## केंद्रीय मंत्री ने आयोजक मंडल की किया सराहना

**केंद्रीय** मंत्री एवं अमेठी सांसद स्मृति ईरानी ने मंच से संबोधित करते हुए सांसद एवम कुश्ती संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बृज भूषणशरण सिंह एवम अमेठी वासी आयोजक मण्डल सांसद प्रतिनिधि विजय गुप्ता सहित टीम के सभी सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि जिस तरह से भारी बरसात के बीच विषम परिस्थितियों में शॉर्ट सर्किट से लाइट खराब होने के बावजूद भी खेल को संपन्न कराने में सहयोग प्रदान किया उसकी जितनी सराहना की जाए कम है। किसी प्रकार की खेल में कोई बाधा नहीं उत्पन्न होने पाई जिसके लिए आयोजन मंडल की टीम बधाई के पात्र हैं।

## क्विक न्यूज

### जमुनहा संघ कार्यालय पर आंगनवाड़ी कर्मचारी व सहायिका एसोसिएशन की बैठक संपन्न

**श्रावस्ती,जमुनहा।** विकास खण्ड जमुनहा के संघ कार्यालय पर आंगनवाड़ी कर्मचारी व सहायिका एसोसिएशन की एक बैठक आयोजित हुई इस बैठक में एसोसिएशन द्वारा प्रदेश सरकार द्वारा मानदेय के बजाय प्रोत्साहन राशि बढ़ाये जाने पर असंतोष व्यक्त करते हुए नाराजगी जताई गयी। एसोसिएशन की ब्लॉक अध्यक्ष कुसुम लता ने कहा कि 2019 में मुख्यमंत्री द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग द्वारा 1500 रुपए मानदेय बढ़ाने की घोषणा की गई थी लेकिन जब शासनादेश आया तो मानदेय के बजाय उसे प्रोत्साहन राशी में बदल दिया गया। लेकिन वह भी अब तक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को नहीं मिला है। 2021 के अनुपूरक बजट में 1500 रुपए मानदेय की बढ़ोतरी तो की गई लेकिन 14 सितंबर 2021 को शासनादेश मैं वही मानदेय प्रोत्साहन राशि में बदल गया जिसका आंगनवाड़ी कर्मचारी एसोसिएशन निंदा करता हैंए और यदि उपरोक्त प्रोत्साहन राशि को मानदेय में बदला नही गया तो जनपद की सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिकाये अनिश्चितकाल के लिए काम बंद कर हड़ताल को मजबूर होंगेए जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस अवसर पर जिला मंत्री किरन वर्मा, शालिनी, मिथिलेश कुमारी, सुशीला श्रीवास्तव, विमलेश कुमारी, अंतिम देवी, शीला देवी आदि मौजूद रही।

### राप्ती नदी में डूबे युवक का शव 3 दिन बाद बलरामपुर में नदी में उतराता मिला

**श्रावस्ती, इकौना।** थाना इकौना अंतर्गत अंधरपुरवा पुल से राप्ती नदी में तीन दिन पूर्व एक अर्द्ध विछिप्त युवक ने छलांग लगा दी थी जिसकी इकौना पुलिस व एनडीआरएफ तलाश मे लगी थी जिसका शव रविवार को बलरामपुर के टेंगनहिया गांव के पास राप्ती नदी मे उतराता मिला जिसे पुलिस ने बरामदकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नगर पंचायत इकौना के मोहल्ला आजाद नगर निवासी 20 वर्षिय लवकुश कश्यप मनोरोगी था। जो गुरुवार की रात में घर से भाग कर अंधरपुरवा पहुंच गया और राप्ती नदी मे कूद गयाण्एनडीआरएफटीम तीन दिन से नदी मे युवक की तलाश कर रहे थेण् गया था। रविवार को बलरामपुर देहात कोतवाली क्षेत्र के टेंगनहिया मानकोट के निकट राप्ती नदी किनारे ग्रामीणों ने शव पड़ा हुआ देखा । सूचना मिलने पर पिता जगदेव ने मौके पर पहुंचकर शव की पहचान की जिसके बाद बलरामपुर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### विकास समिति ने दिवंगत के घर पहुंचकर की आर्थिक मदद

**बाजारशुकुल, अमेठी।** सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों में अग्रणी शुकुल बाजार विकास समिति ने पिछले दिनों मृतक हुये राम उजेरे यादव के घर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाते हुए शोक संवेदना व्यक्त कर दिवंगत के परिजनों की आर्थिक मदद की है। गौरतलब हो कि क्षेत्र के पूरे शुक्लन गांव निवासी राम उजेरे यादव पुत्र राम लखन यादव का शव गांव के बगीचे में पेंड से लटकता हुआ पाया गया साथ ही मृतक की पत्नी चंदा देवी का निधन दस माह पूर्व कैंसर की बीमारी से हो गया था।दिवंगत राम उजेरे यादव की मौत के बाद आठ नाबालिग बच्चों के भरण पोषण व परवरिश का संकट खड़ा हो गया जिसके बाद सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों में अग्रणी शुकुल बाजार विकास समिति के अध्यक्ष भूपेन्द्र विजय सिंह व समिति के महासचिव मनोज कुमार त्रिपाठी ने समिति के पदाधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से रविवार को दिवंगत राम उजेरे यादव के घर पहुंचकर परिजनों व दिवंगत के बच्चों से मुलाकात कर ढांढस बंधाते हुये शोक संवेदना व्यक्त कर दिवंगत की पुत्री को दस हज़ार रुपये देकर आर्थिक मदद की है और हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया है।शुकुल बाजार विकास समिति द्वारा की गई आर्थिक मदद के पहल की लोगों ने सराहना की है। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष भूपेन्द्र विजय सिंहएमनोज त्रिपाठीएरमेश तिवारीएपवन शर्माएदिनेश तिवारी सहित शोभनाथ द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

### डीह पुलिस ने अपराध के खिलाफ छेड़ा अभियान

**छतोह, रायबरेली।** पुलिस अधीक्षक के सक्षम निर्देशन में थाना डीह की पुलिस निरन्तर कामयाबी की नई इबारतें लिख रही है।क्षेत्राधिकारी सलोन इन्द्रपाल सिंह के पर्यवेक्षण में डीह के तेजतर्रार थानाध्यक्ष पवन प्रताप सिंह ने अपराध के विरुद्ध अभियान छेड़ दिया है। निरन्तर सक्रियता, सतर्कता और पैनी नज़र का परिणाम है कि उन्होंने अपने ही थाना क्षेत्र के पूरे गौतमन, रैधरा , टेकारी दाँदू, ईश्वरी बक्स का पुरवा में हुई चोरियों का पर्दाफाश करने में सफलता प्राप्त की है। सी.ओ. सलोन इंद्रपाल सिंह ने थानाध्यक्ष पवन प्रताप सिंह की प्रशंसा करते हुये चार चोरों को पेश किया। उन्होंने बताया कि डीह थाने की पुलिस ने इन चोरों को पकड़कर इनके पास से नगदी, ज़ेवर, सहित लगभग 12 लाख रुपए का माल बरामद किया है। चोरों के पास से असलहा व कारतूस सहित चोरी में प्रयुक्त होने वाले औजार भी बरामद हुये हैं। उन्होंने बताया कि सतीश कुमार पुत्र रामज्ञान, सोनेलाल पुत्र दूधनाथ व कमलेश पटेल पुत्र राजू मिस्त्री निवासी गण मुरारमऊ थाना ऊँचाहार व चंद्रकेश पुत्र छोटेलाल यादव निवासी भंगरी मजरे उमरन थाना सलोन को पकड़कर नियमानुसार जेल भेजा जा रहा है। थानाध्यक्ष पवन प्रताप सिंह ने उपनिरीक्षक महेश कुमार,उपनिरीक्षक सन्तोष कुमार और हमराही आरक्षियों के साथ यह सफलता प्राप्त की है।

### प्रतिभा सम्मान से नवाजे गए चित्रकार गब्बर

**लालगंज ( रायबरेली )।** चावल के दानों से चित्र बनाकार चर्चा मे आए क्षेत्र के चांदा गॉव के रहने वाले चर्चित चित्रकार को युवा विकास समिति के द्वारा आयोजित हिंदी दिवस समारोह कार्यक्रम मे सम्मानित किया ! यह सम्मान चित्रकार गब्बर को कम समय मे अपनी कला के माध्यम से क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए दिया गया द्य चित्रकार गब्बर को यह सम्मान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे बैसवारा डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डा. निरंजन राय , बैसवारा इंटर कॉलेज के प्रवक्ता वीरेंद्र शुक्ला व चंद्रशेखर मेमोरियल स्कूल के प्रिंसिपल दीप प्रकाश शुक्ला ने प्रतिक चिंह देकर सम्मानित किया व उनके द्वारा किए जा रहे कार्य की प्रसंसा करते हुए आगे भी प्रयास जारी रखने को कहा।

# साढ़े चार साल में विकसित प्रदेश बना यूपीः सिद्धार्थनाथ सिंह

● साढ़े चार साल के कार्यों का प्रभारी मंत्री ने दिया लेखा-जोखा

संवाददाता। गोंडा

प्रदेश सरकार के कार्यकाल के स्वर्णिम साढ़े चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने जनपद पहुंचकर सरकार द्वारा प्रदेश व यहां कराए गए विकास कार्यों एवं जनकल्याणारी योजनाओं का ब्यौरा प्रस्तुत किया।

जिला पंचायत सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार के चार साल छः माह पूर्ण हो रहे हैं। जिसमें सरकार ने समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए काम किया और तमाम विकासपरक व जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार ने सड़क, सुरक्षा, कानून व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, स्वच्छता, रोजगार सृजन सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उल्लेखनीय कार्य करते हुए विकास का नया आयाम स्थापित किया है। अब हमारा प्रदेश बीमारू प्रदेश नहीं बल्कि विकसित प्रदेश के रूप में स्थापित हो रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान जब पूरी दुनिया तबाह हो रही थी, उस समय मुख्यमंत्री जी के कोविड प्रबन्धन की प्रशंसा पूरे विश्व में हुई है और उ0प्र0 दुनिया का सबसे अधिक कोविड वैक्सीनेशन कराने वाला राज्य बन सका है। जिले के चहुंमुखी विकास के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से इन साढ़े चार साल में किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत करते हुए उन्होंने कहा कि यहां 50 हजार से अधिक किसानों को किसान सम्मान निधि, 2 लाख 41 हजार लोगों का गोल्डन कार्ड, पांच वनटांगिया गांवों को मुख्य धारा से जोड़ते हुए आवास, शौचालय, पेंशन, बिजली सहित सभी योजनाओं से आच्छादित किया गया। जनपद में 1530 कि0मी0 कुल लम्बाई की 402 सड़कों का निर्माण कराया गया है। वर्तमान में जिले में 321 कि0मी0 सड़क का निर्माण चल रहा है। जनपद में 22 पुलों का निर्माण लक्षित है। जिसमें से 04 पुलों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है तथा गड्ढा मुक्त योजना के तहत लगभग 2 हजार कि0मी0 कुल लम्बाई की सड़कों को गड्ढा मुक्त किया गया।

इस दौरान भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष शेष नरायन मिश्र, जनपद प्रभारी/एमएलसी अवनीश सिंह, विधायक कटरा बाजार बावन सिंह, सदर प्रतीक भूषण सिंह, मेहनौन विनय द्विवेदी, तरबगंज प्रेम नरायन पाण्डेय, गौरा प्रभात वर्मा, जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप बमबम, पूर्व अध्यक्ष सूर्य नरायन तिवारी, डीएम मार्कण्डेय शाही, एसपी संतोष कुमार मिश्रा, सीडीओ शशांक त्रिपाठी, संजीव सिंह, दीपक अग्रवाल, राजेश चन्दानी आदि उपस्थित रहे।


लाभार्थी को नियुक्ति पत्र देते प्रभारी मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह व विधायक विनय द्विवेदी उर्फमुन्ना भैया

## 36 कोरोना योद्धाओं सहित 98 लोगों को मिला नियुक्ति पत्र

गोंडा। प्रदेश सरकार के कार्यकाल के साढ़े चार वर्ष पूरे होने के अवसर पर जिला पंचायत सभागार जनपद के प्रभारी मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह व स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा पंचायत चुनाव के दौरान कोरोना संक्रमण से दिवंगत 36 कर्मियों के परिजनों को 30-30 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि देने के साथ ही उनके विभिन्न देयकों के साथ ही उनके वैधानिक वारिसान को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर कोविड व नान कोविड मृतकों के 98 आश्रितों को मृतक आश्रित कोटे से नौकरी का नियुक्ति पत्र दिया गया। नियुक्ति पत्र पाने वालों में लोक निर्माण विभाग के 08, बेसिक शिक्षा के 46, पंचायतीराज विभाग के 11, ग्राम्य विकास विभाग के 06, माध्यमिक शिक्षा के 13, पशुपालन के 05, कृषि विभाग के 02, कार्यक्रम विभाग के 2, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के 01, जल निगम के 02 तथा भूमि संरक्षण विभाग के 01 मृतक कर्मियों के कुल 98 परिजन शामिल हैं।

## पंखे का प्लग लगाते करेंट से तीन की मौत

बस्ती। दुबौलिया थाना क्षेत्र के जमुनी जोत गांव में पंखे का प्लग लगाते समय करंट की चपेट में आने से माँ समेत तीन मासूम गम्भीर रूप से झुलस गये। अस्पताल में तीन को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि एक का इलाज निजी चिकित्सक के यहां चल रहा है। जानकारी के अनुसार जमुनी जोत गांव निवासी रामपाल की तीस वर्षीय पत्नी मैना देवी रविवार दोपहर करीब बारह बजे खाना खा कर अपने सात वर्षीय पुत्री चांदनी, पल्लवी पांच वर्ष एवं एक वर्षीय पुत्र प्रेम के साथ कमरे में आराम करने जा रही थी। कमरे में पहुंच कर मैना देवी अपने एक वर्षीय बेटे प्रेम को गोद में लेकर टेबल फैन पंखे का प्लग बोर्ड में लगा रही थी। अचानक करंट की चपेट में आ गई। माँ को तड़पता देख दोनों बेटी चांदनी और पल्लवी, माँ को छुड़ाने लगी। जिससे चारो करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन इलाज के लिए बहादुरपुर (कलवारी) सीएचसी ले गए जहां चिकित्सकों ने मैना देवी, चांदनी एंव बेटे प्रेम को मृत घोषित कर दिया। जबकि पल्लवी का इलाज विशेषरगंज कस्बे में निजी चिकित्सक के यहां चल रहा है।

# उत्तर प्रदेश ने विकास के नये आयाम खड़े किए

● मंत्री ने गिनाई सरकार के साढ़े चार साल की उपलब्धियां

● जिला अस्पताल के 'एसआईसी' पर गिरी गाज

संवाददाता। बस्ती


भाजपा सरकार के साढ़े चार साल की उपलब्धियां बताते ग्राम्य विकास मंत्री मोती सिंह

योगी सरकार के साढ़े चार साल के कार्यकाल की उपलब्धियां बताने के लिए सर्किट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता में जिले के प्रभारी एवं ग्राम्य विकास मंत्री राजेंद्र सिंह उर्फ मोती सिंह ने एक स्वर में पत्रकारों की शिकायत पर जिला अस्पताल के एसआईसी डा. आलोक वर्मा को तत्काल कार्यमुक्त करने और उनका प्रभार किसी अन्य डाक्टर को देने का निर्देश डीएम सौम्या अग्रवाल को दिया। एसआईसी पर आरोप लगाया कि यह अपारेशन के नाम पर डाक्टरों से 30 फीसद कमीशन मांगते हैं, नियम विरुद्ध खरीद फरोख्त करते हैं, और पत्रकारों को दवा सहित अन्य कोई सुविधा नहीं देते। नाराज मंत्री ने डीएम को त्वरित कार्रवाई करने को कहा। प्रभारी मंत्री को भ्रष्टाचार से अनेक सवालों का भी सामना करना पड़ा। योगी सरकार के पिछले साढ़े चार साल की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि आज प्रदेश का जितना विकास हुआ, उतना 70 साल में भी नहीं हुआ, योगी गुड गवर्नेस से प्रदेश की जनता खुश है। महिलाओं को जो अधिकार और सम्मान मोदी और योगी ने दिया, उतना किसी ने भी नहीं दिया। सड़कों का जाल बिछवाया। जिले में पांच अरब 35 करोड़ की लागत से 521 नवीन सम्पर्क मार्गों का निर्माण हुआ। 58.92 करोड़ की लागत से नौ सेतु का निर्माण हुआ, पांच निर्माणधीन है। 1492 करोड़ से अधिक का गन्ने का भुगतान हुआ। 51225 आवासविहीन को प्रधानमंत्री आवास दिया गया। 636 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री आवास स्वीकृति हुआ। मनरेगा में 922 करोड़ खर्च हुआ। 238 आंगवाड़ी भवन का निर्माण हुआ। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत 176479 गरीबों को निःशुल्क गैस कनेक्शन दिया गया। 5600 बेरोजगार युवक एवं युवतियों को रोजगार मिला।

# क्षत्रिय समागम में उमड़े दिग्गज, कहा-समाज में क्षत्रिय की भूमिका अहम

● देश में अपनी प्रतिभा से राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति अर्जित करने वाले हुए सम्मानित

● राजनीति से दूर रहा क्षत्रिय समागम का आयोजन

संवाददाता। संतकबीरनगर


मंच पर सम्मानित होती डॉ0 सोनी पायनियर

क्षत्रिय महासभा राजपूत समाज (अखण्ड भारत) के बैनर तले खलीलाबाद धनघटा मार्ग स्थित बनियाबारी के निकट एक हाल में बहुत बड़े स्तर पर क्षत्रिय समागम का आयोजन हुआ। जिसमें देश प्रदेश के विभिन्न जनपदों से क्षत्रिय समाज के दिग्गजो का जमावड़ा हुआ। भारी संख्या में उमड़े क्षत्रिय समाज के लोगों ने अतित व वर्तमान पर चिन्तन करते हुए क्षत्रिय समाज में वर्तमान समय में परिस्थितियों पर चर्चा हुई। विद्वानजनो ने अपने-अपने विचारों को रखा। इस अवसर पर देश के विभिन्न क्षेत्रो में अपनी प्रतिभा से विश्व एवं राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति अर्जित करने वाले शख्सियत को सम्मानित किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारम्भ महिला मोर्चा की दीप प्रज्जवलित कर किया। तदोपरान्त ग्राम गंगा देवरिया निवासी समाजसेवी स्व0 राजेश सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रदीप सिंह सिसौदिया ने किया। क्षत्रिय समाज के विद्वानो ने कहा कि इतिहास के पन्नो से लेकर अब तक क्षत्रिय समाज ने देशहित में बलिदान देकर अपने जीवन को समाप्त किया है। हमेशा क्षत्रिय समाज ने गरीबो की सेवा की है। कभी जाति-पाति को अपने अन्दर नही रखा है। सर्वसमाज के लोगो की मदद करने में सबसे आगे क्षत्रिय समाज रहा है। कार्यक्रम में भारी संख्या के लोगो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का सफल आयोजन वेदप्रकाश सिंह ने सम्पन्न कराया। इस अवसर पर डॉ0 शालिनी सिंह, सुधाशु सिंह, रामकुमार सिंह, धीरेन्द्र प्रताप चन्द, दिग्पाल पाल, हरिवंश सिंह, डॉ0 सोनी सिंह सहित भारी संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### अग्रहरि समाज के अध्यक्ष चुने गए विदुप अग्रहरि

फतेहपुर। अग्रहरि समाज के आज यहां सम्पन्न हुए चुनाव में कुल पड़े 214 मतों में 181 मत प्राप्त कर विदुप अग्रहरि अध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किए गए। प्रदेश स्तर के इस प्रतिष्ठा पूर्ण चुनाव में 199 वोट प्राप्त कर कुल भास्कर अग्रहरि महामंत्री व 141 मत प्राप्त कर अनिरुद्ध अग्रहरि कोषाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए। अग्रहरि समाज की प्रदेश भर से मूर्धन्य हस्तियां व बड़ी संख्या में सजातीय बंधु 20वीं कार्यकारिणी समिति के निर्वाचन कार्यक्रम में भाग लेने पहुंची। निर्वाचन मुख्य चुनाव आयुक्त एवं पूर्व मंत्री बाबू राधेश्याम गुप्त अग्रहरि व चुनाव आयुक्त सोम चंद्र अग्रहरि की देखरेख में सम्पन्न हुआ। इस दौरान कुछ देर के लिए केंद्रीय मंत्री एवं इस जनपद की सांसद साध्वी निरंजन ज्योति भी पहुंची जिनका स्वागत किया गया। प्रमुख रूप से विधायक अयाह शाह विकास गुप्त अग्रहरिए उद्योगपति गोपाल कृष्ण गुप्त अग्रहरि आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

### आयुष बने भाजयुमो के नगर अध्यक्ष

फतेहपुर। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा ने देवीगंज निवासी आयुष अग्रहरि को युवा मोर्चा का नगर उपाध्यक्ष दक्षिणी मनोनीत किया है। आयुष के जिला उपाध्यक्ष मनोनीत होते ही भाजपा युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने नव मनोनीत नगर अध्यक्ष के आवास पहुँच कर माल्यार्पण किया। आयुष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ को आदर्श बताते हुए उनके नेतृत्व में देश व प्रदेश के विकास के पथ पर अग्रसर होने की बात कही। इस मौके पर अखिलेश सिंह, अनुपम सिंह, रितेश कुमार सोल्ड आदि उपस्थित रहे।

### बरसात के पानी में डूबकर किशोर की मौत

फर्रुखाबाद। बरसात के पानी में नहाने गये युवक गंभीर हो गया। उसके परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन उसे सीएचसी लेकर पंहुचे। लेकिन चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। राजेपुर कस्बा निवासी दूर्पाल सिंह का 12 वर्षीय पुत्र शिवेंद्र गाँव के निकट की खेत में भरे बरसात में पानी में नहाने गया था। उसके साथ उसके तीन दोस्त भी नहाने गये थे। शिवेंद्र अचानक गहरे गड्ढे में चला गया। जिसके बाद वह पानी में डूब गया। ग्रामीणों कड़ी मसक्कत के बाद उसे पानी से बाहर निकाला। परिजन उसे सीएचसी लेकर पंहुचे। जहाँ चिकित्सक प्रमीत राजपूत ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### प्रेमी ड्राइवर ने कमरे में ही की थी शिवांगी की हत्या: तीनों सहायक लोको पायलट निलंबित

फर्रुखाबाद। रेलवे के प्रेमी ड्राइवर ने कमरे में ही शिवांगी की हत्या की थी। रेलवे ने तीनों सहायक लोको पायलटों को को निलंबित कर दिया है। थाना नवाबगंज के ग्राम रसूलपुर निवासी अरुण कुमार अग्निहोत्री की युवा पुत्री शिवांगी का करीब एक वर्ष से रेलवे के सहायक लोको पायलट अश्वनी राजपूत से प्रेम प्रसंग चल रहा था। छिबरामऊ इलाके में रहने वाला अविवाहित अश्वनी कोतवाली फर्रुखाबाद के मोहल्ला गढी नवाब न्यामत खां मोहन पैलेस के सामने गली निवासी रमेश शर्मा के मकान में अकेले किराए पर रहता था। शिवांगी की हत्या से रमेश शर्मा के पड़ोसी हैरान व परेशान हैं। पड़ोस की महिलाओं ने मीडिया को बताया कि शिवांगी करीब एक वर्ष से अक्सर मुंह ढककर कमरे में सुबह आ जाती थी और शाम को चली जाती थी। जब पड़ोस के लोगों ने अश्वनी से युवती के आने पर एतराज जताया तो अश्वनी ने उन्हें बताया कि क्या मैं बहन को परीक्षा नहीं दिलवा सकता हूं। बताया गया कि जब शिवांगी घर से आती थी तो वह अश्वनी को फोन कर देती था अश्वनी काले रंग की अपाचे बाइक से उसे कमरे में लाता था और शाम को उसे छोड़ने जाता था। घटना वाली शाम 4.30 बजे पड़ोस की महिलाएं मकान के बाहर नगर पालिका के नल से पानी भर रही थी। तभी उन्होंने एक अधेड़ व्यक्ति को शिवांगी को कंधे पर लादकर ले जाते देखा था। थोड़ी देर में अश्वनी भी बाइक से चला गया बाद मे बाइक से कमरे पर लौट आता था और उसके बाद जाने के बाद वापस नहीं लौटा।

### भाजयुमो ने लगाया रक्तदान शिविर

फतेहपुर। भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71वें जन्मोत्सव कार्यक्रम के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति एवं जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा मधुराज विश्वकर्मा ने किया। जनपद के छः विधानसभाओं के समस्त 23 मंडलों से 71 कार्यकर्ताओं ने रक्तदान एवं परीक्षण कराया। रक्तदान करने वालों में जिला महामंत्री प्रसून तिवारी, आर्य कुमार, सत्यम उमराव, कोमल सिंह, विमल सिंह, अंकित पटेल, प्रांजुल सिंह, सुधांशु सिंह, संत शरण तिवारी, अरुण सिंह, शिवम सिंह आदि ने किया। केंद्रीय मंत्री ने सभी रक्तदाता ओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि रक्तदान करने से किसी प्रकार की बीमारी नहीं होती साथ ही साथ नवीन ऊर्जा का संचार भी होता है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष ने बताया कि युवा मोर्चा प्रत्येक जरूरतमंद के साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़ा है। किसी भी व्यक्ति को खून की कमी से मृत्यु नहीं होने पाएगी। इस अवसर पर जिला महामंत्री भाजपा पुष्पराज पटेल, पंकज तिवारी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, सर्यक्रम संयोजक रोहित कश्यप, जिला उपाध्यक्ष विमलेश पांडेय, वैभव द्विवेदी, जिला महामंत्री ऐश्वर्य सिंह चंदेल आदि मौजूद रहें।

## दर्जनों युवाओं ने किया रक्तदान



विक्रमजोत, बस्ती। विक्रमजोत विकास क्षेत्र के अवधेश सिंह होटल एवं रिसोर्ट के हाल में रविवार को अवधेश सिंह चौरिटेबल ट्रस्ट की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर में दर्जनो युवाओं सहित संस्थान के कर्मचारियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी व सपा नेता प्रमोद कुमार सिंह उर्फ पप्पू ने फीता काट कर किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। प्रत्येक क्षण किसी न किसी को रक्त की जरूरत पड़ती है ऐसे में हम सभी का कर्तव्य बनता है कि हम जरूरत मंदों के काम आए। इस दौरान कवलपुर के ग्राम प्रधान कवलपुर विपिन सिंह, बसंत अग्रहरी, महेश पटवा, महेंद्र सिंह, हिमांशु सिंह, विकास सिंह, मनीष पांडेय, मनीष सिंह, शुभम सिंह, डॉ सौरभ सिंह, विनय सिंह, आशुतोष सिंह, अखिलेंद्र सिंह, आशीष कसौधन आदि लोग रक्तदान शिविर का हिस्सा बने और रक्तदान किया।

# आईएमए ने किया सतत शैक्षिक का आयोजन

संवाददाता। बस्ती


दीप प्रजवलित कर कार्यक्रम का उदघाटन करते डाक्टर

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बस्ती की ओर से सतत शैक्षिक कार्यक्रम का आयोजन अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में स्थानीय होटल में संपन्न हुआ। उद्घाटन आईएमए बस्ती के संरक्षक डॉ. केके तिवारी ने दीप प्रज्वलित करके किया। जिसमें चंदन अस्पताल, लखनऊ से आए हुए विशेषज्ञ चिकित्साविदों जिसमें डॉ अमितेश पाठक (दर्द निवारण विशेषज्ञ), डॉ. मनमीत सिंह यूरोलोजिस्ट एवं गुर्दा प्रत्यारोपण विशेषज्ञ एवं डॉ. अनुपम सिंह हृदय रोग विशेषज्ञ ने विभिन्न प्रकार के होने वाले दर्द निवारण के प्रबंधन, गुर्दे की क्रियाशीलता में कमी एवं हृदय रोग संबंधी जानकारी विस्तार पूर्वक व्याख्यान माला एवं स्लाइड प्रदर्शन के माध्यम से दिया। बचाव व निवारण के बारे में भी बताया। सचिव डॉ. नवीन कुमार श्रीवास्तव ने भी बाहर से आए डाक्टरों का स्वागत किया। कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में आए दिन नई-नई तकनीकी का सृजन हो रहा है। इस लिए इसकी जानकारी चिकित्सकों को होना आवश्यक हो जाता है। कहा कि इस प्रकार का आयोजन होते रहना चाहिए। संचालन सुबोध कौल ने किया। इस अवसर पर डॉ. अभिजात कुमार, डॉ. प्रवीन कुमार श्रीवास्तव, डॉ. प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, डॉ. एपीडी द्विवेदी, डॉ. आरके सिंह, डॉ. आभा सिंह, डा. शशि श्रीवास्तव, डॉ. श्वेता श्रीवास्तव, डॉ. सत्येंद्र राय, डॉ. रेनू राय, डॉ उषा सिंह, डॉ. अरुण कुमार, डॉ. एनके चौधरी, डॉ. अनिल कुमार चौधरी, डॉ. सीमा चौधरी, डॉ. अर्चना चौधरी, डॉ. कैप्टन एससी मिश्रा, डॉ. पीएल मिश्रा, डॉ. अनिल कुमार चौधरी, डॉ. अश्वनी कुमार सिंह, डॉ. प्रमिला सिंह, डॉ. दीपक श्रीवास्तव, डॉ. हेमा श्रीवास्तव, डॉ. केपी सिंह, डॉ. मुश्ताक अहमद खान, डॉ. राशिद अहमद खान, डॉ. अभिनव चौधरी एवं डॉ. पीके चौधरी सहित अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।

## 21 को होगा कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ का चुनाव

संतकबीरनगर। उ0प्र0 मिनिस्ट्रीयल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ शाखा संतकबीरनगर के विभिन्न पदो के लिए चुनाव आगामी 21, सितम्बर 2021 को होगा। यह जानकारी नामित चुनाव अधिकारी योगेश चौधरी ने दी है। श्री चौधरी ने बताया कि उ0प्र0 मिनिस्ट्रीयल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ शाखा संतकबीरनगर के अध्यक्ष, मंत्री व अन्य पदो के लिए चुनाव कराया जायेगा। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया के संबंध में बताया कि 21, सितम्बर को ही नामांकन पत्र का विक्रय पूर्वाह्न 11 बजे से 12 बजे तक होगा। नामांकन पत्रों का दाखिला 12 बजे से 1 बजे अपरान्ह तक होगा। अपरान्ह 1 बजे से 2 बजे तक आवेदन पत्रों की जांच व वापसी होगी। मतदान अपरान्ह 2 बजे से 4 बजे तक होगा तथा अपरान्ह 4 बजे से मतगणना कार्य की समाप्ति तक होगी। इस चुनाव में कुल 34 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिसमें प्रधान सहायक, वरिष्ठ सहायक व कनिष्ठ सहायक शामिल हैं।

# महिला मोर्चा कार्यसमिति की बैठक, सांसद ने सरकार की उपलब्धियों को बताया

संतकबीरनगर। भारतीय जनता पार्टी के महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नीरज गुप्ता की अध्यक्षता मे रविवार को खलीलाबाद स्थित एक होटल मे महिला मोर्चा कार्यसमिति की बैठक आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा अमिता गुप्ता, जिलाध्यक्ष अध्यक्ष जगदंबा लाल श्रीवास्तव, सांसद इं0 प्रवीण निषाद, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सुनीता अग्रहरी संचालन तारा राय ने किया। मुख्य अतिथि अमिता गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के बदौलत ही फिर से भाजपा की सरकार लाने का कार्य किया जाएगा। मुख्य अतिथि ने कहा कि सरकार निचले पायदान तक लोगों को सीधा लाभ देने का कार्य कर रही है तथा अब जिसका जितना अधिकार व हक है उसको उतना सरकार द्वारा सहयोग मिल रहा है। ऐसे में जनता के बीच सरकार की विश्वसनीयता कायम है तथा इसी विश्वसनीयता के बल पर 2022 में फिर योगी सरकार लाने का कार्य किया जाएगा। केंद्र सरकार की विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं का सफलतम क्रियान्वयन हो रहा है। जिलाध्यक्ष जगदंबा श्रीवास्तव ने बताया कि पूरा प्रदेश अपराध मुक्त हो रहा तथा अपराधियो में खौफव्याप्त है। जिलाध्यक्ष नीरज गुप्ता ने बताया कि धीरे-धीरे जनता में भाजपा की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है इसका प्रत्यक्ष प्रमाण स्थानीय पंचायत चुनाव को देखने से लगता है। कार्यक्रम में कोरोना योद्धाओं का भी सम्मान किया गया जैसे प्रियंका कादू, संगीता कादू, निर्मला देवी, सरोज पाण्डेय, सावित्री गुप्ता और गोरखपुर से चलकर आई महिला मोर्चा की विधानसभा प्रभारी अंजना सोनकर, खलीलाबाद मधु सोनकर मेहदावल, ममता जायसवाल धनघटा व पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष उर्मिला त्रिपाठी त्रिपाठी, श्रीमती सरोज नंदनी, कमला गाँड आदि लोग उपस्थित रहे।

# न्याय हेतु अधिकारियों के यहां गुहार लगा रही नवविवाहिता

गोंडा। एक नवविवाहिता को दहेज के लिए उसके पति व सास, ससुर द्वारा प्रताड़ित करने के साथ-साथ उसे जलाने का प्रयास किया गया। इसके साथ ही उसका विरोध करने पर उसे गर्म चाकू से उसके बदन पर जलाया गया। पीड़िता लगातार पुलिस के चक्कर काट रही है। मगर उसकी एफआईआर नहीं दर्ज हो रही है। यही नहीं ससुराली जनों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। अब वह अपने मायके में रह कर कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों से गुहार लगा रही है। कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के ग्राम गौरवा खुर्द निवासी धनीराम का आरोप है कि उसने अपनी बेटी राधा देवी का विवाह तीन वर्ष पहले थाना उमरी बेगमगंज क्षेत्र के ग्राम जफापुर के मजरा बरहन पुरवा निवासी सुनील कुमार के साथ किया था। शादी के बाद से ही दहेज के लिए उसकी बेटी को लगातार प्रताड़ित किया जाने लगा और घर से निकाला गया। कई बार पंचायतन उसे ससुराल भेजा गया। उसके बावजूद सुनील उसे धमकी देता रहा कि हमारा घर व प्लाट दिल्ली में और उमरी बेगमगंज में है। अगर मेरी शादी दूसरी जगह होती तो मुझे चार पहिया कार मिलती। तुम अपने पिता से कार या फिर दो लाख रुपये मंगवा कर दो तभी रहने देंगे। इसी बात को लेकर 9 सितंबर को उसे मारा पीटा गया। जिसकी शिकायत उसकी बेटी ने उमरी बेगमगंज थाने में किया। जिस पर पुलिस ने धारा 323, 504 के तहत एनसीआर दर्ज कर लिया और समझा-बुझाकर उसे फिर ससुराल भेज दिया। जहां उसके पति, सास व ससुर ने रात में उसके हाथ पैर बांधकर जलाने का प्रयास किया। जिसका विरोध करने व शोर मचाने पर उसे गर्म चाकू से उसके शरीर को जलाया गया और घर से भगा दिया गया। वह किसी तरह अपने भाई को फोन करके बुलाकर अपने मायके चली गई है। धनीराम का कहना है कि उसकी बेटी ने उमरी बेगमगंज थाने में तहरीर दिया मगर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, उसके बाद पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया गया है जिस पर भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

# साढ़े चार वर्ष में सर्व समाज है खुशहालः सांसद इं. प्रवीण

● सबका साथ सबका विकास के साथ साढ़े चार वर्षों में जनता की सेवा कियेः सदर विधायक जय चौबे

संवाददाता। संतकबीरनगर


प्रेस वार्ता करते सांसद एवं विधायक पायनियर

भाजपा सांसद इं0 प्रवीण निषाद ने कहा कि प्रदेश सरकार के साढ़े चार वर्ष के कार्यकाल में जनपद संतकबीरनगर की सर्व समाज की जनता खुशहाल है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साढ़े चार वर्ष कार्यकाल पूर्ण होने पर रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की उपस्थिति में सांसद एवं विधायकों ने मीडिया से वार्ता कर सरकार के कार्यकाल की उपलब्धियों को गिनाया। सांसद इं0 प्रवीण निषाद ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश का कमान संभालते ही विकास कार्यों को गति देने तथा आम जनता को मूलभूत सुविधाएं आसानी से उनके गांव तक पहुँचे इसकी प्राथमिकता रखते हुए उन्होंने कार्य शुरू किया। उन्होंने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना आपदा के समय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों के जीवन को सुरक्षित रखने में अहम योगदान दिया। आज प्रदेश के हर जनपदों में आक्सीजन प्लांट की सुविधा उपलब्ध है। राशन कार्ड धारको को निशुल्क खाद्यान्न सामग्री मिल रहा है। किसानों को किसान सम्मान योजना, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन तथा बेरोजगारो को रोजगार और पढ़ाई लिखाई करने वाले बच्चों को सरकार आर्थिक मदद कर उनके पढ़ाई को आगे बढ़ाने का कार्य की है। उन्होंने कहा कि पिछले 12, सितम्बर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनपद में पहुँचकर कई विकास कार्यों का लोकार्पण करते हुए जनपद संतकबीरनगर में नवनिर्मित जिला कारागार का लोकार्पण किये। खलीलाबाद सदर विधायक दिग्विजय नारायण जय चौबे ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिस तरह से सबका साथ सबका विकास के साथ प्रदेशवासियों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभ पहुचाया। इसी क्रम में उन्होने जनता के बीच में रहकर साढ़े चार वर्ष से उनके दुख सुख में सेवा करते रहे है। उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों को मूलभूत सुविधाए व सरकार की योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए उन्होंने सबसे पहले पहल कर लाभार्थी को योजना का लाभ दिलाया है। मेंहदावल विधायक राकेश सिंह बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल में पिछली सरकारो के सापेक्ष साढ़े वर्ष के कार्यकाल में संतकबीरनगर में सर्वाधिक चौमुखी विकास कार्य हुआ है और जो कुछ अधूरा रह गया है आगामी 6 माह के अन्दर पूरा होगा। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। प्रेसवार्ता के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व मनोज कुमार सिंह, पीडी डीआरडीएम दुर्गा दत्त शुक्ला, सीएमओ डॉ इन्द्र विजय विश्वकर्मा, डीएसटीओ एन0के0 सिंह, श्रीमती प्रियंका यादव, श्वेता त्रिपाठी, डीआईओएस गिरीश कुमार सिंह सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुंबई को मिला 157 रनों का लक्ष्य

## चेन्नई के रुतुराज गायकवाड़ ने जड़ा नाबाद अर्धशतक

**भाषा** । दुबई

**सलामी** बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ के नाबाद अर्धशतक के अलावा ड्वेन ब्रावो की तूफानी पारी से चेन्नई सुपरकिंग्स ने बेहद खराब शुरुआत से उबरते हुए इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां मुंबई इंडियन्स के खिलाफ छह विकेट पर 156 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया।

मई में आईपीएल के जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में कोविड-19 संक्रमण के कई मामले आने के बाद भारत में सत्र को निलंबित किए जाने के बाद सत्र बहाल होने पर यूएई में पहला मुकाबला है। गायकवाड़ ने आईपीएल करियर की अपनी सर्वश्रेष्ठ पारी दौरान 58 गेंद का सामना करते हुए चार छक्कों और नौ चौकों की मदद से नाबाद 88 रन की पारी खेली। उन्होंने रविंद्र जडेजा (26) के साथ पांचवें विकेट के लिए 81 और ब्रावो (आठ गेंद में 23, तीन छक्के) के साथ छठे विकेट के लिए 39 रन जोड़कर टीम का स्कोर 150 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

चेन्नई की टीम अंतिम नौ ओवर में 109 रन जोड़ने में सफल रही। मुंबई की ओर से एडम मिल्ने ने 21, जसप्रीत बुमराह ने 33 और ट्रेंट बोल्ट ने 35 रन देकर दो दो विकेट चटकाए। सुपरकिंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया जो सही साबित नहीं हुआ। बोल्ट ने पहले ओवर की पांचवीं गेंद पर ही फाफ डुप्लेसिस (00) को थर्ड मैन पर मिल्ने के हाथों कैच करा दिया। मोईन अली भी अगले ओवर में खाता खोले बिना मिल्ने की गेंद पर कवर प्वाइंट पर सौरभ तिवारी को कैच दे बैठे। इसी ओवर की अंतिम गेंद अंबाती रायुडू की कोहनी पर लगी और उन्हें रिटायर्ड हर्ट होकर वापस लौटना पड़ा।

सुरेश रैना (04) ने तीसरे ओवर में बोल्ट पर पारी का पहला चौका जड़ा लेकिन इसी ओवर में प्वाइंट पर राहुल चाहर को कैच दे बैठे। इस शॉट के दौरान रैना का बल्ला भी टूट गया। गायकवाड़ ने मिल्ने पर दो जबकि बोल्ट पर एक चौका जड़ा।

मिल्ने ने हालांकि पावर प्ले की अंतिम गेंद पर धोनी (03) को पवेलियन भेजकर सुपरकिंग्स का स्कोर चार विकेट पर 24 रन किया। गायकवाड़ और जडेजा ने विकटों के पतन पर विराम लगाया लेकिन पावर प्ले के बाद 11वें ओवर तक कोई बाउंड्री नहीं लगी। गायकवाड़ ने 12वें ओवर में कृणाल पंड्या पर छक्के के साथ बाउंड्री के सूखे को खत्म किया और टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया। इसी ओवर में जडेजा ने भी चौका मारा। गायकवाड़ और जडेजा के बीच अर्धशतकीय साझेदारी 13वें ओवर में पूरी हुई। गायकवाड़ ने मुंबई के कार्यवाहक कप्तान कीरोन पोलार्ड पर चौके के साथ 41 गेंद में छठा आईपीएल अर्धशतक पूरा किया। गायकवाड़ ने बुमराह पर छक्का जड़ा लेकिन इस तेज गेंदबाज ने जडेजा को पोलार्ड के हाथों कैच कराके 81 रन की साझेदारी को तोड़ दिया। ड्वेन ब्रावो ने आते ही तूफानी तेवर दिखाए। उन्होंने मिल्ने पर छक्का जड़ने के बाद 19वें ओवर में बोल्ट पर तीन छक्के से 24 रन बटोरे।

बुमराह ने अंतिम ओवर में ब्रावो को पवेलियन भेजा लेकिन गायकवाड़ ने चौका और फिर अंतिम गेंद पर छक्के के साथ टीम का स्कोर 150 रन के पार पहुंचा दिया।


नाबाद अर्धशतकीय पारी के दौरान एक गेंद को बाउंड्री के बाहर भेजते रुतुराज गायकवाड़

### स्कोर बोर्ड

चेन्नई सुपरकिंग्स: रुतुराज गायकवाड़ नाबाद 88, फाफ डुप्लेसिस का मिल्ने बो बोल्ट 00, मोईन अली का तिवारी बो मिल्ने 00, अंबाती रायुडू रिटायर्ड हर्ट 00, सुरेश रैना का चाहर बो बोल्ट 04, महेंद्र सिंह धोनी का बोल्ट बो मिल्ने 03, रविंद्र जडेजा का पोलार्ड बो बुमराह 2, ड्वेन ब्रावो का कृणाल बो बुमराह 23, शार्दुल ठाकुर नाबाद 01

अतिरिक्त: 11

कुल: 20 ओवर में छह विकेट पर: 156 रन

विकेट पतन: 1-1, 2-2, 3-7, 4-24, 5-105, 6-144

गेंदबाजी: बोल्ट 4-1-35-2, मिल्ने 4-0-21-2, बुमराह 4-0-33-2, पोलार्ड 2-0-15-0, चाहर 4-0-22-0, कृणाल 2-0-27-0



मुंबई के लिए 100 आईपीएल मैच खेलने पर तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को स्पेशल जर्सी प्रदान करते जहीर खान

### स्पेशल क्लब में शामिल हुए जसप्रीत बुमराह

**दुबई**। 2013 में आरसीबी के खिलाफ आईपीएल कैरियर का आगाज करने वाले जसप्रीत बुमराह आज अपना 100वां मुकाबला खेल रहे हैं। यह उपलब्धि हासिल करने वाले बुमराह टूर्नामेंट के 45वें खिलाड़ी बने। साथ ही मुंबई इंडियंस के लिए 100 मैच खेलने वाले बुमराह छठे प्लेयर बन गए हैं। उनसे पहले किरोन पोलार्ड (194), रोहित शर्मा (171), हरभजन सिंह (158), लसिथ मलिंगा (139) अंबाती रायडू (136) मैच के नाम आते हैं।

# लय बरकरार रखने उतरेगा आरसीबी

## केकेआर के साथ मुकाबला आज

**भाषा** । अबुधाबी

**इस** साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पहले चरण में अपने आलराउंड प्रदर्शन के दम पर सात में पांच मैच जीतने वाला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) अपनी उसी लय को बरकरार रखने जबकि दो बार का चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) नए सिरे से शुरुआत करके भाग्य बदलने के उद्देश्य से सोमवार को एक दूसरे का सामना करेंगे। विराट कोहली की अगुवाई वाली टीम आरसीबी आठ टीमों की तालिका में 10 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है जबकि 2012 और 2014 की चैंपियन केकेआर ने पहले चरण में सात मैचों में केवल दो में जीत दर्ज की और वह चार अंक के साथ सातवें स्थान पर है।

इयोन मोर्गन की अगुवाई वाली केकेआर 2014 की तरह भाग्य बदलने की उम्मीद कर रही है जब उसने लगातार नौ मैच जीतकर खिताब अपने नाम किया था। टीम के मुख्य मार्गदर्शक (मेंटर) डेविड हसी को भी उम्मीद है कि टीम अच्छे परिणाम हासिल करने में सफल रहेगी। केकेआर के लिए हालांकि यह आसान नहीं होगा क्योंकि उनका सामना मजबूत आरसीबी से है जिसके कप्तान कोहली अगले महीने विश्व कप के बाद टी-20 अंतरराष्ट्रीय की कप्तानी छोड़ने की घोषणा करने के बाद बड़ी पारियां खेलने के लिए बेताब होंगे।

इन दोनों टीमों के बीच अभी तक जो 27 मैच खेले गए हैं उनमें केकेआर ने 14 और आरसीबी ने 13 मैच जीते हैं। पहले चरण के मैच में हालांकि आरसीबी ने अपने इस प्रतिद्वंद्वी को 38 रन से हराया था। केकेआर बल्लेबाजी में शुभमन गिल और नितीश राणा पर काफी निर्भर है लेकिन दोनों पहले चरण में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। भारत में जैव सुरक्षित वातावरण में कोविड-19 के मामले पाए जाने के कारण स्थगित किए आईपीएल 2021 के पहले सात मैचों में गिल ने केवल 132 जबकि राणा ने 201 रन बनाए थे। इसके अलावा मोर्गन को भी अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है। दिनेश कार्तिक, आंद्रे रसेल, राहुल त्रिपाठी और शाकिब अल हसन से भी टीम को उपयोगी प्रदर्शन की उम्मीद है। केकेआर की गेंदबाजी न्यूजीलैंड के टिम साउदी पर निर्भर रहेगी जो दूसरे चरण में पैट कमिन्स की जगह टीम से जुड़े हैं। दूसरी तरफ आरसीबी अभी अच्छी स्थिति में है और कोहली ऐसे में स्वच्छंद होकर बल्लेबाजी कर सकते हैं। ग्लेन मैक्सवेल और एबी डिविलियर्स ने पहले चरण में धमाकेदार प्रदर्शन किया। आरसीबी की बल्लेबाजी बेहद मजबूत नजर आती है जिसके शीर्ष क्रम में कोहली और देवदत्त पडिक्कल अच्छी शुरुआत देते रहे हैं। गेंदबाजी में मोहम्मद सिराज और न्यूजीलैंड के काइल जैमीसन आक्रमण की अगुवाई करेंगे। उनका साथ देने के लिए हर्षल पटेल, नवदीप सैनी और युजवेंद्र चहल जैसे उपयोगी गेंदबाज हैं।




### टीम

**केकेआर:** इयोन मोर्गन (कप्तान), दिनेश कार्तिक, गुरकीरत सिंह मान, करुण नायर, नितीश राणा, राहुल त्रिपाठी, शुभमन गिल, हरभजन सिंह, कमलेश नागरकोटी, कुलदीप यादव, लॉकी फर्ग्यूसन, पवन नेगी, एम प्रसिद्ध कृष्णा, संदीप वारियर, शिवम दुबे, टिम साउदी, वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती, आंद्रे रसेल, बेन कटिंग, शाकिब अल हसन, सुनील नारायण, वेंकटेश अय्यर, शेल्डन जैक्सन, टिम सीफर्ट।

**आरसीबी:** विराट कोहली (कप्तान), नवदीप सैनी, ग्लेन मैक्सवेल, डैन क्रिस्टियन, रजत पाटीदार, दुष्मंत चमीरा, पवन देशपांडे, मोहम्मद सिराज, हर्षल पटेल, मोहम्मद अजहरुद्दीन, सचिन बेबी, वाहिंदु हसरंगा, जॉर्ज गार्टन, यजुवेन्द्र चहल, शाहबाज अहमद, देवदत्त पडिक्कल, काइल जैमीसन, सुयश प्रभुदेसाई, केएस भरत, टिम डेविड, आकाश दीप, एबी डिविलियर्स।

### केकेआर के पास गंवाने के लिए कुछ नहीं: मोर्गन

**अबुधाबी**। कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान इयोन मोर्गन ने रविवार को कहा कि वे इंडियन प्रीमियर लीग के इस सत्र के दूसरे चरण में खतरनाक प्रतिद्वंद्वी होंगे क्योंकि उनके पास गंवाने के लिए कुछ नहीं है। दो बार की चैम्पियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का पहला चरण काफी खराब रहा जिसमें टीम ने सात में से पांच मैच गंवा दिए और टीम तालिका में सातवें स्थान पर है। कप्तान को लगता है कि अब टीम का भाग्य उसके ही हाथ में है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ होने वाले मैच से पूर्व संध्या पर वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में मोर्गन ने कहा, हमें इसे बस एक ही तरीके से देखने की जरूरत है कि यहां से अब हर चीज हमारे नियंत्रण में है, पीछे देखने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि हमें नतीजे हासिल करने के लिए एक तरीका ढूंढने की जरूरत है। टीम में हर कोई और प्रशंसक जानते हैं कि इससे मैचों को देखना बहुत ही रोमांचक हो सकता है क्योंकि इससे हम बहुत खतरनाक टीम बन जाएंगे क्योंकि हमारे पास गंवाने के लिए कुछ नहीं है। मोर्गन ने साथ ही उम्मीद जताई कि केकेआर के लिए यह ब्रेक अच्छा साबित होगा क्योंकि टीम टूर्नामेंट के पहले चरण के दौरान जूझ रही थी। मोर्गन ने कहा कि मैं खुश हूं कि हम वापस आईपीएल खेल रहे हैं। टूर्नामेंट की शुरूआत में हम जिस स्थिति में थे और जिस तरह से नतीजे हमारे हक में नहीं जा रहे थे, उसे देखते हुए उम्मीद करते हैं कि इस ब्रेक से हमें मदद मिलेगी।

### गिल और राणा अगली पीढी के खिलाड़ी: डेविड




**अबुधाबी**। शुभमन गिल और नितीश राणा इंडियन प्रीमियर लीग के पहले चरण में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे लेकिन कोलकाता नाइट राइडर्स के मुख्य मार्गदर्शक डेविड हसी का मानना है कि दोनों टूर्नामेंट के दूसरे चरण में अपने प्रदर्शन से क्रिकेट जगत को हैरान कर सकते हैं। केकेआर के पहले सात मैचों में गिल ने 132 और राणा ने 201 रन बनाए। हसी ने हालांकि इन दोनों खिलाड़ियों को भारतीय खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी करार देते हुए कहा कि टीम को उनसे काफी उम्मीद है। उन्होंने कहा कि दोनों ही बेहतरीन खिलाड़ी हैं और टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वे अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी खेल चुके हैं। हसी ने कहा कि मुझे लगता है कि वे अपने प्रदर्शन से क्रिकेट जगत को हैरान करने वाले हैं और वे भारतीय खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी हैं, केवल एक या दो श्रृंखलाओं के लिए नहीं बल्कि संभवत: एक दशक तक वे अपनी छाप छोड़ सकते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि कप्तान इयोन मोर्गन दूसरे चरण में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। पहले चरण में वह रन बनाने के लिए जूझते रहे थे। हस्सी ने कहा, कप्तान के रूप में वह आगे बढ़कर नेतृत्व करने वाला है। हमें उनसे कुछ बड़ी पारियों की जरूरत है।

# इंटर मिलान की बड़ी जीत

## इटालियन फुटबॉल लीग

**एपी** । रोम

इंटर मिलान ने गत शनिवार को बोलोग्ना पर 6-1 की बड़ी जीत से इटालियन फुटबॉल लीग सेरी ए में अपना अजेय अभियान जारी रखा जिससे लगता है कि वह रोमेलु लुकाकु और एंटोनियो कोंटे के बिना भी अपने खिताब के बचाव के लिए प्रतिबद्ध है। इंटर मिलान की तरफ से स्थानापन्न एडिन जेको ने दो गोल किए जबकि उनसे पहले लौटैरो मार्टिनेज, मिलान स्क्रीनियर, निकोलो बारेला और मैतियास वैकिनो ने गोल दागे। बोलोग्ना की तरफ से अंतिम क्षणों में आर्थर थीटे ने एकमात्र गोल किया। इस जीत से इंटर मिलान चार मैचों में 10 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है।

वह रोमा, एसी मिलान, नैपोली और फ्लोरेनटिना से एक-एक अंक आगे है। फ्लोरेनटिना ने एक अन्य मैच में जेनोवा को 2-1 से हराया। कोंटे ने मई में इंटर मिलान को छोड़ दिया था जबकि लुकाकु अगस्त में चेल्सी से जुड़ गए थे। लुकाकु ने इंटर मिलान की तरफ से दो सत्र में जो 95 मैच खेले उनमें 64 गोल किए थे।


इंटर मिलान के एडिन जेको (बीच में) गोल करने के बाद जश्न मनाते हुए

### बिलबाओ ने एटलेटिको को गोलरहित ड्रा पर राका

**बार्सिलोना**। मौजूदा चैंपियन एटलेटिको मैड्रिड लगातार दूसरे मैच में गोल करने में नाकाम रहा जिससे उसे स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में एथलेटिक बिलबाओ से अपना मैच गोलरहित ड्रा खेलना पड़ा। एटलेटिको का यह लगातार दूसरा मैच है जिसमें उसने अंक बांटे। इससे पहले बुधवार को चैंपियन्स लीग मैच में पोर्तो ने उसे गोलरहित ड्रा पर रोका था। एंटोनी ग्रीजमैन के टीम में वापसी करने के बावजूद एटलेटिको गोल नहीं कर पाया। एटलेटिको की अग्रिम पंक्ति बेहद मजबूत है जिसमें ग्रीजमैन के अलावा लुई सुआरेज, जोओ फेलिक्स, एंजेल कोरिया, मार्कोस लोरेंटे, यानिक कैरासो और मैथियास चुना जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।

एटलेटिको अभी तालिका में एक अंक से बढ़त पर है लेकिन रीयाल मैड्रिड, वेलेंसिया और रीयाल सोसिडाड अपने अगले मैच जीतकर उससे आगे निकल सकते हैं। इस बीच एटलेटिको के पूर्व स्टार राडामेल फालकाओ ने रायो वेलेकानो की तरफ से अपने पदार्पण मैच में ही गोल किया जिससे उनकी टीम ने गेटाफे पर 3-0 से जीत दर्ज की।

### फ्रांसीसी लीग के मैच में दर्शकों ने मचाया हुड़दंग

**पेरिस**। मौजूदा चैंपियन लिली और लेन्स के बीच खेले गए फ्रांसीसी फुटबॉल लीग के मैच में दर्शकों ने जमकर हुड़दंग मचाया जिससे मध्यांतर के बाद लगभग आधे घंटे तक खेल नहीं हो पाया। शनिवार को खेले गए इस मैच में पहला हॉफ छूटने के बाद लेन्स के समर्थक मैदान पर आ गए और इसके बाद लिली के समर्थकों से भिड़ गए। पुलिस और सुरक्षाकर्मियों को उन्हें मैदान से बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। मध्यांतर तक दोनों टीमें गोलरहित बराबरी पर थी, जिसके बाद मैच जारी रखने को लेकर आपात बैठक बुलाई गई। बैठक में मैच जारी रखने का निर्णय किया गया जिसमें लेन्स ने 1-0 से जीत दर्ज की। उसकी तरफ से यह गोल प्रजेमिस्लाव फ्रैंकोवस्की ने 73वें मिनट में किया। फ्रांसीसी लीग में इससे पहले नीस और मार्सेली के बीच अगस्त में खेले गए मैच में भी दर्शकों ने व्यवधान डाला था। नीस के प्रशंसक मैदान पर उतर आए थे और उन्होंने मार्सेली के खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के साथ हाथापाई की थी।

## शिव राष्ट्रीय मुक्केबाजी के सेमीफाइनल में

**भाषा** । बेल्लारी (कर्नाटक)

**पांच** बार के एशियाई चैम्पियन शिव थापा यहां जारी पांचवीं एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल के रोमांचक मुकाबले में रविवार को अंकित नरवाल को शिकस्त देकर अंतिम-चार में पहुंच गए। असम के इस मुक्केबाज ने शानदार फुटवर्क के साथ अनुभव का फायदा उठाते हुए आरएसपीबी के प्रतिद्वंद्वी को परास्त किया।

नरवाल ने हालांकि थापा को कड़ी चुनौती दी लेकिन इस अनुभवी मुक्केबाज ने 63.5 किग्रा भार वर्ग के मुकाबले को 4-1 से अपने नाम किया।

# दिल्ली कैपिटल्स के लिए खिताब जीतना चाहते हैं: अक्षर पटेल

**भाषा** । दुबई

**दिल्ली** कैपिटल्स के आलराउंडर अक्षर पटेल ने कहा कि उनकी टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 14 के दूसरे चरण में पिछले सत्र के प्रदर्शन से एक कदम आगे बढ़ना चाहेगी जिसमें वह फाइनल में पहुंची थी। दिल्ली कैपिटल्स ने यूएई में आयोजित आईपीएल 2020 में पहली बार फाइनल में जगह बनाई थी और श्रेयस अय्यर की अगुआई में टीम इसमें मुंबई इंडियंस से हार गई थी। आईपीएल का 14वां चरण बायो-बबल में कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ने के कारण मई में रोक दिया गया था जो अब रविवार को यूएई में बहाल होगा। अंक तालिका में अभी दिल्ली की टीम शीर्ष पर है। अक्षर ने विज्ञप्ति में कहा कि जब घोषणा की गई थी कि आईपीएल 14 के दूसरे चरण का आयोजन यूएई में किया जाएगा तो मैंने यहां पर अपने पिछले प्रदर्शन के बारे में सोचा। पिछले सत्र में इस आलराउंडर ने 15 मैचों में नौ विकेट झटके थे। उन्होंने कहा कि हमारे पास उस टूर्नामेंट की खुशनुमा यादें हैं जिसमें हम पहली बार आईपीएल फाइनल में पहुंचे थे। हम उस प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगे और उम्मीद करते हैं कि इस सत्र में फाइनल में एक कदम और आगे बढ़ेंगे।



इंग्लैंड में हाल में समाप्त हुई टेस्ट श्रृंखला में भारतीय टीम का हिस्सा रहे अक्षर ने ब्रिटेन और यूएई के मौसम में अंतर की बात करते हुए कहा कि जहां तक मौसम की बात है तो दोनों जगह में जमीन आसमान का अंतर है। इंग्लैंड में बहुत ठंडा था और यहां हम गर्मी के अनुकूल होने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब पृथकवास के दौरान हम अपने कमरों की बालकनी में खड़े हुए तो हमें गर्मी का अंदाजा हो गया।

## अमलान, प्रवीण और मंजू बाला ने स्वर्ण पदक जीते

**वारंगल**। असम के फर्राटा धावक अमलान बोरगोहेन, तमिलनाडु के त्रिकूद खिलाड़ी प्रवीण चित्रावेल और राजस्थान के तार गोला फेंक की अनुभवी खिलाड़ी मंजू बाला सिंह ने रविवार को यहां 60वीं राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप के अंतिम दिन निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीते।

अमलान ने पुरुष 200 मीटर फाइनल में 20.75 सेकेंड के समय के साथ खिताब जीता। भारतीय एथलेटिक्स के इतिहास में सिर्फ मोहम्मद अनस याहिया (20.63), धर्मबीर सिंह (20.66), आरोकिया राजीव (20.66) और अनिल कुमार (20.73) ने भी उनसे कम समय लिया है।

अमलान पिछले 20 महीने में पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर 200 मीटर की स्पर्धा में हिस्सा ले रहे थे।

# हमे दौरा रद्द करने का खेद नहीं है: न्यूजीलैंड

## धमकी मिलने के बाद पाक में नहीं रह सकते थे: एनजेडसी

**भाषा** । ऑकलैंड

**न्यूजीलैंड** क्रिकेट (एनजेडसी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डेविड व्हाइट ने कहा कि न्यूजीलैंड को पाकिस्तान का दौरा करने के फैसले पर खेद नहीं है लेकिन विशिष्ट और विश्वसनीय धमकी मिलने के बाद टीम को उस देश में नहीं रखा जा सकता था।

न्यूजीलैंड का 34 सदस्यीय दल शनिवार की रात को विशेष विमान से इस्लामाबाद से दुबई पहुंच गया। टीम के सदस्य 24 घंटे तक पृथकवास पर रहेंगे जिसके बाद 24 सदस्य अगले सप्ताह तक वापस न्यूजीलैंड लौट जाएंगे। टीम के बाकी सदस्य यूएई में ही रहेंगे और 17 अक्टूबर से शुरू होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड की टीम से जुड़ेंगे। व्हाइट ने बयान में कहा कि हम मानते हैं कि यह पीसीबी (पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड) के लिए बेहद मुश्किल समय रहा है तथा हम उनके मुख्य कार्यकारी वसीम खान और उनकी टीम का पेशेवर रवैया अपनाने और खिलाड़ियों की देखभाल करने के लिए आभार व्यक्त करना चाहते हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने शुक्रवार को पहले एकदिवसीय अंतराष्ट्रीय मैच से पूर्व पाकिस्तान का दौरा रद्द कर दिया था। इसका कारण उसने टीम की सुरक्षा को गंभीर खतरा बताया था। व्हाइट ने कहा कि मैं यही कह सकता हूं कि हमें सलाह दी गई कि यह टीम के खिलाफ विशिष्ट और विश्वसनीय धमकी थी। उन्होंने कहा कि नतीजे पर पहुंचने से पहले हमारी न्यूजीलैंड सरकार के अधिकारियों के साथ कई दौर की बातचीत हुई तथा पीसीबी को सूचित करने के बाद हम समझते हैं कि दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच टेलीफोन पर भी बातचीत हुई थी। वाइट ने कहा कि दुर्भाग्य से हमें जो सलाह दी गई थी उसे देखते हुए हम उस देश में नहीं रुक सकते थे। न्यूजीलैंड की टीम 11 सितंबर को पाकिस्तान पर पहुंची थी। यह 18 वर्षों में उसका पाकिस्तान का पहला दौरा था जिसमें उसे तीन वनडे और पांच टी-20 अंतराष्ट्रीय मैच खेलने थे। रेडियो न्यूजीलैंड के अनुसार व्हाइट ने कहा कि हमें दौरा करने के फैसले पर खेद नहीं है।



### पीसीबी ने श्रीलंका और बांग्लादेश से संक्षिप्त दौरे के लिए संपर्क किया, नहीं बनी बात

**कराची**। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने न्यूजीलैंड के द्वारा दौरे को रद्द करने बाद अपने देश में संक्षिप्त श्रृंखला के लिए श्रीलंका और बांग्लादेश से संपर्क किया, लेकिन दोनों देशों के खिलाड़ियों की पूर्व प्रतिबद्धताओं के कारण किसी श्रृंखला की योजना पर बात नहीं बन सकी। पीसीबी के सीईओ वसीम खान ने कहा कि श्रीलंका क्रिकेट और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने पाकिस्तान में खेलने की इच्छा जताई, लेकिन उनके पास अपनी टीम भेजने के लिए बहुत कम समय था। उन्होंने कहा कि हमारे अध्यक्ष ने उनसे बात की और एक छोटे दौरे की संभावना के बारे में पूछा जिस पर उन्होंने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी।

### खिलाड़ियों को दोष देना बंद करो: मैकलेनाहन

**क्राइस्टचर्च**। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मिशेल मैकलेनाहन ने कहा कि कीवी टीम का पाकिस्तान दौरा रद्द करने के लिए खिलाड़ियों को दोष नहीं देना चाहिए क्योंकि उन्होंने केवल अपनी सरकार की सलाह का अनुसरण किया। इस 35 वर्षीय तेज गेंदबाज ने न्यूजीलैंड टीम का पाकिस्तान दौरा रद्द करने पर बल्लेबाज मोहम्मद हफीज के व्यंग्यात्मक ट्वीट पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। मैकलेनाहन ने ट्वीट किया कि सच्चाई स्वीकार करो भाई। आपके ट्वीट से सही संदेश नहीं जा रहा है। खिलाड़ियों या संगठन को दोष मत दो, हमारी सरकार को दोष दो। उन्हें जो सलाह मिली, उन्होंने उस पर अमल किया।



# बनें फॉरेंसिक विशेषज्ञ

**आपराधिक कानूनों और विनियमों को लागू करने के लिए दुनिया भर में हर जगह फोरेंसिक विज्ञान का अध्ययन किया जाता है। डा राणा सिंह का कहना है कि इस क्षेत्र में करियर आकर्षक हो सकता है**

फोरेंसिक विशेषज्ञों के काम ने हमें मंत्रमुग्ध कर दिया। बहुत से लोग मानव शरीर–रचना विज्ञान और फोरेंसिक विज्ञान के अध्ययन की ओर आकर्षित होते हैं। सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा और नागरिक विवादों को हल करने के लिए आपराधिक कानूनों व विनियमों को लागू करने के लिए फोरेंसिक विज्ञान के अध्ययन, जिसे आपराधिकता के रूप में भी जाना जाता है, का उपयोग दुनिया भर में हर जगह किया जाता है। भारत में 37 राज्य और सात केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाएं, 29 फिंगरप्रिंट ब्यूरो, अनेक क्षेत्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाएं तथा जिला मोबाइल फोरेंसिक इकाइयां हैं।

हमारे पास डीएनए फिंगर प्रिंटिंग और डायग्नोस्टिक्स के लिए एक उन्नत केंद्र और सेलुलर और आणविक जीवविज्ञान केंद्र तथा केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला भी है जो डीएनए प्रोफाइलिंग की सुविधा प्रदान करती है। देश में कई जगहों पर निजी क्षेत्र भी हैं जो इस क्षेत्र में अवसर प्रदान करते हैं।

भारत में आपराधिकता के क्षेत्र में इतने सारे अवसरों के बावजूद, प्रति 0.1 मिलियन जनसंख्या पर केवल 0.33 फोरेंसिक वैज्ञानिक हैं। फोरेंसिक वैज्ञानिकों की अत्यधिक आवश्यकता है। इस क्षेत्र में अवसर इस प्रकार के हैं।

**क्राइम सीन इन्वेस्टिगेटर :** इस क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक छात्रों के पास कम से कम स्नातक की डिग्री होनी चाहिए, ज्यादातर मास्टर डिग्री होना बेहतर है। विज्ञान और आपराधिक न्याय के क्षेत्र में डिग्री होनी चाहिए। क्राइम सीन इन्वेस्टिगेटर (सीएसआई) की भूमिका में विश्लेषण करना, अपराध के दृश्यों की जांच में मदद करना, शरीर के अंगों के साथ काम करना और बहुत से अन्य काम आते हैं।

**फोरेंसिक बैलिस्टिक विशेषज्ञ :** बैलिस्टिक विशेषज्ञ मूल रूप से एक आग्नेयास्त्र परीक्षक होता है जिसे आपराधिक न्याय में प्रशिक्षित किया जाता है। बैलिस्टिक विशेषज्ञ का कर्तव्य जीवित गोला–बारूद, गोलियों के टुकड़े, आग्नेयास्त्रों और इससे जुड़े अन्य उपकरणों पर साक्ष्य एकत्र करना और उनका विश्लेषण करना है। बैलिस्टिक विशेषज्ञ का एक अन्य काम फायर राऊंड्स की उत्पत्ति के बिंदु का पता लगाना है, यह जांचना कि क्या हाल ही में बंदूक चलाई गई थी, गोली के प्रकार की पहचान करना और बहुत कुछ। इस क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक छात्रों के पास फोरेंसिक साइंस में स्नातक डिग्री होनी चाहिए और उन्हें गणित, भौतिकी व रसायन विज्ञान का ज्ञान होना चाहिए। मानव शरीर–रचना विज्ञान और जीव विज्ञान की पृष्ठभूमि होना अनिवार्य है।

> **पॉलीग्राफ परीक्षक के रूप में अपना करियर बनाने के इच्छुक छात्रों के पास मनोविज्ञान, कानून प्रवर्तन या आपराधिक न्याय में डिग्री होनी चाहिए। काम में लाई डिटेक्टर परीक्षा आयोजित करना और जांचकर्ताओं के साथ काम करना शामिल है**

**फोरेंसिक डीएनए विश्लेषक :** डीएनए विश्लेषक फोरेंसिक विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। डीएनए विश्लेषक का काम पीड़ितों, संदिग्धों और विभिन्न लोगों के नमूनों की जांच करना है क्योंकि ये यह पहचानने में मदद करता है कि पेश व्यक्ति अपराध स्थल पर मौजूद था या नहीं, फिंगरप्रिंट परीक्षण की तुलना में डीएनए के परिणाम अधिक सटीक होते हैं। इस क्षेत्र में करियर उन छात्रों को बनाना चाहिए जो भावुक और दृढ़निश्चयी हों। छात्रों के पास कम से कम चार साल की डिग्री होनी चाहिए जिसमें किसी एक स्ट्रीम में शैक्षणिक योग्यता हो। डीएनए विश्लेषक बनने के लिए जिन क्षेत्रों में योग्यता हासिल की जा सकती है, वे हैं जीव विज्ञान, आपराधिकता, जैव रसायन, आनुवंशिकी और रसायन।

**लाई डिटेक्टर परीक्षक :** पॉलीग्राफ परीक्षक के रूप में अपना करियर बनाने के इच्छुक छात्रों के पास मनोविज्ञान, कानून प्रवर्तन या आपराधिक न्याय में डिग्री होनी चाहिए। लाई डिटेक्टर परीक्षक के काम में लाई डिटेक्टर परीक्षा आयोजित करना, जांचकर्ताओं के साथ काम करना, अदालत में गवाही देना और अन्य बहुत कार्य शामिल हैं।

**डिजिटल फोरेंसिक विशेषज्ञ :** डिजिटल फोरेंसिक विशेषज्ञ बनने के लिए, छात्रों के पास इनमें से किसी एक कोर्स, मसलन, कंप्यूटर इंजीनियरिंग, अप्लायड गणित, साइबर सुरक्षा सूचना प्रौद्योगिकी, व कई अन्य में स्नातक की डिग्री होनी चाहिए। इस क्षेत्र में बेहतर पद पाने के लिए मास्टर डिग्री की आवश्यकता होती है। साइबर क्राइम के बढ़ते मामलों के चलते डिजिटल फोरेंसिक एक्सपर्ट्स की काफी मांग है। डिजिटल फोरेंसिक के काम में जांच में जानकारी का विश्लेषण और कंप्यूटर से जुड़े अपराधों को सुलझाना शामिल है।

चूंकि अपराधियों का करियर–दायरा बहुत बड़ा है, इसलिए छात्र अस्पतालों, संस्थानों, फोरेंसिक लैब, फार्मास्युटिकल बहुराष्ट्रीय कंपनियों और सरकारी व निजी एजेंसियों में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। उन लोगों के लिए अनंत अवसर हैं जो खुद फोरेंसिक प्रेक्टिस करने और फोरेंसिक सर्विस आफिस खोलने की इच्छा रखते हैं।

–लेखक संस्कृत विश्वविद्यालय के वीसी हैं।

# आईएसबी एंट्रेंस

## परीक्षा में सफलता के टिप्स

**क्या आप इंडियन स्कूल ऑफबिजनेस में प्रवेश के लिए आवेदन करना चाहते हैं? इसके लिए सुमित कुमार गांधी ऐसे टिप्स दे रहे हैं जो आवेदनकर्ता की मदद कर सकते हैं**



Sumit Singh Gandhi
Founder-CEO, CATKing

इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) 2001 में स्थापित एक निजी बिजनेस स्कूल है। आईएसबी भारत में पहला बिजनेस स्कूल है जिसे एसोसिएशन द्वारा एडवांस कॉलेजिएट स्कूल ऑफबिजनेस (एएसीएसबी) से मान्यता प्राप्त है। हालांकि, आईएसबी भारतीय सांविधिक निकाय और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं है क्योंकि आईएसबी ने अपनी मान्यता हेतु आवेदन नहीं करने का विकल्प चुना है।

**प्रस्तावित कार्यक्रम**

- प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी)
- मध्य–करियर पेशेवरों के लिए डिजाइन किया गया एक निर्णायक एक वर्षीय कोर्स
- कामकाजी पेशेवरों के लिए स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपीप्रो)
- एक सप्ताहांत आवासीय एमबीए प्रोग्राम जिसे मध्य–करियर कार्यकारी अधिकारियों के लिए डिजाइन किया गया है
- वरिष्ठ अधिकारियों के लिए प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपीमैक्स)
- प्रबंधन में फेलो प्रोग्राम (एफपीएम)
- प्रबंधन में कार्यकारी फेलो कार्यक्रम (एफपीएम)
- नौकरीशुदा कार्यकारी अधिकारियों के लिए डिजाइन किया गया 3 वर्षीय डॉक्टरेट स्तर का कार्यक्रम
- कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम
- कामकाजी पेशेवरों के लिए कार्यक्रम जो समयबद्ध शिक्षण हस्तक्षेप प्रदान करने के लिए डिजाइन किए गए हैं जो उन्हें अपने करियर में प्रगति करने में मदद करते हैं।
- उन्नत प्रबंधन सॉफ्टवेयर

**परीक्षाएं जिन्हें पास करना आवश्यक होगा**

**पीजीपी के लिए**

जीमैट / जीआरई (टीओईएफएल / आईईएलटीएस / पीटीई स्कोर आवश्यक है यदि यूजी अध्ययन स्तर पर शिक्षा की भाषा अंग्रेजी न रही हो)

**एफपीएम के लिए**

जीमैट / जीआरई / कैट / गेट / जेआरएफ (टीओईएफएल उन आवेदकों के लिए जिनकी यूजी स्तर पर शिक्षा की भाषा अंग्रेजी नहीं है)।

**पीजीपीप्रो, पीजीपीमेक्स, ईईपी, एएमपी के लिए**

**इन परीक्षाओं की तैयारी कैसे करें**

- जीमैट परीक्षा : स्नातक प्रबंधन प्रवेश परीक्षा (जीमैट) आपकी विभिन्न कौशलों में परीक्षा लेती है, लेकिन इसे मुख्य रूप से 4 अलग–अलग वर्गों में विभाजित किया जा सकता है : मौखिक, मात्रात्मक, समग्र तर्क और विश्लेषणात्मक लेखन। यह समझने का सबसे अच्छा तरीका है कि जीमैट जिस मामले में आपका परीक्षण कर रहा है, वो है आपका नैदानिक परीक्षण करना। मॉक टेस्ट आपको जीमैट में शामिल विषयों के समग्र संदर्भ को समझने में सक्षम बनाएगा। और इसमें आपका स्कोर 720 होना चाहिए।
- जीआरई तैयारी : जीआरई परीक्षा के दो परीक्षा प्रारूप हैं – जीआरई सामान्य परीक्षा और जीआरई विषय परीक्षा। जीआरई सिलेबस प्रत्येक के लिए अलग है।
- जीआरई सामान्य परीक्षा : सामान्य परीक्षा एक मानक परीक्षा है जो छात्रों के मौखिक तर्क, मात्रात्मक तर्क और विश्लेषणात्मक लेखन कौशल का परीक्षण करती है।
- जीआरई विषय परीक्षा : अधिक विशिष्ट पाठ्यक्रमों के लिए कॉलेज द्वारा जीआरई विषय परीक्षा की आवश्यकता हो सकती है, क्योंकि जीआरई विषय परीक्षा विशिष्ट क्षेत्रों में उम्मीदवार की विशेषज्ञता को पहचानने पर केंद्रित है।
- कैट की तैयारी : कैट सिलेबस 2021 को तीन खंडों में विभाजित किया जा सकता है : मात्रात्मक क्षमता, डेटा व्याख्या एवं लॉजिकल रीजनिंग और मौखिक क्षमता एवं विवरण–पाठन

**आईएसबी पात्रता : (पीजीपी) :**

- उम्मीदवार के पास किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री या समकक्ष डिग्री होना चाहिए
- उम्मीदवार के पास उस वर्ष के 31 मार्च तक कम से कम 24 महीने का पूर्णकालिक योग्यता उपरांत कार्यानुभव होना चाहिए
- मान्य जीमैट /जीआरई स्कोर
- जीमैट (टीओईएफएल /आईईएलटीएस / पीटीई आवश्यक है यदि यूजी में भाषा अंग्रेजी नहीं थी)

# संचार का संसार

संचार हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। परिवार के भीतर हो, दोस्तों के भीतर, या सार्वजनिक व्यवहार में, संवाद करने के तरीके और तरीके की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। कॉर्पोरेट कामकाज कोई अपवाद नहीं है। नई प्रौद्योगिकियों के उद्भव और डिजिटल प्लेटफॉर्म की शक्ति ने कंपनियों को कॉर्पोरेट संचार की अखंडता बनाए रखने के महत्व का एहसास कराया है, और हितधारकों व शेयरधारकों को इसके अस्तित्व को सकारात्मक रूप से देखने का अवसर दिया है।



लक्षित दर्शकों के आधार पर कॉर्पोरेट संचार कई रूप ले सकता है। संगठन की संचार रणनीति में आमतौर पर आंतरिक और बाहरी रिपोर्ट, घोषणाएं, वेबसाइट सामग्री, प्रचार सामग्री, ईमेल, नोट्स, प्रेस विज्ञप्ति, भाषण, सम्मेलन, साक्षात्कार और वीडियो जैसे लिखित पाठ होते हैं। संगठन को लाभ पहुंचाने और वांछित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कॉर्पोरेट संचार तकनीकों व प्रबंधन कार्यों को आपस में जोड़ा जाता है।

**पाठ्यक्रम**– बढ़ती प्रतिस्पर्धा से, कंपनियां एक त्रुटिहीन छवि बनाए रखने को लेकर बहुत चिंतित हैं। कॉर्पोरेट छवि दृश्य संचार, उत्पाद विज्ञापन आदि के जरिए कंपनी के बारे में सब कुछ बताती है, और कंपनी की पहचान को भी दृढ़ता से प्रभावित करती है। ग्राफिक डिजाइन भारत में एक उभरता हुआ रचनात्मक करियर है जिसमें नौकरी और विकास के पर्याप्त अवसर हैं जहां व्यक्ति कंपनी के लिए दृश्य अवधारणाएं बनाता है और डिजाइन करता है।

बड़ी संख्या में कॉलेज इन पाठ्यक्रमों की पेशकश करते हैं। इसके अलावा, पत्रकारिता और जनसंचार में डिग्री इस क्षेत्र में आसान पहुंच हासिल करने में मदद कर सकती है। भारतीय प्रबंधन संस्थान के पास कॉर्पोरेट नेताओं के लिए संचार रणनीतियों में एक कार्यकारी कार्यक्रम है। कई निजी संस्थान जनसंपर्क प्रबंधकों, व्यवसाय व कार्यस्थल संचार, लेखन कौशल आदि के लिए अल्पकालिक पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं। छात्र विज्ञापन, जनसंपर्क, आंतरिक संचार, निवेशक संबंध, संकट प्रबंधन, ब्रांड प्रबंधन और इवेंट मैनेजमेंट जैसे विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञता का चयन कर सकते हैं।

**कार्यक्षेत्र और रोजगार संभावनाएं**– कॉर्पोरेट संचार में नए स्नातकों के लिए गुंजाइश एक विशिष्ट उद्योग तक ही सीमित नहीं है। यदि संचार आपकी ताकत है और आप में पेचीदगियों को समझने की क्षमता है तो करियर आपकी प्रतीक्षा में है। नवोदित व्यक्तियों जैसे व्यवसाय प्रवक्ता, विपणन विशेषज्ञ, तकनीकी कॉपीराइटर, सार्वजनिक भाषण प्रशिक्षक, प्रचार प्रबंधक, अभियान निदेशक, सोशल मीडिया हैंडलर, एचआर, डिजिटल मार्केटिंग विशेषज्ञ, इवेंट मैनेजर, या मीडिया प्लानर के लिए नौकरी के अच्छे अवसर हैं।

व्यक्ति निजी कंपनियों, लोक प्रशासन, गैर–लाभकारी संगठनों, सरकार व कॉर्पोरेट मामलों, बहुराष्ट्रीय कंपनियों, या मंत्रालय (एमआईबी) में संचार विशेषज्ञ के रूप में काम कर सकता है।

**अत्यावश्यक योग्यताएं**–कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस तेजी से जमीन पकड़ रहा है। आंतरिक और बाहरी दोनों तरह से सूचनाओं का प्रचार करने के लिए, या अपने उत्पादों व सेवाओं के विपणन के लिए कंपनियों को ऐसे विशेषज्ञ पेशेवरों की आवश्यकता होती है जिनके पास प्रभावी संचार कौशल हों।

कंपनी की प्रतिष्ठा अमूर्त है लेकिन यह एक शक्तिशाली संपत्ति है जो बड़ी प्रतिभा को आकर्षित करती है, उपभोक्ता के भरोसे का निर्माण करती है, व्यवसायों को हितधारक विश्वास को प्रभावित करने तथा प्रीमियम ग्राहकों को सकारात्मक रूप से प्रभावित करने का अवसर देती है। वर्तमान मामलों और प्रचलित कहानियों में व्यक्ति की स्वाभाविक रुचि होनी चाहिए। महामारी ने दुनिया को बदल कर रख दिया है। पुराने विचारों, आधारों और व्यापारिक दुनिया के दृष्टिकोण में कटौती नहीं होगी। इस क्षेत्र में बहुकर्मियों का एक उज्जवल भविष्य हो सकता है। व्यक्ति के पास अच्छा पारस्परिक कौशल होना चाहिए, सार्वजनिक स्तर पर वाचन का जुनून होना चाहिए, नेतृत्व की गुणवत्ता व सहकर्मियों और अन्य लोगों को प्रेरित करने की क्षमता होनी चाहिए, सोशल मीडिया की गहरी समझ हो, विश्लेषणात्मक कौशल हो तथा घटनाओं को सफलतापूर्वक आयोजित करने की क्षमता हो, तो व्यक्ति पहले से ही कॉर्पोरेट संचार में कैरियर के लिए कोर्स का हिस्सा है।

**महामारी प्रभाव**– मौजूदा महामारी कॉर्पोरेट संचार के लिए एक दुर्लभ और शायद सबसे अनिश्चित अवधि रही है। थोपा गया लॉकडाउन और उसके बाद वैश्विक मंदी के अलावा, अधिकारियों को सूचना विकारों का सामना करना पड़ता है। कंपनियों को आपात स्थिति में संकट–प्रतिक्रिया टीम के महत्व का अहसास हुआ, जिसे लगातार स्थिति की निगरानी करने, पारदर्शी होने और संचार श्रृंखला को नियमित रूप से अपडेट करने की आवश्यकता है। विशेष रूप से कर्मचारियों को मौजूदा स्थिति व नीति में बदलाव के बारे में समय पर सूचित करने की आवश्यकता है। महत्वपूर्ण रूप से उन्हें अनिश्चितता की चिंता को दूर करने के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता है। ग्राहकों के साथ संचार को उत्पादों या सेवाओं को बेचने की कोशिश करने के बजाय सहानुभूति पर ध्यान देना चाहिए। कंपनियों को वर्तमान समय के अनुरूप विज्ञापन और प्रचार रणनीतियों पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। शेयरधारकों और हितधारकों के साथ संचार पारदर्शी होना चाहिए। अनिश्चितता से निपटने के दौरान, कुछ गलत करने के डर से मुक्त होकर ईमानदार संचार जारी रखने की जरूरत है। जैसा कि चार्ल्स डार्विन ने कहा है, ''यह प्रजाति, जो जीवित है, वो इसलिए नहीं कि सबसे मजबूत या सबसे बुद्धिमान है, बल्कि इसलिए कि यह परिवर्तन के लिए सबसे अधिक प्रतिक्रियाशील है। ''

**डॉ मुकेश क्वात्र**

**– लेखक स्माइलिंग ट्री के संस्थापक हैं।**



# आपके लिए सही कोर्स

**जैसा कि छात्र वर्ष के इस समय सही पाठ्यक्रम चुनने की कश्मकश में हैं, पीसी छाबड़ा ऐसे पांच कोर्स के बारे में बता रहे हैं जिनकी बहुत ज्यादा मांग है, जो आपके भविष्य के पथ को आकार देने में मदद कर सकते हैं।**

शिक्षा पूरी तरह से अपने पारंपरिक ढांचे से आगे बढ़ गई है और महामारी के बाद के परिदृश्य में पुनर्कौशल महत्वपूर्ण है। कोविड–19 ने अध्ययन का एक नया रास्ता खोल दिया है और इसलिए, सामान्य स्थिति में लौटने की राह में अनेक चुनौतियां हैं। यह कौशल में सुधार के अवसरों का एक महासागर भी प्रस्तुत करता है। मौजूदा वैश्विक महामारी ने विभिन्न मुद्दों को प्रकाश में लाया, साथ ही छात्रों व पेशेवरों, दोनों के भीतर भविष्य की ओर बढ़ने की अपनी गति में तेजी लाने के लिए तात्कालिकता की भावना पैदा की।

जैसा कि बारहवीं कक्षा के बोर्ड के परिणाम अब आ गए हैं, छात्र इस बात को लेकर असमंजस में हैं कि बेहतर भविष्य के लिए क्या चुना जाए और साथ ही, यह छात्रों के लिए महत्वपूर्ण समय है क्योंकि इस स्तर पर चुने गए विकल्प परिभाषित कर सकते हैं कि वे अपने दीर्घकालिक करियर में क्या करते हैं। इस समय लगभग 80 प्रतिषत छात्र केवल इसलिए पाठ्यक्रम चुनने का दबाव महसूस करते हैं क्योंकि उनके माता–पिता सोचते हैं कि यह सबसे अच्छा है या सिर्फ इसलिए कि उनके दोस्त इसे चुन रहे हैं। कोर्स की पढ़ाई करने में अपना समय, पैसा और प्रयास लगाने से पहले, आपको अपना दिमाग स्थिर रखना चाहिए और सभी विकल्पों को ध्यान से देखना चाहिए।

जैसे–जैसे दुनिया डिजिटल दायरे को अपना रही है, पुराने कौशल को चमकाने और नए को सीखने की आवश्यकता बढ़ रही है। किसी भी कोर्स में प्रवेश का अंतिम फैसला करने से पहले, छात्रों के लिए आकर्षक करियर विकल्पों के साथ कुछ लाभकारी कोर्स इस प्रकार हैं।

### ☞ साइबर सुरक्षा

भारत में साइबर सुरक्षा मामलों में लगातार वृद्धि के रूप में, अब जबकि सरकारें और संगठन साइबर खतरों का सामना कर रहे हैं, हैकर्स सरकारी एजेंसियों को निशाना बनाते हैं क्योंकि इसकी अंतर्गुंथित प्रणाली में नागरिकों की बड़ी मात्रा में जानकारी होती है। न केवल सरकारी, बल्कि निजी या सार्वजनिक संगठन भी जोखिम में हैं।

स्रोत के अनुसार, देश में साइबर सुरक्षा पेशेवरों की मांग 2024 तक 200 प्रतिशत बढ़ने की संभावना है। छात्रों के लिए साइबर सुरक्षा का क्षेत्र सवार्धिक मांग वाले करियर में से एक बन गया है। जो लोग साइबर सुरक्षा पेशेवर के रूप में काम करने में रुचि रखते हैं, निश्चिंत रहें कि आपके लिए नौकरियों की कोई कमी नहीं होगी। साइबर सुरक्षा में अपना करियर शुरू करने के लिए, सूचना प्रौद्योगिकी में पृष्ठभूमि के साथ शुरुआत करने की जरूरत है। बारहवीं कक्षा के बाद साइबर सुरक्षा में करियर बनाने के लिए आपके पास निम्नलिखित विकल्प हैं :

- बी.टेक (सूचना प्रौद्योगिकी)
- बी.टेक (सूचना विज्ञान और इंजीनियरिंग)
- बी.टेक (साइबर सुरक्षा और फोरेंसिक)
- बी ई (आईटी)
- बीएससी (फोरेंसिक साइंस)
- साइबर सुरक्षा में डिप्लोमा

### ☞ कृत्रिम बुद्धिमत्ता

भारत एआई क्रांति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और आजकल एआई का उपयोग विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों (स्वास्थ्य देखभाल, कृषि, ऑटोमोबाइल, शिक्षा और परिवहन) आदि में किया जा रहा है। एआई हमारे पेशेवर जीवन में प्रवेश करता है और यह नवागंतुकों और पेशेवरों के लिए अद्भुत रोजगार अवसरों पर जोर देता है। एआई पेशे का हिस्सा बनने के लिए, आप आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस के भविष्य के विकास और इसके विभिन्न पहलुओं के बारे में जानेंगे जिन्हें एआई या आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके मशीन में विकसित किया जा सकता है।

भारत में आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस के भावी दायरे को एआई के उपखंड जैसे डीप लर्निंग, मशीन लर्निंग, आदि में प्रौद्योगिकियों में प्रगति भी बढ़ावा देती है। बारहवीं कक्षा के बाद व्यक्ति एआई में कोर्स का विकल्प चुन सकता है :

- बीटेक, कंप्यूटर विज्ञान में
- बीटेक, रोबोटिक्स और ऑटोमेशन में
- बीटेक, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में
- बीटेक , ईसी इंजीनियरिंग में
- बीटेक, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में

### ☞ फार्मास्यूटिकल्स साइंस

भारत में फार्मास्युटिकल बाजार उन कुछ क्षेत्रों में से एक है, जिन्होंने पिछले कुछ वर्षों में दोहरे अंकों की विकास दर (सीएजीआर) दिखाई है। भारत वैश्विक फार्मास्युटिकल उद्योग में अपनी उपस्थिति तेजी से बढ़ा रहा है। मौजूदा महामारी में दवाओं की मांग दिन–ब–दिन बढ़ती जा रही है, इसलिए दवा क्षेत्र में रोजगार भी तेजी से बढ़ रहा है। यह क्षेत्र भारत में निरंतर दर से बढ़ रहा है और हजारों छात्रों को करियर के बेहतरीन अवसर प्रदान कर रहा है। बारहवीं कक्षा पूरी करने के बाद, उम्मीदवार इस विकल्प को चुन सकते हैं :

- फार्मेसी में स्नातक
- फार्मेसी में स्नातक (लेटरल एंट्री)
- बैचलर ऑफ फार्मेसी (आयुर्वेद)
- फार्मेसी में डिप्लोमा

### ☞ नर्सिंग

नर्सिंग करियर छात्रों के लिए सबसे आकर्षक करियर विकल्पों में से एक है क्योंकि इसमें छात्रों के लिए उनकी शैक्षणिक पृष्ठभूमि के बावजूद कोई प्रतिबंध नहीं है। जैसे–जैसे भारत में चिकित्सा सुविधाएं बढ़ रही हैं, वैसे–वैसे नर्सिंग कोर्स की मांग भी काफी बढ़ गई है। नर्सें स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्थाओं के स्तंभों में से एक हैं और भारतीय नर्सें दुनिया में सबसे भरोसेमंद स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर हैं।

बारहवीं कक्षा के बाद नर्सिंग विभिन्न कोर्स का प्रस्ताव करती है :

- बीएससी नर्सिंग
- ए एन एम
- जीएनएम

### ☞ डेटा विज्ञान

डेटा हमारे जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा बन गया है। वर्तमान परिदृश्य में, प्रत्येक उद्योग ने डेटा एनालिटिक्स पेशेवरों की भूमिका के लिए अपने दरवाजे खोल दिए हैं।

डेटा साइंस का दायरा व्यापक है और भारत में अपने विशाल भविष्य प्रस्तावों व अवसरों के कारण एक आकर्षक और अग्रणी कैरियर विकल्प के रूप में उभरा है।

जो उम्मीदवार डेटा एनालिटिक्स के माध्यम से अनुसंधान और कंप्यूटरों के शौकीन हैं, उन्हें एक आकर्षक करियर विकल्प के रूप में डेटा साइंस को आगे बढ़ाने का विकल्प मिलेगा। इसके लिए इच्छुक उम्मीदवार को नीचे दिए गए कोर्स में से किसी एक को चुनना होगा :

- बीएससी डाटा साइंस
- बी.टेक बिग डेटा एनालिटिक्स
- बीसीए डाटा साइंस
- आईबीएम डेटा साइंस प्रोफेशनल सर्टिफिकेट
- पायथन सर्टिफिकेशन के साथ एप्लाइड डेटा साइंस

निर्णय लेने से पहले, अपने पसंदीदा क्षेत्रों में शीर्ष पाठ्यक्रमों और उनकी मांग के संदर्भ में शोध करते रहें।

– लेखक संस्कृति विश्वविद्यालय, मथुरा में कार्यकारी निदेशक हैं।